दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :113
प्रतापगढ़ | सोमवार , 24 फरवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

कुछ नेता हमारे पर्व-परंपरा को गाली देते हैं - प्रधानमंत्री

● विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं
● प्रधानमंत्री मोदी ने बागेश्वर धाम में किया कैंसर अस्पताल का शिलान्यास, कहा- आस्था का केंद्र बनने जा रहा आरोग्य केंद्र

छतरपुर, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है और लोगों को तोड़ने में जुटा है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता में जकड़े ये लोग हमारे मंदिरों, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहे हैं। हमारे समाज को बांटना, उसको तोड़ना इनका एजेंडा है। इस माहौल में मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है।

अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा।प्रधानमंत्री मोदी आज मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास के बाद यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भी प्रधानमंत्री को भेंट किया।प्रधानमंत्री ने जय जटाशंकर धाम की जय से अपने संबोधन की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमानजी की कृपा है कि आस्था का केंद्र आरोग्य का केंद्र बनने जा रहा है। अभी यहां बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस सेंटर का भूमिपूजन किया है। यहां 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में 100 बेड की सुविधा तैयार होगी। इस कार्य के लिए धीरेंद्र शास्त्री का अभिनंदन करता हूं। बुंदेलखंड के लोगों को बधाई देता हूं।उन्होंने कहा कि दूसरों की सेवा, दूसरों की पीड़ा का निवारण ही धर्म है। इसलिए नर में नारायण, जीव में शिव इस भाव से जीव मात्र की सेवा, यही हमारी परंपरा रही है। आजकल हम देख रहे हैं। महाकुम्भ की हर तरफ चर्चा हो रही है।

हमारे मंदिर एक ओर पूजा के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने हमें आयुर्वेद और योग का वो विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारे ऋषियों ने ही हमें वो विज्ञान दिया, जिसका परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारी तो मान्यता ही है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई। आजकल हम देख रहे हैं, महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं। करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है।

वीकेंड पर महाकुंभ में उमड़े श्रद्धालु

▶▶ 25 किलोमीटर लंबा जाम; कई घंटों तक फंसे रहे वाहन

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। दिव्य और भव्य महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई। सुबह से लेकर शाम तक स्नानार्थियों का लगातार आगमन होता रहा, जिससे मेले के बाहरी क्षेत्र में कई घंटों तक जाम की समस्या बनी रही। इस दिन मेले का आखिरी वीकेंड होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ गई है। प्रयागराज में भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गई है। प्रशासन के अनुसार, शहर में करीब 25 किलोमीटर लंबा जाम लगा है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रीवा, वाराणसी, कानपुर समेत अन्य मार्गों पर भी वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं।

शानदार आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को लगभग 1.11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया।

वहीं, रविवार को भी इस संख्या में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। अवकाश के चलते रात से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रवास कर रहे हैं, जिसके कारण सुबह से प्रयागराज शहर और हाईवे पर भीषण जाम की स्थिति कायम है। पुलिस प्रशासन ने जाम को कम करने के लिए डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है। कोखराज बाईपास से फाफामऊ बेला कछार पार्किंग तक सभी गाड़ियों को डायवर्ट कर, श्रद्धालुओं को आसानी से महाकुंभ स्थल तक पहुँचाया जा रहा है। संगम तट से 10 किलोमीटर पूर्व ही वाहनों को रोककर, लोगों को पैदल घाट तक भेजा जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, संगम तट पर भारी भीड़ और पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं के कारण नैनी, झूंसी और फाफामऊ की ओर भी वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं। शनिवार को प्रयागराज में 90 हजार से अधिक वाहनों का प्रवेश दर्ज किया गया है। शुक्रवार देर रात से कौशांबी, लखनऊ, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, मीरजापुर, रीवां तथा बांदा से बड़ी संख्या में वाहनों के प्रवाह के साथ मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ तेजी से बढ़ रही है।

आप की बैठक में आतिशी के नाम पर लगी मुहर

● दिल्ली विधानसभा को मिली पहली महिला नेता प्रतिपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। पूर्व मुख्यमंत्री और आप की वरिष्ठ नेता आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता की भूमिका निभाएंगी। रविवार को आप कार्यालय में विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से उन्हें विपक्ष का नेता चुना। बता दें, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ सशक्त महिला चेहरे के तौर पर आतिशी का नाम प्रस्तावित किया गया था। आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की पहली महिला नेता होंगी।आतिशी के दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने जाने पर आप नेता गोपाल राय ने कहा, %आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी...चुनौतीपूर्ण समय में आतिशी ने मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है...आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारीदिल्ली में विपक्ष की नेता होंगी। आतिशी ने चुनौतीपूर्ण समय में मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है। आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारी निभाएगी।

नेता गोपाल राय ने कहा, ÷...आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी...चुनौतीपूर्ण समय में आतिशी ने मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है...आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारीदिल्ली शराब नीति मामले में पांच महीने जेल में रहने के बाद आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के पद से इस्तीफा देने के बाद 43 वर्षीय आतिशी मुख्यमंत्री बनी थीं। केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान वह दिल्ली में आप सरकार का चेहरा बन गईं और कई मुद्दों पर भाजपा और कांग्रेस से भिड़ती दिखीं। आतिशी ने 5 फरवरी के विधानसभा चुनाव में पूर्व भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के साथ करीबी मुकाबले के बाद अपनी कालकाजी सीट बरकरार रखी।

कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज और एसिडिटी जैसी 84 दवाइयां टेस्टिंग में फेल, सरकार ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश भर में औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा दवाओं की टेस्टिंग की गई, जिसके रिपोर्ट चौंकाने वाले सामने आए हैं। स्टेरॉयड और कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाओं सहित करीब 84 दवाओं की गुणवत्ता मानक स्तर की भी नहीं थी। नई दवाओं और दवाओं की टेस्टिंग करने वाली एजेंसी सीडीएससीओ ने इस बारे में अलर्ट जारी किया है।दिसंबर 2024 के अपने नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने विभिन्न फर्मों द्वारा निर्मित दवाओं के 84 बैचों को गैर-मानक गुणवत्ता का पाया। इसमें एसिडिटी, हाई कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज और जीवाणु संक्रमण जैसी सामान्य स्थितियों के लिए निर्धारित कुछ दवाएं शामिल हैं।

जयशंकर ने डोनाल्ड ट्रंप के दावों को चिंताजनक बताया

▶▶ कहा सरकार कर रही है जांच



नई दिल्ली, एजेंसियॉ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि बाइडन प्रशासन ने भारत को उसके चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि आवंटित की। ट्रंप के दावे ने भारत में विवाद पैदा पर दिया है। जयशंकर ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी चिंताजनक है और सरकार इसकी जांच कर रही है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित डीयू साहित्य महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान उनसे 'यूएसएड' के मुद्दे के बारे में सवाल पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ट्रंप प्रशासन के लोगों द्वारा कुछ जानकारी सामने रखी गई है, और जाहिर है कि यह चिंताजनक है। इससे पता चलता है कि ऐसी गतिविधियां हैं जिनका एक निश्चित उद्देश्य है किसी विमर्श या दृष्टिकोण को बढ़ावा देना।जयशंकर ने कहा, %एक सरकार के रूप में, हम इसकी जांच कर रहे हैं, क्योंकि ऐसे संगठनों का दायित्व है कि वे जानकारी दें। और, मेरा मानना है कि तथ्य सामने आएंगे।

उन्होंने कहा कि मैंने पढ़ा, फलां व्यक्ति ने यूएसएड के साथ काम किया...देखिए, यह सवाल नहीं है कि आपने यूएसएड के साथ काम किया या नहीं, यूएसएड को अनुमति दी गई थी। यह ऐतिहासिक रूप यहां काम करता रहा है। लेकिन, यूएसएड को सद्भावनापूर्वक, सद्भावनापूर्ण गतिविधियां करने के लिए यहां अनुमति दी गई थी।उन्होंने कहा, %अब अमेरिका से यह संकेत मिल रहे हैं कि कुछ गतिविधियां दुर्भावनापूर्ण थीं।

इसलिए इस पर निश्चित रूप से गौर किया जाना चाहिए और यदि ऐसा कुछ है तो मेरा मानना है कि देश को पता होना चाहिए कि दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों में कौन लोग शामिल हैं।इससे पहले मियामी में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) द्वारा दिए गए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण पर सवाल उठाया था और सवाल किया था कि क्या किसी और को चुनाव जिताने के प्रयास के तहत ऐसा किया गया।

सीबीआई ने रिश्वतखोरी के आरोप में तीन रेलवे अधिकारियों पर मामला दर्ज किया

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रेलवे में एक व्यक्ति को 15 लाख रुपये के बदले में नौकरी दिलाने के लिए भर्ती परीक्षा में हेराफेरी करने के आरोप में तीन रेलवे अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघीय एजेंसी ने मध्य रेलवे के सतर्कता विभाग से मिली जानकारी पर ये कार्रवाई की। प्राथमिकी में मालगाड़ी प्रबंधक राजेंद्र कुमार मीणा के अलावा रेलवे कर्मी सपना मीणा और चेतराम मीणा (सभी पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा डिवीजन में तैनात) का नाम बतौर आरोपी दर्ज है।इनके अलावा एक अन्य आरोपी लक्ष्मी मीणा का नाम भी शामिल है, जो कथित तौर पर एक उम्मीदवार के स्थान पर परीक्षा में शामिल हुई।

अरविंदर सिंह लवली बने प्रोटेम स्पीकर

● एलजी ने किया नियुक्त

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त कर दिया है। वहीं, 24 फरवरी को सत्र के पहले दिन सुबह 11 बजे नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और स्पीकर का चुनाव होगा।

प्रोटेम स्पीकर सदन का एक अस्थायी अध्यक्ष होता है जो सीमित अवधि के लिए और पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव होने तक सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। गुप्ता ने बता करते हुए आगे कहा कि नई सरकार नए उत्साह और नए जुनून के साथ सत्ता में आई है। बता दें कि वीजेंद्र गुप्ता को नई सरकार में विधानसभा स्पीकर चुना जाएगा।बता दें कि देश के राष्ट्रपति और राज्यपाल नवनिर्वाचित सदन की बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए एक प्रोटेम स्पीकर को नियुक्त करते हैं। सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर की जिम्मेदारी दी जाती है। प्रोटेम स्पीकर ही लोकसभा या विधानसभा की पहली बैठक की अध्यक्षता करता है। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों या विधायकों को सदन में पद की शपथ दिलाता है। जहां सबसे पहले विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव कार्यक्रम को पूरा किया जाता है। नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद प्रोटेम स्पीकर का पद समाप्त हो जाता है।

महाकुंभ में 62 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

● मुख्यमंत्री योगी ने इसे सदी की सबसे दुर्लभ घटना बताया

आगरा, एजेंसियॉ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है।आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव' (यूनिकॉर्न कंपनियों का सम्मेलन) में मुख्यमंत्री योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा, %मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कह सकता हूं। इस समय महाकुंभ के प्रति आकर्षण है।% उन्होंने कहा, %मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है। आज जब मैं ब्रज भूमि में आया हूं जिसके पीछे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि रही है। लंबे काल खंड से इसने भारत की सभ्यता और संस्कृति को प्रभावित किया है। योगी ने कहा कि कल ही प्रयागराज से आया और आज इस 'कॉन्क्लेव' के बाद मुझे पुनः प्रयागराज पहुंचना है।मुख्यमंत्री योगी ने महाकुंभ में इस बार आने वाले श्रद्धालुओं की चर्चा करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं। योगी ने कहा, %मुझे लगता है कि दुनिया के अंदर किसी भी आयोजन (चाहे वह आध्यात्म से जुड़ा हो या किसी भी तरह के पर्यटन से संबंधित हो) में एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना और उस आयोजन के साथ एकजुट होना, अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है।% इस पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि उप्र में उनकी सरकार को इसे आयोजित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब कुंभ की बात करते हैं तो कुंभ का इतिहास हमें इस बात पर सोचने के लिए मजबूर करता है कि भारत में प्राचीन काल से इस तरह के आयोजन की व्यवस्था थी। इसमें उप्र के प्रयागराज, उत्तराखंड के हरिद्वार, मध्यप्रदेश के उज्जैन और महाराष्ट्र के नासिक (त्र्यंबकेश्वर) समेत चार पवित्र स्थानों पर कुंभ का आयोजन होता है।

इसकी पृष्ठभूमि में जाते हुए योगी ने कहा कि यह सोचा गया होगा कि जब एक समय ऐसा भी आएगा कि भारत का व्यक्ति अपनी परंपरा और अपनी संस्कृति से कटा हुआ महसूस करेगा तो उन्हें जोड़ने का कुंभ माध्यम बनेगा।

महाराष्ट्र-कर्नाटक विवाद के बीच बस सेवाएं निलंबित, उद्धव ठाकरे के कार्यकर्ताओं ने बसों पर पोती कालिख

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम ने दोनों राज्यों के बीच बस सेवाएं निलंबित कर दी हैं। पहले बेलगावी में मराठी न बोलने पर कंडक्टर की पिटाई और बाद में कर्नाटक में महाराष्ट्र के चालक पर कन्नड़ में जवाब न देने पर हमले के बाद यह फैसला लिया गया है। इसी बीच पुणे में उद्धव ठाकरे की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक नंबर प्लेट वाली बसों पर कालिख पोत दी।गौर हो कि 22 फरवरी को कर्नाटक के बेलगावी में कंडक्टर पर आरोप लगा कि मराठी में जवाब न देने पर उनके साथ बेरहमी से पिटाई की गई। कर्नाटक पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है तथा एक नाबालिग को हिरासत में रखा गया है। मामला पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। बीती रात कर्नाटक के चित्रदुर्ग में कुछ बदमाशों ने रूपक्षष्ट के चालकों पर हमला किया। हमलावरों ने चालकों के चेहरे पर कालिख पोत दी, जिससे सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ गई।महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोल्हापुर डिवीजन से लेकर कर्नाटक तक की बस सेवाएँ अगले नोटिस तक निलंबित रहेंगी। मंत्री ने घायल चालक ड्राइवर भास्कर जाधव से फोन पर बात करते हुए आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ पूरी तरह से खड़ी है।

जनता ये भी पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन 'विदेशी' तो नहीं है-अखिलेश यादव

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 21 मिलियन डॉलर% के दावे के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने मोदी सरकार के भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के वादे पर सवाल उठाया। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने पूछा कि क्या उनकी %डबल इंजन% सरकार का एक इंजन विदेशी है।एक्स पर अपने पोस्ट में, पूर्व यूपी सीएम ने लिखा, जनता पूछ रही है कि भाजपा ट्रिलियन-ट्रिलियन डॉलर का जो राग अलाप रही है, उसमें अमेरिका से आया '21 मिलियन डॉलर' भी जुड़ा है क्या? जनता ये भी पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन 'विदेशी' तो नहीं है?इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों और व्हाइट हाउस में उनकी हालिया बैठक के बावजूद भारत पर लगातार हमले जारी रखे। लगातार चौथे दिन ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी ने भारत को मतदान बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर दिए हैं।अपने हालिया बयान में ट्रंप ने सीधे पीएम मोदी का जिक्र करते हुए कहा, %और भारत में मतदान के लिए मेरे मित्र प्रधानमंत्री मोदी को 21 मिलियन डॉलर दिए जा रहे हैं। हम भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी मतदान चाहता हूँ।इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय ने चिंता व्यक्त की, जिसमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा विशिष्ट गतिविधियों और वित्तपोषण के बारे में किए गए खुलासे का उल्लेख किया गया। विदेश मंत्रालय ने इस मामले को %बेहद परेशान करने वाला% बताया और पुष्टि की कि संबंधित विभाग और एजेंसियाँ संभावित निहितार्थों की जांच कर रही हैं।

सरकारी कार्यालयों व भवनों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का आदेश जारी, 31 मार्च तक दिया गया समय

लखनऊ-उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों एवं भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है। अभी तक मौखिक आदेश के तहत मीटर लगाए जा रहे थे।पावर कॉर्पोरेशन का दावा है कि अब तक करीब 2000 से अधिक भावनाओं में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य को 31 मार्च तक पूरा किया जाना है। अभी तक इस मामले में जारी कार्य की प्रगति काफी धीमे हैं। ऐसे में सरकारी कार्यालयों व भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने के काम को तय समय सीमा में पूरा करने का आदेश जारी किया गया है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू

● प्रयागराज में परीक्षा स्थगित, अब 9 मार्च को होगी परीक्षा
● नकल पर सख्त कार्रवाई, सामूहिक नकल पर स्कूलों पर होगी कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं कल यानी 24 फरवरी 2025 से शुरू हो रही हैं। इस बार परीक्षा में सुरक्षा और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया गया है। परीक्षाएं 12 मार्च 2025 तक हाईस्कूल के लिए और 20 मार्च 2025 तक इंटरमीडिएट के लिए आयोजित की जाएंगी।इस साल 54 लाख से ज्यादा छात्र यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं और परीक्षा के दौरान पूरी निगरानी की व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों में 10 हजार से अधिक हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा, पेपर लीक को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम के बाहर जूम कैमरे भी लगाए गए हैं। निरीक्षकों को क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र भी दिए जाएंगे, जो केवल परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में काम करेंगे।

24 फरवरी 2025 को यूपी बोर्ड की परीक्षा की शुरुआत होगी। इस दिन हाई स्कूल (10वीं) की पहली पाली में प्रारंभिक हिंदी और हिंदी की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में हेल्थ केयर विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं, इंटरमीडिएट (12वीं) के लिए पहली पाली में सैन्य विज्ञान की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में हिंदी और सामान्य हिंदी विषय की परीक्षा ली जाएगी।प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भारी भीड़ और यातायात जाम के कारण 24 फरवरी को होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। अब यहां की परीक्षा 9 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी। हालांकि, अन्य क्षेत्रों में परीक्षाओं का आयोजन पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार होगा।

इस साल यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल करने वाले छात्रों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। बोर्ड सचिव ने कहा कि नकल करते हुए पकड़े गए छात्रों के रिजल्ट रुक जाएंगे, हालांकि उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जाएगा। सामूहिक नकल के मामलों में स्कूलों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और दोषी पाए गए स्कूल प्रबंधकों पर 1 करोड़ रुपये तक जुर्माना और आजीवन कारावास की सजा हो सकती है।

सनातन धर्म के जन जागरण में कांची कामकोटि पीठ की अहम भूमिका- मुख्यमंत्री योगी

विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके महाकुम्भ में डुबकी

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुम्भ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज %सतुआ बाबा% से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी। वहीं शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की और 60 करोड़ से अधिक सनातनियों के महाकुम्भ में स्नान करने को भी सराहा।

मुख्यमंत्री योगी ने कांची कामकोटि पीठ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस पूज्य पीठ की परंपरा ने सनातन धर्म के जनजागरण और अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका

निभाई है। उन्होंने कहा कि जब भी सनातन धर्म के सामने कोई संकट आया, कांची पीठ ने आगे बढ़कर उसका समाधान किया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन हो या नेपाल संकट, इस पीठ ने सदैव धर्म की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं।

62 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई है महाकुम्भ में पावन डुबकी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु संगम की त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं और आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में कोई ऐसा मत, मजहब या संप्रदाय नहीं, जहां निश्चित समय पर इतनी बड़ी संख्या में लोग अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए एकत्र होते हों। महाकुम्भ सनातन धर्म की दिव्यता और विराटता का प्रतीक है।

महाकुम्भ को भव्यता देने के लिए सरकार संकल्पबद्ध

सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि सनातन धर्म और महाकुम्भ से जुड़े हर आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए उनकी सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से जुड़े किसी भी आयोजन के लिए हम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे, जिससे यह आयोजन सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सके।÷

शंकराचार्य ने की महाकुम्भ की सराहना

शंकराचार्य शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन सरकार और जनता की सहभागिता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ही विश्व की आदर्श संस्कृति है और

महाकुम्भ इसका जीवंत प्रमाण है। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस बात के लिए भी सराहना की कि प्रयागराज के प्राचीन नाम को उन्होंने दोबारा स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कुम्भ राष्ट्र को दिशा देता है। चाहे श्रीराम मंदिर के निर्माण का अभियान हो या देश में सनातन धर्म को शक्ति देने वाली सरकार हो, कुम्भ राष्ट्र को मार्ग दिखाता है। शंकराचार्य ने महाकुम्भ को एकता का कुम्भ बताते हुए इसे अद्वैत कुम्भ कहा। इस अवसर पर श्री शंकरपुर पीठाधीश्वर जगदुरु श्रीकृष्णानंद तीर्थ और महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा' सहित बड़ी संख्या में संतगण उपस्थित रहे।

महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व पर जुटने लगे विदेशी श्रद्धालु

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ के आखिरी के स्नान पर्व महा शिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान के लिए विदेशी श्रद्धालुओं के कई समूह महाकुम्भ नगर पहुंच गए हैं। ब्राजील से आया भगवान शिव के भक्तों का एक ग्रुप भी महाशिवरात्रि के स्नान पर्व की बाट जोह रहा है।

महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व के लिए जुटने लगे विदेशी मेहमान

जिस दिव्यता और भव्यता के साथ प्रयागराज महाकुम्भ की शुरुआत हुई, समापन भी उसी अंदाज में होने जा रहा है। महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि में संगम में मुक्ति की डुबकी लगाने विदेशी श्रद्धालुओं का जमावड़ा फिर महाकुम्भ में होने लगा है। ब्राजील से महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि में त्रिवेणी में पवित्र स्नान करने के लिए दो दर्जन से अधिक ब्राजीली युवाओं का एक ग्रुप पहुंच चुका है। ग्रुप के कोआर्डिनेटर हेनरिक मोर का कहना है ये सभी युवा लॉर्ड शिवा की भक्ति धारा से जुड़े हुए हैं। इसमें ज्यादातर रियो दि जनेरियो और साओ पाउलो शहर से हैं, जहां शिव मंदिर भी हैं। लॉर्ड शिवा से प्रेरित होने की वजह से इन्होंने महाशिवरात्रि पर्व को चुना है जहां 12 वर्षों के बाद महाकुम्भ का विशेष अवसर आया है।

तन पर भगवान शिव के प्रतीकों का श्रृंगार और मन में भोले बाबा की भक्ति की मस्ती

ब्राजील के यूथ में धार्मिक पर्यटन का खासा क्रेज माना जाता है। भारत और एफ्रो-ब्राजील परंपराओं के बीच कुछ समानताएं इन्हें महाकुम्भ खींच लाई है। ब्राजीली ग्रुप के सदस्य पाओ फेलिपे का कहना है कि ग्रुप में अधिकतर युवा लार्ड शिवा के फॉलोवर हैं। सभी के शरीर में लॉर्ड शिवा के विभिन्न प्रतीकों को टैटू के रूप में स्थान दिया गया है। कानों में त्रिशूल की आकृति के चंद्राकार कुंडल और पूरे बदन में शिव जी के प्रतीक डमरू और महाकाल की आकृतियां इन्हें अलग पहचान प्रदान कर रही हैं। ग्रुप की महिला सदस्य इसाबेला बताती है कि ब्राजील में कयापो समुदाय की संस्कृति से इसके यूथ प्रभावित हैं जिसमें शरीर में प्रतीकों को गुदवाने की परम्परा है।

महाकुम्भ के दिव्य और भव्य आयोजन ने किया आकर्षित

ब्राजीली युवाओं का यह ग्रुप हर साल महा शिवरात्रि में बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी आता रहा है लेकिन इस बार प्रयागराज में महाकुम्भ के आयोजन की दुनिया के कोने कोने में चर्चा से ये लोग प्रयागराज आए हैं। ग्रुप के कॉर्डिनेटर हेनरिक मोर का कहना है कि महा कुम्भ की दिव्य अनुभूति से सभी लोग अभीभूत हैं इसलिए सभी लोगों ने महाशिव रात्रि का स्नान महा कुम्भ की त्रिवेणी की पवित्र धारा में करने का फैसला किया है।

रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने धूमधाम से मनाई 120वीं वर्षगांठ

प्रयागराज। रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम के सदस्यों ने सिविल लाइंस स्थित एक होटल में रविवार को रोटरी इंटरनेशनल की 120वीं वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन शशांक जैन ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए रोटरी की महत्ता और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने रोटरी इंटरनेशनल के ऐतिहासिक योगदानों पर प्रकाश डालते हुए एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें रोटरी से जुड़े संक्षिप्त शब्दों (शॉर्ट फॉर्म्स) की पूर्ण व्याख्या (फुलफॉर्म) बताने की चुनौती दी गई। इस प्रतियोगिता में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन गौरव अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर पूर्व मण्डलाध्यक्ष रोटेरियन डॉ. प्रमोद कुमार मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मण्डलाध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप मुखर्जी उपस्थित रहे। डॉ. प्रमोद कुमार ने रोटरी इंटरनेशनल के योगदान और समाज में इसकी भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। साथ ही अतिथियों संग रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम की मासिक पत्रिका 'मुस्कान' का अनावरण भी किया।

मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि हाल ही में रामानुजन पब्लिक स्कूल में आयोजित रोटरी खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। इस खास मौके पर केक काटने की रस्म भी निभाई गई, जहां सभी ने मिलकर इस ऐतिहासिक दिवस का जश्न मनाया।

अंत में, रोटेरियन संजय तलवार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पियूष रंजन अग्रवाल, चार्टर अध्यक्ष रितेश सिंह, मनीष गर्ग, संजय तलवार, सुब्रत, दीपक गुप्ता, पारुल अग्रवाल, प्रमय मित्तल, जया मित्तल, विकास भटनागर, नेहा भटनागर, प्रमोद बंसल, अरविंद अग्रवाल, रूमि अग्रवाल, संदीप जैन, अनीता जैन, विकल्प अग्रवाल, डॉ. प्रतीक पाण्डेय, जय कुमार, शशि वैश्य, अरिंदम घोष और सचिव सुमित अग्रवाल सहित अन्य सदस्य रहे।

बॉलीवुड सिंगर मोहित चौहान के गीतों संग होगा 'संस्कृति का महाकुम्भ

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान है। इसके पूर्व सोमवार को बॉलीवुड सिंगर मोहित चौहान के गीतों संग 'संस्कृति का महाकुम्भ' होगा। संस्कृति ग्राम, गंगा-यमुना पंडाल, त्रिवेणी पंडाल व अहिल्या बाई होल्कर पंडाल समेत सभी मंचों पर सांस्कृतिक आयोजन होंगे। कहीं सुरों की सरिता तो उत्तर प्रदेश के लोकनृत्य की बयार बहेगी। कहीं रामलीला का मंचन होगा तो कहीं शबरी की प्रतीक्षा को दर्शाएंगे कलाकार। यहां उत्तर प्रदेश की अनेक संस्कृतियों संग देश की संस्कृतियों का भी समागम होगा। कथक, भरतनाट्यम, भजन, लोकगायन-लोकनृत्य से महाकुम्भ की सांझ सजेगी।

-संस्कृति ग्राम व गंगा पंडाल- मोहित चौहान के गीतों का जादू

सोमवार को संस्कृति ग्राम में बॉलीवुड सिंगर मोहित चौहान के गीतों में श्रोता 'आनंद गंगा' की डुबकी लगाएंगे। वहीं गंगा पंडाल में पुणे की सुचेता भिड़े चापेकर ओडिसी नृत्य पर प्रस्तुति देंगी। पश्चिम बंगाल के

आनिंदो चटर्जी को भी योगी सरकार मंच मुहैया करा रही है। महाकुम्भ की सांझ में वे अपने तबला वादन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। गंगा पंडाल पर ही उत्तर प्रदेश की अपर्णा यादव भजनों की प्रस्तुति देंगी।

-अहिल्याबाई होल्कर मंच: शबरी की प्रतीक्षा और रामलीला का मंचन देखेंगे दर्शक

संगम सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था प्रयागराज की तरफ से अहिल्याबाई होल्कर मंच पर शबरी की प्रतीक्षा नाट्य प्रस्तुति होगी। इसका निर्देशन सुबोध कुमार सिंह ने किया है। वहीं भोपाल के लिटिल बैल थियेटर की ओर से रामायण की प्रस्तुति होगी। मथुरा के खेमचंद्र यदुवंशी व उनकी टीम रामलीला का मंचन करेगी। इस मंच पर ही पंडित धर्मराज मिश्र, लखनऊ की डॉ. विनीता सिंह का भजन गायन होगा। साथ ही जौनपुर की साधनी सुदामा भजन व लोकगायन की प्रस्तुति देंगी।

-यमुना पंडाल: शाम को होंगे लोकगायन व लोकनृत्य की प्रस्तुतियां

सोमवार को यमुना पंडाल पर भी अनेक कार्यक्रम होंगे। यहां शाम चार से रात्रि 8 बजे तक लोकगायन व लोकनृत्य से जुड़ीं विविध प्रस्तुतियां होंगी। इस मंच पर प्रयागराज के लोक कलाकार अभयराज यादव, मीरजापुर की रेखा रानी गौड़, प्रयागराज के जगदीश यादव, चंदौली के घनश्याम शुक्ला, मेरठ की रुचिका सिंह, मीरजापुर की कल्पना गुप्ता, गोरखपुर के अनिकेत का लोकगायन होगा। वहीं लखनऊ की ऋचा जोशी लोकनृत्य के जरिए दर्शकों को अपनी प्रस्तुति से भावविभोर करेंगी।

-बिरसा मुंडा पंडाल त्रिवेणी मंच: कथक, भरतनाट्यम लोकनृत्य से भारतीय संस्कृति का होगा दीदार

त्रिवेणी मंच पर भी भारतीय संस्कृति की बयार बहेगी। यहां उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कानपुर के शुभम वाजपेयी तालवाद्य वृंद वादन करेंगे तो लखनऊ के ज्ञानेंद्र दत्त वाजपेयी का भरतनाट्यम होगा। लखनऊ की डॉ. पूनम श्रीवास्तव का लोकगायन इस मंच पर होगा, जबकि कानपुर की डॉ. संगीता श्रीवास्तव का कथक व लखनऊ के डॉ. मनोज मिश्र तालवाद्य वृंदवादन करेंगे।

महाकुंभ में बाइकर्स की अवैध वसूली पर पुलिस की कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुम्भ मेले के दौरान पैदल चल रहे श्रद्धालुओं से वसूली कर रहे बाइकर्स गैंग पर पुलिस टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने अभियान चलाया और बाइकर्स गैंग के अवैध वसूली पर कार्रवाई की गई। जिसमें 200 से अधिक बाइको को सीज किया गया।सड़क के किनारे खड़े 50 वाहनों को हटवाया गया। 750 वाहनों का चलान किया गया। वाहनों द्वारा श्रद्धालुओं से मनमाना पैसा वसूलने वालो पर कार्रवाई की गई। जीटी जवाहर चौराहे पर बाइकों को सीज किया गया। कुंभ के नाम पर वसूली करने वाले गैंग में हड़कंप मचा हुआ है।

महाकुंभ के सांस्कृतिक मंचों पर बही सुरों की बयार

यमुना मंच पर कैलाश खेर और सरस्वती मंच पर प्रियांशु और आशीष ने दी प्रस्तुतियां

नैनी(प्रयागराज)। महाकुंभ में जहां आस्था धर्म और आध्यात्मिक की पवित्र डुबकी लगाने विश्व भर से श्रद्धालु आ रहे हैं वही हिंदुस्तान के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के मंच के माध्यम से इस पावन धरा को संगीतमय बना दिया है जहां एक तरफ अंतरराष्ट्रीय गायक शंकर महादेवन , हरिहरन डॉ कुमार विश्वास जैसे कलाकारों ने प्रयाग के पावन गंगा जमुना सरस्वती जैसे मंचों पर आकर अपनी शिरकत की। वहीं बीती शाम यमुना मंच पर कैलाश खेर जैसे अंतरराष्ट्रीय गायक और सरस्वती मंच पर प्रयागराज की धरती से देश भर में अपनी पहचान बनाने वाले प्रियांशु श्रीवास्तव एवं आशीष शर्मा युगल गायको की जोड़ी ने विश्व भर से आए श्रद्धालुओं के मध्य अपनी प्रस्तुतियों से सुरों से संगीत के इस पवित्र संगम में डुबकी लगाई यमुना पंडाल पर

कैलाश खेर जी को सुनने के लिए काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु और दर्शकों की भीड़ देखने को मिली वही सरस्वती मंच पर प्रियांशु और आशीष ने ÷ये प्रयागराज है÷ गीत की प्रस्तुति कर पूरे पंडाल को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम की शुरुआत में राम जी की निकली सवारी से प्रारंभ कर दमा दम मस्त कलंदर और यह प्रयागराज है की पब्लिक डिमांड पर तीन बार प्रस्तुति से दर्शक लगातार झूमते रहे भारतेंदु नाट्य संस्थान द्वारा सरस्वती मंच पर कार्यक्रम प्रभारी के रूप में कार्यभार देख रहे वरिष्ठ अधिकारी श्री हीरा जी एवं श्री सत्यम जी द्वारा कार्यक्रम के अंत में उत्तर प्रदेश सा संस्कृति विभाग के प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा कलाकारों का सम्मान भी किया गया सरस्वती मंच पर कार्यक्रम का संचालन श्वेता श्रीवास्तव ने किया।

महाकुम्भ केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का संगम- मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

महाकुम्भनगर। भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का महाकुम्भ एक अनुपम अवसर है। यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का संगम बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है। यह सनातन परंपराओं को सजीव बनाए रखने और राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था को प्रगाढ़ करने का पर्व है।

यह बात रविवार को प्रयागराज के त्रिवेणी संगम स्नान के बाद उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कही। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए ऐतिहासिक प्रयास किए हैं। स्नान घाटों की स्वच्छता, बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था आदि यह महाकुंभ एक आदर्श आयोजन के

रूप में इतिहास में दर्ज होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक नए प्रयास किए गए हैं। संगम क्षेत्र में अत्याधुनिक अस्थायी अस्पताल, स्वच्छ शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विस्तृत सुरक्षा घेरा और सुगम परिवहन व्यवस्था ने श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान किया है।

महाकुंभ के दिव्य वातावरण का वर्णन करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यहां संत-महात्माओं के प्रवचन, धार्मिक अनुष्ठान और आध्यात्मिक चर्चाएं श्रद्धालुओं को ईश्वरीय अनुभूति से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

इसके पूर्व महाकुंभ के पावन अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने परिवार संग त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समस्त जनमानस के कल्याण, सुख-समृद्धि तथा प्रदेश की उन्नति की प्रार्थना की।

बंद ताले खोल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की पोल

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। कोरांव तहसील के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर ताले लटक रहे हैं। अधिकारियों की लापरवाही के कारण केंद्र कागज पर ही संचालित किए जा रहे हैं। कोरांव ब्लाक में 115 ग्राम सभाओं में कुल 239 आंगनवाड़ी 20 मीनी केंद्र संचालित है। जबकि अभी तक मात्र 14 भवन बनाएं गये है। शेष फुटपाथ या उन मोहल्ले में के मकान में चल रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चे तो नामांकित हैं। मगर उनकी उपस्थिति न के बराबर है। जहां पर आंगनबाड़ी केंद्र सूनसान जगह में स्थित है वहां केंद्र का ताला भी नहीं खोला जाता। कोरांव ब्लाक के न्याय पंचायत डीही खुर्द, पवांरी , खीरी के आंगनवाड़ी केन्द्रों के हालात एक जैसे हैं। प्राथमिक विद्यालय पथरपुर में ही आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है। स्कूल की शिक्षिका से पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

स्वयं सहायता समूह ने तहस-नहस कर दी व्यवस्था

ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर तेल, दाल , दलिया, रिफाइंड और दूध बच्चों को वितरण करने के लिए आता है। इन सामान को आपूर्ति की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह को दी गई है। केंद्रों तक पहुंचाते - पहुंचाते आधा सामन गायब हो जाता है। इससे बच्चों को नियमित रूप से पोषक आहार नहीं मिल पाता है। जिससे बच्चों में केन्द्र पर जाने की रूचि नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए क्षेत्र में नियुक्त सुपरवाइजरों की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन केन्द्रों पर न जाकर मेटिंग पर जाने पर अपना हला - भला कर लिया जाता है। और सीडीपीओ और मुख्य सेविकाओं की तैनाती की गई है। फिर भी केंद्रों पर निरीक्षण करने कोई नहीं जाता है। इस संबंध में सीडीपीओ कोरांव योगेश कुमार दुबे से संपर्क का प्रयास किया लेकिन फोन रिसीव नहीं की।

आशीष के शतक से विष्णु भगवान स्कूल जीता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। आशीष यादव के शतक (115 रन, 57 गेंद, 14 चौके, सात छक्के) के दम पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने शिक्षा निदेशालय को 54 रन से हराकर प्रथम डॉ. डीएन तिवारी स्मृति टी-20 वेटरन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। एक अन्य मुकाबले में प्रयाग जिमखाना ने इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन को 68 रन से हराया।

रविवार को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने अपने मैदान पर पहले खेलते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 222 रन (आशीष यादव 115, इमरान अली 43 नाबाद, नौशाद अहमद 23, पीके पाठक 3/48,

हरिकेश यादव 2/34) बनाए। जवाब में शिक्षा निदेशालय की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 168 रन (अभिषेक गौर 55, अवनीश 22 नाबाद, दीपू पांडेय 17, बृजेश यादव 2/28, इमरान अली 2/29, सुशील ओझा 2/39) ही बना सकी। आशीष यादव को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेटर योगेश सिंह कुशवाहा ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में मोहम्मद आरिफ और मोहम्मद नबी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे। एमआईसी मैदान पर प्रयाग जिमखाना क्लब ने 30 ओवर में 6 विकेट पर 199 रन (रितेश जायसवाल 57, फरहत मेहदी 40, राकेश मिश्रा 26, जहीर अब्बास 22 नाबाद, कौशिक पाल 20, अभिनीत केसरवानी 2/31, आलोक सिंह, अरुण मौर्य, अभिषेक शरण व ऋषि शर्मा एक-एक विकेट) बनाकर इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन को 20 ओवर में 6 विकेट पर 131 रन (अनुराग वर्मा 43 नाबाद, वरुण खरबंदा 17, शैलेंद्र श्रीवास्तव 3/21, विमलेश पांडेय 1/22, राकेश मिश्र 1/24) पर समेट दिया। शैलेंद्र श्रीवास्तव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व हितेश श्रीवास्तव अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोर रहे।

उमेश पाल की दूसरी पुण्यतिथि आज

प्रयागराज। उमेश पाल हत्याकांड की दूसरी बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सोमवार को सुलेमसराय स्थित गेस्ट हाउस में प्रातः दस बजे होगा। देश और प्रदेश में भूचाल ला देने वाले उमेश पाल हत्याकांड को 24 फरवरी को दूसरी बरसी पर श्रद्धांजलि सभा और महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा। श्रद्धांजलि सभा के दौरान अधिवक्ता उमेश पाल सहित उनके दोनों गनर संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने बताया इस दौरान केंद्रीय मंत्री प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे।

हर वर्ष की भांति 26 फरवरी 2025 को इजूरा खुर्द में मेला का आयोजन किया जाएगा पूरे खागा सदर तहसील के क्षत्रिय समाज रहेंगे इकट्ठा

लोकमित्र ब्यूरो

फतेहपुर। खागा तहसील क्षेत्र के विकास खंड ऐरायां की ग्राम पंचायत इजूरा खुर्द में खेत जुताई के समय भगवान श्री पंचमुखी महादेव जी की मूर्ति मिली थी, इसी दिवस पर लगने वाले चतुर्थ मेले की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। जोताई के समय महादेव जी की मूर्ति निकलने के स्थान पर मेला आयोजित दिव्यांश प्रताप सिंह की देखरेख में भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

मंदिर निर्माण में बहेरा सादात के शहंशाह आब्दी पत्रकार का बड़ा सहयोग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मेले में हजारों की संख्या में लोग आते हैं लेकिन इस बार मेले में ग्रामीणों को मंदिर के दर्शन भी होंगे। बताते चलें कि लगभग तीन वर्ष पूर्व इसी गांव में आलू के एक खेत में ट्रैक्टर से जोताई के समय महादेव जी की मूर्ति प्रकट हुई थी जिसकी खबर लगते ही भारी संख्या में भीड़ मूर्ति

दर्शन के लिए एकत्र हो गई थी, महादेव जी की मूर्ति के स्थान पर 26 फरवरी 2022 से मंगलवार को स्थापित करते हुए मेला का आयोजन किया गया था, और संगीत मय अखंड श्री राम चरित मानस का पाठ और कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उसी परंपरा को कायम रखते हुए ग्रामीण हर वर्ष इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इससे पूर्व ये कार्यक्रम खुले आसमान के नीचे होता था लेकिन इस बार ग्रामीणों के सहयोग से मेला कमेटी के अध्यक्ष ठाकुर दिव्यांश प्रताप सिंह ने एक बड़ा कदम उठाते हुए भव्य मंदिर के निर्माण कार्य को प्रारंभ करा दिया है, साथ ही बताया कि मेले की शुरुआत से पहले मंदिर का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। न्यू ईयर में न्यू मंदिर में ग्रामीण उस मूर्ति के दर्शन करेंगे जो 18 अक्टूबर 2022 दिन मंगलवार को एक खेत से देव मूर्ति मिली थी । ग्रामीणों में अभी से मेला और मूर्ति दर्शन के लिए काफी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि हम सब भाग्यशाली हैं जहां भगवान महादेव जी की मूर्ति मिली हुई और हम सब को उनके दर्शन का अवसर मिला है। चौथी बार ये मेला 26 फरवरी को ग्राम इजूरा खुर्द में उसी स्थान पर लगेगा, मेले में हजारों की संख्या की भीड़ जमा होती है। ग्रामीणों की स्थानीय प्रशासन से मांग है कि मेला के दिन पुलिस व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाए जिससे शांति सुरक्षा, व्यवस्था बनी रहे।

महिला के साथ पिटाई करने के दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के धमसेड़ा गांव में महिला की पिटाई के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। धमसेड़ा गांव की सीमा देवी के मुताबिक बुधवार की शाम वह घर पर काम कर रही थीं। इसी दौरान गांव के यदुनंदन और राम बहोरी एक राय होकर वहां पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे।आरोप है कि विरोध करने पर वह दोनों मारपीट करने लगे। किसी तरह घर में घुस कर उसने अपनी जान बचाई।इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्लास्टिक मुक्त को लेकर तहसील परिसर में चलाया अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी जिले के मंझनपुर नगर कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यार्थी परिषद की गतिविधि एसएफडी स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के द्वारा प्रत्येक रविवार को होने वाले संडे फॉर मंझनपुर , प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छता अभियान के निमित्त रविवार को कार्यकर्ताओं ने मंझनपुर तहसील परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तहसील परिसर के आसपास बिखरे सभी प्लास्टिकों को इकट्ठा किया और उसको किसी एक स्थान पर रख करके नष्ट किया ।मंझनपुर तहसील के तहसील संयोजक सुशील सोनकर ने बताया यह अभियान प्रत्येक रविवार को चलाया जाता है जिसमें नगर भर के विद्यार्थी एक घंटे का अपना समय प्रत्येक रविवार को लोकहित एवं समाज हित के लिए देते हैं ।उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी सिर्फ तहसील के गेट के पास ही सफाई करके चले जाते हैं तहसील परिसर के पास मंदिर के आसपास एवं अधिवक्ता बंधुओं के चौंबरों के भी आसपास अनावश्यक रूप से प्लास्टिक कचरा पड़े रहते हैं जिनको सफाई कर्मचारी ठीक ढंग से साफनहीं करते हैं उन्होंने बताया की विद्यार्थी परिषद का यह उद्देश्य है की सिंगल यूज प्लास्टिक बैन हो प्रत्येक व्यक्ति बाजार में सामान खरीदने के लिए जाए तो कपड़े का थैला लेकर के जाए इसके लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना आवश्यक है। स्वच्छता अभियान के दौरान मंझनपुर तहसील संयोजक सुशील सोनकर, नवीन वर्मा, अवधेश यादव, मंझनपुर नगर सह मंत्री कृष्णा श्रीवास्तव , जिला संगठन मंत्री ,अश्वनी सिंह, डब्बू , अमन कुमार, विराग वर्मा, उज्ज्वल तिवारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दबंग भाइयों ने घर उलाहना देने पहुंचे युवक को पीटकर किया घायल

चायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के काजीपुर गांव में शनिवार की शाम दो भाइयों ने उलाहना देने गये एक युवक को जमकर पीट दिया।पिटाई से उसे काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

काजीपुर गांव निवासी नौसल पुत्र ननकू मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार शनिवार को वह मजदूरी करने चला गया था। उसकी पत्नी संगीता देवी किसी काम से तेरा मील गई थी।इसी दौरान गांव का एक युवक उसे मिला और साथ में काम पर चलने को कहा। काम पर जाने से इंकार करने पर वह उसके साथ गाली गलौच करने लगा।शाम को घर लौटने पर संगीता ने पति से उस युवक की शिकायत की।पति नौसल तैश में आकर उसके घर उलाहना देने पहुंच गया। आरोप है कि उलाहना देने पर युवक ने भाई के मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी।पिटाई से उसको काफी चोटें आईं।शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपी भाइयों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

दबंग युवकों ने छेड़खानी का विरोध करने पर युवक को पीटा

कसेंदा, (कौशाम्बी)। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम बहन के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर दबंगों ने एक युवक को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल युवक ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पुलिस चौकी लोधऊर क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि शनिवार की शाम उसका देवर अपनी बहन के साथ घर आ रहा था। इसी दौरान गांव के दबंग दो युवक उसे मिले और उसकी बहन के साथ छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर वह दोनों उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने युवक की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उसे काफी चोटें आईं।शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।घायल ने थाने जाकर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा यातायात सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। महाकुम्भ 2025 के अवसर पर आज प्रेम गौतम पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज द्वारा जनपद में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु यातायात, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिसमें द्वारा थाना कोखराज अंतर्गत सकाढा तिराहे पर बनाए गए यातायात डायवर्जन प्वाइंट एवं पुलिस सहायता केंद्र पर जाकर यातायात व्यवस्था को देखा गया। जनपद में यातायात व्यवस्था की सुगमता को ड्रोन कैमरे के माध्यम से हो रही निगरानी को भी परखा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं से वार्ता कर कुशल क्षेम भी पूछा गया। पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों के साथ डायवर्जन प्वाइंट पर स्वयं उपस्थित रहकर सुगम आवागमन की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद में यातायात सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है।

महाकुम्भ 2025 के अवसर पर, रूट पर्यवेक्षक, मंजिल सैनी पुलिस महानिरीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा आज थाना कोखराज अंतर्गत सकाढा तिराहा स्थित यातायात डायवर्जन प्वाइंट पर पहुंचकर यातायात, सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी गणों के साथ डायवर्जन प्वाइंट पर कैम्प करके सुगम आवागमन की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद में यातायात सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। यातायात व्यवस्था की निगरानी निरन्तर ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यातायात सुरक्षा व्यवस्था में नियुक्त जनपद में यातायात सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है।

महाकुम्भ 2025 के अवसर पर, रूट पर्यवेक्षक, मंजिल सैनी पुलिस महानिरीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा आज थाना कोखराज अंतर्गत सकाढा तिराहा स्थित यातायात डायवर्जन प्वाइंट पर पहुंचकर यातायात, सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी गणों के साथ डायवर्जन प्वाइंट पर कैम्प करके सुगम आवागमन की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद में यातायात सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। यातायात व्यवस्था की निगरानी निरन्तर ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यातायात सुरक्षा व्यवस्था में नियुक्त पुलिस कर्मियों को निरंतर मुस्तैद रहकर एवं श्रद्धालुओं के साथ विनम्रता पूर्वक व्यवहार करते हुए सुव्यवस्थित तथा बाधा रहित आवागमन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिए गए।

महाकुम्भ-2025 के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अंतर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर व पोस्ट बनाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। महाकुम्भ-2025 के अवसर पर यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा भ्रमणशील रहते हुए जनपद के विभिन्न चौराहों व अंतर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की की जा रही सघन चेकिंग का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। महाकुम्भ 2025 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी के साथ जनपद में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु यातायात, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत डायवर्जन प्वाइंट पर उपस्थित रहकर यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित कराई जा रही है। महाकुम्भ 2025 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी के साथ जनपद में बनाए गए डायवर्जन प्वाइंट पर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु यातायात, सुरक्षा व्यवस्था का ड्रोन से निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित कराई जा रही है।

शातिर ने किसान का एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 48 हजार 8 सौ रूपये

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के स्थानीय कस्बा चौराहे पर स्थित एटीएम बूथ से सप्ताह भर पहले पैसा निकालने गये किसान से एटीएम कार्ड शातिर ने बदलकर हजारों रुपये पार कर दिए।भुक्तभोगी ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

जलालपुर शाना गांव निवासी राजेश कुमार किसान है। 14 फरवरी को वह अपनी बेटी का कार्ड लेकर चरवा चौराहे स्थित एटीएम बूथ से पैसा निकालने गया था। पैसा न निकलने के दौरान वहां पहले से मौजूद शातिर उसका कार्ड लेकर मशीन में लगाकर चेक करने लगा। इसी बीच उसने एटीएम कार्ड बदल कर किसान को दूसरा कार्ड उसके हाथ में पकड़ा दिया। किसान एटीएम कार्ड जेब में रखकर बेरुआ की तरफ चला गया। थोड़ी देर के बाद बेटी के मोबाइल पर रूपये निकलने का कई मैसेज आया। किसान के अनुसार शातिर ने उसके बेटी के खाते से चार बार में 48 हजार 800 रुपया पार कर दिया। मैसेज आने के बाद बदहवास हालत में किसान आनन-फानन बेटी को लेकर बैंक पहुंचा। बैंक में अपना कार्ड बंद कराने के बाद उसने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के नोहरी का पुरवा गांव में ढाई माह पूर्व हुई मारपीट के मामले में शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। नोहरी का पुरवा गांव निवासी संतोष कुमार पटेल के मुताबिक चार दिसंबर को वह खेत की तरफ गया था। वहां पहले से मौजूद पड़ोसी खेत मालिक लल्लू पटेल ने अपने बेटों शिवबाबू और लालबाबू संग मेंड़ काटने का आरोप लगाकर उसे जमकर पीट दिया। इससे उसको काफी चोटें आई थी।थाने में शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं किया।पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने शिकायत सुनने केंद्र बाद थानाध्यक्ष को रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया।एसपी का आदेश पाकर पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों में चले लाठी डंडे, पूर्व प्रधान सहित दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, , (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के एक गांव में पड़ोसियों में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पड़ोसियों ने पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें बीच बचाव में पूर्व प्रधान सहित परिवार के कई लोग जख्मी हो गए । पीड़ित पिता के पुत्र ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसियों पर कार्यवाही की मांग की है। इधर दूसरे पक्ष से भी पूर्व प्रधान व उनके परिवार के लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

सैनी कोतवाली के पथरावा का मजरा काजीपुर निवासी सौरभ सिंह पुत्र बचान सिंह ने रविवार को सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की सुबह उसके पिता घर के दरवाजे पर बैठे थे । सौरभ सिंह का आरोप है कि इस दौरान पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति ने पिता बचान सिंह पर लाठी डंडे से हमला कर दिया , जिसका वीडियो बनाने पर दबंग अपने परिवार के आधा दर्जन लोगों ने साथ मारपीट करने लगा और धारदार हथियार से बचान सिंह पर हमला कर लहूलुहान कर दिया जिससे बचान सिंह बेहोश होकर गिर गए, बीच बचाव में भाई पप्पू यादव व मां के साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया । पीड़ित ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है । पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज कार्यवाही में जुट गई है । इधर दूसरे पक्ष से हरिश्चंद्र पुत्र राम स्वरूप ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पड़ोसी कुलवंत की बाइक रविवार की सुबह घड़ियालीपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई , जिसके बाद उसको पथरावा चौकी बुलाया गया , इस दौरान विपक्षी अपने परिवार के दर्जनों लोगों के साथ मिलकर घर पर चढ़कर लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया , जिसमे कल्लू सिंह पुत्र राम स्वरूप , भूप सिंह पुत्र रामपती , इंद्राज , छोटेलाल , महेंद्र सिंह , सचिन, केला देवी आदि लोग चोटहिल हो गए , जिसके भूप सिंह को गंभीर हालत में एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बाइक सवार उचक्के मोबाइल छीनकर भागे, मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के समसपुर गांव निवासी पंकज सरोज शनिवार की शाम बाइक से मिर्च लाद कर उसे बेचने बाजार जा रहा था।इसी दौरान वह पेट्रोल पंप के समीप बाइक खड़ी कर किसी से बात करने लगा। इसी बीच बाइक सवार दो युवक आये और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। वह अपनी बाइक मोड़ कर जब तक उनका पीछा करता तब तक चकमा देकर दोनों वहां से गायब हो गए। पीड़ित ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

संजीवनी हॉस्पिटल ने निःशुल्क शिविर का आयोजन किया, उमड़ी भीड़

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल, (कौशाम्बी)। सराय अकिल कस्बे के करन चौराहे पर स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में निःशुल्क के शिविर का आयोजन किया गया संजीवनी हॉस्पिटल ने संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती के अवसर पर रविवार को हॉस्पिटल ने अपने पांचवें स्थापना दिवस को खास तरीके से मनाया गया हॉस्पिटल में निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन किया गया जिसमें 400 मरीजों का इलाज और 80 अल्ट्रासाउंड, 14 ऑपरेशन, 40 लोगो की खून जांच, 42 लोगों का एक्सरे लाभ उठाया। बता दें, सराय अकिल कस्बे के करन चौराहा पर स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती के अवसर पर रविवार को हॉस्पिटल ने अपने पांचवें स्थापना दिवस को खास तरीके से मनाया गया हॉस्पिटल में निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन किया गया जिसमें 400 से अधिक मरीज ने शिविर का लाभ उठाया ,संजीवनी हॉस्पिटल में ऑपरेशन, पैथोलॉजी और एक्स-रे जैसी सेवाओं पर 50: तक की छूट दी गई ,इलाज कराने आए मरीजों का कहना है कि संजीवनी हॉस्पिटल सिर्फ एक अस्पताल नहीं, बल्कि एक विश्वास है। गाँवों में रहने वाले बुजुर्गों और गरीब तबके के लोगों के लिए यह हॉस्पिटल एक संजीवनी बूटी की तरह काम कर रहा है। संजीवनी हॉस्पिटल ने पांच सालों में न केवल अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं की पहचान बनाई, बल्कि यह भी साबित किया कि अगर इरादे नेक हों, तो किसी भी क्षेत्र में बदलाव लाया जा सकता है।

केपीएस भीटी में नई शैक्षिक सुविधाओं का भव्य उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। आज केपीएस भीटी में नए एक्टिविटी हॉल, आधुनिक लाइब्रेरी, उन्नत फिजिक्स लैब और हाई-टेक कंप्यूटर लैब का भव्य उद्घाटन किया गया। यह सभी सुविधाएं छात्रों के सर्वांगीण विकास और आधुनिक शिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। एक्टिविटी हॉल छात्रों की सृजनात्मक और सह-शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, वहीं नई लाइब्रेरी में समृद्ध पुस्तक-संग्रह और डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे बच्चों की ज्ञान-वृद्धि और अनुसंधान क्षमता विकसित होगी। इस विशेष कार्यक्रम की भव्य शुरुआत चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने इलेक्ट्रॉनिक कार और बाइक के साथ एंट्री लेकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, नर्सरी के बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों के परिधान और संगीत प्रस्तुत कर सांस्कृतिक विविधता को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की एक और प्रमुख आकर्षण रहीं कक्षा 7 की छात्रा गरिमा पांडे, जिन्होंने रामधारी सिंह दिनकर द्वारा रचित रश्मिरथी के अद्भुत वचनों का सजीव प्रस्तुतीकरण किया। उनकी ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल अपने बच्चों की प्रतिभा को सराहा बल्कि विद्यालय की नई सुविधाओं को देखकर गर्व महसूस किया। अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इन नई सुविधाओं से बच्चों का शैक्षिक विकास और मजबूत होगा। चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने कहा हमारा प्रयास है कि केपीएस भीटी के छात्र केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि प्रयोगों और गतिविधियों के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचें।

ये नई सुविधाएं बच्चों की बौद्धिक और रचनात्मक क्षमताओं को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता ने कहा शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि एक मजबूत बौद्धिक आधार बनाना है। हमारे विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को ऐसा माहौल प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हों। डायरेक्टर सीमा पवार जी ने कहा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए श्रेष्ठ संसाधन और वातावरण आवश्यक हैं। हमें गर्व है कि केपीएस भीटी अब और अधिक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो गया है, जिससे छात्रों को नई संभावनाओं की ओर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम विद्यालय की शैक्षिक उत्कृष्टता और समर्पण का प्रतीक बना।

सभी ने इसे एक सफल और प्रेरणादायक आयोजन बताया, जो छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम में संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉ मयंक मिश्रा, कॉर्डिनेटर नितेश सिंह, दीपक खरवार, राहुल सिंह , शशांक श्रीवास्तव, भजनीश, विकास पाण्डेय, सतेंद्र, प्रगति, सुचिता, साजिया, अनुराधा, डांस कोरियोग्राफर दीपक, शमशेर आदि उपस्थित रहे।

संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयन्ती मनाई गई

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 149वीं जयंती 23 फरवरी दिन रविवार को पूरे घासीराम बसुहार में धूमधाम से मनाया गया। 149वीं जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम समाज के पदाधिकारियो के द्वारा संत गाडगे महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा हमारे समाज के प्रेरणा पुंज हैं। और उनके बताए मार्ग एवं स्वच्छता के प्रति किए गए उनके कार्यो धरोहर के रूप में संजोकर समाज को अपनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि महाराज का कहना था कि बिना परिश्रम किए किसी व्यक्ति को एक दाना नहीं खाना चाहिए। वे तीर्थ यात्रा और ढोंग आडंबर के खिलाफ थे। जब-तक हम शिक्षित और संगठित नहीं होंगे तब-तक हमारे समाज का शोषण बंद नहीं होगा। इस मौके पर कंचन दिवाकर, नीरज दिवाकर,रंजीत कुमार दिवाकर, रवि दिवाकर, शिवम् दिवाकर,महेंद्र कुमार दिवाकर, नकुल कुमार दिवाकर, सुशील दिवाकर, लवलीन दिवाकर, राममिलन दिवाकर, दुर्गा राय, राजकरन दिवाकर, सुभाष, संतोष, अनिल दिवाकर, अतुल दिवाकर,अरविंद कुमार, राजू, फूलचंद्र, मोहित, अंशु, शिवबाबू दिवाकर, चंद्रभान, अमित अग्रहरि, अक्षय, मनीष, निखिल रहे। मुख्य कार्यकर्ता रंजीत दिवाकर व रवि दिवाकर रहे।

संक्षिप्त खबरें

अधिवक्ताओं के दमन का विधेयक पूरी तरह सरकार करे निरस्त

लालगंज,प्रतापगढ़- ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने केन्द्र के प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के मसौदे को स्थागित करने के बजाय इसे पूरी तरह से निरस्त करने की मॉग उठायी है। रविवार को यहॉ एसोसिएशन की कार्य समिति की बैठक के माध्यम से प्रधानमंत्री को सम्बोधित एसोसिएशन के भेजे गये प्रस्ताव में कहा गया है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए काननू बनाने की जगह उनके दमन के लिए इस प्रकार के विधेयक पर किसी भी प्रकार का दोबारा परामर्श लिया जाना केवल अधिवक्ताओं के देश व्यापी आंदोलन को विधि मंत्रालय के द्वारा ठण्डा किये जाने का उपक्रम मात्र है। उन्होने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनो के बजट में अधिवक्ताओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य की कोई गारंटी नही दी गयी है। उन्होने कहा कि बजट में सरकार ने अधिवक्ताओं को आयकर के क्षेत्र में भी टैक्स से मुक्त रखने की पहल नही की। उन्होने कहा कि एसोसिएशन अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम यात्रा के जरिये इस विधेयक के मसौदे को निरस्त किये जाने तक आन्दोलन को धार देता रहेगा। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन सुमित त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल,सत्येन्द्र श्रीवास्तव, रामकिकर शुक्ल, उमाशंकर मिश्र, रमेश पाण्डेय, पारसनाथ सरोज, मोहम्मद ईशा, प्रभाकर पाल, रामअभिलाख यादव, आशीष तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का केस

लालगंज,प्रतापगढ़- तीव्रगति से जा रही ट्रक के पिकंप वाहन को नेशनल हाइवे पर टक्कर मार देने से चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। फतेहपुर जनपद के थाना हथगांव के इरादतपुर निवासी हृदय नारायण दीक्षित के पुत्र दिलीप ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि सोलह फरवरी को वह बिहार के औरंगाबाद से पिकंप लेकर आ रहा था तभी लालगंज कोतवाली के सामने तीव्र गति से आ रही ट्रक ने उसके वाहन में जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में पिकप वाहन क्षतिग्रस्त होने के साथ उसे भी गम्भीर चोटे आ गयी। इलाज के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी । तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार को अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अपहरण के अभियोग में वांछित आरोपी गिरफ्तार

पट्टी प्रतापगढ़। थाना फतनपुर के उप निरीक्षक प्रभांशु कुमार राय ने मय हमराह हेड कांस्टेबल राजेश कुमार यादव द्वारा रविवार को दिन में 2 बजे के आसपास थाना क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के तरोईडीह सई नदी पुल के पास से अपहरण के आरोपी सुहेल पुत्र सनवर निवासी महरूपुर थाना पट्टी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

विवाहिता को परिजनों ने पीटा, की अश्लील हरकत

लीलापुर प्रतापगढ़। विवाहिता को मार-पीट करके लहूलुहान किया तथा अश्लील हरकतें की। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। जेठवारा थाना अंतर्गत काछा गांव निवासिनी भारती देवी पत्नी गुलाब सरोज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर मेरे परिवार के लोग बबलू सरोज पुत्र हरीलाल सरोज, रमाशंकर सरोज पुत्र स्व.गयादीन सरोज, रामदीन सरोज पुत्र गयादीन, जितेंद्र उर्फ मुदुल्ली पुत्र रामसूरत एक राय होकर मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात घुसो और डंडे से मारने पीटने लगे। उक्त लोगों के कहने पर बबलू सरोज ने प्रार्थनी को जमीन पर उठा कर पटक दिया और प्राइवेट पार्ट को टच करते हुए अश्लील हरकत करने एवं बलात्कार करने की कोशिश करने लगा। पीड़िता ने किसी तरह धक्का देकर अपनी आबरू बचाई। उक्त लोगों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना का वीडियो भी प्रार्थनी के पास मौजूद है। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता का भाई भोला सरोज पुत्र रामदीन मौके पर पहुंचा तथा विरोध किया तो उक्त लोगों ने उनको भी मारपीटा और जान से मारने की धमकी दी । इस संदर्भ में जेठवारा थाना प्रभारी धर्मेन्द सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है, जांच करके उचित कार्यवाही की जाएगी।

सड़क हादसों में किशोर समेत छह घायल

कुंडा प्रतापगढ़।कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर महाराजगंज गांव निवासी 16 वर्षीय शिवम अपने साथी 16 वर्षीय प्रियांशु सोनकर के साथ बाइक से जा रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गए। अन्य दुर्घटनाओं में खेमीपुर गांव निवासी अमृतलाल यादव के 23 वर्षीय बेटे लवकुश यादव, बरई गांव के निवासी 70 वर्षीय दशरथ पाल, पिंगरी के राम नारायण की आठ वर्षीय बेटी रिया, कुंडा के अत्तानगर निवासी 60 वर्षीय विजय केसरवानी वाहन की टक्कर से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा।

सरकारी कार्य में बांधा एवं मारपीट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

पट्टी प्रतापगढ़। थाना आसपुर देवसरा के उप निरीक्षक विजय कुमार ने मय हमराह कांस्टेबल ज्वाला सिंह द्वारा रविवार को दिन में 3 बजे के आसपास थाना क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर खास की सूचना पर नचरौला बाग के पास से एक आरोपी अतुल यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी ग्राम नचरौला को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

श्रद्धालुओं की कार से अंडा विक्रेता घायल

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग स्थित कुसमी श्रीकांत पूर निवासी युवक राजाराम अंडे की दुकान लगाने ले जा रहा था। उधर कर्नाटक से आये श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ स्नान करके अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। तभी गाड़ी अनियंत्रित होकर ठेले से जा टकराई। इसमें राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरो तथा भुपियामऊ चौकी के सिपाही अनुज यादव के द्वारा घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया गया।

धूमधाम संग मनाई गई सन्त गाडगे जी की जयंती

● सफल मेधावियों कों संत गाड़गे ज्ञान गौरवसे किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। स्वच्छता के प्रतीक, बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के सामाजिक गुरु, कबीर पंथी सन्त गाडगे जी महाराज की 149वीं जयंती का आयोजन *सन्त गाडगे जागरूकता मंच प्रतापगढ़* के बैनर तले प्रीमियम मैरेज पैलेस दहिलामऊ में भव्य एवम् दिव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायविद सुधीर कुमार निर्मल, अपर सिविल जज, सुल्तानपुर रहे। विशिष्ट अतिथि राजेश्वर सेवाश्रम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ रामधनी जी, अति विशिष्ट अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय गया विहार के प्रोफ़ डॉक्टर रामचन्द्र रजक, ब्लॉक सांडवा चंडिका के पशु चिकित्साधिकारी डा. राजकुमार कनौजिया जी एवम् सूर्यमणि दिवाकर जी रहे।

अध्यक्षता श्रीमती लक्खू चौधरी और मंच संचालन सुरेन्द्र विमल ने किया। कार्यक्रम का बुद्धारंभ तथागत सम्यक सम्बुद्ध की वंदना, त्रिशरण, पंचशील के साथ हुआ। सभी ने बुद्ध,सन्त गाडगे और बाबा साहब की प्रतिमा के सम्मुख भावपूर्ण पुष्प अर्पित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सन्त को किसी जाति, सम्प्रदाय और क्षेत्र में नहीं बांटा जा सकता। वह और उसका विचार सार्वभौमिक होता है। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य, ढिंढूई महाविद्यालय जी ने सामाजिक उत्थान हेतु सभी के सम्यक योगदान हेतु आवाहन किया। अति विशिष्ट अतिथि प्रोफ. रामचन्द्र रजक ने गाडगे जी के विचारों को आत्मसात् करने के लिए लोगों को सलाह दिया। डा. राजकुमार कनौजिया जी ने आधुनिक शिक्षा में गाडगे जी के विचारों को महत्वपूर्ण बताया। सूर्यमणि दिवाकर जी ने भी गाडगे जी के वैचारिक आन्दोलन पर वृहद चर्चा की। समन्वय संरक्षक राकेश कनौजिया ने सभी अतिथियों और मेधावियों के प्रति विशेष ध्यान आकृष्ट किया और उन्हें समाज के उत्थान में महती भूमिका निभाने के लिए आग्रह किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत सूरज कनौजिया द्वारा किया गया और आख्या दिनेश चौधरी द्वारा प्रस्तुत की गई। इस दौरान महेश प्रसाद चौधरी, शोभा कनौजिया, भारत राम, डॉक्टर राधेश्याम, दिनेश कुमार, राकेश कनौजिया, मुनेश्वर प्रसाद आदि सभी ने बारी बारी से सन्त गाडगे जी के जीवन वृत्तान्त का उल्लेख किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम शिव कुमार विश्वकर्मा श्रीमती संगीता,आरती, दीपशिखा, कल्पना और दिनेश सरोज जी के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अन्त में ज्ञान प्रकाश जी ने सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। इस अवसर पर बहन लीलावती, सोनी चौधरी, सुशीला कश्यप, शिव शंकर कनौजिया, राजेश कनौजिया वेद प्रकाश, सीपी राव, दिनेश, अविनाश, विजय शंकर, अशोक, जितेन्द्र, प्रताप, प्रभात, सन्तोष, गिरिजानन्द, मोहित, संदीप, रोहित, इंद्रजीत, धर्मेन्द्र, ममता, शशि किरन, प्रीति, गीतांजलि, कोमल कुसुम, सुनीता, रत्नो, गीता, अखिलेश्वर आदि मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर चिलबिला में कलश यात्रा संग सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। श्री हनुमान मंदिर चिलबिला के परिसर में श्री हनुमान जी महाराज की कृपा से श्री राम कथा अमृतवर्षा 23 फरवरी से 3 मार्च तक होनी है। इस कथा के मुख्य यजमान हनुमान जी महाराज हैं। इसका शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा हनुमान मंदिर से चलकर चिलबिला स्टेशन रोड से होकर पुनः हनुमान मंदिर पर आकर विधि विधान से पूजा अर्चन हुआ। कलश यात्रा कथा व्यास रसिक साध्वी उमाजी छोटी छावनी श्री अयोध्या धाम के नेतृत्व में निकली। शोभा यात्रा में महिलाओं ने मंगल गीत गाकर पूरी यात्रा को भक्तिमय कर दिया। आज 3ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक कथा का प्रारंभ कथा व्यास रसिक साध्वी उमाजी द्वारा किया गया। कलश यात्रा में समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सत्य प्रकाश केडिया, नीरज तिवारी एडवोकेट, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, छोटेलाल सोनी, छेदीलाल, रामसूरत पांडे, विवेक उमरवैश्य, घनश्याम उमरवैश्य, रवि गुप्ता, आशीष कुमार, सोनू महाराज, दीपक कुमार सभासद, शनि महाराज, सोनू महाराज, मोहनलाल यादव, प्रमोद कुमार, विवेक, आदर्श कुमार आदि हनुमान भक्त व मातृशक्ति ने सहभागिता की।सभी भक्तों का आभार ज्ञापन कथा के संयोजक देवी प्रसाद तिवारी आचार्य ने किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के शुभारम्भ में दिखी मनमोहक प्रस्तुतियाँ

राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नाककोत्तर महाविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज,प्रतापगढ-जलेशरगंज के समीप कृष्णा नगर मोठिन स्थित राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नाककोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समारोह पूर्वक शुभारम्भ हुआ। रामपुर साधन सहकारी समिति की सभापति कृष्णा शुक्ला एवं समाजसेवी बलराम शुक्ल ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शिविरार्थी छात्रा सुहानी, याशमीन, शगुन , सपना,अंजना ने मॉ सरस्वती की वंदना व स्वागत गीत तथा राष्ट्रीय गीतों की मनमोहक पुस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि कृष्णा शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को देश के नवनिर्माण में रंचनात्मक भूमिका के प्रति जागरूक करन है। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के उपप्राचार्य सर्वेष मिश्रा ने किया। संचालन प्रवक्ता संतोष मिश्रा ने किया। इस मौके पर पंकज मिश्र, रवि प्रकाश यादव, सुरेश चन्द्र त्रिपाठी, चन्द्रभान, सुरेश अग्रहरि, धीरेन्द्र आदि रहे।

भगवान के नाम जपने मात्र में कलिकाल में मिलता है सुफल- पारासर जी महाराज

●● जलेशरगंज में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में अर्न्तराष्ट्रीय कथा व्यास ने भगवान का किया स्तुतिगान

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज,प्रतापगढ- जलेशरगंज में हो रही श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में भीष्म स्तुति सुनकर रविवार को श्रद्वालु भाव-विभोर हो उठे। अर्न्तराष्ट्रीय कथा व्यास डॉ0 श्यामसुंदर जी पारासर महाराज ने कहा कि परमात्मा की कृपा के लिए कलिकाल में हरि नाम मनुष्य के लिए सबसे बड़ा वरदान है। उन्होने कहा कि सभी युगों में कठोर तपस्या के बाद जो पुण्य फल प्राप्त हुआ करता रहा कलयुग में सिर्फ भगवान के नाम के जपने में ही समस्त मंगल फल मिल जाया करते है। उन्होने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए जीवन में संस्कार की शुद्वता आवश्यक है। उन्होने कहा कि आचारण से विहीन होने पर मनुष्य अनेक प्रकार के अमंगलकारी कष्ट की पीड़ा सहा करता है। पारासर जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने जीवन पथ को नैतिकता के साथ संचालित करने के लिए चुनौतियों के बीच भी मनुष्य को विचलित न होने की प्रेरणा दी है। कथा के दौरान वैदिक विधा में भगवान के भजन सुनकर बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्वालु संगत में रमे दिखे। कथा मे पधारे स्वामी सर्वेश्वर ब्रहमचारी महाराज, श्रीमद् दण्डी स्वामी अवधेश आश्रम ने भी भगवान की महिमा का स्तुतिगान किया। कथा के संयोजक समाजसेवी शंकरलाल अग्रहरि ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन किया।

ऋषि पारासर जी के संयोजन में भगवान की भव्य मंगला आरती मनमोहक दिखी। इस मौके पर गिरिजाशंकर मिश्र, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, बबलू मिश्रा, आचार्य विद्याधर पटेल, संजय शुक्ला, आचार्य राजेश मिश्र, अशोक शुक्ल, आनन्द अग्रहरि, मोनू पाण्डेय, डॉ0 विजय त्रिपाठी आदि रहे।

महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां पूरी, 26 को होगा जलाभिषेक

लोकमित्र ब्यूरो

रखहा प्रतापगढ़। बाबा बेलखरनाथ धाम में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में है। सई नदी के किनारे के पक्का घाट की सफाई तथा जल लेने वाले घाटों पर सफाई कर्मचारी लगाकर बालू को समतल कराया गया। मेला परिसर में जगह जगह इकठ्ठा गंदगी को हटाने के लिए दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी लगाये गये हैं। इसी के साथ दीवानगंज से बाबा बेलखरनाथ धाम परिसर तक की टूटी सड़क पर पैचिंग की गई। रानीगंज तहसील की तरफ की टूटी सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण कर दिया है। आसपास के गड्ढों को भरा जा रहा है। रविवार को मेला परिसर देखने पहुंचे डीपीआरओ श्रीकांत द्रवे ने श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने की बात कही । निरीक्षण के दौरान बीडीओ राजीव पांडे, एबीडीओ राजू भारती के साथ मेला परिसर में साफ-सफाई को लेकर सख्त हिदायत दी है कि किसी प्रकार की गंदगी की शिकायत सेवा समिति तथा व्यापारीयों द्वारा मिलने पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी । मंदिर के आसपास उगी हुई घास को हटाकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। परिसर में लटक रहें बिजली के तार, खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत कराई गई। अस्थाई पानी की टंकी की टोंटी बदलने के साथ हाईमास्ट लाइट के मरम्मत कार्य किया जा रहा है। बाबा बेलखरनाथ के मंदिर की रंगाई पुताई सहित अन्य कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। मेला परिसर में लगने वाली दुकानों का आवंटन किया गया है। इस दौरान बेलखरनाथ के पीठाधीश्वर लाल बिहारी ओझा, पुजारी विश्वनाथ गिरि, सेवा समिति के अध्यक्ष शीतला सिंह मदन, संतोष ओझा, बद्री प्रसाद, मुरली, सूरज, राजू माली, राजेश सरोज, राजू तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मारपीट समेत विभिन्न मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

पट्टी प्रतापगढ़। थाना कंधई के उप निरीक्षक रज्जन राव ने मय हमराह हेड कांस्टेबल ऋषिकेश तिवारी द्वारा रविवार को दिन में 3ः30 बजे के आसपास थाना क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था। इस दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मारपीट समेत विभिन्न मामले में वांछित आरोपी जाबिद अली पुत्र इन्सान अली निवासी राजापुर मुफरिद थाना कंधई को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

पौधरोपण एवं जागरूकता रैली से छात्राओं ने दिया जागरूकता संदेश

● एनएसएस के विशेष शिविर में पर्यावरण सरंक्षण पर दिया गया जोर

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज,प्रतापगढ- सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। वही छात्राओं ने पौध रोपण तथा रैली निकालकर जागरूकताका संदेश दिया।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि नेशनल वाटर चौंपियन एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए अपना व्यवहार बदलना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित कुमार सिंह ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग कर पर्यावरणीय स्वच्छता अपनाने और पेड़ लगाकर जन्मदिन मनाने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम का संयोजन तीनों इकाइयों के समन्वयक डा.धर्मेंद्र बहादुर सिंह, डॉ.रजनीश पांडेय एवं डा.सुरभि सिंह ने किया। इस मौके पर डा.धर्मेंद्र बहादुर सिंह, सूफी सिंह,आस्था सिंह,आनंद शुक्ला, रिया पांडेय,प्रशांत शुक्ला, अनुपम कोरी एवं वैदेही तिवारी आदि रहे।

जीवन में संघर्ष को आसान बनाती है शिक्षा - एसडीएम

● विद्यालय के सम्मान समारोह में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। शिक्षा जीवन के संघर्ष को आसान बनाती है। जो बच्चे तन्मयता और मेहनत से शिक्षा ग्रहण करते हैं, उनके लिए जीवन की समस्याओं का समाधान सहज हो जाता है। बच्चे आराम न करें, बल्कि पूरे मन से शिक्षा प्राप्त करें, तभी भविष्य उज्ज्वल बनेगा। यह बात कुंडा के उप जिलाधिकारी भारत राम ने जी.एन.एस. गिरि मेमोरियल अकादमी, शीतल का पूरवा बेती में आयोजित वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह में कही।एसडीएम ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की अद्भुत सीखने की क्षमता को पहचानें और उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा दें। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित कई आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संजय सिंह व शिक्षक संघ अध्यक्ष अनिल पांडे रहे। कार्यक्रम में एसएनएस स्कूल, कोराली कुंडा के प्रबंधक अमरनाथ सिंह, शिक्षकों और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।प्रबंधक सुशीला गिरि ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिया। जबकि अध्यक्षीय भाषण सुरेंद्र गिरि ने दिया। कार्यक्रम में एस.आर. गिरि, भूपेंद्र पांडे, सुरेश चंद्र पांडे, आनंद शंकर पांडे, राजेंद्र गिरि, कमलेश गिरि सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान प्रियंगम गिरि, कोमलाक्ष नारायण गिरि, राहुल तिवारी, कल्पना तिवारी, सुप्रिया पांडे, पुष्पांजलि पाल, स्नेहा पाल समेत कई शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

पिकअप की टक्कर से कार सवार चार श्रद्धालु जख्मी

सिराथू, (कौशाम्बी)। कोखराज थाना क्षेत्र के केसौवापुर गांव के पास नेशनल हाइवे पर उल्टे दिशा से आ रही एनएचएआई की पिकअप ने संगम स्नान करके जा रही कार को टक्कर मार दिया। हादसे में कार में सवार चारों श्रद्धालु जख्मी हो गए। आसपास मौजूद लोगो ने देखा तो घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि कानपुर देहात के झीझक निवासी अरुण कुमार पुत्र जगतपाल 54 साल , पत्नी मोहिनी गुप्ता 52 साल, अहनापाल पुत्र अरुण गुप्ता 32 वर्ष, व अक्षर गुप्ता अपनी कार से संगम स्नान करने महाकुंभ प्रयागराज गए हुए थे। रविवार को स्नान कर वह घर जा रहे थे। रविवार की दोपहर लगभग चार बजे वह जैसे ही कोखराज थाना के केसौवापुर गांव के पास नेशनल हाइवे के पास पहुंचे तभी उल्टे दिशा से सामने से कानपुर से प्रयागराज की तरफ आ रही एनएचएआई की पिकअप ने कार में टक्कर मार दिया। हादसे में कार में बैठे सभी श्रद्धालु घायल हो गए। वही मौके का फायदा उठाकर पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

किन्नरों ने दूसरे किन्नर पर लगाया धमकी का आरोप, शिकायत

सैनी, (कौशाम्बी)। किन्नरों के एक समूह ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर दूसरे किन्नरों पर धमकी का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। कड़ा धाम थाना के भानीपुर की रहने वाली किन्नर छाया मिश्रा ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बारात से वापस लौट रही थी तभी दूसरे किन्नर ने उसको जान से मारने की धमकी देते हुए उसके पैसे छीन लिए। किन्नर ने साथी किन्नर पर कार्यवाही की मांग की है।

मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन में दस्तार बंदी फैजाने आला कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के अलीपुर जीता में स्थित मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन में रविवार को दस्तार बंदी फैजाने आला हजरत कांफ्रेंस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मदरसा के 5 बच्चों को हाफिज की उपाधि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर फैजाबाद से आए मौलाना वाजिद अली फैजी ने कहा कि इस्लाम धर्म शांति का रास्ता बताता है। देश में सभी लोग आपसी प्रेम, शांति व भाईचारे के साथ रहें। उन्होंने इल्म की रोशनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इल्म मां की गोद से लेकर कब्र के आगोश तक सीखाने के काम आता है । कार्यक्रम में मो मोजम्मिल , गुलरजा , फरीद अहमद , इजहार अहमद , मो इजहार ने हिज मोकम्मल किया और उनके दस्तार बंदी के मौके पर उन्हें दस्तार के एजाज से नवाजा गया । इस मौके पर मौलाना फरहाद अहमद , कारी इस्तेयाक , हाफिज शमशाद , मो मोहसिन , हसन मुज्तबा , मौलाना शम्स तबरेज , ताहा हाशमी , खुर्रम , रहबर खां सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

मृतक किशोरी के परिजन न्याय की आस में दफ्तरों के लगा रहे चक्कर

सिराथू, (कौशाम्बी)। कोखराज थाना के जलालपुर टेंगाई के रहने वाले रविन्द्र नाथ पुत्र स्व विशुनाथ ने कोखराज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक उसकी नाबालिक भतीजी को अपने प्रेमजाल में फंसा कर शादी का आश्वासन देकर फर्जी तरीके से मांग में सिंदूर भरकर दुराचार करने लगा और आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया कर धमकाते हुए लगातार दुराचार करने लगा , इस बात की खबर पीड़िता के घरवालों को मिली तो किशोरी के परिजन युवक के बड़े भाई से मुलाकात कर शादी का प्रस्ताव रखा , युवक के भाई के रजामंदी के बाद युवक जबरन किशोरी के साथ लगातार दुराचार करता रहा , किशोरी ने आप बीती घरवालों को बताई तो युवक का भाई किशोरी के बालिग होने तक इंतजार करने एवं मकान बनावाने की मांग करने लगा , किशोरी के परिजनों द्वारा मांग न पूरी होने पर शादी से इंकार करते हुए धमकी देने लगे । किशोरी के ताऊ का आरोप है कि जिसके बाद किशोरी गुमसुम रहने लगी और लोक लाज के चलते दो फरवरी को फांसी के फंदे से झूल गई । जिसके बाद किशोरी के परिजन न्याय के लिए पुलिस दफ्तर के चक्कर लगा रहे है । लेकिन अभी तक आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं।

हत्या के प्रयास से सम्बन्धित वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस निरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से सम्बन्धित वांछित बादाम सिंह निवासी फरीदपुर थाना पिपरी हालपता ग्राम अमवां नेवादा थाना सराय अकिल को रसूलपुर ब्यूर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक हफीज खान मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी संगमलाल निवासी ग्राम बनी खास थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 80 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 14 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से 04, थाना कौशाम्बी से 06, थाना सराय अकिल से 02, थाना चरवा से 01, थाना कड़ाधाम से 01 कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

● जूनियर क्लास की कक्षाओं व कम्प्यूटर कक्ष का हुआ शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू कस्बे में स्थित स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम में रविवार को वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से विद्यालय प्रांगण में मनाया गया । समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद विनोद सोनकर व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल व चेयरमैन सिराथू राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव उपस्थित रहें । विद्यालय की प्रधानाचार्य रूपल केसरवानी व उप प्रबंधक प्रशांत केशरी ने मौजूद अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के उप प्रबंधक प्रशांत केशरी ने विद्यालय के जूनियर हाई स्कूल क्लास 6 से 8 तक की कक्षाओं व आधुनिक कंप्युटर कक्ष का शुभारंभ की घोषणा किया वही पूर्व सांसद विनोद सोनकर ने अन्य अतिथियों के साथ कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया।

वार्षिकोत्सव में क्लास नर्सरी से 5जी तक के बच्चों ने अपने रंगारंग कार्यक्रमों से अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया । कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने शहीदों को नमन और सामजिक विषयों के संदेश देते हुए कॉमेडी डांस, आज संडे है, लाल टमाटर जैसे गानों व अपने नृत्य से सभी का ध्यान आकर्षित किया तो दूसरी तरफ शहीद भगत सिंह, झाँसी की रानी मणिकर्णिका , और नवदुर्गा जैसे नाटक ने लोगों को जोश, उमंग और उत्साह से भर दिया , महाराणा प्रताप,मेरे घर राम आए हैं और सरस्वती वंदना , गायन पर सभी बच्चों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी ।

इस अवसर पर पूरे विद्यालय को बच्चों और अध्यापकों ने खूब सुन्दर सजाया था, जो वंहा आने वाले सभी आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर रहा था । उप प्रबंधक प्रशांत केसरी ने बच्चों को मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी , अध्यक्ष सिराथू व्यापार मण्डल पवन केसरवानी, बीरेन्द्र पटेल , सीताराम केशरी, विभा यादव, उमेश केसरवानी, विनय त्रिपाठी, कुसुम यादव, अरुण त्रिपाठी सहित कई विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रबंधक सहित विद्यालय के छात्र व अभिभावक गण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य वैष्णवी गुप्ता व शिक्षक हीरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया।

त्रिलोकपुर में सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात

● प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा- उमेश विश्वकर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू विधानसभा क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में बूथ संख्या 194 में रविवार को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इसे आम जन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सुना। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के अजुहा मंडल के महामंत्री उमेश चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में स्पेस साइंस सहित नारी शक्ति को बढ़ावा देने सहित स्वास्थ्य संबंधित के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यकर्ता गौतम भट्ट ने त्रिलोकपुर स्थित अपने आवास में किया। मौजूद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गौतम भट्ट ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत ही नहीं विश्व में देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार शहरों के साथ गांवों का भी समुचित विकास कर रही है। जरुरतमंदों के लिए राशन से लेकर आवास की सुविधाएं उपलब्ध हैं। सरकार द्वारा जनता के लिए तमाम महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है । इस मौके गौतम भट्ट के साथ उमेश चंद्र पटेल , कमलेश पटेल , शंकर लाल , रोशन लाल यादव , शनि यादव , योगेंद्र कुमार , सूरत शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, (कौशाम्बी)। कोखराज थाना क्षेत्र के शुजातपुर स्टेशन के पास घटैयापर गांव के सामने एक अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। सूचना पर मौके पर पहुंचे शहजादपुर चौकी प्रभारी मनीष पाल ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि महिला लालरंग की साड़ी पहने हुए है और शाल ओढ रखा था। उसकी उम्र लगभग 45 साल के करीब थी। पूछताछ में बताया कि महिला को एक दिन पहले भी स्टेशन के पास घूमते हुए देखा गया था वह मंद बुद्धि की थी जिसे लोगों ने खाना आदि दिया जिसे खाने के बाद वह स्टेशन के यात्री शेड में सो रही थी। उसके बाद वह पता नहीं कब स्टेशन के पश्चिमी केबिन की ओर चली गई और रविवार को सुबह आठ बजकर पचास मिनट पर डाउन लाइन पर कानपुर से प्रयागराज की तरफजा रही ट्रेन संख्या 12582 की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अज्ञात वाहन में पीछे से भिड़ी कार , कार सवार तीन श्रद्धालु जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के अटसरॉय गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर बीती रात अज्ञात वाहन के ब्रेक मारने पर पीछे से आ रही कार आगे जा रहे वाहन में भीड़ गई हादसे में कार सवार तीन श्रद्धालु जख्मी हो गए , घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।बताया जाता है कि कानपुर के जूही गौशाला निवासी वीरेंद्र कुमार जयसवाल अपने परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ संगम स्नान के लिए कार से जा रहे थे , कार सवार जैसे ही सैनी कोतवाली के अटसरॉय गांव के नजदीक पहुंचे तभी नेशनल हाईवे पर आगे जा रहे वाहन ने ब्रेक मार दिया जिससे पीछे लगी कार अनियंत्रित होकर भीड़ गई जिसमें सवार वीरेंद्र जयसवाल का पुत्र अशोक कुमारब, बेटी नेहा जयसवाल जख्मी हो गए , घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से सिराथू सीएचसी में भर्ती कराया।

टायर फटने से भिड़ी कार , गुजरात व राजस्थान के छः श्रद्धालु जख्मी

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के डोरमा गांव के नजदीक पेट्रोलपंप के पास नेशनल हाईवे पर एक कार का टायर पंचर होने से पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर आगे वाली कार में भीड़ गई जिसमें दोनों कारों से छः श्रद्धालु जख्मी हो गए , हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

बताया जाता है कि गुजरात के जाम नगर निवासी उमाशंकर पुत्र गणेश परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ संगम स्नान के लिए गए थे , उमाशंकर रविवार को संगम स्नान कर वापस लौट रहे थे , रविवार की सुबह कार सवार श्रद्धालु जैसे ही सैनी कोतवाली के डोरमा गांव स्थित पेट्रोलपंप के पास पहुंचे तभी नेशनल हाईवे पर आगे जा रही कार का टायर पंचर होने से पीछे आ रही अनियंत्रित होकर आगे वाली कार में भीड़ गई , हादसे में दोनों कार में सवार छः श्रद्धालु जख्मी हो गए। जख्मी होने वाले श्रद्धालुओं में गुजरात के जम नगर निवासी उमाशंकर पुत्र गनेश 45 वर्ष , सरिता पत्नी उमाशंकर 43 वर्ष , मनोरंजन पुत्र प्रमोद 20 वर्ष , रोशन पुत्र ओपनर 22 वर्ष व पंकज पुत्र त्रिलोकी 20 वर्ष जख्मी हो गए , वही दूसरी कार में सवार राजस्थान के मनोहर लाल पुत्र पुखराज जख्मी हो गए ।

हादसे की सूचना पर पहुंची सैनी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। और क्षतिग्रस्त कारो को क्रेन की मदद से हाईवे से हटाकर यातायात बहाल कराया। वहीं उमाशंकर की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए भेजा है।

पीड़िता ने बहू के भाई पर लगाया बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, , (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के एक गांव की रहने वाली एक पीड़िता ने बहू के भाई पर बेटी के साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए सैनी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने रविवार को सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है , पीड़िता ने बताया कि उसकी बहू का भाई अक्सर घर आता है, पीड़िता का आरोप है कि तीन दिन पहले बहू का भाई मुंबई से घर आया था इस दौरान वह परिवार के साथ खेत में थी , घर बेटी अकेली थी , बेटी को अकेला देख बहू का भाई बुरी नीयत से अश्लील हरकत करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिया और छेड़छाड़ करने लगा। और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए धमकाते हुए चला गया। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

अजुहा में लगा पांच किलोमीटर लंबा जाम, रेंगती रही गाड़ियां

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, , (कौशाम्बी)। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के कोने कोने से संगम स्नान के लिए आ रहे हैं , नेशनल हाईवे का आलम यह है कि लगातार निकल रही वाहनों का तांता लगा हुआ है। जिससे जिले के कई जगहों पर जाम देखने को मिल रहा है खासकर अजुहा कस्बे में। प्रयागराज महाकुंभ में अंतिम शाही स्नान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर होना है। संगम स्नान के लिए प्रयागराज में भीड़ बढ़ती जा रही है जिसके कारण जाम लग रहा है , रविवार की सुबह अजुहा कस्बे से ससुर खदेरी नदी तक नेशनल हाईवे पर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। संगम स्नान के लिए दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान , मध्य प्रदेश , गुजरात , पंजाब सहित अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु लग्जरी कारें और बस कतारबद्ध होकर जा रही है । अजुहा कस्बे में नेशनल हाईवे पर जाम का कारण है हाईवे चौड़ीकरण न होना साथ ही कस्बे के भोला चौराहे पर बना मानक विहीन ब्रेकर , जाम के कारण छोटे बड़े वाहन रेंगते हुए निकलते है दो घंटे का सफर पांच घंटे में तय हो रहा है ।

कुछ वाहन चालक गूगल मैप के सहारे निकल रहे हैं जो जल्दी निकलने के चक्कर में नेशनल हाईवे छोड़कर गांव की अन्य गलियों में वाहनों को घुमा देते है । वहीं अजुहा चौकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह मय हमराहियों यातायात सुचारू कराने में रात दिन मुस्तैद है।

प्रधानमंत्री के संबोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का होता है संचार- धर्मराज मौर्य

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद के सभी बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 119 वां एपिसोड सुना गया। विधानसभा सिराथू के बूथ संख्या 117 बदलेपुर ननसेनी गांव में रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 119 वाँ एपिसोड सुना। इस दौरान धर्मराज मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की जेवलिन थ्रोअर सचिन यादव और हैमर थ्रो खिलाड़ी युवा चौंपियन अनुष्का यादव की उपलब्धियां का उल्लेख करना हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है सचिन यादव ने अपने अथक परिश्रम अनुशासन और खेल कौशल से राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित कर भारत की खेल संस्कृति को और अधिक सशक्त किया है वहीं मात्र 16 वर्ष की आयु में अनुष्का यादव ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय देते हुए हैमर थ्रो स्पर्धा में जो सफलता प्राप्त की है वह समस्त प्रदेशवासियों के लिए प्रेरणादायक है।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1391 मरीजों का हुआ उपचार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपरध्उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। डॉ0 संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंझनपुर, कोखराज एवं महगांव का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एच0पी0 मनी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली ग्राम एवं डॉ0 सुनील सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उदहिन खुर्द का निरीक्षण किया स इसी क्रम में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी0 एन0 यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहजादपुर का निरीक्षण किया। डॉ0 एच0 पी0 मणि ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।

अन्य उप मुख्य चिकित्सा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 40 चिकित्साधिकारी व 116 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 1391 मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 11 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल 47 गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

मंझनपुर लेखपाल संघ के द्विवार्षिक चुनाव में प्रमोद यादव बने अध्यक्ष

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा मंझनपुर में द्विवार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें प्रमोद कुमार यादव अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर शीतेंद्र कुमार त्रिपाठी को चुना गया। इसके अलावा सुनील कुमार यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजकुमार को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, शिव भजन लाल को उप मंत्री, सुभाष कुमार को कोषाध्यक्ष और सलिल कुमार को आय व्यय निरीक्षक के पद पर चुना गया। नवनिर्वाचित लेखपाल संघ के अध्यक्ष को साथी लेखपालों ने माला पहनाकर बधाई दी। चुनाव संघ के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह पाल व जिला मंत्री ज्वाला सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान तहसील के समस्त लेखपाल और कर्मचारी मौजूद रहे।

सम्पादकीय

ट्रंप की यूक्रेन पर बवंडर नीति

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणा के अनुसार कार्यकाल की शुरुआत में ही रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने तथा शांति वार्ता आयोजित करने के संबंध में ठोस पहल की है।उन्होंने शांति वार्ता को जमीन पर उतरने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत की। इसी का परिणाम है कि मंगलवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिका और रूस के विदेश मंत्री शांति वार्ता का प्रारूप तैयार करने के लिए मुलाकात कर रहे हैं।राष्ट्रपति ट्रंप का यूक्रेन के संबंध में उठाया गया यह कदम अमेरिका की पुरानी नीति से एकदम अलग है और इसमें यूरोप के साथ गहराते मतभेदों के संकेत हैं। अगर ट्रंप युद्ध समाप्ति की दिशा प्रयास कर रहे हैं तो उनके प्रयास की सराहना की जानी चाहिए, क्योंकि इस युद्ध में यूक्रेन ने बहुत तबाही मोल ली है। इसलिए इसे रुकना ही चाहिए। बाइडन ने पुतिन को हत्यारा तानाशाह' कहा था और युद्ध को भड़कने का आरोप लगाया था।दूसरी ओर यूरोपीय नेताओं ने सोमवार को पेरिस में आपातकालीन बैठक कर यूक्रेन मुद्दे पर एक संयुक्त मोर्चा बनाने पर चर्चा की। वास्तव में ट्रंप की यूक्रेन पर बवंडर नीति ने यूरोप और स्वयं यूक्रेन के सामने हाशिये पर जाने का खतरा पैदा कर दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को सऊदी अरब में आयोजित शांति वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया है। नतीजतन शांति वार्ता की सफलता संदिग्ध है।जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय देश रूस के साथ अपने विरोधपूर्ण संबंधों के कारण उसके आगे समर्पण करना नहीं चाहते। यूरोपीय देश यूक्रेन को हारता देखना नहीं चाहते, लेकिन उन्हें यह समझ में क्यों नहीं आता कि अपनी थोड़ी सी सहायता के बल पर यूक्रेन को युद्ध में झोंके रखना वस्तुतः कीव को विनाश के कगार पर पहुंचाना है।अमेरिका में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक पद पर तुलसी गबार्ड की नियुक्ति पर मोहर लगने के बाद यूरोपीय देशों की चिंता और बढ़ गई है, क्योंकि उन्हें युद्ध विरोधी नेता माना जाता है। भारत शुरू से युद्ध समाप्त करने के पक्ष में खड़ा रहा है। अभी पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान यूक्रेन पर अपनी नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत तटस्थ नहीं रह सकता। भारत रूस को अपना विसनीय सहयोगी मानता है और वह किसी भी ऐसे कदम का स्वागत करेगा जो चीन और उसके गहराते संबंधों पर लगाम लगाए।

कालेज केम्पस यातनागृह में क्यों तब्दील हो रहे हैं

मनोज कुमार अग्रवाल

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के केम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं।इन का सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है सवाल उठता है कि हमारे केम्पसों का माहौल टार्चर सैनटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि नैपाली छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अबतक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया।वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल , विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है।आपको याद हो हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीधारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हास्टल की छब्बीसवी मंजिल से छलांग लगा कर जान दे दी थी आरोप है उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इस से पहले गुजरात के एक मेडिकल कालेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूना भर हैं आए दिन हमारे कालेज केम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रहीं हैं। आपको बता दें कि नैपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है।दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर

कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। दावा है कि छात्र लड़की का बॉयफ्रेंड था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। छात्रों ने यह आरोप भी लगाया कि यूनिवर्सिटी ने मामले को दबाने की कोशिश भी की।मीडिया पर वायरल एक विडियो में दावा किया गया है कि कालेज की दो टीचर्स ने नेपाली छात्रों से बहस की। एक टीचर ने कहा कि हमारा कॉलेज 40 हजार लोगों को फ्री में बैठा के पढ़ा-खिला रहा है। दूसरी ने कहा कि इतना तुम्हारे देश का बजट नहीं होगा।वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक ङ्क पोस्ट में शेयर किए गए वॉट्सऐप चैट के स्क्रीनशॉट के मुताबिक, आरोपी लड़के ने यूनिवर्सिटी की सेंट्रल लाइब्रेरी में लड़की को मोलेस्ट किया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उसके शव को ले जाकर उसके हॉस्टल के कमरे में रख दिया जिससे ये सुसाइड दिखे।इसके अलावा एक वीडियो में दावा किया गया है कि यूनिवर्सिटी ने करीब 800 छात्रों को ऑडिटोरियम में बैठाया और उनके फोन जब्त किए, ताकि वे इस मामले को लेकर किसी से बात न कर सकें।इस घटना के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले नेपाल के छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर मामले को दबाने का आरोप लगाया। स्टूडेंट्स ने कहा कि हम रविवार रात यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल ऑफिस गए और रात भर धरने पर बैठे रहे। इसके बाद सोमवार को हमें हॉस्टल से बाहर निकाल दिया गया।

एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया।ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की नैपाली स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। दावा है कि छात्र लड़की का बॉयफ्रेंड था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। छात्रों ने यह आरोप भी लगाया कि यूनिवर्सिटी ने मामले को दबाने की कोशिश भी की।मृतक छात्रा के पिता सुनील लामसाल ने कहा- हमें बस इतना पता है कि जांच की जा रही है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट जल्द ही आ जाएगी। हमें जानकारी मिली है कि उसे परेशान किया गया और इमोशनली ब्लैकमेल किया गया। जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली।17 फरवरी को हमने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से बात की थी। उन्होंने कुछ नहीं कहा, लेकिन पुलिस और कॉलेज प्रशासन सहयोग कर रहा है। बेटी का कजिन भाई भी यहां पढ़ता है। उसने हमें घटना के बारे में बताया था।पिता सुनील ने कहा कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुझे लगता है कि इस सब के पीछे वो ही जिम्मेदार है। उसका फोन, लैपटॉप और डायरी फोरेंसिक विभाग को दी गई है।सुनील ने कहा कि पुलिस प्रशासन और सरकार हमारी मदद कर रही है। मैंने सुना है कि छात्रों को जाने के लिए कहा जा रहा है, यह सही नहीं है। हम केवल न्याय की मांग कर रहे हैं।यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के बीच ऑडियो वायरल है, जिसमें किसी लड़की और लड़के की बातचीत है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो रही है। लड़का लड़की को लगातार गालियां दे रहा है।लड़का लड़की से माफी मांगने के लिए कहता है। इस पर लड़की लड़के से माफी मांग लेती है। दोनों के बीच लंबी बहस के बाद लड़की रोने लगती है। दावा किया जा रहा है कि यह कॉल रिकॉर्डिंग प्रकृति और आरोपी लड़के के बीच बातचीत की है।ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था।प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्ला कर कहा कि यह आपके देश के बजट के बराबर है। सवाल उठता है कि प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को हैवानियत का निशाना बना कर कब तक मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर किया जाएगा? क्या हमारे कैंपस अय्याशी और अपराध के अड्डे बन रहे हैं? कई राज्यों के कालेज कैंपसों में नशीले पदार्थों की सप्लाई और नशाखोरी के समाचार भी चिंताजनक हैं। सरकार को कैंपसों को बरबाद होने से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

सरोकार

लिव-इन रिलेशनशिप को मान्यता कितनी जायज़

डॉ. सत्यवान सौरभ

वैश्वीकरण के प्रभाव और पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण अब लिव-इन रिलेशनशिप को अधिक स्वीकार्य माना जाने लगा है। यह सहवास के नैतिक परिणामों तथा विवाह और परिवार के पारंपरिक विचारों पर प्रश्न उठाता है। भारतीय युवाओं की जीवन शैली में तेज़ी से बदलाव आ रहा है। इसके लिए ये आधुनिक संस्कृति को अपनाने में कोई भी झिझक महसूस नहीं करते और लिव इन रिलेशनशिप आधुनिक संस्कृति की ही एक शैली है। आजकल के युवा लिव इन रिलेशनशिप को वैवाहिक जीवन से बेहतर मानने लगे हैं। आज की पीढ़ी शादी और लिव इन रिलेशनशिप को एक जैसा ही मानती है। इनका मानना है कि शादी में समाज और क़ानून का हस्तक्षेप होता है किन्तु लिव इन रिलेशनशिप में ऐसा कुछ भी नहीं होता है।

बल्कि पूरी आज़ादी होती है। लेकिन शादी और लिव इन रिलेशनशिप में अंतर है। ये प्रथा जितनी आसान लगती है उतनी ही पेचीदा है। जितने इसके फ़ायदे हैं उससे कहीं ज़्यादा नुक़सान हैं। इस तरह के सम्बंध प्रायः पश्चिमी देशों में बहुतायत में देखने मिलते हैं। क्योंकि वहाँ की संस्कृति इस प्रथा को सहज ही स्वीकार करती है। वहाँ की लाइफ़स्टाइल भी कुछ इसी तरह की है। भारत में भी कुछ वर्षों से इस व्यवस्था को सपोर्ट मिला है।

जिसके पीछे महानगरों में बसने वाले कुछ लोगों के बदलते सामाजिक विचार, विवाह की समस्या और धर्म से जुड़े मामलों का होना माना जा सकता है। समाज का एक वर्ग इसे भारतीय संस्कृति के लिए सबसे बड़ा ख़तरा मानता है। तो वहीँ दूसरा वर्ग इसे आधुनिक परंपरा में बदलाव के रूप में देखते हुए स्वतन्त्र जीवन जीने के लिए वरदान मानता है। हर चीज़ के अपने-अपने फायदे और नुक़सान होते हैं।हाल ही में अधिनियमित उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) ने लिव-इन पार्टनरशिप के लिए व्यापक विनियमों की एक शृंखला स्थापित की, जिसका लक्ष्य उन्हें विनियमित करना और उनकी कानूनी मान्यता की गारंटी देना है।

लेकिन इनसे काफ़ी चर्चा भी हुई है और सरकारी निगरानी तथा गोपनीयता को लेकर चिंताएँ भी पैदा हुई हैं। पिछले 20 वर्षों में, लिव-इन रिलेशनशिप-जिसमें जोड़े बिना शादी किए एक साथ रहते हैं-भारतीय समाज और कानून में अधिक स्वीकार्य हो गए हैं। अतीत में भारतीय समाज पारंपरिक मूल्यों पर आधारित था और प्रतिबद्ध रिश्ते का एकमात्र स्वीकृत रूप विवाह था।

लिव-इन पार्टनरशिप को अक्सर कलंकित माना जाता था तथा समाज द्वारा इसे नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता था।

हालाँकि, वैश्वीकरण के प्रभाव और पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण अब लिव-इन रिलेशनशिप को अधिक स्वीकार्य माना जाने लगा है। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद एस. खुशबू बनाम) का उपयोग करते हुए, भारतीय अदालतों ने कई फैसलों में लिव-इन रिश्तों को मान्यता दी है। कन्नियाम्मल (2010) के अनुसार, लिव-इन पार्टनरशिप व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत आती है। सरमा, इंद्र वि। 3. के. वी. । सरमा (2013) ⁼ इसने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 (पीडब्ल्यूडीवीए) के तहत विवाह जैसे दिखने वाले लिव-इन रिश्तों को मान्यता दी और उन्हें विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने रेखांकित किया है कि साथी चुनने और घनिष्ठ सम्बंध स्थापित करने की स्वतंत्रता संविधान के मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति पर अनुच्छेद 19 (सी) के अंतर्गत आती है।घरेलू हिंसा के विरुद्ध संरक्षण अधिनियम, 2005 (पीडब्ल्यूडीवीए) अपने दायरे में ÷विवाह की प्रकृति वाले सम्बंधों÷ को शामिल करके, लिव-इन सम्बंधों में घरेलू हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं को संरक्षण प्रदान करता है। डी. वेलुसामी बनाम के सम्बंध में। न्यायालय ने डी. पचैअम्मल (2010) में फ़ैसला सुनाया कि केवल विवाह जैसे रिश्ते ही घरेलू हिंसा कानूनों के तहत कानूनी संरक्षण के लिए योग्य होंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने उन मामलों में व्यवस्था दी है जहाँ लिव-इन रिलेशनशिप से जन्मे बच्चों को कानूनी रूप से विवाहित माता-पिता के समान उत्तराधिकार के अधिकार प्राप्त होंगे। उत्तराखंड यूसीसी के तहत लिव-इन पार्टनरशिप का पंजीकरण होना आवश्यक है। यह उत्तराखंड के निवासियों और भारत के बाहर रहने वाले लोगों दोनों पर लागू है। जो जोड़े एक साथ रहने का निर्णय लेते हैं, उन्हें अपने रिश्ते को यूसीसी के तहत शुरू और अंत में पंजीकृत कराना होगा। यदि वे औपचारिक रूप से अपने रिश्ते को स्थापित करना चाहते हैं, तो विवाह के लिए युगल की पात्रता की पुष्टि करने वाला धार्मिक नेता से प्राप्त प्रमाण पत्र, आधार से जुड़ा ओटीपी, तथा पंजीकरण शुल्क, सहायक दस्तावेजों के साथ आ सकते हैं। यूसीसी अधिनियम के तहत 74 प्रकार के सम्बंधों पर प्रतिबन्ध है, जिनमें से 37 पुरुषों के लिए तथा 37 महिलाओं के लिए हैं। धार्मिक नेताओं या सामुदायिक नेताओं को उन जोड़ों को अपनी स्वीकृति देनी चाहिए जो निषिद्ध सम्बंधों की इन श्रेणियों में आते हैं।

यदि रजिस्ट्रार यह निर्धारित करते हैं कि सम्बंध सार्वजनिक नैतिकता या रीति-रिवाजों का उल्लंघन करता है तो वे पंजीकरण से इनकार कर सकते हैं।प्राइवेसी कंसर्न (न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ) के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा गारंटीकृत गोपनीयता के अधिकार का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, साथ ही लोगों के निजी जीवन पर अधिक आधिकारिक निगरानी भी की जा रही है। नये नियमों से जातियों और धर्मों के बीच सम्बंधों में संभावित बाधाएँ उत्पन्न होने से चिंताएँ उत्पन्न हो गई हैं। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 और पीडब्ल्यूडीवीए, 2005, वर्तमान में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को भरण-पोषण का अनुरोध करने की अनुमति देते हैं; हालाँकि, ये अधिकार अयोग्य नहीं हैं। कानूनी विवाद उन लोगों से उत्पन्न हो सकते हैं जो लंबे समय तक ऐसे रिश्तों के प्रति प्रतिबद्ध हुए बिना उनमें प्रवेश करते हैं, लेकिन बाद में अपने कानूनी अधिकारों का दावा करते हैं।

विशेषकर रूढ़िवादी समुदायों में, यह सहवास के नैतिक परिणामों तथा विवाह और परिवार के पारंपरिक विचारों पर प्रश्न उठाता है। यद्यपि उत्तराखंड यूसीसी लिव-इन पार्टनरशिप को कानूनी संरक्षण और मान्यता प्रदान करना चाहता है, लेकिन यह गोपनीयता और सरकारी हस्तक्षेप के महत्त्वपूर्ण मुद्दे भी उठाता है।

समसमायिक

कुर्सी का काला खेल, संगीत का उजला मेल

ज़िंदगी मानो दो परस्पर विरोधी धाराओं का अखाड़ा है–एक ओर वह जो सत्ता की पिपासा में अपने कंठ को फाड़कर चीखता है, दूसरी ओर वह जो अपने सुरों की मल्हार से रूह को अमृतपान कराता है। राजनीति वह दलदल है, जहाँ साज़िशों की बेलें विषवृक्ष बनकर लहराती हैं, गठबंधनों का सौदा होता है, और अवसर मिलते ही विश्वसनीयता को तिलांजलि दे दी जाती है। इसके ठीक विपरीत, संगीत एक ऐसी निर्झरिणी है, जो लोभ-मोह की मर्यादाओं से परे, बिना किसी छल-प्रपंच के हृदयों को सुरों की अटूट डोर में बाँध देती है। न विश्वासघात, न छलावा–बस एक ऐसी रागिनी जो आत्मा को मधुर आलिंगन में भर लेती है। किंतु विधि का यह कटु सत्य है कि सत्ता का भूत जब किसी पर सवार होता है कि भाई-भाई की पीठ में छुरा घोंप देता है, जबकि सुरों का सच्चा साधक अपने शिष्य को स्वर-सिंधु में डुबोकर उसे अनंत ऊँचाइयों तक पहुँचा देता है।राजनीति का असली मज़ा तो उसकी बेशर्मी में छुपा है। कल जो एक दरबार में चरणों में लोट रहे थे, आज दूसरे की चप्पलें चूमते नज़र आते हैं। कोई ÷बड़ा भाई÷ बनकर पीठ में खंजर मारता है, तो कोई मुलायम की चौखट छोड़कर मोदी के डेरे में ठुमके लगाता है। यहाँ न गुरु-शिष्य की मर्यादा, न कोई पवित्र रिश्ता–बस सौदेबाज़ी की सुई टनटनाती रहती है। मगर संगीत की दुनिया में ऐसा कहाँ? वहाँ उस्ताद चट्टान-सा अडिग खड़ा रहता है, और शागिर्द उसकी छाँव में पनपता-चमकता है। उस्ताद कोई ढोंगी बाबा नहीं, जो गले में तावीज़ टाँगे घूमे; वह तो सुरों का जादूगर है, जो ऐसी माला गूँथता है कि सीधे ऊपरवाले के दरबार में पहुँच जाए।राजनीति का ढोल ऐसा बेसुरा कि मज़हब के नाम पर चिंगारियाँ भड़काए, और उसकी राख से अपनी गंदी दुकान चलाए। किसी शानदार निशानी को अपने हिसाब से रंग दो, किसी बुलंद छाया को ज़मीन में मिलाने की साज़िश रचो–ये सब इनके घटिया तमाशे हैं, बस भीड़ को ठगने का धंधा। मगर ज़रा संगीत की तरफ़ आँख उठाकर दिखाओ! किसी उस्ताद की शहनाई को मज़हब की तलवार से चीरो, किसी सितार की झंकार को हिंदू-मुसलमान की कसौटी पर कसो–है हिम्मत तो करो! तानसेन की रागिनियों में आग की लपटें सुलगाओ, रसखान की बाँसुरी छीनकर उसकी धुन को कुचल दो–सुरों का ज़ोर नहीं टूटेगा, तुम्हारी गर्दन की अकड़ ज़रूर धूल चाटेगी। आत्मा को अमर का ख़िताब दो, फिर रूह को जूतों तले रौंदने की गुस्ताख़ी करो–किसी रानी के जज़्बे को गंदे लफ़्ज़ों से तोलो, मगर मियाँ की तोड़ी की लय को तोड़ने का दुस्साहस करके दिखाओ !ये कुर्सी के दीवाने हरियाली को अपने झंडे की ओट में ढाँपते हैं, सुनहरे रंग को अपनी चादर में लपेटकर नचाते हैं। मगर इस खुले आसमान में ये रंग आज़ाद लहराते हैं, इन्हें कौन अपनी गंदी मुट्ठी में क़ैद कर लेगा? चाँद को अपने मज़हब का बंधक बनाने की ख़्वाहिश पालो, सूरज को अपनी खेती का ढोंगी नौकर बनाओ–मगर ये दोनों तो सबके साथी हैं। चाँद कभी ईद का हमनवाज़, कभी करवा चौथ का साक्षी; सूरज कभी संक्रांति का मेहमान, कभी गुरु का चमकता चेहरा–इनके सामने तुम्हारी सारी चालें बेमानी हैं, बस हवा में फुसफुसाती रह जाती हैं।ज़िंदगी का असली मज़ा तो जुगलबंदी में छुपा है। कोई स्वर की मिठास बिखेरे या कोई गायक की गहराई से रूह को थामे–दोनों मिलकर दिल को लट्टू कर देते हैं। चाहे कोई पंडित तान छेड़े, चाहे कोई खान धुन उड़ाए–सुरों की दुनिया में ऊँच-नीच का झमेला कहाँ? सितार की तारें हों या तबले की थाप–जब साथ में गूँजते हैं, तो मुँह से बस ÷वाह-वाह÷ ही फूटता है। ÷रैना बीती जाए÷–ये मियाँ की तोड़ी का ऐसा जादू है, जिसे कुर्सी का कोई पहलवान अपनी भैंस की ताकत से भी नहीं मिटा सकता।सुबह की ताज़गी हो मियाँ की तोड़ी, या बारिश की बूँदों में मेघ मल्हार–ये ज़िंदगी के सुर हैं, जो रग-रग में बसते हैं। शिवरंजनी की चुलबुली शरारत हो या यमन की रूहानी सैर–हर साज़ में एक ही रंग समाता है। मालकौंस की धुन बजे, तो मन हरि के पीछे नाचने को बेकरार हो जाए। चाहे सरोद की गहरी आवाज़ हो, चाहे शहनाई की सीधी आत्मा तक की पुकार–सब एक ही राग में डूबते हैं, और वो है देस का राग। ये राग न कुर्सी की चापलूसी का गुलाम है, न वोटों की ठेकेदारी का भिखारी। ये तो बस यूँ ही बहता है, जैसे बादल बिना किसी रोक-टोक के बरसते हैं।अब ज़रा राजनीति के ढोल को देखो–शोर मचाए, चिल्ल-पों करे, मगर सुर की एक लकीर भी न पकड़ सके। कुर्सी के नीचे से ज़मीन खिसक जाए, तो ये सारे बादशाह मुँह के बल धड़ाम से गिर पड़ते हैं। मगर संगीत? वो तो ज़मीन पर कदम जमाकर आसमान को भी सलाम ठोकने पर मजबूर कर देता है।

राशिफल

मेष	आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होंगे। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप नया काम शुरू करने की योजना बनाएंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा रहेगा। अचानक किसी स्रोत से आपको धन लाभ होगा।
वृष	आज आपको इनकम में बढ़ोतरी के लिए किसी की मदद मिल सकती है । आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिए आपकी तारीफ कर सकते है, इससे आपका मन खुश रहेगा । शाम को किसी दूर के रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है । काम को लेकर आपकी कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जायेंगी।
मिथुन	आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जायेंगे । कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपका नया कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा।
कर्क	आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति ठहरने से किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे, जिससे जल्द ही सबकुछ अच्छा हो जायेगा। आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे।
सिंह	आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। अनियमित दिनचर्या के कारण थोड़ा आलस्य और थकान बना रहेगा। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। परिवार के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे।
कन्या	आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे । आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। मित्र आपसे सहयोग के लिए कह सकता है, आप उनकी हर संभव मदद करेंगे। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी।
तुला	आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से फोन पर बात होने की संभावना है । निवेश के मामले में आपको नई सलाह मिलेगी।
वश्चिक	आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दांपत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी।आज किसी प्रकार की नई बात आपको सीखने को मिलेगी । आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।
धनु	आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को फीट महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्लान बनाएंगे।
मकर	आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा। परिवार के मामले में बड़ा फैसला लेने से पहले सब की बात आपको जरूर सुनना चाहिए। कुछ चीजों में आपको लोगों से उलझने से बचना चाहिए।शुभ रंग- बैंगनी
कुम्भ	आज आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लंबे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी खास दोस्त से फ़ोन पर राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी।
मीन	आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के सहयोग से काम पूरे हो जायेंगे । आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। आज बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान दें, नहीं तो किसी से अनबन हो सकती है।

धूमधाम संग मनाई गई संत गाडगे की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। अपना दल एस के तत्वाधान में संत गाडगे जी की जयंती संस्कार गार्डन में अपना दल एस जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई। संचालन श्रवण पटेल जिला उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। अपना दल एस के कार्यकर्ताओ ने संत गाडगे महाराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव कमलेश विश्वकर्मा जी ने अपने संबोधन में संत गाडगे जी याद करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके विचारों से शिक्षा लेने की जरूरत है। संत गाडगे एक ऐसे शिक्षक और संत के रूप में समाज के लिए कार्य किया जिनका का योगदान अतुलनीय है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुशाग्र श्रीवास्तव प्रदेश सचिव जी ने कहा कि संत गाडगे महाराज जी का जीवन संघर्षों से भरा हुआ है। उन्होंने समाज में अस्वच्छता का विरोध अपने संगीत के माध्यम से किया इनका जीवन समाज में शिक्षा की नई चेतना और नशा से मुक्ति दिलाने की ओर अग्रसर था। एडवोकेट संजय राज पटेल ने कहा कि संत गाडगे ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए कीर्तन को माध्यम बनाया था।जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल ने कहा कि संत गाडगे महान जन नायक के रूप में जाने जाते है। इन्होंने अपने जीवन काल में अनेक संस्थाओं का संचालन किया जिसमें समाज का कल्याण निहित होता था। वह संगीत के माध्यम से समाज की समस्याओं को उठाते थे और उनके निस्तारण के लिए प्रयास किया करते थे। उन्होंने समाज को जागरूक करने का साधन शिक्षा पर विशेष जोर दिया। ऐसे धरती पुत्र की जन्म जयंती मनाने का सौभाग्य आज हम सभी को प्राप्त हुआ हैइस मौके पर कुशाग्र श्रीवास्तव प्रदेश सचिव, राम आसरे पटेल, राज कुमार पटेल, जीत लाल पटेल, राजेश पटेल, संगीता पटेल, पंकज पटेल, जीत लाल पटेल, महेश पटेल, विनय पटेल, कमलेश पटेल, राजेंद्र पाल फौजी, आदर्श पटेल, सलमान प्रतापगढ़ी, प्रमोद पटेल, श्री राम पटेल, चंद्र भान पटेल, राजेश पटेल , अनारकली चौधरी, हजारी लाल पटेल, फूल चंद्र पटेल, सुनीता मौर्य, कलावती सिंह किरण पटेल, रेखा गौतम , सुदामा सिंह, हौसिला प्रसाद पटेल, प्राची सिंह आदि मौजूद रहे।

अभिनव त्रिपाठी ने यूजीसी द्वारा आयोजित जेआरएफ परीक्षा किया उत्तीर्ण

प्रतापगढ़। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद तिवारी जी के भतीजे अभिनव त्रिपाठी ने असिस्टेंट प्रोफेसर/ जेआरएफ एग्जाम क्वालीफाई किया। पूर्व मा0 वि0 करौदी, सदर के शिक्षक डा0अनिल त्रिपाठी के पुत्र अभिनव त्रिपाठी ने यूजीसी द्वारा आयोजित जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है ! साथ ही पितामह सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी जी सेवानिवृत्त शिक्षक है। बाबा, दादी, पिता के बाद की अगली पीढ़ी के कुशाग्र पुत्र भी असिस्टेंट प्रोफेसर/ शिक्षक बनने की राह पर अग्रसर है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डा0विनोद त्रिपाठी, प्रकाश त्रिपाठी, विकास और पत्रकार अजितेश त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, प्रभात मिश्र और पत्रकार गिरजेश त्रिपाठी आदि ने शुभकामनायें दी।

जरुरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को शाल वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। केतकी वेलफेयर सेवा संस्थान के सौजन्य से आज रविवार को जिले के मांधाता ब्लॉक में संस्था की संस्थापिका श्रीमती वंदना उपाध्याय जी की अध्यक्षता में संस्था की जिला प्रभारी नीतू किन्नर जी द्वारा शॉल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान मदन गोपाल जी ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए संस्था की अध्यक्षा श्रीमती वन्दना उपाध्याय जी ने वहां पर उपस्थित सभी लोगों का मंच से स्वागत करते हुए कहा कि यह शॉल वितरण का कार्यक्रम संस्था से जिलाप्रभारी नीतू किन्नर जी द्वारा उनकी माताजी की स्मृति में किया जा रहा है। आप सभी अपना आशीर्वाद और स्नेह ऐसे ही इनपर बनाये रखना। कार्यक्रम में मांधाता ब्लॉक की लगभग 200 से अधिक जरूरतमंद महिलाओं व पुरुषों को शॉल वितरण किया गया ।इस अवसर पर संस्था की सदस्या मन्दाकिनी सिंह, मान्धाता ब्लॉक के वार्ड 2 के सभासद जय प्रकाश दुबे उर्फ़ राजू,अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव श्री भानु प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह महिला जिलाध्यक्ष नीतू गौतम *अविनाश मिश्र गुड्डू भैया, सभासद प्रतिनिधि कुलदीप यादव, राजेश गुप्ता , शीतला दुबे, धर्मेंद्र सिंह, रेखा प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

ग्रीन लाइफ स्टाइल अपनाकर बचाएं पर्यावरण -अजय क्रांतिकारी

● राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में लोगों को जल शपथ दिलाकर पानी एवं पर्यावरण बचाने हेतु की गई अपील

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में %पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका% विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नेशनल वाटर चैंपियन एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए अपना व्यवहार बदलना होगा। प्रकृति और पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन लाइफ स्टाइल को अपनाकर ही हम अपने पर्यावरण को संतुलित बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध पेड़ों की कटान से धरती का जीवन चक्र प्रभावित हो रहा है, जिसके कारण पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापन जैसी समस्या की चपेट में है। इसके कारण आज भोजन,पानी और सांस का संकट बढ़ रहा है। युवाओं को आगे आकर अपने सुंदर भविष्य के लिए पर्यावरण को बचाने की पहल करनी होगी।पर्यावरण सेना लगातार लोगों को जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध जागरूक कर रही है।उन्होंने सभी लोगों से कहा कि वन्य जीवों की रक्षा,जल संरक्षण एवं जैव विविधता को संरक्षित एवं संवर्धित करने का प्रयास करना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित कुमार सिंह ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करके पर्यावरणीय स्वच्छता अपनाने और पेड़ लगाकर जन्मदिन मनाने का आह्वान किया।इसके पूर्व पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए जागरूक किया और आम,अमरूद सहित अन्य पेड़ों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के अंत में वाटर एड इंडिया के नेशनल वाटर चैंपियन अजय क्रांतिकारी में सभी को जल संरक्षण हेतु जल शपथ दिलाई और पानी की हर बूंद को बचाने हेतु प्रेरित किया।इस मौके पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी को सकरनी नदी के पुनरोद्धार एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु महाविद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्रम एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संयोजन तीनों इकाइयों के समन्वयक डा.धर्मेंद्र बहादुर सिंह, डॉ.रजनीश पांडेय एवं डा.सुरभि सिंह ने किया।इस मौके पर डा.धर्मेंद्र बहादुर सिंह, सूफी सिंह,आस्था सिंह,आनंद शुक्ला,रिया पांडेय,प्रशांत शुक्ला,अनुपम कोरी एवं वैदेही तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

केन्द्रीय बजट विकसित भारत की गति निर्धारित करने का रखता है लक्ष्य- राजेंद्र मौर्य

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। केन्द्रीय बजट 2025-2026 जन,जन के उत्थान ,देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति अमृत काल की अभिव्यक्ति को पूर्ण करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का प्रयास है। यह बातें आज बजट 2025 पर विकास भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता मे विधायक राजेंद्र मौर्य ने कही। उन्होंने कहा कि बजट मे आम आदमी को आयकर नियमों मे 7 लाख से बढाकर 12 लाख की छूट, नये संस्थानों के सृजन, शहरों के समृद्धि तथा आम आदमी की आय को बढ़ाने, सरकार की योजनाओं से गरीबों किसानों, महिलाओं, मजदूरों के कल्याण के लिए सरकार ने व्यवस्था बनाई है। इससे लोगों की आय बढ़ेगी और जीवन स्तर उठेगा। मंत्री जी ने कहा कि मेक फार इंडिया को मेक फार वर्ल्ड करने का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है। भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है,

जिससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत तथा विकास कार्य बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकास की ओर बढ़ रहा है। मानव संसाधन क्षमता का विकास आर्थिक वृद्धि का तीसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण-2 कार्यक्रमों को सशक्त बनाया गया है। बजट में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की घोषणा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद करेंगी। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में रोजगार की कमी को दूर करने के लिए एक व्यापक बहु क्षेत्रीय ग्रामीण समृद्ध और लचीलापन कार्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिससे कौशल विकास, निवेश और तकनीकी माध्यम से कृषि में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। केंद्रीय बजट विकसित भारत की गति निर्धारित करने का लक्ष्य रखता है। यह बजट स्वीकार करता है कि देश की शक्ति उसके लोगों में निहित होती है। अगले पांच वर्षों में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 75000 नई सीटे जोड़ी जायेगी। इस बजट में मोदी ने भारतीय शहरों को पुनर्कल्पित भारत के केन्द्र के रूप् में प्राथमिकता दी है।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, निवर्तमान सांसद संगम लाल गुप्ता, ओमप्रकाश त्रिपाठी राघवेंद्र शुक्ल उपस्थित रहे।

अफीम कोठी सभागार में बजट गोष्ठी आयोजित

प्रतापगढ़। आज रविवार को अफीम कोठी सभागार में बजट गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि दया शंकर सिंह मंत्री परिवहन विभाग विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता आशीष श्रीवास्तव एवं संचालन कार्यक्रम संयोजक आशुतोष त्रिपाठी ने किया। दीपप्रज्वलन और श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण करके मंत्री जी ने विधिवत गोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दयाशंकर सिंह ने कहा कि योगी मोदी डबल इंजन की सरकार भारत देश विकसित करने का 2047 का लक्ष्य पूरा करेगी। यह बजट मध्यम वर्ग के परिवारों को बड़ी राहत देने वाला साबित होगा। उनकी आय बढ़ेगी रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने आवारा पशुओं के संरक्षण हेतु 2000 करोड़ का अतिरिक्त बजट दिया है, जिससे किसानों को भारी राहत मिलेगी। इसमें सभी विधानसभाओं में एक-एक उत्सव भवन और पॉलिटेक्निक में डिजिटल लाइब्रेरी का भी शुभारंभ शीघ्र ही होगा। पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि बाईपास के बन जाने से इस कुंभ में प्रतापगढ़ जनपद को जाम के झाम से मुक्ति दिलाने का काम हुआ है। शीघ्र अन्य बाईपास भी जनता को समर्पित होंगे। कार्यक्रम में ओमप्रकाश त्रिपाठी अवधेश मिश्रा हरिओम मिश्रा राजेश सिंह विक्रम सिंह विजय मिश्रा प्रमोद मिश्रा अशोक सरोज राम आश्रय पाल अभिषेक वैश्य , नितिन केसरवानी साधु दुबे रजत सक्सेना पंकज सहित सैकड़ो गणमान्य जन उपस्थित रहे।

गुरुद्वारा में कीर्तन दीवान का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। अमृत संचार एवं समागम सेवा सोसाइटी के संयोजक मंजीत सिंह गोबिंद, भाई गगनदीप सिंह जी सुल्तानपुर , वीर संदीप सिंह जी लखनऊ वालो के नेतृत्व में कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया। आज सुबह गुरु तेग बहादुर साहिब जी की तप स्थली गुरुद्वारा याहियागंज में सुबह सुल्तानपुर के अनमोल कीर्तनी जत्थे ने अपने सहयोगियों संग कीर्तन किया।

तत्पश्चात प्रतापगढ़ के भाई अखंड सिंह ने भी अमृत मई कीर्तन कर सभी संगतो का मन मोह लिया। कीर्तनी जत्थों में भाई अनमोल सिंह भाई प्रभजोत सिंह , भाई हर्षप्रीत सिंह, भाई अखंड सिंह जिनके सहयोग की के रूप में तबला वादक भाई सतनाम सिंह ने तबले पर संगत की। लखनऊ की प्रबंधक कमेटीयो ने सभी आगंतुकों को सिरोपा दे कर सम्मानित किया।अमृत संचार समागम सेवा समिति के सरदार मंजीत सिंह जी ने दोनों गुरुद्वारा के प्रबंधक कमेटी का धन्यवाद किया।उक्त जानकारी सरदार मंजीत सिंह गोबिंद ने दी।

युवा कुशवाहा महासभा ने स्वर्ण पदक विजेता दक्ष सिंह को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में स्वर्ण पदक विजेता दक्ष सिंह कुशवाहा का अभिनन्दन समारोह, सुगतानन्द बुद्ध विहार चिलबिला में सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति पर दीपदान, तथा पुष्प अर्पित किया गया। पूज्य भन्ते अश्व जीत ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण तथा पंचशील का वाचन कराये। पूज्य संतगाडगे महाराज की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र मौर्य विधायक सदर रहे। अध्यक्षता लीलावती पूर्व प्रधानाध्यापिका ने किया। अभी 29 जनवरी को हिंदी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में दक्ष सिंह कुशवाहा को प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान से अलंकृत किया गया। दक्ष सिंह कुशवाहा कक्षा 5 के छात्र हैं तथा

संस्कार ग्लोबल स्कूल प्रतापगढ़ में पढ़ रहे हैं। आज मुख्य अतिथि द्वारा उनका अभिनन्दन किया गया।मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में कहा कि, दक्ष की दक्षता पर पूरे जनपद का सम्मान भारत देश में हुआ। ऐसे बच्चों का अभिनन्दन कर हमें गर्व की अनुभूति हो रही है।

हम इनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हैं। महान समाज सुधारक, संत गाडगे जी स्वच्छता के जनक, ने भी शिक्षा को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि, एक रोटी कम खाओ, अपने खर्चों में, कटौती कर बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएँ। अशोक प्रताप मौर्य ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश कनौजिया संघ नायक, आलोक कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश, सुशीला कश्यप अध्यक्ष अम्बेडकर सेवा समिति प्रतापगढ़, अरूण मौर्य पीआरओ, विजय मौर्य, राकेश मौर्य, प्रदीप मौर्य, अर्चना मौर्य, गरिमा मौर्य, मिथिलेश मौर्य, अशोक प्रताप मौर्य, अजीत मौर्य, आलोक मौर्य, डॉ राम सजीवन मौर्य, पशुचिकित्सा अधिकारी, शिव चंद्र मौर्य जेई बिजली विभाग, विवेक कुशवाहा, अरूण मौर्य, हौसला प्रसाद मौर्य अध्यक्ष अखिल भारतीय मौर्य महासंघ अमेठी, रमापति मौर्य, दीपिका मौर्य, डॉ चंद्र दत्त मौर्य, शिवकुमार मौर्य, प्रवीण मौर्य, सुधाकर मौर्य, हरीलाल मौर्य, फूलचंद्र मौर्य, अभिषेक मौर्य, रंजीत मौर्य, बसंत लाल मौर्य, राम सजीवन सरोज, अजय मौर्य, हरिश्याम मौर्य, मौर्य रत्न ज्ञानेंद्र, आदि सैकड़ों समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थित रही। अजीत मौर्य ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन आलोक मौर्य ने किया।

स्विफ्ट डिजायर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी, हालत गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। कोतवाली देहात क्षेत्र के प्रयागराज अयोध्या मार्ग पर सराय सागर गांव में देल्हूपुर खरवई गांव निवासी संदीप कुमार उम्र लगभग 38 वर्ष को प्रयागराज की तरफ से आ रही उत्तर प्रदेश सरकार लिखी हुई स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 32 एल एक्स 2363 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार उछलकर बाइक सहित खड्डे में जा गिरा और उसे गंभीर चोटे आई। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज भुपियामऊ वरुण प्रताप सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाय,तथा परिजनों को घटना की बाबत सूचना दी। पुलिस दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेते हुए पुलिस चौकी ले गए।

महाकुंभ स्नान के बाद अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत आवागमन बंद होने से उठानी पड़ रही परेशानी

लोकमित्र ब्यूरो

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। महाकुम्भ स्नान के बाद श्री राम लला के दर्शन को अयोध्या की ओर जा रहे श्रद्धालु प्रतापगढ में हलकान हो रहे है। भुपियामऊ चौराहे पर बेतरतीब हाईवे पर खड़े वाहनों को पुलिस ने बैरियर लगाकर शहर की ओर आवागमन बंद कर दिया। इससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। महाकुम्भ स्नान के बाद अयोध्या की ओर जाने वाले श्रद्धालु शहर के जाम से बचने के लिये भुपियामऊ से घूमकर महकनी बाइपास रोड पकड़कर चिलबिला पहुंच जाते थे। जिसकी वजह से जाम के झाम से बच जाते थे। रविवार को सुल्तानपुर तथा अयोध्या में भारी भीड़ को देखते हुए बाईपास पर भी आवागमन बाधित कर दिया गया है। भारी संख्या में भुपियामऊ से बाईपास सड़क पकड़ने के लिये श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। इस बीच पुलिस ने बाईपास रोड को बैरियर लगाकर बंद कर दिया। जिसकी वजह से अयोध्या की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों का लंबा काफिला हाईवे पर देखा जा सकता है। यातायात सुगम बनाने के लिए कोतवाल देहात अभिषेक सिरोही भुपिया मऊ चौकी इंचार्ज वरुण प्रताप सिंह तथा यातायात एस आई सहयोगी सिपहियों की मदद से डायवर्जन का दिशा निर्देश कर रहे हैं । दक्षिण भारत से आए हुए श्रद्धालुओं को प्रतापगढ़ में अवधी भाषा की वजह से बात समझने में कम आ रही है, जिससे श्रद्धालु काफी हैरान व परेशान नजर आ रहे हैं ।

ब्रह्मभट्ट परिवार का होली मिलन समारोह 16 को

प्रतापगढ़ –ब्रह्मभट्ट परिवार नें एक बैठक के दौरान 16 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने की रुपरेखा तैयार की। इसमें उपस्थित लोगों नें पावन पर्व होली के पश्चात होली मिलन के जरिए समाज में चेतना लाने और सौहार्द को बनाए रखने के लिए एक विशेष आयोजन हेतु चर्चाएं हुई। इसमें 16 मार्च को आयोजन हेतु सहमति बनी। अध्यक्षता पं. अशोक शर्मा नें की। इस दौरान पं. रामेन्द्र शर्मा, पं. नंद कुमार शर्मा, पं. डी के शर्मा, पं. संजय शर्मा, पं. ओम प्रकाश शर्मा, पं. राजेश शर्मा, डॉ सुरेश शर्मा,पं. सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

जनता की समस्याओं का निस्तारण ही प्राथमिकता-पुष्पेन्द्र सरोज

● कौशाम्बी सांसद ने पीडीए कार्यक्रम को किया संबोधित

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार प्रतापगढ़। लोकसभा कौशांबी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज का रविवार को लोकसभा क्षेत्र के बिहार बाजार में अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में पहुंचे।इस दौरान उन्होंने बिहार बाजार में अंबेडकर समाज सुधार समिति के अध्यक्ष प्रमोद गौतम के आवास पर पीडीए कार्यक्रम को संबोधित किया । सांसद ने पीडीए

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व के भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा कौशांबी के सांसद रहे विनोद सोनकर को निशाने पर लेते हुए कहा कि पहले के जो भी सांसद थे वह कभी अपने क्षेत्र में किसी की कोई भी समस्या ना सुनते थे और न हीं कभी आते थे। मुझे जब जनता ने चुना है तो मेरा कर्तव्य है कि मैं हर क्षेत्र में जाकर जनता की समस्या सुनूं और उसका निस्तारण करूं।

कार्यक्रम के दौरान सांसद ने आये हुए फरियादियों की समस्या सुनी और इसी दौरान बिहार व्यापार मंडल द्वारा एक बड़ी बैंक खुलवाए जाने के संबंध में सांसद को एक पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी से प्रमोद गौतम,प्रदीप सरोज प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, ऋषभ यादव,राजेश केसरवानी, आशीष साहू,रजत केशरी,सुरेश मोदनवाल,पुरषोत्तम गुप्ता,विशाल,बौद्ध,आजाद देवा,पवन सरोज,बड़कऊ यादव,ओम प्रकाश यादव,शमशाद अली,अभिषेक गौतम,गुड्डन पासी आदि लोग मौजूद रहे।

ईश्वर की भक्ति के सिवा दुनिया में और कुछ भी नहीं

● महोथरी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास ने किया भक्त प्रह्लाद की कथा का वर्णन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। दुनिया में ईश्वर की भक्ति के सिवा और कुछ भी नहीं है। भगवान विष्णु सभी प्राणियों और वस्तुओं में विराजमान हैं। उनके बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। इसलिए सभी को भगवान की भक्ति करनी चाहिए। इसके नौ रूप हैं, जिसे नवधा भक्ति भी कहा जाता है।उक्त बातें जनपद मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित रानीगंज के महोथरी गांव में पंडित गणेश प्रसाद शुक्ल के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास पं. शेषधर मिश्र अनुरागीजी महाराज ने भक्त प्रह्लाद की कथा का वर्णन करते हुए कहीं। श्रीमद्भागवत के सातवें स्कंध की कथा में उन्होंने कहाकि ब्रह्माजी से वरदान पाने के बाद हिरण्यकश्यप को यह अहंकार हो गया था कि अब वह अमर हो चुका है और उसका कोई वध नहीं कर सकता। इस अहंकार में चूर होकर उसने खुद को ही भगवान घोषित कर दिया और घोषणा की कि उसके राज्य में अगर कोई भगवान की पूजा करता पाया जाएगा तो उसको फांसी दे दी जाएगी। आदेश दिया कि भगवान की जगह अब सभी लोग उसके नाम का जाप करें। मगर उसके घर में ही भगवान ने उसके पुत्र प्रह्लाद के रूप में अपना भक्त पैदा कर दिया। भक्त प्रह्लाद जब मां के गर्भ में थे तभी नारदजी ने उन्हें भगवान विष्णु की कथा का पान करा दिया था। परिणामस्वरूप पिता हिरण्यकश्यप जितना भगवान विष्णु का विरोधी था भक्त प्रह्लाद उतने ही भगवान विष्णु के भक्त थे। यह बात हिरण्यकश्यप को पसंद नहीं थी।हिरण्यकश्यप ने यह बात अपने गुरु शुक्राचार्य को बताई। शुक्राचार्य ने प्रह्लाद को स्कूल भेजने की सलाह दी। मगर वहां उलटा हो गया। भक्त प्रह्लाद शिक्षक को ही पढ़ाने लगे। उन्होंने बच्चों तक को भगवद्भक्ति का पाठ पढ़ा दिया। जानकारी करने आए हिरण्यकश्यप को भी भक्त प्रह्लाद ने नवधा भक्ति का उपदेश दे डाला। इससे गुस्साए हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद का वध करने के अनेक तरीके अपनाए। मगर भगवान विष्णु अपने भक्त की हर जगह रक्षा करते थे। अंत में हिरण्यकश्यप ने भक्त प्रह्लाद को एक खंभे में बांधकर वध करने की कोशिश की।

उसी समय खंभे को चीड़कर भगवान विष्णु नरसिंह रूप में प्रकट हो हिरण्यकश्यप का वध कर देते हैं। भक्त प्रह्लाद की कथा से यह शिक्षा मिलती है कि भगवान के नाम जपने का भी बड़ा महत्व है। नवधा भक्ति में से भक्ति का एक रूप यह भी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

दिलीपपुर प्रतापगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत डाल्फिन पब्लिक स्कूल के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इससे वह बाइक समेत गिर गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया।उसे फ़ौरन जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया।बताया गया कि स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कोठियाही निवासी मोनू दूबे (28) पुत्र राजकुमार दूबे शहर से घर वापस आ रहा था। रास्ते में छीटपुर स्थित डाल्फिन पब्लिक स्कूल के समीप अज्ञात वाहन ने जोर-दार टक्कर मार दिया। इससे वह बाइक समेत गिर गया और उसके सिर में गम्भीर चोटें आ गई। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और फ़ौरन उसे जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया।

पीबी इंटर कॉलेज को हराकर पीबीपीजी कॉलेज ने जीता मैत्रीपूर्ण मुकाबला

▸▸ प्रबंधक अनिल प्रताप सिंह ने बल्लेबाजी करके किया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।पीबीपीजी कॉलेज सिटी में पीबी इंटर कॉलेज व पीजी कॉलेज के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें पीबीपीजी कॉलेज की टीम चार विकेट से विजेता रही। प्रबंधक अनिल प्रताप सिंह ने बल्लेबाजी करके मैच का शुभारंभ किया।उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके शुभकामनाएं दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पीबी इंटर कॉलेज टीम के कप्तान डॉ. अनूप कुमार सिंह ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 16 ओवरों के मैच में अंतिम ओवर में टीम 103 रन बनाकर आल आउट हो गई। जिसमें महमूद हसन के शानदार 46 रन रहे। डॉ. शिव प्रताप सिंह ने चार विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पीबीपीजी कॉलेज की टीम से प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह 17 व डॉ.राकेश सिंह ने 30 रन बनाकर बेहतरीन शुरुआत दी। अरविंद सिंह 17 व अजय मिश्र ने ताबड़तोड़ 18 रन बनाए।

पीबीपीजी कॉलेज की टीम ने दो ओवर शेष रहते 6 विकेट खोकर मैच जीत लिया। डॉ.शिव प्रताप सिंह मैन ऑफ द मैच चुने गए। महमूद हसन बेहतरीन बल्लेबाज जबकि प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह बेहतरीन खिलाड़ी चुने गए। डॉ. देवेश कुमार सिंह व आर्यन रावत निर्णायक रहे। कमेंट्री अजीत प्रताप सिंह, रवि प्रकाश सिंह व स्कोरिंग विनोद कुमार मौर्य ने किया। प्राचार्य. प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ.केके सिंह, डॉ. चेत प्रकाश पांडेय, डॉ.भूपाल सिंह,डॉ. पवन कुमार सिंह, सुनीत कुमार सिंह,शिव कुमार सिंह, अखिलेश सिंह,बालेंदु भूषण सिंह, मनोज सिंह,संदीप मौर्य,संकल्प सिंह, सर्वेश सिंह, रवींद्र,गोविंद रावत आदि रहे।

बाबागंज विधायक से शिष्टाचार भेंट करने उनके घर पहुंचे कौशांबी सांसद

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज रविवार को बाबागंज विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ विधायक व जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज से भेंट करने उनके शीतलपुर, रैयापुर स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान वह आधे घंटे तक उनके आवास पर मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय विकास के संदर्भ में काफी विस्तार से वार्ता हुई। बाबागंज विधायक विनोद सरोज से जब इस बाबत बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह केवल शिष्टाचार भेंट थी। इसमें क्षेत्र के सतत विकास हेतु चर्चा-परिचर्चा हुई है।

पत्रकार स्व. रमेश मौर्या के नाम पर बनेगा भव्य प्रवेश द्वार - चंद्रलता

● पुण्यतिथि पर पत्रकारों ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। नगर पंचायत मानिकपुर के लाटतारा में रविवार को पत्रकार स्व. रमेश मौर्या की 11वीं पुण्यतिथि पर इंडियन प्रेस काउंसिल द्वारा श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पत्रकार स्व. रमेश मौर्या के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि चंद्रलता जायसवाल ने अपने पति अशोक जायसवाल व प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू के साथ प्रयागराज लखनऊ हाईवे से पत्रकार स्व. रमेश मौर्या के घर जाने वाली सड़क पर भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाने के लिए कथावाचक आचार्य सत्यम जी महाराज व आचार्य नारायण की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन व शिलान्यास करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रलता जायसवाल ने कहाकि पत्रकार स्व. रमेश मौर्य निष्पक्ष, निडर एवं साहसी पत्रकार थे। वह सदैव शोषित पीड़ित वंचित को न्याय दिलाने के लिए संघर्षरत रहे। उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके नाम पर भव्य प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू ने कहाकि पत्रकार स्व. रमेश मौर्य आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी कार्यशैली हमेशा मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने इंडियन प्रेस काउंसिल की मांग पर बहुत ही जल्द नगर पंचायत मानिकपुर मे पत्रकार स्व. रमेश मौर्या के नाम पर पत्रकार भवन बनवाए जाने की घोषणा की। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विजय यादव ने कहाकि रमेश मृदुभाषी सरल स्वभाव के साथ ही अपने कर्तव्य के प्रति सदा जागरूक रहते थे और बहुत कम समय में लोगों के हृदय के पास पहुंच गए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष लोकेश मिश्रा व संचालन संरक्षक अजय मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के अंत में इंडियन प्रेस काउंसिल के संयोजक वीसी मिश्रा ने नगर पंचायत अध्यक्ष समेत अतिथियों व पत्रकारों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में पत्रकार स्व. रमेश मौर्य के बेटों रजनीश, सतीश, राम प्रताप पांडेय, कुलदीप कुमार, सोनू गुप्ता, अरुण त्रिपाठी, डीएन मिश्रा, शहबाज खान, अजय मिश्रा, राकेश जायसवाल, अंकुश यादव, अवधेश पांडेय, दिनेश पाल, संदीप साहू, सौरभ मिश्रा, मोनू मिश्रा, विजय मिश्र, सुजीत मिश्रा, अजीत कुमार मिश्रा, अमित पटेल, प्रमोद गौतम, एडवोकेट संदीप मौर्य, रंजीत मौर्य, शिवम मौर्या आदि मौजूद रहे।

संत निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों ने हौदेश्वर नाथ धाम में चलाया स्वच्छता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के तहत संत निरंकारी मिशन कुंडा सेवा दल के नौजवानों एवं बहनों के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को लेकर रविवार को हौदेश्वर नाथ धाम और उसके आसपास फैली गंदगी की साफ-सफाई की गई। इस दौरान संत निरंकारी मिशन सेवा दल के सदस्यों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष संत निरंकारी मिशन के द्वारा पूरे देश में सफाई अभियान चलाया जाता है। मिशन का संदेश है कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों हानिकारक होता है। प्रोजेक्ट अमृत परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं लोगों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाना है। कहा कि जल है तो कल है, जल ही जीवन है। इसलिए जितने भी पानी की जगह है चाहे तालाब हो, नदी हो, झरने हो या अन्य कई पानी का स्रोत हो उन जगहों को हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए। सदस्यों ने लोगों को सफाई के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि जहां पानी की जगह है वहां पर पानी का बचाव अवश्य करे और वैसी जगहों पर साफ-सुथरा अवश्य रखना चाहिए। यही संत निरंकारी मिशन का संदेश है। सफाई अभियान में मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जुगनू विश्वकर्मा, संत निरंकारी के मुखी उमेश चंद्र साहू, दिलीप कुमार, कमलेश कुमार राही, रोशन लाल, शारदा प्रसाद, सुरेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

समुद्र मंथन में प्राप्त पौराणिक कल्पवृक्ष - परिजात के दर्शन पूजन मात्र से ही भक्तों की पूरी होती है मनोकामनाये

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिला सुलतानपुर शहर के गोमती नदी के तट पर उद्योग केंद्र के परिसर मे पौराणिक परिजात का यह वृक्ष मौजूद है 7 मान्यता है कि यह एक बहुत पुराना पेड़ है और इस जगह पर आने वाले श्रद्धालुओं की इच्छाओं को उनकी प्रार्थना के अनुसार पूरा करता है

यहां, नियमित रूप से आस्थावान लोग आकार प्रसाद आदि चढाकर पूजा अर्चना करते है।बेसिक शिक्षकों डा0विनोद त्रिपाठी, डा0अनिल त्रिपाठी और अशोक दूबे आदि ने पुरातन वृक्ष परिजात का दर्शन पूजन किया। बता दे कि अवधी क्षेत्र के सुलतानपुर जिले में एक पारिजात वृक्ष है, जिसे देववृक्ष भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यह वृक्ष मनोवांछित कामनाओं को पूरा करने वाला है। सच्चे मन से इस पेड़ के नीचे प्रार्थना करने पर सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुरातन कुश भवनपुर के तौर पर प्रसिद्ध , जिला उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल भी है। इसमें गोमती नदी के किनारे पर एक प्राचीन वृक्ष है, जिसे लोग 'पारिजात वृक्ष' या 'कल्प वृक्ष' के नाम से जानते हैं। यह वृक्ष कोई साधारण वृक्ष नहीं है, बल्कि इसे देववृक्ष भी कहा जाता है। यहां नियमित रूप से आस्थावान लोग आकर पूजा करते हैं और प्रसाद चढ़ाते हैं।

मान्यता है कि यह वृक्ष आनेवाले श्रद्धालुओं की इच्छाएं पूरी करता है। शिक्षक डा0विनोद त्रिपाठी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार पारिजात वृक्ष के बारे में एक रोचक कथा इस प्रकार है....एक बार देवराज इंद्र ने महर्षि दुर्वासा के श्राप के कारण श्रीहीन हो गए थे। स्वर्ग लोक से वैभव, समृद्धि और संपन्नता सब खत्म हो गई थी। इस समस्या का समाधान के लिए देवताओं ने असुरों की सहायता से सागर मंथन करने का निश्चय किया। सागर मंथन के परिणामस्वरूप महालक्ष्मी, ऐरावत हाथी, अमृत कलश और पारिजात वृक्ष के साथ-साथ 14 रत्न निकले, जिनमें से एक विशिष्ट रत्न पारिजात वृक्ष था। देवराज इंद्र ने इस पारिजात वृक्ष को लेकर स्वर्ग में स्थापित किया था। जिसे श्रीमती सत्यभामा के आग्रह पर श्री कृष्ण जी पृथ्वी पर लेकर आये थे। बुजुर्ग पुजारी ने बताया कि इस वृक्ष में फूल तो सालभर में एक बार अवश्य आते है लेकिन कोई बीज या फल नहीं निकलते। जिससे कृषि वैज्ञानिक और सामाजिकी वन विभाग के अधिकारी परिजात का कोई पौधा □ प्रतिरुप बनाने में सफल नहीं हो सके है।

कार की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़ कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर राजगढ़ गांव में श्रद्धालुओं की स्विफ्ट डिजायर कार ने हाईवे के किनारे खड़ी प्रेमा देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी राजेंद्र कुमार धुरिया निवासी राजगढ़ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला सड़क के एक छोर से दूसरे छोर पर जा गिरी । मौके पर मौजूद रहे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए 108 नंबर एंबुलेंस के जरिए घायल महिला को उपचार के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। युवती अपने पीछे चार बच्चों साक्षी 22 वर्ष मीनाक्षी 18 वर्ष तथा मुस्कान 12 वर्ष आदर्श 7 वर्ष रोता बिलखता छोड़कर असमय काल के गाल में समा गयी। युवती के दो बेटियों की शादी हो चुकी है।

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की आरती के बाद वैवाहिक परिचय कार्यक्रम का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

रखहा प्रतापगढ़। क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार में मंटूलाल जायसवाल के यहां आयोजित गया जगन्नाथ स्वामी जी के महाप्रसाद कार्यक्रम में वैवाहिक परिचय का आयोजन जायसवाल समाज टीम द्वारा आयोजित किया गया । यह कार्यक्रम समाज के जिलाध्यक्ष श्याम जी जायसवाल के मार्गदर्शन में महामंत्री विजय जायसवाल, उपाध्यक्ष,पत्रकार अजय जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल द्वारा आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की आरती कराने के बाद शुरू किया गया। वैवाहिक परिचय कार्यक्रम में एक दर्जन युवक और युवतियों के रिश्ते का रजिस्ट्रेशन किया गया । टीम द्वारा समाज में युवक व युवतियों का रजिस्ट्रेशन करके बायोडाटा से शोशल मीडिया के माध्यम से सभी लड़के लड़कियो की बायोडाटा का ब्योरा जानकारी कराता रहेगा । वैवाहिक परिचय टीम में महेश जायसवाल, आर के जायसवाल, प्रिन्स जायसवाल, विशाल जायसवाल द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया।

इस मौके पर संरक्षक रमाशंकर जायसवाल, संरक्षक अरविन्द जायसवाल पप्पू सेठ, संरक्षक पन्ना लाल जायसवाल माहौखरी, नगर पंचायत अध्यक्ष पट्टी अशोक जायसवाल,उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल, मीडिया प्रभारी आदर्श जायसवाल, लालगंज अध्यक्ष राम जी जायसवाल,मुकेश जायसवाल, मनोज जायसवाल, एडवोकेट रोहित जायसवाल, दयानंद जायसवाल,विनोद जायसवाल सहित हजारों स्वाजातीय बंधु मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज जनपद प्रतापगढ़ (उ०प्र०)

पत्रांक–498/न०पं०क०में0/2024–25 दिनांक: 22.02.2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन, नगर विकास अनुभाग–9 द्वारा जारी अधिसूचना सं0–912/नौ–9–2024–85ज/05.टी०सी०–01 लखनऊ दिनांक 28 जून, 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली–2024 उत्तर प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतो पर लागू होगी। उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत कटरामेदनीगंज की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनो या भूखंडों पर सम्पत्ति कर के आरोपण हेतु वार्ड की अवस्थिति, भवन के निर्माण की प्रकृति, मार्ग की चौडाई जिस पर सम्पत्ति स्थित है के कवर्ड एरिया की प्रति वर्ग फीट किराए की न्यूनतम मासिक किराया दर को आवासीय सम्पत्तियों के कर निर्धारण के निमित वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण हेतु कक्ष कर भवन के कारपेट एरिया (वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया का 80 प्रतिशत की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए प्रति इकाई क्षेत्रफल न्यूनतम मासिक किराया क्षेत्रफल न्यूनतम मासिक किराया दर को जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं वार्डवार आपत्तियां प्राप्त करने हेतु प्रकाशित किया जाता है।

अतः आपत्ति प्राप्त करने के लिए प्रकाशन की तिथि से 15 कार्य दिवस का समय निश्चित किया गया है। जिस पर निर्धारित समयावधि में प्राप्त आपत्तियों का अधिशासी अधिकारी द्वारा वार्डवार निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात नगर पंचायत द्वारा किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। वार्डवार मासिक किराया प्रतिवर्ग फुट दरो की सूचि निम्नवत् है–

वार्ड संख्या	वार्ड का नाम	09 मी0 से कम चौड़ी सड़क				09 मी0 से 12 मी0 तक चौडी सड़क				12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क				24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क			
		पक्का भवन आर.सी.सी. छत	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	खुली भूमि/ भूखण्ड	पक्का भवन आर.सी.सी. छत	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	खुली भूमि/ भूखण्ड	पक्का भवन आर.सी.सी. छत	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	खुली भूमि/ भूखण्ड	पक्का भवन आर.सी.सी. छत	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	खुली भूमि/ भूखण्ड
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
01	1 से 11	0.30	0.25	0.10	0.05	0.60	0.35	0.20	0.10	0.75	0.60	0.25	0.15	1.00	0.85	0.35	0.20

नोट–व्यवसायिक भवन एवं भूमि, सरकारी भवन/भूमि क्रमशः सामान्य दरों का 9 मीटर से कम चौड़े मार्ग पर दो गुना, 9 मीटर से 12 मीटर तक के मार्गो पर तीन गुना और 12 मीटर से अधिक चौड़े मार्गो पर चार गुना संकल्प द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कटरामेंदनीगंज
प्रतापगढ़।

(फार्म न0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़

एम0एन0आर0 नं0 283/2024

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन मीना त्रिपाठी आदि

बनाम हरखास आम

बनाम

हरखास आम ग्राम सभा पूरे मरक्खन मजरे धारूपुर पो0 जलेशरगंज तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 24.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 24.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने जेई के विरूद्ध जांच के दिए निर्देश

कौशाम्बी। बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर पर रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगने के बाद प्रबंध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी ने त्वरित कार्रवाई करने का आदेश जारी किया हैं। स्थानीय निवासी कमला देवी द्वारा प्रबंध निदेशक को दी गई लिखित शिकायत में जेई पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। जनहित को प्राथमिकता देते हुए बिजली विभाग, वाराणसी प्रभाग के प्रबंध निदेशक ने इस मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय प्रशासन की इस तत्परता से क्षेत्रवासियों में संतोष और विश्वास की भावना जगी है।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

हन्ना गांव की गौशाला क्षेत्र के प्रधानों के लिए बनी अनुकरणीय

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – दिल में कुछ अलग कर गुजरने का जज्बा हो तो रेगिस्तान में भी पानी का समंदर मिल जाता है कहते हैं की जो असम्भव को सम्भव में बदल दें वो विरले होते हैं, उन्ही के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा समाज को मिलती हैं। हम बात कर रहे हैं वर्तमान समय में ग्राम पंचायतो में संचालित हो रहे गौशालाओं की जहां एक ओर शासन द्वारा संचालित गौशालाओं के रखरखाव के लिए हरसंभव मदद कर रही है, वही गौशाला संचालकों द्वारा तरह-तरह के बहाने बनाकर खामियों का ठीकरा दूसरे के सर पर फोड़ रहे हैं।मगर रामनगर क्षेत्र के हन्ना गांव में एक ऐसी भी गौशाला है जहां के ग्राम प्रधान दीपक तिवारी ने गौशाला में इस तरह से काम किया है, जो एक नजीर बन गई है। गौशाला को देखकर वाकई में लगता है कि योगी सरकार के मंशानुरूप शत-प्रतिशत कार्य करके सरकार के कसौटी में खरा उतरते हुए धरातल मे दिखाने काम किया है। अस्थाई गौशाला में 272 गौवंश संरक्षित हैं, गौशाला में चारो तरफ पक्की बाउण्ड्री का निर्माण कराया गया है। साथ ही साथ चारों ओर बाउंड्री में सुंदर चित्रकारी कराई गई है। इसके अलावा गार्ड रूम, कार्यालय औषधीय कक्ष, भूसा भण्डार कक्ष का निर्माण कराया गया है। पेयजल के लिए समरसेबुल की व्यवस्था है। गौवशों को हरा चारा, कट्टी, बूसा, खरी, चूनी, चोकर, पशु आहार खाने में दिया जाता है। गौशालाओं में गोवंशों के रहने का अधिकतर स्थान पक्का है। रोजाना गौशाला में साफ-सफाई का कार्य होता है। गोवंशो का गोबर साफ करके खाद गड्ढे में डाला जाता है। पेयजल के लिए पक्की चरही का निर्माण है। चरही में नमक मिलाकर गौवंशो को पानी पिलाया जाता है। साथ ही साथ सप्ताह में दो दिन हर गोवंश को गुड दिया जाता है। दुधारू तथा छोटे-छोटे बच्चों को अलग से रहने तथा चारा पानी की व्यवस्था अलग से बने बाड़े पर होती है। अधिकतर गोवंश हष्ट-पुष्ट और स्वस्थ है। गौशाला में गौवंशो की देखभाल के लिए आधा दर्जन गोपाल की तैनाती है, जो गौवंशो का पूरा ख्याल रखते हैं। साथ ही साथ प्रधान दीपक तिवारी तथा छोटे भाई राजीव तिवारी द्वारा रोज गौशाला में जाकर तीन चार घंटे गौवंशो की देखभाल और गोसेवा करते हैं।प्रधान दीपक तिवारी ने बताया कि शासन द्वारा गौवंशो के भरण-पोषण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। बाकी गौशाला को सजाने संवारने, गौशाला परिसर की साफ-सफाई, गौशाला परिसर और कमरों में प्रकाश के लिए लाईट एवं अन्य खर्च निजी धन से किया जाता है।

● ये गौशाला नहीं गौआश्रम है गौसेवा सबसे बड़ी सेवा है

राजीव तिवारी ने बताया कि समय-समय पर गौशाला में जिम्मेदारों और जन प्रतिनिधियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया है। मगर गौशाला देखर हर कोई सराहना करता है। विगत दिनों निवर्तमान सांसद आर के सिंह पटेल, मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, डीपीआरओ इंद्र नारायण, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर आदि गौशाला का निरक्षण किया था। गौशाला की व्यवस्था देखकर अतिथि रजिस्टर में सराहना किया है।

संत गाडगे के बताए मार्ग पर चलने का लिया गया संकल्प

चित्रकूट – भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को संत गाडगे की जयंती मनाई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया तथा उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भीम आर्मी के जिला संयोजक संजय गौतम ने कहा कि संत गाडगे एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण की विचारधारा के व्यक्ति थे। उन्होंने मानव समाज में फैले पाखंड, कुरीतियों व छुआछूत आदि का जीवन पर्यन्त विरोध किया तथा दलितों, असहायों व निर्बलों की जीवन पर्यन्त सेवा की। इस दौरान सभी ने उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी के जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, आसपा के चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव, विनोद वर्मा, लक्ष्मण पटेल, राजबहादुर वर्मा, विकास वर्मा, राजकुमार वर्मा, राधेश्याम प्रजापति, लवकुश श्रीवास आदि मौजूद रहे।

स्नेहा को न्याय दिलाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – कुछ दिन पहले वाराणसी के एक हॉस्टल में 17 वर्षीय स्नेहा कुशवाहा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था। मृतका के परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या है। परिजनों ने वाराणसी पुलिस पर मामले को दबाने और लीपापोती करने का आरोप भी लगाया है।स्नेहा कुशवाहा, जो रोहतास जिले के सासाराम तकिया निवासी सुनील सिंह की बेटी थी, वाराणसी में पढ़ाई कर रही थी। उसका शव हॉस्टल की खिड़की से लटका हुआ मिला था, जिसे परिजनों ने हत्या का मामला करार दिया, उनका कहना है कि मृतका की हत्या कर शव को आत्महत्या के रूप में पेश करने की कोशिश की गई है। स्नेहा की मौत के बाद रविवार को चित्रकूट जिले में विरोध प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय कुशवाहा महासंघ के जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में कर्वी नगर के एलआईसी तिराहा शहीद स्मारक पार्क पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां कई समाज के लोगों ने स्नेहा को न्याय दिलाने की मांग की। कुशवाहा महासभा और कई समाज के लोग हाथ में कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा। कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा व बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने कहा कि यह एक सुनियोजित हत्या है और दोषियों को बचाने के लिए इसे आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में टालमटोल कर रही है। कुशवाहा समाज इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा। कुशवाहा महासभा पहाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा ने कहा घटना की तस्वीर जो सामने आयी थी उसको देखकर यह कहीं से नहीं लगता है कि यह आत्महत्या हैं, बल्कि हत्या कर सबूत मिटाने की साजिश है। इसमें हॉस्टल संचालक व पुलिस दोनों ही शामिल है। जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती,तब तक कुशवाहा समाज चौन से नहीं बैठेंगा।इस मौके पर डॉ विकास सिंह पटेल, विश्वनाथ प्रताप सिंह कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, प्रखर पटेल, अजय कुमार पटेल, मुकेश पटेल, विपिन पटेल, रोहित पटेल, आशीष पटेल, प्रिन्स कुशवाहा, पीयूष निषाद, ओमप्रकाश कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, हरिप्रसाद कुशवाहा, चन्द्रशेखर कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा, जयकरन, शिवगोपाल कुशवाहा, रविशंकर कुशवाहा, राजकिशोर कुशवाहा, रामनरेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

फलकासन के जरिए कम की जा सकती है पेटी की चर्बी- योगाचार्य

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट –जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि फलकासन या दंड चतुरंग आसान या प्लैंक पोज पेट, पीठ व छाती के फैट को घटाकर गजब के फायदे देता है। यह पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने तथा मेटाबॉलिज्म रेट को बढ़ाने की कारगर दवाई है।योगाचार्य ने बताया कि देखने में सरल किंतु चुनौती पूर्ण इस आसन से शरीर की शक्ति और संतुलन में वृद्धि होती है और मसल्स को मजबूती मिलती है। पेट, कमर, पीठ पर में खिंचाव देता है, जिससे इसकी मसल्स टोन बेहतर रहती है और संतुलित, शक्तिशाली बनाकर कार्य क्षमता को बढ़ावा देता है। सर्वाइकल, कमर दर्द के लिए यह आसन रामबाण है। मन की एकाग्रता को बढ़ाता है। पेट की अतिरिक्त चर्बी को घटाकर पेट की बीमारियों को ठीक करता है। इस आसन से हृदय की गति बढ़ती है जिससे मेटाबॉलिजम बेहतर हो जाता है जिससे कैलोरी बर्न होकर समग्र फिटनेस सुधार के साथ लचीलेपन को बढ़ावा देता है। योगाचार्य ने बताया कि इसे करने के लिए वज्रासन से घुटनों के बल आकर हाथों को फर्श पर रखें, कंधों की चौड़ाई के बराबर दूरी पर, और दोनों पैरों को प्लैंक की स्थिति में पीछे ले जाते हैं। शरीर को सिर से एड़ी तक लंबा और सीधा करते हैं, बिल्कुल लकड़ी के तख्ते की तरह। पेट की मांसपेशियों को सक्रिय करके नाभि को अपनी रीढ की ओर खींचते हैं, कंधों को कानों से दूर रखते हुए कंधों की हड्डियों को आपस में न दबाते हुए पीठ को चौड़ा रखते हैं। गर्दन रीढ़ सपाट रखते हैं। गहरी सामान सांस लेते हुए 30 सेकंड से 1 मिनट तक इस आसन में ठहरते हैं। बचाव की दृष्टि से कलाई व कंधों की चोट, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, उच्च रक्तचाप की दशा में इस आसन को योग शिक्षक की देखरेख में ही करें।

अपना चित्रकूट की टीम ने नदी से बाहर निकाला कचरा

चित्रकूट ब्यूरो– अपना चित्रकूट टीम के सदस्यों ने रविवार को धर्मनगरी के रामघाट में सफाई अभियान चलाते हुए नदी में जमा कचरे को निकाला। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।अपना चित्रकूट टीम प्रत्येक रविवार सभी सदस्यों के साथ धर्मनगरी के किसी एक स्थान पर जाकर वहां साफ अभियान चलाती है तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी करती है। साथ ही वहां होने वाली असुविधाओं के बारे में प्रशासन को अवगत कराती है। इस सफाई अभियान में अपना चित्रकूट टीम के सदस्य रवि कुशवाहा, आदित्य कुशवाहा, अजय कुशवाहा, करन कुशवाहा, ऋषि कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, लवकुश कुशवाहा, दिनेश कुमार, लक्ष्मण लाल, मृदुल, अजय कुशवाहा, भरत लाल, ओमप्रकाश, आदि शामिल रहे।

संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के तहत चलाया गया सफाई अभियान

● मंदाकिनी व रामभरोसा बांध में हुई सफाई

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट – संत निरंकारी मिशन द्वारा चलाए जा रहे 'प्रोजेक्ट अमृत' कार्यक्रम के अंतर्गत 'स्वच्छ जल-स्वच्छ मन' परियोजना के तहत रविवार को मिशन के श्रद्धालुओं ने जिला मुख्यालय के मंदाकिनी घाट व मानिकपुर के राम भरोसा बांध में सफाई अभियान चलाया। साथ ही आम जनमानस को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था। जिसका उद्देश्य जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ आम जनमानस में जल संरक्षण की सोच को विकसित करना है। इस अभियान के पहले दो चरणों में नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण प्रदान करने में सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार 2025 में चलाए जा रहे इस अभियान के तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करें।

संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह अभियान देशभर के 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। अभियान की व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी, जिससे जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जन-जन तक पहुंचेगा। सद्गुरु माता सुदीक्षा भी यह संदेश देती है कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है, जो समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।

इसी अभियान के तहत रविवार को जिला मुख्यालय के मंदाकिनी घाट व मानिकपुर के राम भरोसा बांध में सफाई अभियान चलाया। साथ ही लोगों को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया।इस मौके पर जिला मुख्यालय में संचालक लोटन प्रसाद, शिवभवन, सचिन श्रीवास्तव व मानिकपुर में संचालक संदीप, सौरभ श्रीवास्तव व आनंद राज श्रीवातस्व आदि मौजूद रहे।

उपजिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूप का लिया जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट –उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम का रविवार को उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू व कन्ट्रोल रूम प्रभारी एसडीएम हर्षिता देवड़ा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे से सभी परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रान्ग रूम को देखते हुए कन्ट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। बताया कि बोर्ड परीक्षा में इस बार जिले में 38 परीक्षा केन्द्र बनायें गए हैं। इन केन्द्रों की निगरानी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक आफिस में कन्ट्रोल रूम एवं मानिटरिंग सेल की स्थापना की गई है। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों में नकल को रोकने के लिए पांच सचल दल टीमें भी बनाई गयी है, जो केन्द्रों पर जाकर जांच करेंगी।

इस मौके पर कन्ट्रोल रूम प्रभारी डॉ सनत कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार, परीक्षा प्रभारी फूलचन्द्र पटेल, डॉ प्रदीप शुक्ल, नरेन्द्र मिश्रा, अजय त्रिपाठी, चेतन्य कुमार, रमेश वर्मा, सूर्यभूषण पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र सिंह, विनय कुमार, विनोद कुमार, सुरभि, सोनम, नेहा, नीलम आदि मौजूद रहे।

निजीकरण के दुष्परिणामों को लेकर अटेवा ने जताई चिंता

चित्रकूट ब्यूरो– अटेवा (ऑल टीचर्स एंड एम्प्लॉईज वेलफेयर एसोसिएशन) के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन विस्तार पर चर्चा की। जिला संयोजक राजेश यादव ने अटेवा के आगामी कार्यक्रमों एवं तैयारियों के सम्बन्ध में पदाधिकारियों को जानकारी दी। कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने महिला विंग गठन और तन-मन-धन से अटेवा के साथ जुड़ने के लिए कहा। सहसंयोजक राजेश सिंह ने प्रति दिन दो लोगों से वार्ता कर अटेवा में शामिल करने को कहा। इस मौके पर महेंद्र सिंह, आनंद यादव, अमर सिंह, राजेश यादव, मथुरा प्रसाद वर्मा, कमलेश गुप्ता, राजेश सिंह, अजीत सिंह, सुधींद्र कुमार सिंह, अजय पाल सिंह, बलराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कप्तान सिंह, अजय पाल, श्रवण कुमार यादव, सुनील सिंह, मुन्नूलाल, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

कुम्भ क्षेत्र में संस्थान द्वारा प्रयाग-महिमा पर हुई संगोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। आज कुम्भ-क्षेत्र में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित व्याख्यान-संगोष्ठी तीर्थराजो जयति प्रयागः विषय पर संपन्न हुई। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सत्यप्रकाश श्रीवास्तव संस्कृत-विभाग, सी.एम.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रयागराज व सह संयोजक डॉ0 दीप्ति विष्णु थी। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो0 हरिदत्त शर्मा पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज विशिष्ट वक्ता- डॉ. राजेश कुमार मिश्र संस्कृत-विभाग नव नालन्दा महाविहार संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार नालन्दा , बिहार , सारस्वत वक्ता डॉ. रेनू कोछड़ शर्मा ,इलाहाबाद विश्वविद्यालय डॉ. मनीष जुगरान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, डॉ. सौम्या कृष्णा एस.एस.खन्ना महाविद्यालय प्रयागराज थे। मुख्य वक्ता प्रो. हरिदत्त शर्मा ने कहा कि कुम्भ वस्तुतरू ज्योतिर्विज्ञान, खगोलविज्ञान तथा गणित-विज्ञान का संगम है। डॉ. राजेश मिश्र ने कहा कि यह केवल नदियों का संगम नहीं अपितु संस्कृतियों का, वर्गों का, बोली भाषाओं का संगम है।संचालन डॉ अंशु सिंह ने किया।

मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम नौवस्ता में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं, बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

घर में घुसकर किशोरी से किया अश्लीलता, केस दर्ज

करारी, (कौशाम्बी)। करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की दोपहर किशोरी को घर पर अकेला छोड़कर परिजन मोहल्ले में वैवाहिक समारोह में शामिल होने चले गए।पहले से घात लगाए बैठे पड़ोस का एक युवक किशोरी को घर में अकेला समझ कर घुस गया।घर में घुसकर युवक किशोरी से अश्लीलता करने लगा।युवक के हरकतों का विरोध करते हुए किशोरी ने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए।सूचना किशोरी के परिजन को हुई तो वह भी मौके पर पहुंच गए और युवक को रंगेहाथ दबोच लिए।किशोरी के परिजनो ने डायल 112 की पुलिस बुलाकर युवक गिरफ्तार करवा दिए।साथ ही करारी कोतवाली में युवक के खिलाफतहरीर देकर करवाई की मांग किए।करारी कोतवाली प्रभारी विनीत सिंह ने शनिवार को तहरीर के आधार पर आरोपित अर्स पर केस दर्ज कर लिया। इसके साथ ही पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

श्री मद्भागवत कथा में हुआ वाराह अवतार का वर्णन

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, (कौशाम्बी)। विकास खंड कौशाम्बी के ग्राम सभा बेरौचा स्थित कैलाशपुर में यजमान त्रिभुवन प्रसाद मिश्र एवं उर्मिला देवी मिश्र के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिवस पर कथा व्यास निर्भय नाथ त्रिपाठी ने भक्तों को दिव्य कथा का श्रवण कराया। कथा व्यास ने प्रादुर्भाव (सृष्टि की उत्पत्ति) के विषय में विस्तार से बताते हुए नारद जी के पूर्वजन्म, भीषण के द्वारा प्रभु श्रीकृष्ण की स्तुति, कलीयुग के आगमन, शुकदेव जी की उत्पत्ति, राजा परीक्षित को मिले श्राप एवं शुकदेव जी के आगमन की कथा का प्रवचन दिया। इसके साथ ही वाराह अवतार की महिमा का विशेष वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि भगवान विष्णु ने वराह रूप धारण कर पृथ्वी का उद्धार किया था। इस कथा को सुनकर भक्तगण भाव-विभोर हो गए। इस धार्मिक आयोजन में बोदे मिश्रा, कृष्ण प्रसाद मिश्रा, वेदप्रकाश मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

शिक्षा ही इंसान को काबिल और कामयाब बनाता है-मौलाना हादी

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। सरायअकिल केंद्र क्षेत्र के कटरा अतरसुइया गांव स्थित इमामबाड़ा में रविवार को मरहूम मजहर अब्बास इब्ने अजहर अब्बास मरहूम के चालीसवें की मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को अलीगढ़ से आए मौलाना डा.सैयद हादी रजा तक्की ने खिताब किया। मजलिस की शुरुआत सोजख्वानी से की गई। सोजख्वानी सैयद कामरान रिजवी ने पढ़ी। उसके बाद हसन अतरसुइयाइवी ने पेशख्वानी की। निजामत सफ्दर रिजवी इलाहाबादी ने की।

मौलाना डा. सैयद हादी रजा तक्की ने कहा कि इल्म सीखना बहुत जरूरी है। इस्लाम में दीन दुनिया का इल्म सीखना फर्ज और सुन्नत अदा करने जैसा है। मौजूदा हालात को देखते हुए समाज में सबसे जरूरी बच्चों की शिक्षा है। आने वाली युवा पीढ़ी के शिक्षित होने से ही देश की तरक्की संभव है। उन्होंने बताया की इल्म की रौशनी में जो भी काम किए जाते हैं, सब कामयाब होते हैं। इस्लाम में भी इल्म सीखना जरूरी बताया गया है। इल्म से ही अपको जीने का सही तरीका आता है। इल्म हासिल करने के लिए अगर शहर, देश भी छोड़ना पड़े तो कोई गुरेज न करें। इल्म इंसानियत और मिल्लत सिखाती है। उन्होंने कहा यही वजह है कि कर्बला वालों की मौत आसान थी जिंदगी मुश्किल थी। मौलाना ने हजरत अली (अ.स) की शहादत बयान की तो अजादारों की आंखें भर आई। मौला के मसायब सुनकर अजादार जारो-कतार रोने लगे। मौजूद लोगों ने मरहूम के पेसरान को उनके वालिद का पुरसा दिया।

कौशाम्बी की बेटी सृष्टि द्विवेदी ने पास की यूजीसी-नेट परीक्षा

कौशाम्बी। क्षेत्र के जाठी गांव की होनहार छात्रा सृष्टि द्विवेदी ने यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर माता-पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा ने असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा के लिए पात्रता हासिल कर ली है। अब स्क्रीनिंग टेस्ट की तैयारियों में जुट गई है। छात्रा अपने परिजनों के सपनों को साकार करने से बस कुछ कदम दूर है। बता दें कि जाठी गांव निवासी छात्रा सृष्टि द्विवेदी की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय प्रयागराज से हुई। 12वीं तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज से करने के बाद, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से स्नातक तथा एमए उत्तीर्ण की है। छात्रा के पिता उमेश कुमार द्विवेदी कौशांबी विकास भवन के बाल विकास पुष्टाहार विभाग में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत है तथा मां ममता द्विवेदी ग्रहणी है। सृष्टि का विषय समाजशास्त्र सोशियोलॉजी रहा है। परिजनों ने बताया कि बेटी ने असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की प्रथम सीढ़ी पार कर ली है। सृष्टि द्विवेदी ने 300 में से 210 अंक प्राप्त किए हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए क्वालिफाई किया है। छात्रा की सफलता पर कौशाम्बी क्षेत्र में खुशी का आलम है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

स्पैक्ट्रा वाइब्स थीम पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल ने मनाया सिल्वर जुबली वार्षिकोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो
रायबरेली शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ÷स्पेक्ट्रा वाइब्स÷ थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ विद्यालय के बच्चों के द्वारा प्रदर्शित की गई। समारोह का उदघाटन जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर ने माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला, निफ्ट के निदेशक नंदन सिंह बोरा, सिविल जज खैरून निशा, डिप्टी एसपी अजय यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत किया। प्रबन्धक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को मंच पर अवसर प्रदान करने के लिए विद्यालय कृत संकल्पित है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रतिनिधि आशीष प्रताप सिंह, प्रियंका सिंह, डॉ. मनीष सिंह चौहान, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, खंड शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह, तहसीलदार दीपिका सिंह ने उपस्थित रहकर बच्चों को पुरुस्कार प्रदान किए। बच्चों द्वारा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमे शिव तांडव, आदिवासी, महाभारत, वीरगाथा एवं विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति पर आधारित हुए कार्यक्रमों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों का रैम्प शो रहा जिसमे अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार की गई ड्रेस का प्रयोग कर बच्चों ने रैम्प पर कैटवाक कर सभी का मन मोह लिया। अर्निका, अंबावीर, तिश्या, यथार्थ, अयन्तिका, आदित्यवीर, खुशी, आराध्या, एंजल, अग्रज, अरीशा, तबीबा, विवान, हार्दिक, तन्वी, मानवी, ऋद्धा, शिवांग, वेदांश, अथर्व, अंशिका आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन असीम, अर्शित, ओजस और प्रतीक के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज में अनुकरणीय योगदान देने वाले प्रवीण श्रीवास्तव, रूमा परवीन, यशपाल सिंह, आलोक श्रीवास्तव, विवेक सिंह और आनंद मिश्रा लेमनमैन का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर. बी. श्रीवास्तव, डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष पी. एस. सलूजा, अतुल गुप्ता, निफ्ट के प्रोफेसर अभिषेक सिन्हा, विद्यालय के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अमिताभ त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्र नाथ हरि, प्रियंका अवस्थी, कैनवास क्लब अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, विवेक मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की सुष्मिता शुक्ला, रुचि भटनागर, मल्लिका सिंह, अशफ्रिया, अर्चना, रत्नेश सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में नए सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा हुई संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो
लालगंज रायबरेली। कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज, में आगामी सत्र (2025-26) के लिए रविवार 23-02-2025 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय मे नर्सरी से कक्षा -9 तक के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम में आए हुऐ अभिभावकों में भी खासा उत्साह दिखा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने आए हुऐ अभिभावकों को विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। और विद्यालय परिवार बच्चों को विद्यालय में दी जाने वाली शैक्षणिक के साथ साथ अन्य सामाजिक व नैतिकत क्रिया कलापों पर भी विशेष ध्यान देता है और उन्होंने आए हुए छात्र- छात्राओं के उत्तीर्ण होने एवम् उज्वल भविष्य की कामना की। प्रवेश परीक्षा में बच्चों के साथ आए हुए उनके अभिभावक से संपूर्ण विद्यालय परिसर खचाखच भरा रहा । आए हुए अभिभावकों के बीच मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई जिसमें विजेता अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।परीक्षा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन में प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में परिक्षा परिणाम 25 फरवरी को घोषित किया जाएगा । जिसको विद्यालय की वेबसाइट पर या नोटिस बोर्ड पर देख सकते है। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रियांशी गुप्ता, छात्रा अवंतिका साहू, नव्या ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।

लकड़ी माफिया और अधिकारियों की साठगांठ से धड़ल्ले से चल रही अवैध लकड़ी कटान

लोकमित्र ब्यूरो
सलोन,रायबरेली। सलोन क्षेत्र के जंगल और बाग में इन दिनों जोर-शोर से अवैध लकड़ी कटान चल रहा है।लकड़ी माफिया अधिकारियों को साठगांठ कर आसानी से वेशकीमती लकड़ियों का जखीरा जिले की सीमा से पार करने में सफल हो रहे हैं।शनिवार को सीओ सलोन ने बरवलिया गांव से नीम के बोटे लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। पकड़ी गई लकड़ी जंगल से अवैध कटान की बताई जाती है।सीओ का कहना है कि वन विभाग को कमकार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। पुलिस ने बताया कि अभी लकड़ी कटान से सम्बंधित तहरीर नही मिली है।सलोन क्षेत्र गौ तस्करी,मिट्टी खनन,जमीन पर अवैध कब्जा और पेड़ कटान के नाम पर बदनाम है।इन दिनों लकड़ी बागों और जंगलों में अवैध लकड़ी कटान चरम सीमा पर है।शनिवार को सीओ सलोन को सूचना मिली कि बरावलिया गांव के बाग में नीम के पेड़ों की कटान कर बोटो को ट्रैक्टर ट्राली पर लोड किया जा रहा है।मामले को संज्ञान में लेते हुए सीओ ने वन विभाग और पुलिस टीम को निर्देशित कर ट्रैक्टर ट्राली समेत लकड़ी को कब्जे में करा लिया है।सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी को कार्यवाही के लिए कहा था।उन्होंने अपने बीट दरोगा लक्ष्मण प्रसाद को घटना स्थल पर भेजा था।वही कोतवाली पुलिस का कहना है कि अभी लकड़ी कटान की तहरीर नही प्राप्त हुई है।

चौहान गुट ने पीस कमेटी की बैठक में किया प्रतिभाग, सराहनीय कार्य के लिए नगर कोतवाल को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो
रायबरेली। थाना कोतवाली नगर पर आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नगर मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, नगर कोतवाली प्रभारी, नगर कोतवाली के संबंधित थानों के थाना प्रभारी सहित व्यापार संगठन के लोग, नगर पालिका परिषद रायबरेली के सभासद, सम्मानित नागरिक सहित तमाम धर्म और मजहब के लोग उपस्थित रहे। जिसमें ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने भी अपनी पूरी टीम के साथ प्रतिभाग किया और आगामी त्योहारों के मद्देनजर व्यापारियों, आम नागरिक से जुड़ी समस्या को उठाया। इसके साथ ही चौहान गुट ने सराहनीय कार्य किए जाने को लेकर नगर कोतवाल राजेश सिंह को सम्मानित भी किया। नगर कोतवाल को ये सम्मान वहां पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने अपने हाथों से दिया और उनके कार्यों की सराहना भी की। इस बैठक में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा कि रायबरेली जिले में हमेशा ही सभी त्योहारों को मिल जुल कर एक साथ मनाया जाता है। यहां आज भी हम भाईचारे के साथ त्यौहार मनाते हैं और एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद देते हैं तथा एक दूसरे के घर जाकर उनकी खुशियों को बांटते हैं। कुछ छोटी मोटी समस्याएं त्योहारों पर होती है जैसे नशे में बच्चों का गाड़ी चलाना वो भी तीन चार लोगों को बैठकर, डीजे की आवाज अत्यधिक तेज ध्वनि से बजाना, मोटरसाइकिल में बहुत तेज आवाज के सालेंसर लगाकर शोर मचाना, बेहटा पुल में नहाने के नाम पर हुड़दंग करना जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। इसके साथ मैं जिले के सभी धर्मों के लोगों से अपील करना चाहूंगा कि माहे रमजान में होली का पर्व मनाया जायेगा जिसमें जुमा की नमाज भी होगी, सभी मुस्लिम भाइयों से चौहान गुट अपील करना चाहता है कि आप अपनी नमाज नजदीकी मस्जिद में अदा करें और अपने घर को वापस आ जाए जिससे किसी भी तरह का कोई विवाद उत्पन्न न हो। चौहान गुट टीम ने सभी जनपदवासियों को आगामी महाशिवरात्री, रमजान, होली, ईद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी से पुनः अपील की है कि आप सभी हमेशा की तरह प्यार मोहब्बत से त्योहारों को खुशी खुशी मनाएं और रायबरेली हमेशा से जो प्यार मोहब्बत बरकरार है इसी हमेशा ऐसे ही कायम रखना भी हम आप सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ मो0 उमर, राजेश सिंह, सरदार अवतार सिंह मोंगा, आशीष वर्मा, एसके सोनी, इम्तियाज खान, वसीम खान, संदीप पाठक, अमित फौजी, सरवरी बेगम, ताहिरा, हसन आदि मौजूद रहे।

शब्द साक्षी अभिनंदन ग्रंथ का हुआ विमोचन और डॉक्टर ओपी सिंह डीलिट का हुआ अभिनंदन समारोह

लोकमित्र ब्यूरो
लालगंज रायबरेली। बैसवारा साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वाधान में बैसवारा ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहित्य मनीषी डॉ ओम प्रकाश सिंह डीलिट का डिग्री कॉलेज में हुए भव्य कार्यक्रम के दौरान नागरिक अभिनंदन किया गया एवं साहित्य मनीषियों के द्वारा उनके द्वारा रचित शब्द साक्षी अभिनंदन ग्रंथ का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अवनेंद्र बहादुर सिंह एवं संयोजन पूर्व शिक्षक हरिनाम सिंह के द्वारा किया गया। वरिष्ठ शिक्षक आशीष प्रताप सिंह सेंगर ने डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह के व्यक्तित्व पर विस्तृत चर्चा की और बताया कि श्री सिंह ने 47 साहित्य ग्रन्थों की अब तक रचना की है। कई रचनाएं अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है जिन पर काम चल रहा है। इसके अलावा पत्र पत्रिकाओं में भी उन्होंने अपनी रचनाएं लिखी हैं ।शोध कार्य भी उनके द्वारा किए गए हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय 11 मंचों पर उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी है। सरस्वती प्रतिष्ठान, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान सहित पांच संस्थाओं के द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया है। 78 संस्थाओं के द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है। संचालन कर रहे अवनेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि ऐसे साहित्य मनीषी का पूर्व शिक्षक हरिनाम सिंह के द्वारा बैसवारे में अभिनंदन निश्चित रूप से बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसके साथ ही मंच पर विराजमान बैसवारा विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह ,अध्यक्षता कर रहे स्वामी विज्ञानानंद जी महाराज ,डॉ गणेश नारायण शुक्ला, डॉक्टर विद्या बिंदु सिंह, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव, डॉ राम नरेश सिंह, डॉक्टर तहसीलदार सिंह, डॉ ओम धीरज, डॉक्टर बी एन विश्वकर्मा, डॉक्टर सूर्य प्रसाद दीक्षित, डीआर अमल धारी सिंह का भी सम्मान हुआ।
अभिनंदन समारोह के अवसर पर मुख्य रूप से राजेश सिंह फौजी, रामप्रताप सिंह, बीपी सिंह, सुधा द्विवेदी डॉक्टर चंपा श्रीवास्तव, डॉक्टर पुष्पा बरनवाल, डा. संजीव मिश्रा, डॉक्टर निरंजन राय ,डॉक्टर वी के भारद्वाज, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेशसिंह, रवींद्रसिंह, विवेक शर्मा ,मृत्युंजय बाजपेई, राहुल सिंह भदौरिया, अनिल गुप्ता, डॉ अविनाश सिंह, जय बहादुर सिंह, केशव सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह ,वीरेंद्र शुक्ला, रामगुलाम सविता, अजय कुमार सिंह ,स्वयंवर सिंह, नेहा शुक्ला, राजेश प्रताप सिंह ,लाल मणि सिंह ,डॉक्टर यस एन सिंह, विनय भदौरिया, सतीश कुमार सिंह ,आकर्षक द्विवेदी ,डॉक्टर एमडी सिंह ,अमरपाल सिंह, शैलेंद्र अग्निहोत्री, केसी गुप्ता आदि महानुभाव मौजूद रहे।

बालिका विद्या मंदिर की उप प्रधानाचार्य लक्ष्मी शुक्ला के निधन पर लोगों ने जताया शोक

लालगंज रायबरेली। बाल कल्याण समितिसे संचालित और विद्या भारती से संबो सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज की उप प्रधानाचार्य श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला के अचानक निधन पर लालगंज में शोक की लहर दौड़ गई है। श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला शांति नगर लालगंज की निवासी हैं। उनके पति उमा प्रसाद शुक्ला मेडिकल का व्यवसाय करते हैं और संघ के कार्यकर्ता हैं। श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला का निधन हार्ट अटैक से हुआ है। डलमऊ गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे, प्रबंधक सचिन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी, सत्येंद्र शुक्ला,चंद्र प्रकाश पांडे, सुशील शुक्ला, सरोज बाजपेई, अजय पांडे, नीरज बाजपेई, रामशरणअग्निहोत्री, मनोज अवस्थी, शिवकुमार अवस्थी , देवेश अग्निहोत्री,डॉक्टर एलएस त्रिवेदी, प्रियम पांडे ने शोक जताया है।

बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को नियमित करना चाहिए योगः बृजमोहन

लोकमित्र ब्यूरो
रायबरेली।योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि यह मानसिक शांति, तनाव में कमी, और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में भी सुधार करता है। इसके अतिरिक्त, योग छात्रों को मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में मदद करता है, जो उन्हें अपनी पढ़ाई में अधिक प्रभावी बनने में सहायक होता है।परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने योग किया। विद्यार्थियों को योग से होने वाले फायदे की जानकारी मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई के योगाचार्य बृजमोहन ने दी। उन्होंने अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। गायत्री महामंत्र का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि योग से बच्चे तनाव को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग परीक्षा की तैयारी में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि योग में अनुलोम-विलोम और कपाल भांति का महत्व है। संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने बताया कि बच्चों को नियमित मेडिटेशन करना चाहिए ताकि बच्चों को इससे मानसिक थकान नहीं होती है। मानसिक तनाव के कारण बच्चे डिप्रेशन में चले जाते हैं। इससे बचने के लिए वह योग का सहारा जरूर ले। बोर्ड परीक्षाओं का समय आ गया है। बच्चों के एग्जाम डेट शीट जारी होते ही वह परीक्षा को लेकर चिंतित हो जाते हैं। खासकर जो छात्र पहली बार बोर्ड परीक्षा देने वाले हैं, उनको एग्जाम को लेकर काफी स्ट्रेस होने लगता है। जैसे-जैसे परीक्षा का समय नजदीक आता है, कई बच्चे बीमार होने लगते हैं, इसकी एक वजह स्ट्रेस है। स्ट्रेस के कारण वह ठीक से खाते-पीते नहीं, न ही पर्याप्त नींद लेते हैं। ऐसे में परीक्षा के दौरान बच्चे शारीरिक और मानसिक तौर पर थकावट महसूस करते हैं।शिक्षक शुभेंदु सिंह ने योग शिविर में कहा कि परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों के माता पिता को उनके खानपान और रूटीन का पूरा ध्यान रखना चाहिए। उपस्थित साधक आरती (महिला योग प्रशिक्षिका), इंद्र कुमार, जतन प्रसाद, आदित्य, कृष्णा, देवतादीन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

एम्स रायबरेली के सुरक्षा कर्मियों के लिए व्यवहार-कौशल पर प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो
रायबरेली। एम्स रायबरेली में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों के लिए मेडिकल कॉलेज भवन एलटी- भूमि तल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण परिषद की ओर से कर्नल गौरव त्रिवेदी ने प्रशिक्षण का नेतृत्व किया। दो सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण का संचालन प्रियंका कुमार और पायल तलवार ने किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार- कौशल (सॉफ्ट स्किल्स) को बेहतर करना था। सॉफ्ट स्किल का तात्पर्य एक ऐसी व्यक्तिगत विशेषता से है जो व्यक्ति में परिस्थितिजन्य जागरूकता विकसित करती है और उसकी कार्य पूरा करने की क्षमता को बढ़ाती है। दो सत्रों में कुल 286 सुरक्षा कर्मियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभागिता की। एम्स रायबरेली के अधिशासी निदेशक प्रो. (डॉ.) अरविंद राजवंशी, उप-निदेशक (प्रशासन) कर्नल अखिलेश सिंह और वित्तीय सलाहकार कर्नल यू एन राय की पहल पर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सहायक सुरक्षा अधिकारी अजय सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वित किया।

एनएसपीएस त्रिपुला में आयोजित की गयी सत्र 2025-26 की प्रवेश परीक्षा

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में सत्र 2025-26 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विद्यालय में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों के साथ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना की साथ ही विद्यार्थियों ने भी विद्या की देवी माता सरस्वती को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। परीक्षा के दौरान उप-प्रधानाचार्य फैजान खान ने अभिभावकों को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराते हुए छात्रों को दी जानें वाली सुविधाओं का अवलोकन कराया।इस अवसर पर संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, रामदेव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो
लालगंज रायबरेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 119 वे मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने इसरो सहित अन्य सामाजिक आर्थिक उपलब्धियो को जनता के साथ साझाकिया। खासतौर से प्रधानमंत्री ने युवाओं व नारी शक्ति पर चर्चा करते हुए कहा कि मजबूत राष्ट्र के लिए दोनों का शिक्षित और आर्थिक स्तर पर मजबूत होना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने 8 मार्च को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को विशेष सौगात दी है जिसमें वह अपनी उपलब्धियो को प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स और इंस्टाग्राम पर साझा करेंगी। प्रधानमंत्री ने बढ़ते एआई तकनीक पर भी चर्चा की और कहा कि आज देश के लोग एआई तकनीक का उपयोग कर विभिन्न उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। लालगंज नगर के कृष्णा नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, जयशंकर बाजपेई, लालगंज मंडल महामंत्री राजेश निर्मल, उदय नारायण बाजपेई, जयशंकर चौधरी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो
रायबरेली। जिला पंचायत सभागार में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हरचंदपुर सहित सताव ब्लॉक की सभी पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें जिला पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में आवश्यक कार्यों का विवरण मांगा। पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से दिए गए कामों को जिला पंचायत से अथवा राज्य सरकार से कराए जाने की बात करी उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों से जिले के विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन बुलाने का मेरा उद्देश्य सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतरना जिससे गांव के हर गरीब व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर क्षेत्र से आए पंचायत प्रतिनिधियों ने मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से अपने गांव की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी और गांव में नाले सड़क जल निकासी जैसी व्यवस्थाओं को सही करने की अपील की। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को उनके दिए गए कामों को शीघ्र करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष सताव राजेश बाजपेई , कृष्ण जीवन तिवारी, गया लोधी इटोरा बुजुर्ग, रामचंद पासवान प्रधान संघर्ष हरचंदपुर, मुकेश सिंह ,रामकुमार कोरी जिला पंचायत सदस्य हरचंदपुर, मोहम्मद शरीफ जिला पंचायत सदस्य सताव ,कमलेश यादव नंदा खेड़ा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित त्रिवेदी, अमृतलाल, अशोक ,सतीश साहू, शोभापुर प्रधान दीपू सिंह ,रंजीत मझगवां हरदोई ,शिव बालक पासवान जोहवा सर्की, प्रेम तिवारी जोहवा हिसार ,दिनेश सिंह प्रधान सेवकी अनुराग यादव सहित सैकड़ो पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

समारोह में बार संघ पदाधिकारी, चिकित्सक, समाजसेवी हुए सम्मानित

बांदा। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने पर रविवार को आर्य समाज मंदिर बलखंडीनाका में पंच कुंडीय महायज्ञ और सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, महासचिव समेत अन्य पदाधिकारियों, समाजसेवियों, चिकित्सकों आदि को सम्मानित किया गया। आर्य समाज मंदिर बालखंडीनाका में पंच कुंडीय यज्ञ व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आर्य समाज समिति द्वारा सभागार में अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष द्वारिकेश यादव मंडेला, महासचिव मनोज निगम लाला, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रसाद सोनी, आर्य समाज के वरिष्ठ सदस्य शिवप्रसाद आर्य, शिवमंगल आर्य, समाजसेवी अमित सेठ भोलू व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक डॉक्टर कमल शिवहरे को समिति के द्वारा माल्यार्पण, अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र व महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा रचित ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश भेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉक्टर विवेक आर्य ने किया। समिति के मंत्री रामेंद्र सिंह लाला ने आए हुए सभी अतिथियों व वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सबसे पहले सभी आए हुए अतिथियों व वरिष्ठ जनों ने पंचकुंडीय यज्ञ में आहुतियां दीं। कार्यक्रम में समाज के समस्त कार्यकर्ता अधिवक्ता व समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वेद प्रकाश गुप्ता, संतोष गुप्ता, रामेंद्र सिंह, राम विशाल विश्वकर्मा, छेदीलाल यादव, सभाजीत, राममिलन पटेल, बृजेश द्विवेदी, प्रवीण निगम, संजय श्रीवास्तव, अमित साहू, देवेंद्र सिंह, सजल कुमार रेंडर, संत कुमार गुप्ता, राजेंद्र यादव, जयकरण वर्मा, कुलदीप श्रीवास्तव, राजेश शुक्ला, अखिलेश, शुभम गुप्ता, गोविंद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

बाइकर्स गैंग द्वारा बाहरी श्रद्धालुओं से जमकर वसूली, पुलिस बेखबर

नैनी (प्रयागराज)। महाकुंभ प्रयागराज में अमृत स्नान करने के लिए दूर दराज से आने वाले बाहरी श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डे से संगम घाट पहुंचाने के नाम पर बाइकर्स गैंग के द्वारा उनसे मनमानी वसूली की जा रही है। समाचार पत्रों में बार-बार खबर प्रकाशित होने के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी बेखबर बने हुए हैं।
जैसा कि मालूम हो, महाकुंभ प्रयागराज में अमृत स्नान करने के लिए दूर दराज से बाहरी श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। काफी दूर तक पैदल चलने पर श्रद्धालु थक हारकर परेशान हो जाते हैं। कुछ बाइकर्स गैंग के द्वारा छिवकी, नैनी रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डे से अरैल संगम घाट पहुंचाने के नाम पर श्रद्धालुओं से 500 से लेकर 1000 रुपए जबरन वसूल किया जा रहा है। पैसा लेने के बावजूद बाइकर्स गैंग द्वारा बाहरी श्रद्धालुओं को बीच रास्ते में ही उतार दिया जाता है। जिससे वह लोग इधर-उधर भटक जाते हैं। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी कई बार पुलिस प्रशासन को दी गई। बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। बाइकर्स गैंग चालकों के चलते प्रयागराज की इस व्यवस्था से बाहरी श्रद्धालुओं के बीच गलत संदेश जा रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराते हुए ऐसे बाइकर्स गैंग चालकों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

रात में एक लाइट के सहारे चल रहे वाहन, हो रहीं दुर्घटनाएं

लेड़ियारी (प्रयागराज)। एक तरफ ठंड और कोहरे वहीं तेज रफ्तार से एक बत्ती के चल रहे वाहनों के चलते आए दिन दुर्घटनाएं बनी हुई। जबकि लोगों ने कई दफा इसकी शिकायत दर्ज कराई लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे बाइक सवार और राहगीर मौत के गाल में समा रहे हैं।बताया जाता है कि प्रयागराज जाने वाले बड़े वाहनों का नो एंट्री लगे रहने से नारीबारी से कोरांव वाया मांडा, भारतगंज, होते हुए मिर्जापुर, बनारस तक ट्रक तथा आसपास में ट्रैक्टर चालक चला करते हैं। उनमें एक लाइट जलने से बाइक सवार अक्सर भिंड़त होने से या तो गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं या उनके टक्कर लगने से मौत होती रहती है।
जबकि इन दिनों सड़क किनारे अधिकांश बालू , गिट्टी व्यवसाई रोड़ तक किए जाने से राहगीर अपने बचने के लिए अक्सर गिरकर जान चली जाती है। जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने बार संशोधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन इस ओर ध्यान नहीं देने पर समस्या बनी हुई है।

परिवहन विभाग की बसों का संचालन न होने से यात्री परेशान

लेड़ियारी (प्रयागराज)। परिवहन विभाग की बसों का संचालन न होने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । बसों का संचालन न होने के कारण लोगों को आवागमन के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ है । किराए के नाम पर निजी वाहन चालकों द्वारा मनमाना शोषण यात्रियों का किया जा रहा है । आए दिन इसी बात पर विवाद भी होता रहता है । राकेश कुमार कुशवाहा , सुनील कुमार कुशवाहा , विनोद कुमार दुबे, विष्णु प्रताप सिंह , देवराज सिंह , श्याम नारायण बिंद राजेन्द्र प्रसाद केशरी, शंकर दयाल तिवारी ने बताया कि पूर्व में बड़ोखर वाया प्रयागराज , खीरी , टौंगा , बहरैचा , कैथवल, देईबाध , रतेवरा नारीबारी, चाकघाट, लखनऊ तक परिवहन निगम की बसें संचालित की जाती थी । लेकिन एक दशक पूर्व से बंद किए जाने से लोगों की दिक्कत उठानी पड़ रही है । राज्य परिवहन निगम की बसें न होने से लोगों के सामने जटिल समस्या लगातार बनी हुई है । ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए परिवहन निगम की बसों का संचालन शुरू करने की मांग की है।

अरैल संगम क्षेत्र में बेअसर साबित हो रहा "नो व्हीकल जोन" का आदेश

नैनी (प्रयागराज)। अरैल संगम क्षेत्र स्थित सेक्टर-23 से लेकर 25 तक मेला प्रशासन द्वारा जारी ÷नो व्हीकल÷ जोन का आदेश बेअसर साबित हो रहा है। चार पहिया वाहन खुलेआम फर्राटा भर रहे हैं। स्नानार्थियों की भारी भीड़ के बावजूद पुलिस आदेश को अमली जामा पहनाने में परहेज कर रही है।जैसा कि मालूम हो, अरैल मेला क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार, उड़ीसा, महाराष्ट्र, कर्नाटक समेत तमाम राज्य के स्नानार्थियों का दिनो रात तांता लगा हुआ है।
बच्चे, बूढ़े, जवान व महिलाएं लगातार पहुंच रहे हैं। आने और जाने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उसी भीड़ में हूटर बजाते हुए एक साथ आधा दर्जन चार पहिया वाहन फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं। इसके अलावा कुछ असरदार लोगों के वाहन भी खुलेआम दौड़ रहे हैं। उन्हें पुलिस वाले नहीं रोक रहे है, जबकि मेला क्षेत्र के बाहर बैरिकैडिंग लगाकर वाहनों को आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। भारी भीड़ में वाहनों की आवाजाही से हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

दीवार फांदकर घर में चोरी

नैनी(प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के शिव नगर निवासी पूरन चंद पांडे के घर में दीवार फांदकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि इस समय मकान में परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था सभी अपने रिश्तेदार के यहां उत्तराखंड में शादी होने के कारण परिवार के साथ उत्तराखंड गए हुए थे बीती रात को चोरों ने दीवार फांदकर चोरी कर लिया अभी कितने की चोरी हुई इसकी जानकारी नहीं हो पाई परिवार के आने के बाद पुलिस को सूचना दी जाएगी।

सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा, लोग परेशान

तहसील में कई बार स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से की शिकायत अब तक नहीं हो सकी कोई कार्रवाई

लेड़ियारी (प्रयागराज)। सार्वजनिक स्थान पर हो रहे कब्जे को लेकर ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है । इससे गांव में कोई मांगलिक कार्य होने पर हर किसी विशेष परिस्थितियों पर तालाबों पर जाकर कार्य किया करते हैं। लेकिन शिकायत के बावजूद तहसील के अधिकारी मुख बने हुए हैं। बताया जाता है कि लेड़ियारी एक दशक पूर्व मनरेगा द्वारा तालाबों की खुदाई की गई थी। इसके लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर रही है। वही दबंगों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है । स्टेट राजमार्ग पर स्थित लेड़ियारी के दोनों तरफ है। लेकिन तालाब को पाटकर कोई गोमती तो कुछ लोग भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया जाता है कि विकास खंड कोरांव में बिना पैमाइश के ही तालाब खोदाई की गई थी । तहसील के अधिकारियों की मिली भगत से तालाबों पर कब्जा जोरों पर चल रहा है । तहसील दिवस पर कई बार प्रार्थना पर देने के बावजूद भी आज तक इस और ध्यान न देने से सार्वजनिक स्थानों में जोरों पर कब्जा बना हुआ है । बताया जाता है कि उसरी , लेड़ियारी , देईबाध , जानकीतारा , चैलारी , करपिया, नीबी , बघोल, बहरैचा , खीरी गोबरा , पुरादत्तु खपटिहा , कोलसरा , पथरपुर , आदि तालाबों को बिना पैमाइश के ही कार्य प्रारंभ किया गया था। जबकि यहां पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा है । इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर दीवानी का मुकदमा भी काम है । लेकिन गांव के जनप्रतिनिधि के मिलीभगत पर कब्जा नहीं हटाने दे रहे हैं । इतना ही नहीं लेड़ियारी में 44 बीघा सात विश्वा गांव सभा की भूमि पर कब्जा बना हुआ है। विकास खंड कोरांव के कई तालाबों स्थानों कब्जा हो चुका है । लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है । कहीं तालाबों के किनारे मकान बन गए हैं । लोग खेती भी कर करने लगे हैं । नीबी ग्राम पंचायत में 36 संख्या बना तालाब में कब्जे की चपेट में है । इसके कारण जल संरक्षक तो हो ही नहीं पता । साथ ही मवेशियों को पानी के लिए भी दिक्कत होती है । इसके अलावा बाजारों में शौचालयों अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है ।

स्वच्छता के जननायक संत गाडगे ने जातिवाद के खिलाफ जनजागरण किया: मुख्यमंत्री

संत गाडगे के संदेश को प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया आगे, आज वैश्विक आंदोलन बन चुका है 'स्वच्छता अभियान'- योगी

लोकमित्र ब्यूरो
महाकुम्भनगर। राष्ट्रसंत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती पर रविवार को महाकुम्भ नगर के सेक्टर 1 स्थित गंगा पंडाल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत गाडगे को नमन करते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिन्होंने जातिवाद, अंधविश्वास और अस्वच्छता के खिलाफ व्यापक जनजागरण कर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाडगे जी महाराज का जीवन समाज में जागरूकता और सुधार लाने का प्रेरणास्रोत रहा है। वे जहां भी जाते, कीर्तन के माध्यम से शिक्षा और स्वच्छता का संदेश देते और अपने साथ झाड़ू रखकर स्वच्छता के प्रति जनमानस को प्रेरित करते। उन्होंने कहा कि गाडगे जी कहते थे कि ईश्वर का वास वहीं है, जहां स्वच्छता है। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छता अभियान की शुरुआत की, जो आज वैश्विक आंदोलन बन चुका है।

स्वच्छता अभियान बना वैश्विक आंदोलन

सीएम योगी ने कहा कि संत गाडगे जी ने एक सदी पहले स्वच्छता का जो संदेश दिया था, वही आज प्रेरणा बनकर करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों घरों में शौचालय बनाए गए, जिससे नारी गरिमा की रक्षा हुई और बीमारियों से बचाव संभव हुआ। उन्होंने प्रयागराज की जनता की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाकुम्भ के आयोजन में शहर ने स्वच्छता और सुव्यवस्था की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि आज प्रयागराज में जाम की स्थिति नहीं है और यहां की जनता ने महाकुंभ को अपना आयोजन मानकर अतिथि सेवा का जो भाव दिखाया है, वह सराहनीय है।

अगले वर्ष 150वीं जयंती होगी और भव्य

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगले वर्ष संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती को और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है और स्वच्छता के इस संदेश को और अधिक विस्तार देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विधान परिषद् सदस्य सुरेन्द्र चौधरी की इस बात के लिए विशेष सराहना की कि उन्होंने संत गाडगे जी की 149वीं जयंती के अवसर पर इतना विशाल आयोजन आयोजित कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज की जयंती पर आयोजित यह समारोह न केवल स्वच्छता के महत्व को दोहराने का अवसर बना है, बल्कि सामाजिक सुधारों के प्रति जनचेतना को भी प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ है।

समारोह में इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस अवसर पर जगदुरु सतुआ बाबा आश्रम के संत संतोषाचार्य महाराज, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, ज्वाला माता मंदिर के संत अशोक महाराज, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, विधान परिषद् सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, भाजपा के कई पदाधिकारी और संत गाडगे जी महाराज के अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पीएम मोदी ने की स्वच्छता कर्मियों व पुलिस की प्रशंसा कहा, महाकुम्भ में आने वाला हर शख्स कर रहा गुणगान

पीएम मोदी ने बागेश्वर धाम के मंच से महाकुम्भ में स्वच्छता को सुनिश्चित कर रहे स्वच्छता कर्मियों व स्वच्छाग्राहियों के प्रयासों को सराहा

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ-2025 एक ओर भव्यता, दिव्यता और सनातन के पुरातन वैभव के साथ आधुनिकता के समावेश के लिए चर्चाओं में है, वहीं स्वच्छता और सुव्यवस्थित जन प्रबंधन के लिहाज से भी महाकुम्भ की देश-दुनिया में तारीफ हो रही है। खुद पीएम मोदी ने भी रविवार को स्वच्छता कर्मियों व पुलिसकर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाकुम्भ में आने वाला हर एक शख्स गुणगान कर रहा है। मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि महाकुम्भ में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के मुंह से हिंदुस्तान के कोने-कोने में स्वच्छता कर्मियों के अथक प्रयासों का गुणगान सुनाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि चौबीसों घंटे जिस सेवा भाव से एकता के महाकुम्भ में स्वच्छता के कार्य को संभाल रहे हैं वह सभी स्वच्छता के साथियों को मेरा नमन है। आगे उन्होंने पुलिस प्रशासन के कुशल प्रबंधन और पुलिसकर्मियों की मेहनत, धैर्य व विनम्र स्वभाव की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने अपने स्वभाव से देशवासियों का दिल जीत लिया है।

बागेश्वर धाम के मंच से स्वच्छता कर्मियों व पुलिस के प्रयासों को सराहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एंड साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट की आधारशिला कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रयागराज महाकुम्भ में की गयी व्यवस्थाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जो भी महाकुम्भ में गया है उसने वहां एकता के दर्शन तो किए ही हैं लेकिन जिन-जिन से मेरा मिलना हुआ है उनके मुंह से दो बातें मुख्य तौर पर सुनने को मिली है। हिंदुस्तान के कोने-कोने में इनकी तारीफ सुनाई देती है।
इनमें स्वच्छता कर्मी और पुलिस कर्मी प्रमुख हैं जिन्होंने अपनी मेहनत, धैर्य और विनम्र स्वभाव से सभी का दिल जीत लिया।

महाकुम्भ में दिखी सीएम योगी के विजन की ताकत

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी की प्रेरणा से ही सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर महाकुम्भ में स्वच्छता कर्मियों द्वारा चौबीसों घंटे महाकुम्भ मेला क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अथक प्रयास निरंतर जारी हैं। वहीं, पुलिस प्रशासन से कुशल जनप्रबंधन की भी देश-दुनिया में तारीफ हो रही है। सीएम योगी का विजन था कि प्रदेश की पुलिस मित्र पुलिस के तौर पर कार्य करे और उनके इस विजन को धरातल पर उतारते हुए महाकुम्भ में तैनात पुलिसकर्मी स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं की शंकाओं व समस्याओं का निराकरण करते हुए विनम्र तरीके से जन प्रबंधन की प्रकिया को पूर्ण कर रहे हैं।

गरीबों की सेवा करने से पुण्य मिलता है - डा.जे के पटेल

निशुल्क नेत्र शिविर में 259 मरीजों का हुआ इलाज

लोकमित्र ब्यूरो
बहरिया । दोनइया चौराहे पर स्थित रोबिल चेरिटेबुल मानव सेवा संस्थान पटेल अस्पताल में रविवार को एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जिसका उद्घाटन अस्पताल के संस्थापक डा जे के पटेल ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे शिविर लगना चाहिये जिससे गरीबों का इससे लाभ मिलता रहे जो यह एक पुण्य का काम है नेत्र शिविर में नेत्र सर्जन डा ए मिसबाह ने आये हुये मरीजों को आंख में होने वाले रोगों के बारे में बताते हुये कहा कि आंख बहुत ही नाजुक अंग है समय समय पर इसकी जांच करवाते रहना चाहिये जिससे होने वाले रोगों का समय से पता चल सके जिसका समय रहते इलाज हो सके।
डा जे के पटेल ने बताया कि शिविर में कुल 259 मरीजों की निःशुल्क किया जिसमें 25 मरीजों को चश्मा लगाने और 11 मरीजों को आपरेशन करने की सलाह दिया गया तथा मरीजों को दवा व आई ड्रॉप निशुल्क दिया गया शिविर में मुख्य रूप से अखिलेश पटेल,डा राहुल पटेल,मो मकबूल, रोहित पटेल,उमेश पटेल, सूर्य कुमार पटेल व संतोष कुमार आदि लोग रहे।

युवक के ऊपर हुआ जानलेवा हमला

बहरिया । स्थानीय थाना क्षेत्र के सातनपुर निवासी संजय यादव के ऊपर रविवार की रात को इनके पड़ोस के रहने वाले रंग बहादुर यादव पुत्र मिठाई लाल ने मां बहन को गाली देते हुये जान से मारने के लिये अवैध कट्टा से संजय यादव को जान से मारने की नियत सें कनपटी पर सटा दिया तभी परिवार वाले मौके पर आ गये तो वह जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला दुबारा सुबह फिर घर के पास अवैध कट्टा लेकर मारने के लिये ललकारते हुये कहा कि अपने भाई कुलदीप की मदद से हांथ पांव तोड़ डालूंगा तभी परिजनों ने किसी तरह से अवैध कट्टा के साथ आरोपी को पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने आरोपी को अवैध कट्टा के साथ पकड़ कर थाने लाये बहरिया पुलिस ने संजय यादव की तहरीर पर आरोपी रंग बहादुर यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुये न्यायालय भेजा दिया। जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

प्राचीन जलाशय में चलाया गया सफाई अभिमान

थरवई । निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छ जल स्वच्छ मां के मिशन को निरंकारी बाबा हरदेव जी महाराज के जन्म दिवस के अवसर पर पांडेश्वर नाथ धाम में स्थित पूरे प्रांगण को और प्राचीन काल से बने हुए जलाशय को निरंकारी मिशन के तत्वाधान द्वारा हजारों श्रद्धालुओं ने मिलकर पांडेश्वर नाथ धाम परिसर को और जलाशय को साफ किया और पूरे कचरा को इकट्ठा कर दूर गड्ढे में डाला गया । ग्राम प्रधान जैतवारडीह महेंद्र गिरी के सहयोग से संपन्न हुआ ।इस अवसर पर छेदीलाल शिक्षक सेवा दल इंचार्ज सतीश कुमार श्रवण कुमार, दीपक , हरिश्चंद्र श्याम, मानिकचंद आदि मौजूद रहें ।

धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़: धर्मांतरण कराने के नाम पर खेल खेलने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो
सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव के मकान में काफी समय से धर्मांतरण का खेल चल रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने मकान को घेर लिया। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस को सूचना देने पर हरगांव पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कई महिला पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया। मकान की तलाशी में बड़ी मात्रा में धर्मांतरण सामग्री व किताबें भी बरामद की गई। हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पीछे बने मकान में बनी चर्च में पुलिस की नाक के नीचे काफी समय से धर्मांतरण का कार्य चल रहा था। रविवार को मिली सूचना पर हरगांव पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर मकान में अवैध रूप से बंद कुछ कार्यकर्ताओं को छुडाते हुए वहां पर मौजूद पादरी सुरेश चंद्र पुत्र सटल्लू सहित छः महिलाओं व चार पुरूषों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में ईसाई धर्म संबंधित पाठ्य सामग्री भी बरामद की गई। यह चर्च स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हरगांव के पीछे बने कथित पादरी सुरेश चंद्र रैदास पुत्र सटल्लू रैदास के मकान में काफी समय से चल रही है। सूचना पाकर बजरंगदल के जिला संयोजक अनुज भदौरिया, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, सीनू मिश्र, सतीश कुमार आदि बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने उक्त मकान को घेरकर पास गांवों के गरीब महिलाओ व पुरुषों को बरगलाकर हिंदू धर्म छोडवा कर ईसाई बनाया जा रहा था। बजरंगदल के कार्यकर्ता सतीश कुमार मिश्र, मोनू सिंह, सत्येंद्र सिंह को कारण पूंछने पर पादरी सुरेश चंद्र पुत्र सटल्लू के व्दारा जबरिया बंधक भी बनाया गया जो सूचना देने पर पहुंची पुलिस बल के व्दारा छुड़ाया गया। पुलिस ने चर्च बने मकान से कई बाइबिलें, मजींरा, झुनझुना भी बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के अनुसार संबंधित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पकडे गए आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

जलशक्ति मंत्री ने विधायक के पिता के निधन पर पुष्प अर्पित कर जताया शोक

लोकमित्र ब्यूरो
सीतापुर। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह रविवार को महमूदाबाद पहुंचे। उन्होंने शाहजानी वार्ड स्थित कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के आवास पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कुछ दिनों पूर्व कुर्सी विधायक साकेद प्रताप वर्मा के पिता का निधन हो गया था।
स्वतंत्र देव सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने बेटे साकेंद्र वर्मा, ज्ञानेंद्र वर्मा, भतीजे आयुष वर्मा से शोक संवेदना व्यक्त की। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि श्री रामकुमार का जाना संघ के लिए अपूर्णीय क्षति है

उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने बतौर स्वयंसेवक नई पीढ़ी में संस्कार और अनुशासन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मस्जिद का चबूतरा बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट,20 अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो
सीतापुर। थाना हरगांव क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मस्जिद के पास चबूतरा बनाए जाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद में मारपीट हुई। दोनों पक्षों से तहरीर दी गई जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बीस लोगों को गिरफ्तार किया है।थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा दर्ज मुकदमें में वांछित 20 अभियुक्तों मो0 आफाक पुत्र मुन्ना, मो0 सुहेल पुत्र फारुक, वारिस अली पुत्र जाबिर अली, मोईन अहमद पुत्र असगर अली, चांद बाबू पुत्र मुस्ताक अहमद, मो. अमन पुत्र अब्दुल सलाम, अरशद पुत्र अब्दुल लतीफ, स्वालहीन पुत्र इस्लाम, साकिर अली पुत्र जहूर, मो0 युनुस पुत्र समसूद्दीन, मो0 इमरान पुत्र खुर्शीद अहमद, जियाउलहक पुत्र अब्दुल लतीफ,

अतीब पुत्र फकरुद्दीन, एहताशाम पुत्र जब्बार, उबैद पुत्र मतीन, सुहेल पुत्र सदरूद्दीन उर्फ मदन, मो0 आदिल पुत्र रफीक, दानिश पुत्र सदरूद्दीन उर्फ मदन, मुशीर पुत्र महबूब तथा आंशू उर्फ रहीश पुत्र मकबूल सर्व नि0गण ग्राम इस्माइलपुर थाना हरगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। 22 फरवरी को थाना हरगांव अतंर्गत इस्माइलपुर में एक ही समुदाय(मुस्लिम) के दो पक्षों के मध्य मस्जिद के पास चबूतरा बनाने को लेकर विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम के सामने दोनो पक्षों में मारपीट/पथराव के प्रकरण में थाना हरगांव पर उपरोक्त पंजीकृत कर हरगांव पुलिस टीम द्वारा नामजद उपरोक्त 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया जा रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर किया उन्हें याद

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय पुनर्जागरण के महान स्तंभ के रूप में याद किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और उनके विचारों को अपनाने पर जोर देते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बात कहीं।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभ स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। स्वामी दयानंद जी द्वारा चलाए गए शिक्षा और समाज सुधार कार्यक्रमों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी। हमारे देश के प्राचीन गौरव को पुनः स्थापित करने के उनके विचारों से प्रेरणा लेकर हम सब भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहें।वहीं कांग्रेस पार्टी ने एक्स पर लिखा, महान समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती पर सादर नमन।स्वामी दयानंद सरस्वती एक महान हिंदू दार्शनिक और समाज सुधारक थे। वे आर्य समाज के संस्थापक थे, जिन्होंने महिलाओं की असमानताओं और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी।उनका जन्म गुजरात में 1824 में एक प्रमुख हिंदू ब्राह्मण परिवार में मूल शंकर तिवारी के रूप में हुआ था। उन्होंने बाल विवाह और सती जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।स्वामी दयानंद सरस्वती महिला अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने महिलाओं के लिए समान अवसर को बढ़ावा दिया और यहां तक कि शिक्षा तक उनकी पहुंच के लिए भी लड़ाई लड़ी।उन्होंने शिक्षा संबंधी सुधारों को भी लागू किया, जिससे महिलाओं को शिक्षा और अन्य अधिकार प्राप्त करने में मदद मिली। उनकी प्रमुख कृतियों में ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका, सत्यार्थ प्रकाश और संस्कार विधि शामिल हैं।महर्षि दयानंद सरस्वती की पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश ने समाज में वैदिक मूल्यों के पुनरुद्धार में योगदान दिया।स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती हर साल हिंदू महीने फाल्गुन के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को मनाई जाती है। ऐसे में इस साल उनकी जयंती आज मनाई जा रही है।

पंजाबी अभिनेत्री सोनिया मान आम आदमी पार्टी में हुईं शामिल, अरविंद केजरीवाल ने पहनाया सिरोपा

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाबी अभिनेत्री सोनिया मान ने आम आदमी पार्टी में शामिल होकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत कर दी है। आज पंजाब में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उनके शामिल होने की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।सोनिया मान इससे पहले दिल्ली में केजरीवाल से मिल चुकी हैं। जहां केजरीवाल ने उन्हें सरोपा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। माना जा रहा है कि सोनिया मान के शामिल होने से पंजाब में आप को गति मिलेगी, खासकर युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।सोनिया मान फिल्मी जगत में अपनी खास पहचान बना चुकी हैं और सामाजिक मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी राय रखती रही हैं। अब उन्होंने आप से अपनी सियासी पारी की शुरुआत करने का फैसला किया है।

राजस्थान विधानसभा में गतिरोध बरकरार

● डोटासरा समेत 6 कांग्रेस विधायक निलंबित, विपक्ष का धरना जारी

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत 6 विधायकों के निलंबन के बाद सियासी तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है।

रविवार को भी विपक्षी विधायकों का धरना सदन में लगातार तीसरे दिन जारी रहा। मंत्रियों के साथ दो दौर की वार्ता भी बेनतीजा रही।कांग्रेस विधायक निलंबन रद्द करने, इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी को कार्यवाही से हटाने और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत से माफी की मांग पर अड़े हुए हैं।संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा, हमने प्रतिपक्ष से बातचीत की है और चाहते हैं कि सदन सुचारू रूप से चले। कांग्रेस को अपनी हठधर्मिता छोड़कर गलती का एहसास करना चाहिए।

शनिवार को कांग्रेस ने विधायकों के निलंबन के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर पुतले जलाकर प्रदर्शन किया। अब 24 फरवरी को विधानसभा घेराव की तैयारी की जा रही है, हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

● क्या है पूरा मामला?

21 फरवरी को प्रश्नकाल के दौरान मंत्री अविनाश गहलोत की इंदिरा गांधी पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया था। गहलोत ने कहा था, 2023-24 में आपकी दादी इंदिरा गांधी के नाम पर योजना का नाम रखा था।

इस टिप्पणी को अपमानजनक बताते हुए कांग्रेस विधायकों ने वैल में आकर जोरदार हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा, दादी शब्द सम्मान का प्रतीक है। मगर विवाद और बढ़ गया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही चार बार स्थगित करनी पड़ी।

किन विधायकों का हुआ निलंबन?

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के प्रस्ताव पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस के इन छह विधायकों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया-

* गोविंद सिंह डोटासरा
* रामकेश मीणा (उप नेता प्रतिपक्ष)
* अमीन कागजी
* जाकिर हुसैन गैसावत
* हाकम अली खान

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर सजकर तैयार



वाराणसी (आरएनएस)। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर सजकर तैयार हो गया है। मंदिर प्रशासन द्वारा जगमगाती लाइटें लगाई गई हैं। वहीं, मंदिर परिसर में बाहर विभिन्न जगहों पर एलईडी भी लगाई गई है। जहां से काशी विश्वनाथ की आरती लाइव देख सकेंगे। मंदिर प्रशासन को अनुमान है कि महाशिवरात्रि के मौके पर काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए करोड़ों लोग पहुंच रहे हैं। यहां पर मां गंगा की आरती और पूजा-अर्चना करने के बाद भारी तादाद में श्रद्धालु काशी विश्वनाथ भी पहुंच रहे हैं।वाराणसी कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ मंदिर और पूरे काशी में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर प्रशासन और पुलिस समेत सभी संबंधित विभाग व्यवस्था और सुरक्षा पर काम कर रहे हैं। आगामी कुंभ मेले को देखते हुए इस वर्ष का उत्सव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिसमें कई अखाड़े जुलूस में भाग लेंगे और शिवरात्रि पर मंदिर का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में ट्रैफिक नियंत्रण, पुलिस की तैनाती और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रशासन इस बार के महाशिवरात्रि को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहा है।19 फरवरी को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा, प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस साल 13 जनवरी से लेकर 13 फरवरी तक काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए एक करोड़ 55 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। वहीं, 1 फरवरी से 17 फरवरी तक एक करोड़ चार लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। यह अपने-आप में एक रिकॉर्ड है।

सारण पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दो घंटे में किया गिरफ्तार

छपरा (आरएनएस)। सारण जिले के मढ़ौरा में आज एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में नाबालिग के परिजनों के द्वारा मढ़ौरा थाना में एक प्राथमिक की दर्ज कराई गई इसके बाद पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए प्राथमिक की दर्ज करने के मंत्र 2 घंटे के अंदर दुष्कर्म के आरोपी बालक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बात की जानकारी सारण एसपी डॉक्टर कुमार आशीष ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है इसमें उन्होंने बताया है कि पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 2 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके विरोध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।यह घटना सारण जिला के मढ़ौरा थानान्तर्गत ग्राम जोधौली में हुआ है जहां पर एक नाबालिग लड़की के साथ एक नाबालिग लड़का के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है।

महाकुंभ में रेलवे ने श्रद्धालुओं के लिए 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का किया संचालन

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य और दिव्य महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से कोई दिक्कत न हो इसके लिए मेला प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था की गई है। महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु रेल मार्ग से आ रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल मेला गाड़ी भी चलाई जा रही है।रेलवे की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए 14 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन किया गया। इसमें 92 फीसदी ट्रेन मेल, एक्सप्रेस, सुपर-फास्ट, पैसेंजर और मेमू श्रेणी की रही हैं। जबकि 472 राजधानी और 282 वंदे भारत ट्रेन संचालित हुई। ज्ञात हो कि एक आंकड़े के अनुसार अब तक महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है। मेला समापन की ओर बढ़ रहा है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार महाकुंभ पहुंच रही है। ऐसे में रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।हाल ही में उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा कि अब कुंभ मेला अपने अंतिम सप्ताह में पहुंच गया है। महाशिवरात्रि के दिन आखिरी पवित्र स्नान होगा। इस अवसर पर हमारी तैयारियों को और बेहतर बनाने का लक्ष्य है, ताकि यात्री सुविधाओं को बढ़ाया जा सके तथा यातायात में कोई व्यवधान न हो। स्टेशन पर टिकट काउंटर, ऑटोमेटेड टिकट वेंडिंग मशीनें, खानपान की सुविधाएं और सुरक्षा बढ़ाई गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर विशेष तैयारियां की गई हैं।अजमेरी गेट की ओर एक इनक्लोजर, एक एरिना और एक होल्डिंग क्षेत्र का विकास किया गया है। 15 अनारक्षित टिकट काउंटर और 10 ऑटोमेटेड टिकट वेंडिंग मशीनें चालू हो जाएंगी। वर्तमान में 10 काउंटर और पांच ऑटोमेटेड मशीनें काम कर रही हैं। इसके अलावा, यात्रियों के खानपान के लिए काउंटर लगाए गए हैं और महिलाओं के लिए एक अलग काउंटर खोला जाएगा। एक इन्क्रायरी काउंटर भी बनाया गया है, ताकि किसी भी यात्री को कोई समस्या न हो और उन्हें सही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से उन स्थानों के लिए भी तैयारियां की गई हैं, जहां अतिरिक्त भीड़ हो सकती है।बाहरी क्षेत्रों में भी अतिरिक्त सुरक्षा और क्राउड कंट्रोल की व्यवस्था की गई है, ताकि प्लेटफॉर्म के भीतर और बाहर भीड़ को सही तरीके से नियंत्रित किया जा सके। प्रयागराज जाने वाली स्पेशल ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर 16 से चलाने का निर्णय लिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और उन्हें ब्रिज की सीढ़ियों से गुजरने की आवश्यकता न हो।

डा. भीमराव का अपमान करने वाले नेता को बाहर का रास्ता दिखाए कांग्रेसः आकाश आनंद

लखनऊ,(हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती के भतीजे एवं पार्टी के नेता आकाश आनंद ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उदित राज पर हमला बोला है। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती के बाद बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर पर अमर्यादित शब्द बोलने वाले कांग्रेस नेता उदित राज को बाहर का रास्ता दिखाने की मांग की है।आकाश आनंद ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस के ये नेता बहुजन मूवमेंट का लगातार अपमान कर रहे हैं। पहले बहन मायावती का गला घोंटने की धमकी देने के बाद कांग्रेस के इस नेता ने बाबा साहेब के योगदान पर भी अशोभनीय टिप्पणी की है। उससे जाहिर होता है कि बाबा साहब के प्रति कांग्रेस पार्टी और उसके नेतृत्व के कैसे विचार हैं।उन्होंने कहा कि संसद में शोर करने और दलित छात्रों के साथ फोटो खिंचवाने से राहुल गांधी दलितों के हितैषी नहीं बन सकते। उन्हें बाबा साहब का अपमान करने वाले इस अवसरवादी नेता को तत्काल पार्टी से बाहर करना चाहिए। मैं ये साफ कर दूं कि बाबा साहब करोड़ो बहुजनों के भगवान हैं। हम अपने भगवान का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

बॉर्डरमेन मैराथन 2025 में दौड़े 5000 से ज्यादा लोग

बीएसएफ महानिदेशक बोले युवाओं को जागरूक करना उद्देश्य

अमृतसर (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को अमृतसर में 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का आयोजन किया। अमृतसर के गोल्डन गेट से दौड़ शुरू हुई। हैंड इन हैंड विद बॉर्डर पॉपुलेशन थीम पर आधारित इस खेल आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाना और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाना है।सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बीएसएफ की एक बड़ी पहल है, जो देश के युवाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगी। यह मैराथन न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने आगे कहा कि साल 2022 से आरंभ हुई यह वार्षिक मैराथन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जाती है। ऐसे में इस वर्ष भी यह अपनी भव्यता और लोकप्रियता के साथ और भी विशाल रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस मैराथन में 5,200 से अधिक धावक भाग ले रहे हैं, जिनमें भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पेशेवर एथलीट भी शामिल हैं। साल 2022 में शुरू हुई यह वार्षिक मैराथन हर वर्ष अपनी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों के युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस मैराथन की सफलता और महत्व को और भी मजबूत बनाती है।दलजीत सिंह चौधरी ने आगे कहा कि इस वर्ष विशेष रूप से महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बीएसएफ ने सभी श्रेणियों में महिलाओं के लिए निःशुल्क पंजीकरण की घोषणा की है, जिससे उनकी भागीदारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। यह मैराथन गोल्डन गेट, अमृतसर से जेसीपी अटारी तक के खूबसूरत और ऐतिहासिक मार्ग पर आयोजित की गई है। इसमें विभिन्न आयु वर्गों (पुरुष और महिला, 40 वर्ष से कम व अधिक) के प्रतिभागी शामिल हैं, जिसमें प्रथम आने वाले विजेताओं को 1.5 लाख (फुल मैराथन), 75,000 (हाफ मैराथन) और 40,000 (10 किमी दौड़) की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस मैराथन में तीन प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं- फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किमी दौड़, जो न केवल अनुभवी एथलीटों के लिए, बल्कि शौकिया धावकों के लिए भी एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती हैं। यह मैराथन केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि यह फिटनेस, खेल भावना और राष्ट्रप्रेम का उत्सव है। यह 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'नशा मुक्त भारत अभियान' के उद्देश्यों को भी सशक्त करता है, जो युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक दिशा में मोड़ने के लिए बीएसएफ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सुरंग में फंसे आठ लोगों को बचाने में जुटी सेना व एनडीआरएफ

हैदराबाद,(हि.स.)। तेलंगाना के नागरकुरनूल में अमराबाद मंडल के डोमलपेंटा गांव के पास श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) की निर्माणाधीन सुरंग में फंसे आठ लोगों को निकालने के लिए अब सेना को बुलाया गया है।इस रेस्क्यू में एनडीआरएफ, राज्य आपदा और खदान विभाग के कर्मी भी सहयोग कर रहे हैं।सुरंग के अंदर भरे पानी को निकालने के लिए हैवी ड्यूटी के मोटीपंप लाए गए हैं।दरअसल, शनिवार को एसएलबीसी की निर्माणाधीन सुरंग में काम चल रहा था। तभी सुरंग के अंदर छत का हिस्सा ढहने से आठ लोग फंस गए हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए हरसंभव प्रयास हो रहे हैं।सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए चल रहे बचाव अभियान में 120 एनडीआरफ के कर्मचारी, 24 सिंगरेनी खदान के कर्मचारी और राज्य आपदा प्रबंधन से जुड़े 24 कर्मचारी और भारतीय सेना के 24 जवान शामिल है। इस दौरान जिलाधीश संतोष ने सुरंग के अंदर कुछ दूर जाकर फंसे मजदूरों को उनके नाम पुकार कर संपर्क साधने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।बताया जा रहा है कि मलबे से 200 मीटर का हिस्सा पूरी तरह बंद हो गया है।

कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य ने संगम में लगायी पुण्य की डुबकी, सीएम योगी ने लिया आशीर्वाद

महाकुम्भ नगर,(हि.स.)। कांची कामकोटि पीठाधीश्वर शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती रविवार को प्रयागराज पहुंचे। शंकराचार्य ने दक्षिण भारत से आये वैदिक विद्वानों के साथ संगम में डुबकी लगाकर मां गंगा की पूजा अर्चना की।बता दें, शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती दक्षिण भारतीय विद्वान ब्राह्मणों के एक दल के साथ तिरुचिरापल्ली हवाई अड्डे से विशेष विमान से चलकर 10ः30 बजे बमरौली एयरपोर्ट पहुंचें। संगम स्नान के बाद उन्होंने बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया। शंकराचार्य अपने साथ 50 किलो सोने का मंदिर भी लाये हैं, जिसे शिविर में रखकर विशेष पूजन व अनुष्ठान किया जाएगा। शंकराचार्य शंकर विमान मंडपम में भी पूजन करेंगे।मुख्यमंत्री योगी करेंगे आध्यात्मिक चर्चा ः महाकुम्भ पहुंचे कांची कामकोटि पीठाधीश्वर शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती से मुलाकात करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज पहुंच चुके हैं। सेक्टर 20 स्थित शंकराचार्य शिविर में सीएम योगी शंकराचार्य से भेंट की और उनका आशीर्वाद लिया। शंकराचार्य ने माला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री शंकराचार्य से आध्यात्मिक चर्चा करेंगे। शंकराचार्य से मुलाकात के बाद सीएम डीपीएस हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।कुम्भ भूमि पर 57वें प्राकट्य महोत्सव की हुई शुरूआत ः श्रीकांची कामकोटि पीठाधीपति जगद्गुरू शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती महाराज का 57वां प्राकट्य महोत्सव का शुभारम्भ महाकुम्भ मेला क्षेत्र में 21 फरवरी से शुरू हो गया। सात दिवसीए प्राकट्य महोत्सव समारोह के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के हवन यज्ञ किये जायेंगे। समस्त कार्यक्रम महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 20 स्थित श्री कांची कामकोटि के शिविर में संपन्न होंगे।

भारत विविधताओं का देश, जो लोगों को आश्चर्यचकित करता है- डॉ. एस. जयशंकर

▸▸विदेश मंत्री ने 45 देशों के राजदूत और डिप्लोमेट्स के साथ काशी तमिल संगमम में किया संवाद

▸▸प्रतिनिधियों के सवालों का जबाब दिया

▸▸भारत दुनिया को सह-अस्तित्व और एकजुटता का दिखाता है मार्ग

वाराणसी, (हि.स.)। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जो अक्सर लोगों को आश्चर्यचकित करता है कि इतनी सारी भाषाओं, परंपराओं और मान्यताओं के बावजूद यह देश कैसे एक साथ बना हुआ है। यह विविधता और इसमें अंतर्निहित एकता सभी भारतीयों को एक राष्ट्र के रूप में एकजुट रखती है। विदेश मंत्री रविवार को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों के साथ संवाद कर रहे थे।काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में 'परंपरा, प्रौद्योगिकी और विश्व, विषय पर आयोजित अकादमिक सत्र में विदेश मंत्री ने तमिल भाषा में वणक्कम काशी कहकर प्रतिनिधियों का स्वागत किया। काशी की प्राचीनता और आध्यात्मिकता का जिक्र कर विदेश मंत्री ने कहा कि काशी-तमिल संगमम काशी और तमिलनाडु के बीच विशेष सदियों पुराने जुड़ाव का उत्सव है। प्राचीन नगरी काशी दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक है। पूरे भारत के लिए काशी एक तरह से सांस्कृतिक चुंबक की तरह है। जिससे देश के सभी हिस्सों के लोग गहराई से जुड़ते हैं।उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोगों का काशी से विशेष लगाव है और काशी तमिल संगमम इसी अनूठे बंधन का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी-तमिल संगमम आयोजित करने का जब फैसला किया था, तो इसका उद्देश्य यह था कि भारत संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का संगम बने।

उन्होंने विदेशी राजनयिकों से संवाद करते हुए बताया कि काशी तमिल संगमम इस विविधता में एकता के उत्सव का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है, जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्पना की थी। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की गौरवशाली विरासत का जश्न मनाना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी तरह हम इसे आने वाली पीढ़ियों तक ले जाते हैं। साथ ही दुनिया को भारत के सुनहरे अतीत और जड़ों की महानता के बारे में बताते हैं। इस संबंध में प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृतियों को मनाने से उन्हें तरोताजा किया जाता है और भारत सरकार इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।विदेश मंत्री ने तमिल प्रतिनिधि राजगोपालन के एक प्रश्न का उत्तर भी दिया। प्रतिनिधि ने पूछा कि काशी में इस विशेष उत्सव के अवसर पर विदेश मंत्री किन प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डालना चाहेंगे। डॉ. जयशंकर ने कहा कि परंपरा प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने में मदद करती है और यहीं पर भारतीय ज्ञान प्रणाली सामने आती है। उन्होंने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालय ड्रोन प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उन्नत वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं और उम्मीद है कि भविष्य में संस्थान कई और आशाजनक उपक्रम लेकर आएंगे। मंत्री एक तमिल प्रतिनिधि रूथ्रन के प्रश्न का उत्तर दे रहे थे, जिन्होंने उल्लेख किया कि भारत अतीत में एक प्रौद्योगिकी नेता रहा है और इनमें से कई तकनीकों को भारत से दुनिया के साथ साझा किया गया था।उन्होंने जानना चाहा कि क्या इस संबंध में अध्ययन करने की कोई योजना है।

मन की बात कार्यक्रम में विधायक पंकज सिंह ने कार्यकर्ताओं के बीच किया संवाद

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही महिलाओं के लिए योजनाओं का विस्तार पूर्वक अपने भाषण में वह केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की छवि को सुधारने के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत है। पंकज सिंह ने अपने भाषण में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आप कार्यकर्ता पार्टी का अभिन्न अंग है आपके बगैर पार्टी नहीं खड़ी हो सकती है महिला कार्यकर्ताओं को अपने भाषण से संबंध करते हुए क्षेत्रीय महिला गांव क्षेत्र से आकर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य हृदय सम्राट पंकज सिंह विधायक नोएडा पूर्वी विधायक ओम प्रकाश श्रीवास्तव क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि रामकुमार वर्मा दिलीप लोधी क्षेत्रीय संयोजक भारतीय जनता पार्टी सुमित खन्ना पंकज सक्सेना प्रदीप सिंह बब्बू बूथ अध्यक्ष।

भारत के निर्माण में दें अपना योगदान बजट में साफ नजर आ रहा है विकसित उत्तर प्रदेश का रोडमैप: भूपेंद्र

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भारत के विकास में सबको अपना सहयोग देना चाहिए। उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका है। विकसित उत्तर प्रदेश का आगामी 25 वर्षों का रोडमैप 2025-26 के बजट में साफ नजर आ रहा है। बजट में 28 हजार 478 करोड़ की नई योजनाओं पर व्यय का प्रावधान किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर 22 प्रतिशत, शिक्षा पर 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं हेतु 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों पर 4 प्रतिशत संसाधन आवंटित किए गए हैं। वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर नगर, झाँसी एवं आगरा में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए 700 करोड़ रुपये का प्रावधान है। निराश्रित महिलाओं को पेंशन के लिए 2980 करोड़ की व्यवस्था की गई है।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पर 1000 करोड़ रूपये और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर 225 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।गन्ना मूल्य के भुगतान के लिए 475 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। 2017 से अब तक लगभग 46 लाख गन्ना किसानों को करीब 2,73,000 करोड़ रूपये का रिकार्ड भुगतान किया गया है। यह 22 वर्षों के किए गए सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान से 59,143 करोड़ रूपये अधिक है। नहरों एवं सरकारी नलकूपों से किसानों को मुफ्त पानी की सुविधा हेतु 1300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं के विकास के लिये 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के आधारभूत ढांचे के विकास पर 479 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 80 करोड़ से डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना की जाएगी। लखनऊ में 25 करोड़ की राशि से सैनिक स्कूल का निर्माण किया जाएगा।कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को सरकार फ्री स्कूटी प्रदान करेगी। इसके लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। विन्ध्यांचल धाम मण्डल में मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय बनेगा। 200 करोड़ से प्रदेश में नॉर्थ साउथ कॉरिडोर का विकास किया जाएगा। 2900 करोड़ रुपये से राज्य राजमार्गों का चौड़ीकरण सुदृढीकरण किया जाएगा।प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 3150 करोड़ रुपये योजना के विस्तार पर खर्च होंगे। कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना हेतु 450 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। नोएडा और प्रदेश के 16 अन्य नगर निगमों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए 223 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वाराणसी में सिगरा स्टेडियम और पीपीपी मॉडल पर अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का विकास किया जा रहा है। मथुरा-वृन्दावन में श्री बांके बिहारी जी महाराज मन्दिर कॉरिडोर के निर्माण हेतु भूमि क्रय करने के लिये 100 करोड़ रुपये, निर्माण कार्य हेतु 50 करोड़ रुपये और पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए 125 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

टाटा मोटर्स ने टाटा सफारी के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया

लखनऊ। टाटा मोटर्स ने टाटा सफारी की 27वीं वर्षगांठ के मौके पर एक खास लिमिटेड एडिशन स्टील्थ एडिशन लॉन्च किया है। ये एक शानदार और आधुनिक गाड़ी है, जिसमें लग्जरी, पावर और एक्सक्लूसिव होने की खासियत का बेजोड़ संगम मिलेगा। स्क्टील्क्थ एडिशन की बिक्री सिर्फ 2700 यूनिट्स तक ही सीमित रहेगी। ये एडिशन हैरियर और सफारी दोनों में मिलेगा। स्लीक एवं मोनोटोन फिनिश वाला ये ख़ास एडिशन शानदार लुक और डिज़ाइन के साथ आता है, और ये उन लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो कुछ अलग और खास चाहते हैं। स्टील्थ एडिशन की बुकिंग शुरू हो गई है, आप इसे ऑनलाइन या किसी भी टाटा मोटर्स की डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। टाटा मोटर्स के स्टील्थ एडिशन में बिल्कुल नया स्टील्थ मैट ब्ब्लैक फिनिश दिया गया है, जो इसे सड़क पर एक जबर्दस्त लुक देता है। ये सिर्फ दिखने में ही शानदार नहीं है, बल्कि इसे चलाने में भी एक अलग एहसास होता है। ये एडिशन अपने खास लुक और डिज़ाइन की वजह से सड़क पर सबसे अलग दिखता है। मैट पेंट की वजह से गाड़ी और भी अनूठी एवं स्टाइलिश लगती।

8वें वेतन आयोग के गठन के लिए रक्षामंत्री से मुलाकात

इप्सेफके पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा की

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में उपमहासचिव अतुल मिश्रा, उपाध्यक्ष सुरेश रावत, अजय वीर यादव, बाबूलाल शर्मा (दिल्ली), शाह फैयाज (जम्मू), एवं विधि सलाहकार ऋषभ तिवारी उपस्थित थे। वीपी मिश्र ने आठवें वेतन आयोग के गठन, आयकर सीमा में 12 लाख तक छूट देने, सेवानिवृत्ति पर 50: पेंशन देने एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आग्रह किया कि 25 वर्ष की बजाय 20 वर्ष की सेवा पर पूरी पेंशन देने और जीपीएफ बहाल करने की मांग पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि भर्ती की अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होने के कारण कई कर्मचारी 20 वर्ष की सेवा पर सेवानिवृत्त होते हैं, इसलिए उन्हें पूर्व की भांति पूरी पेंशन दी जानी चाहिए। वीपी मिश्र ने रक्षामंत्री से यह भी आग्रह किया कि आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए, उनकी सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए एवं रिक्त पदों पर विनियमितीकरण की नियमावली प्रख्यापित की जाए। इससे इन कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित होगा और वे अपने परिवार का सुचारू रूप से भरण-पोषण कर सकेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया कि पेंशन में जो कमियां रह गई हैं, उनमें सुधार किया जाएगा। उन्होंने आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा और वेतन में आवश्यक सुधार करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि वे कर्मचारियों को अपने परिवार का अंग मानते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

सनातन संस्कृति को कोई चुनौती नहीं दे सकता: ब्रजेश पाठक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रेम, करुणा और सज्जनता जिसमें होती है वही सनातन है। भगवान बुद्ध ने भी प्रेम, करुणा, दया और मानवता का संदेश दिया। सनातन संस्कृति कहती है कि सबको साथ लेकर चलेंगे लेकिन आज स्थिति बदल गयी है। लोगों में स्वार्थसिद्धि और संपत्ति संग्रह की भावना घर कर गयी है। एक दूसरे को गिराकर आगे बढ़ने की भावना प्रबल हो गयी है। लेकिन सनातन का मतलब है कि हमें हंसते रहना है और समाज को आगे बढ़ाना है।

सनातन संगम न्यास द्वारा सहकारिता भवन प्रेक्षागृह में आज आयोजित सनातन धर्म समागम में अपने विचार व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सदभावना का देश है जहां प्रत्येक व्यक्ति सनातनी है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित महांकुम्भ मेले में शाश्वत सनातन की झलक दिखाई पड़ती है क्योंकि महांकुम्भ में किसी भी प्रकार कोई ऊंच नीच रंग भाषा एवं अमीर गरीब का भेद दिखाई नहीं पड़ता है। क्योंकि भारत को ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को एक सूत्र बांधा है। पाठक ने कहा कि सनातन देखना हो तो प्रयागराज जाइये, उन्होंने समानता के उदाहरण के तौर पर कहा कि क्या अडाणी अंबानी, क्या गरीब भिखारी, सभी एक घाट पर एक साथ संगम में डुबकी लगा रहे हैं। अमीरी गरीब, ऊंचकृनीच, छोटा बड़ा का कोई भेदभाव नहीं, एकजुटता का ऐसा भव्य संगम पहले कभी देखने को नहीं मिला। यही सनातन है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा, महाकुंभ यूं ही चलता रहेगा।

क्या वन ट्रिलियन डॉलर में अमेरिका से आया '21 मिलियन डॉलर' भी जुड़ा है: अखिलेश यादव

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने वर्ष 2029 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब डॉलर किए जाने के सरकार के दावे पर एक बार फिर तंज कसा है। उन्होंने भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर तंज कसते हुए बोला कि जनता पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन 'विदेशी' तो नहीं? उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर ये तंज कसा है। इसमें उन्होंने अमेरिका से मिले 21 मिलियन डॉलर के बारे में भी सवाल किए है।

दरअसल, अमेरिकी संस्था यूएसएड की फंडिंग को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से भारत में शुरू हुआ बवाल थमा भी नहीं है कि ट्रम्प ने एक और बयान दे दिया। पहले उन्होंने कहा था कि अमेरिका से मिले 21 मिलियन डॉलर का मकसद किसी और को चुनाव जिताना था। उनके इस बयान पर विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया थी कि यह बयान बेहद परेशान करने वाला है। लेकिन अब (शुक्रवार 21 फरवरी को) ट्रंप ने इस मामले पर ताजा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि 21 मिलियन डॉलर 'भारत में मतदान बढ़ाने के लिए दिए गए थे जो मेरे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी को मिले थे।' इस के बाद सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए तंज कसा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, जनता पूछ रही है कि भाजपा ट्रिलियन-ट्रिलियन डॉलर का जो राग अलाप रही है, उसमें अमेरिका से आया '21 मिलियन डॉलर' भी जुड़ा है क्या? जनता ये भी पूछ रही है कि कहीं डबल इंजन में एक इंजन 'विदेशी' तो नहीं है? इसमें उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का वीडियो भी शेयर किया है।

केशव मौर्य ने अखिलेश-राहुल पर साधा निशाना

- कहा- ये लोग देश का भला नहीं कर सकते

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवाद तथा तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले कभी प्रदेश और देश का भला नहीं कर सकते।

केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जो सिर्फ परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं, वो कभी प्रदेश और देश का भला नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा, विकसित भारत और विकसित यूपी बनने तक कमल की आँधी जारी रहेगी। न अखिलेश, न राहुल गांधी देश की जनता को अब सिर्फ मोदी और भाजपा पर भरोसा है।'' मौर्य ने कहा 2024 हो या 2029, विकास और आत्मनिर्भरता की राह पर भारत आगे बढ़ता रहेगा।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के मामले में जमकर मनमानी

योजना के तहत सरकारी कार्यालयो व औद्योगिक वाणिज्यिक संस्थान मे लगाने थे स्मार्ट प्रीपेड मीटर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जाना है। वर्तमान में बात करें तो लगभग पावर कॉरपोरेशन द्वारा कुल सभी बिजली कंपनियों मे 2 करोड़ 59 लाख 57026 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने हैं। वर्तमान में 5 फरवरी तक लगभग 9 लॉख 79 हजार 371 स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के परिसर पर लगा चुके हैं।उसके सापेक्ष सभी बिजली कंपनियों में पांच प्रतिशत पुराने मीटर को ही चेक मीटर के रूप में स्थापित करना था।

वर्तमान में 45734 चेक मीटर स्थापित किए गए हैं। लेकिन आज तक दोनों मीटरों की मिलान का कोई भी खुलासा नहीं किया गया है इसका मतलब केवल चेक मीटर लगाने से काम नहीं चलने वाला पुराने और स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मीटर की मिलान का खुलासा भी किया जाना है। भारत सरकार को एक-एक चेक मीटर की रिपोर्ट भेजनी है जो आज तक नहीं की गई अपने आप में चौंकाने वाला मामला है। भारत सरकार आरडीएसएस योजना के तहत सबसे पहले सरकारी विभागों व कार्यालयों पर अनिवार्य रूप से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाकर उसकी सफलता के बाद आगे मीटर लगाना था। लेकिन यहां उल्टा हो रहा है आज तक लगभग घरेलू व अन्य विद्युत उपभोक्ताओं के यहां 9 लाख से ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग गए। लेकिन अभी तक गो लाइव नहीं हुआ, ऑनलाइन जितनी भी आवश्यक टेस्टिंग है, अभी पूरी नहीं हो पाई। आज पावर कारपोरेशन ने एक आदेश जारी करके कहा है कि सरकारी विभागों व कार्यालयों पर 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाए नहीं तो अनुदान प्रभावित हो सकता है यानी की अनुदान नहीं मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बात करें प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में कुल सरकारी कार्यालय के बिजली कनेक्शन का तो वह लगभग 1 लाख 15 055 है। लेकिन 5 फरवरी तक केवल 17440 सरकारी कार्यालय पर ही मीटर लगा पाए यानी की कुल मीटर का केवल 1 5 प्रतिशत सरकारी कार्यालय पर मीटर लगा पाया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश में सरकारी कार्यालय पर मीटर लगाकर उसकी सफलता क्यों नहीं देखी जा रही है कहीं- न कहीं इसके पीछे मीटार निर्माता कंपनियों को छूट दी जा रही है।जो अपने आप में बहुत गंभीर मामला है। उपभोक्ता परिषद ने कहा क्वालिटी कंट्रोल के आधार पर सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर के कंपोनेंट को चेक किया जाए तो बड़े पैमाने पर चीनी कंपोनेंट सामने नजर आएंगे। लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। जब पूरा प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा तब पावर कारपोरेशन को पता चलेगा कि घटिया मीटर निर्माता कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में इस प्रोजेक्ट में खेल कर दिया और उसका लाभ प्रदेश को नहीं मिलने वाला।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रा कार्य बैठक की शुरुआत की

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर विभाग छात्रा कार्य बैठक की शुरुआत प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य शीतल कुमारी, विभाग संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव, महानगर मंत्री शाश्वत सांकृत एवं महानगर छात्रा कार्य संयोजक आराध्या सिंह ने माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शीतल कुमारी ने बताया कि आगामी 8 मार्च 2025 को दिल्ली में आयोजित होने वाले छात्रा संसद से पूर्व पूरे देश के कैंपस में छात्राओं के बीच जाकर अभाविप कार्यकर्ता विभिन्न बिंदुओं पर सर्वे करेंगे। आराध्या सिंह ने बताया कि छात्राओं की टोली बनाई गई है, ये टोली 25 फरवरी से 2 मार्च तक लखनऊ के विभिन्न परिसरों में छात्राओं के बीच जाकर विभिन्न बिंदुओं पर सर्वे करेगी। अंशुल विद्यार्थी ने कहा कि निश्चित रूप से इस अभियान के माध्यम से छात्राओं की समस्या एवं सुझाव एकत्रित होंगे जिसे दिल्ली में छात्रा संसद में शामिल होने वाले प्रतिनिधि संसद के सामने रखेंगे।

अब दलित मतदाताओं पर गड़ी बीजेपी की निगाह

- लोकसभा चुनाव से ली है पार्टी ने सीख
- 2027 खातिर अभी से तैयार हो गई रणनीति

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। 2024 लोकसभा चुनाव की तरह 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में भी दलितों का नैरेटिव बीजेपी के खिलाफ न हो जाए,इस बाबत बीजेपी कील कांटा अभी से दुरूस्त करने में जुट गई है। बीजेपी संगठन ने अभी से ही नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है।राहुल गांधी दलितों के नए मसीहा बने इससे पहले ही बीजेपी उनके दलित प्रेम की हवा को अपने नए दलित विमर्श के जरिए निकलना चाहती है। भाजपा सामाजिक न्याय संगोष्ठी के जरिए अपने विमर्श को दलितों के बीच ले जा रही है।पहली बार प्रदेश बीजेपी का संगठन सीधे दलित युवाओं, दलित छात्रों, दलित और पिछड़े वर्ग के प्रोफेसरों और शिक्षाविदों को जोड़ रहा है। उनसे संवाद कर बीजेपी की विचारधारा उनके जरिए ही दलितों के बीच ले जाने की रणनीति है। दलित छात्र और दलित एकेडेमिया के जरिए दलित विमर्श में भाजपा की विचारधारा को भी स्थान देने की रणनीति है।दलितों के बीच इस कार्यक्रम के सूत्रधार बीजेपी संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह हैं। वे खुद अति पिछड़ी बिरादरी से आते हैं। उनकी कोशिश एक ऐसा दलितों का बड़ा वर्ग तैयार करने की है जो कांग्रेस और सपा के दलित नेरेटिव को तोड़ सके।सामाजिक न्याय संगोष्ठी का पहला कार्यक्रम लखनऊ में हुआ जिसे भाजपा नेता और राजनाथ सिंह के छोटे बेटे नीरज सिंह ने कराया जिसमें संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और बीजेपी के दलित चेहरे और मंत्री असीम अरुण शामिल हुए। बीजेपी की कोशिश है कि कॉलेज, यूनिवर्सिटी, पॉलिटेक्निक और शिक्षण संस्थानों में दलित और ओबीसी के युवाओं और छात्रों को एकजुट कर उन्हें भाजपा की विचारधारा से जोड़ा जाए। एक ऐसी वैचारिक आर्मी तैयार हो जाए जो कांग्रेस और सपा के दलित नैरेटिव का जवाब दे। सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर जोर है।लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा के हाथों बुरी तरीके से पिछड़ने के बाद बीजेपी के संगठन ने ये नई रणनीति बनाई है।राहुल गांधी अभी संविधान, जातीय जनगणना और दलितों के आरक्षण के मुद्दे को लेकर उसी तरीके से आक्रामक हैं जैसा वो लोकसभा चुनाव के वक्त थे। आक्रामक अंदाज के जरिए ही राहुल गांधी ने बीजेपी के खिलाफ नैरेटिव तैयार किया था और माहौल बीजेपी के खिलाफहो जाने से यूपी में बीजेपी की लुटिया लगभग डूब ही गई थी। भाजपा संगठन को लगता है कि अगर शहर-शहर दलित और ओबीसी का ये संगठन तैयार हो गया तो यह सपा और कांग्रेस के नैरेटिव का मुकाबला कर सकेगा।इससे सबक लेते हुए बीजेपी के संगठन ने अब दलितों को लेकर अपने पक्ष में नेरेटिव बनाने के लिए नई रणनीति बनाई है।

पीएम मोदी दिल्ली में जहान-ए-खुसरो 2025 के उद्घाटन दिवस को सुशोभित करेंगे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। महान फिल्म निर्माता और जहान-ए-खुसरो के संस्थापक मुजफ्फर अली, रूमी फाउंडेशन के सदस्यों के साथ, जहान-ए-खुसरो 2025 के उद्घाटन दिवस पर भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति की घोषणा करते हुए बहुत आभारी और विनम्र हैं, जो इस प्रतिष्ठित उत्सव की 25वीं वर्षगांठ का भी प्रतीक है। विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित नेता, जो अपने दूरदर्शी विचारों और गहन आध्यात्मिक जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं, माननीय प्रधानमंत्री मोदी इस विशेष समारोह में भाग लेंगे, जहां वे मुजफ्फर अली की अपने त्योहार जहान-ए-खुसरो के साथ सूफीवाद की विरासत को जीवित रखने की अटूट प्रतिबद्धता को मान्यता देंगे। अपने संदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, भारत आध्यात्मिकता, कला और संस्कृति से समृद्ध भूमि है। सदियों से संगीत हमारे दैनिक जीवन के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने का अभिन्न अंग रहा है। आध्यात्मिकता और संस्कृति से गहराई से जुड़ा यह मन को उन्नत कर सकता है तथा कायाकल्प और उपचारात्मक उर्जा के रूप में कार्य कर सकता है। इस महोत्सव में वैश्विक कलाकारों, संगीतकारों और नृत्य कलाकारों की भागीदारी हमारे राष्ट्र के समावेशी और सर्वव्यापी वैश्विकदृष्टिकोण के साथ दृढ़ता से प्रतिध्वनित होती है। भावपूर्ण संगीत की मधुर धुनें लोगों, समाजों और राष्ट्रों के बीच शांति, सद्भाव और मैत्री के सेतु का निर्माण करें। मैं कामना करता हूं कि जहान-ए-खुसरो का रजत जयंती संस्करण अविस्मर्णीय और बहुत सफल हो। इस भव्य रजत जयंती समारोह में उनकी उपस्थिति उनके विकास भी, विरासत भी के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह मेल खाती है, जिसमें प्रगति को अपनाते हुए भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के महत्व पर बल दिया गया है।

बिजली निजीकरण के विरोध में 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफइलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने बिजली के निजीकरण के विरोध में 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए अप्रैल और मई में देश के सभी प्रांतों में बड़े सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश में पहले से जारी निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में मार्च माह में चार बड़ी रैलियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा मई में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियनों की हड़ताल के दौरान भी बिजली कर्मचारी हड़ताल करेंगे। नागपुर में आयोजित एनसीसीओईईई के राष्ट्रीय सम्मेलन में इस हड़ताल की रूपरेखा तैयार की गई। इस सम्मेलन को आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे, सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, आल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के मोहन शर्मा और कृष्णा भोयूर, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रशांत चौधरी और सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के समर सिन्हा, भारतीय किसान मोर्चा के बीजू कृष्णा तथा कामगार एकता मंच के गिरीश भावे ने संबोधित किया।

इस सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों के बिजली कर्मचारियों के श्रम संघों और सेवा संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेन्द्र सिंह गुर्जर और उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के प्रमुख महासचिव महेन्द्र राय ने उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया और बिजली कर्मियों के आंदोलन की जानकारी दी। एनसीसीओईईई की आमसभा में पारित प्रस्ताव में चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजीकरण को आपत्तिजनक बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, राज्य में बिजली राजस्व का बकाया एक लाख 15 हजार करोड़ रुपए और घाटा एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए है। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया कि यदि राजस्व की पूरी वसूली हो जाए तो उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगम लाभ में आ सकते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि टैरिफ बेस्ड प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग और असेट मोनेटाइजेशन के नाम पर ट्रांसमिशन सेक्टर का बड़े पैमाने पर निजीकरण किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। आमसभा में पारित प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि बिजली का निजीकरण न केवल कर्मचारियों के लिए हानिकारक है बल्कि उपभोक्ताओं के लिए भी सबसे अधिक घातक है। निजी क्षेत्र में मुम्बई में घरेलू उपभोक्ताओं को 17-18 रुपए प्रति यूनिट तक बिजली का टैरिफ देना पड़ रहा है जबकि किसानों को कोई सब्सिडी नहीं मिलती। यदि निजीकरण को नहीं रोका गया तो महंगी बिजली आम उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति को और अधिक कमजोर कर देगी। आमसभा में पारित प्रस्ताव के अनुसार केंद्र और राज्य सरकारों से मांग की गई है।

संक्षिप्त खबरें

महात्मा संत गाडगे की जयन्ती पर पुष्पांजलि

लखनऊ। राजधानी में रविवार को महात्मा संत गाडगे जी महराज की 149 वी जयन्ती उ0प्र0 रजक समाज के तत्वाधाम में मूर्ति स्थल माँ मरी माता मन्दिर पक्कापुल पर मनायी गयी जिसमें समाज के बन्धुओं ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर समाज के बन्धुओं ने बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। एक रोटी कम खाएंगे पर बच्चों को शिक्षित अवश्य बनायेंगे। संत गाडगे महाराज का पूरा नाम देबूजी जिंगराजी जनोरकर था। उनके पिता का नाम जिंगराजी रानोजी जानोरकर था, जबकि उनकी माता का नाम सखुबाई जिंगराजी जानोरकर था। गाडगे महाराज वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों और दलितों की सेवा में लगा दिया। इस कार्यक्रम में रामऔतार कनौजिया, गनेश कनौजिया,दिनेश कनौजिया,रानी कनौजिया, रितेश कनौजिया,सुखराम कनौजिया, राकेश कनौजिया ,रेखा कनौजिया आदि मौजूद रहे।

राजधानी में देश के 300 बॉडी बिल्डर्स का महा-मुकाबला

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन कप का आयोजन किया गया है। इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन द्वारा आयोजित ये 14 वां फेडरेशन कप है। नेशनल स्तर पर आयोजित फेडरेशन कप में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, मुंबई समेत विभिन्न राज्यों के एथलीट्स और बॉडी बिल्डिंग चौंपियंस हिस्सा ले रहे हैं। इसमें देश के पुरुष और महिला बॉडी बिल्डर्स, एथलीट मंच पर अपनी बॉडी और शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं। फेडरेशन कप में देश भर के 300 से अधिक एथलीट के बीच में महामुकाबला है। इस मुकाबले को जीतने वाले बॉडी बिल्डर को 10 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। बॉडी बिल्डिंग चौंपियनशिप में पहुंचे प्रदेश के शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा- युवाओं की पर्सनैलिटी देखकर खुशी हुई। युवाओं ने शरीर को बनाने में बहुत मेहनत किया है। स्पोर्ट्स हमारे अंदर टीम स्पिरिट की भावना पैदा करती है। भारत से जुड़े लोग हमेशा शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रहते हैं।

तीन महीने से नहीं मिली सैलरी

लखनऊ। अवध विहार योजना के अलकनंदा एंक्लेव में सफाईकर्मी सहित अन्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि आरडब्लूए की तरफ से उनका पैसा नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण परेशानी हो रही है। सुबह से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि करीब 1500 फ्लैट वाली सोसायटी में वह हाउस कीपिंग का काम करते हैं। बावजूद इसके आरडब्लूए की तरफ से पिछले तीन महीने से 70 से अधिक कर्मचारी की सैलरी नहीं दी गई। इसके कारण कर्मचारी परेशान हैं। विकास यादव का कहना है कि उनकी कंपनी की तरफ से नामित कर्मचारी कंपनी में काम कर रहे हैं, लेकिन पेमेंट नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों को उनकी सैलरी नहीं मिल रही। मामले में उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों का आरोप है कि आरडब्लूए के पदाधिकारियों से पेमेंट की मांग की जा रही लेकिन उनकी तरफ से कोई बात नहीं की जा रही। इस दौरान आरडब्लूए के पदाधिकारी खाता फ्रीज होने का दावा कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि आपसी लड़ाई में आरडब्लूए के पदाधिकारी उन्हें परेशान कर रहे हैं। मामले में लोगों ने कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

एलायंस क्लब इंटरनेशनल नॉर्थ मल्टीपल का वार्षिक अधिवेशन और पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

लखनऊ। एलायंस क्लब इंटरनेशनल नॉर्थ मल्टीपल का वार्षिक अधिवेशन और पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में नॉर्थ मल्टीपल के विभिन्न शहरों लखनऊ, कानपुर, होशियारपुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़ आदि से 100 से भी ज्यादा लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में नए पदाधिकारी जैसे चेयरपर्सन नॉर्थ मल्टीपल, वाइस चेयरपर्सन नॉर्थ मल्टीपल, और इब्नटेरियोबल डायरेक्टर का चुनाव हुआ। अशोक पुरी वी मनमीत सिंह इंटरनेशनल डायरेक्टर चुने गए तथा संजीव भटनागर नॉर्थ मल्टीपल चेयरमैन वी अजय बंसल वाइस चेयरमैन चुने गए। कार्यक्रम में नॉर्थ मल्टीपल चेयरपर्सन प्रियंका दीक्षित के साथ सुधीर भटनागर, एमएस भटनागर, संजय श्रीवास्तव, पी के राजे, डॉ. मधु कुमार, वी के श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। उत्तर एकाधिक द्वार मूक बधिर महिला कल्याण समिति के सहायतार्थ 21000६- का चेक प्रदान किया गया।

चारबाग में पार्किंग ठेकेदार ने रेलवे पर लगाए कई आरोप

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन पर पार्किंग का ठेका लेने वाली कंपनी एडीएमएस इंटरप्राइजेज ने रेलवे पर कई आरोप जड़े हैं। पौने पांच करोड़ में ठेका देने के बाद नियम शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में कई समस्याओं को लेकर रेलवे के अधिकारियों से कई चक्र बातचीत हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इस संबंध में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल डीआरएम एमएम शर्मा से पार्किंग संचालक ने मदद की गुहार लगाई है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन की पार्किंग का ठेका तीन माह पहले हुआ था। एडीएमएस के प्रोपराइटर अभिषेक दुबे ने बताया कि रेलवे की ओर से नियमानुसार काम करने नहीं दिया जा रहा है। इससे पार्किंग बंद होने पर यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। लेकिन चारबाग स्टेशन पार्किंग में जो दुश्वारियां यात्रियों के साथ आ रही हैं, उसके पीछे जीआरपी व आरपीएफ द्वारा सहयोग नहीं किया जाना है। यह स्थिति तब है, जब कई बार अनुरोध पत्र दिए गए।

रफ्तार का कहर, मासूम और युवक की मौत, चार घायल

लखनऊ।राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में रविवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। मलिहाबाद में वाजिदनगर गांव की पुलिया पर लोडर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में छह वर्षीय मासूम नैना की मौत हो गई। उसकी मां, भाई और मामा घायल हो गए। इटौंजा-कुर्सी रोड पर तड़के तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार 27 वर्षीय सुशील की मौत हो गई। काकोरी के हलुवापुर निवासी नंद किशोर रविवार दोपहर बड़ी बहन सरोज कुमारी (40), छह वर्षीय भांजी नैना और भांजे आशू (8) स्कूटी पर बैठाकर माल के सालहेनगर उनके घर छोड़ने जा रहे थे। वाजिदनगर गांव की पुलिया पर पीछे से आए तेज रफ्तार लोडर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर से सभी सड़क पर गिरे, जबकि नैना लोडर के पहिए के नीचे आ गई। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद भाग रहे लोडर चालक को ग्रामीणों ने दौडाकर पकड़ लिया। उसे जमकर पीटने के बाद पुलिस को सौंपा। पुलिस ग्रामीणों की मदद से चारों घायलों को सीएचसी लेकर पहुंची, जहां से हालत नाजुक देख उन्हें ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। ट्रामा में डॉक्टरों ने नैना को मृत घोषित कर दिया। वहीं, नंद किशोर उनकी बहन सरोज और भांजे आशू को भर्ती कर लिया। इंस्पेक्टर मलिहाबाद ने बताया कि चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर, इटौंजा-कुर्सी रोड पर कुम्हारावां की ओर से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस कर्मी उसे ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर मारकंडेय यादव के मुताबिक सुशील मूल रूप से किशुनपुर के रहने वाले थे। सीतापुर जनपद में रिश्तेदारी से लौट रहे थे। इस बीच डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी थी। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डीसीएम को कब्जे में ले लिया गया है।

बंदरों के आतंक से घर बन गए पिंजरे

लखनऊ। शहर के कई इलाकों में बंदरों का आतंक है। बंदरों के झुंड निकलते हैं तो मोहल्लों में सन्नाटा पसर जाता है। लोग घरों के दरवाजे बंद कर लेते हैं। छतों पर धूप सेंक रहीं महिलाएं, बच्चे नीचे भाग आते हैं। सोमवार को डालीगंज क्षेत्र के बाबूगंज छोटा चांदगंज में बंदरों के झुंड ने लांड्री संचालक सुशील कनौजिया (37) की जान ले ली। उनके एक साल के बेटे, पांच साल की बेटी, वृद्ध मां और पत्नी रीना पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार में अब एक भी सदस्य कमाने वाला नहीं बचा। इस इलाके के लोग सहमे हुए हैं। कई परिवारों ने खुद को घरों में कैद कर लिया है। छतों और बालकनी पर जाना छोड़ दिया है। जाल लगाकर छत और बालकनी बंद करा दी है। बाबूगंज ही नहीं चिनहट, आशियाना, तेलीबाग में बंदरों का आतंक है। छह माह में इन इलाकों में 100 से अधिक लोगों पर बंदर हमले कर चुके हैं। इसके इतर कोई भी सरकारी विभाग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। 2022 के एक आदेश का हवाला देकर वन अफसरों का कहना है कि बंदरों पर रोकथाम की जिम्मदारी नगर निगम, ग्राम पंचायतों की है, नगर निगम अफसरों का कहना है कि वन विभाग ही बंदर पकड़ता है।

बेकाबू जीप ने 5 गाड़ियों को मारी टक्कर, सड़क पर पड़ी रहीं महिलाएं, 6 घायल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हुसैन गंज में बेकाबू जीप ने रतन स्क्वायर के पास रिक्शा, एक्टिवा और एक कार समेत 5 गाड़ियों को टक्कर मारते हुए कई लोगों को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जीप की चपेट में आने से तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत छह लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। आरोपी ड्राइवर को भीड़ ने घेर लिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने बीच-बचाव कर उसे पास के मारुति सुजुकी शोरूम में बैठा दिया। जीप यूपी 32 केडब्लयू 0521 से हादसा हुआ है। गाड़ी सुजीत कुमार गुप्ता के नाम पर है। सिविल के डॉक्टर के अनुसार चार घायलों को डिस्चार्ज कर दिया गया। जिन्हें मामूली चोटे आई थी दो गंभीर घायलों का इलाज चल रहा है। घायल जितेंद्र (25 वर्ष) ने बताया कि वह अपने रिक्शा से सवारी उतारकर उनसे किराया ले रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हो गया। घायल अंशु पटेल छात्रा (21 वर्ष), जो सिविल सेवा की तैयारी कर रही है। हादसे के वक्त ई-रिक्शा से कोचिंग जा रही थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जीप में ड्राइवर समेत पांच लोग सवार थे। वह किसी शादी से लौट रहे थे। उनके हाव-भाव और कपड़ों से ऐसा ही लग रहा था कि सभी नशे में धुत थे। आधे घंटे बाद हुसैनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। हादसे में शामिल जीप को भी जब्त किया गया है। फिलहाल, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद 2 महिलाएं 20 मिनट तक सड़क पर ही पड़ी रहीं। राहगीरों ने उनकी मदद की। इसके बाद एबुलेंस को बुलाया स्टेचर पर लेटाकर अस्पताल भेजा। दो महिलाओं के पैर पूरी तरह फ्रैक्चर हो गए हैं। इन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भयानक था कि सड़क पर खून ही खून था। जो भी गुजरता वह रुककर देखने लगा कि आखिर कितनी बड़ी दुर्घटना हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जीप चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रखा था। लोग उसे रोकने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह नहीं रुका। उसने पहले रिक्शा को टक्कर मारी, फिर स्कूटी सवार महिलाओं को कुचल दिया। इसके बाद दो-तीन बाइक सवारों को भी टक्कर मार दी।

मिनी ट्रक गन्ने की दुकान में घुसा

लखनऊ। लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। वृंदावन योजना के विशिष्ट पार्क के पास एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक बेकाबू होकर गन्ने की दुकान पर पलट गया। हादसे में दुकान में सो रहे दुकानदार कासिम को गंभीर चोट आई है। कासिम केसरगंज बहराइच का रहने वाला है। सुबह टहलने निकले लोगों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल कासिम को एपेक्स ट्रामा सेंटर टू में भर्ती कराया। वर्तमान में उनका इलाज जारी है।

राजधानी में बूथ स्तर तक सुनी गई मन की बात

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 119वें संस्करण को पूरे जोश और उत्साह के साथ सुना गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने लखनऊ की मध्य विधानसभा के हलवासिया कोर्ट, बूथ संख्या 234 पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर इस कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, रजनीश गुप्ता, प्रवीण गर्ग, सुधीर हलवासिया और सुविद प्रवीण कंचन भी मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लखनऊ में कई बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। इसमें कई प्रमुख नेता शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बूथ संख्या 327 (एस.टी.पी., बड़ी लाल कुर्ती, मंडल कैंट 4) पर कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक पंकज सिंह विधायक ओपी श्रीवास्तव के साथ पूर्व विधानसभा सुगमऊ प्राथमिक विद्यालय, बूथ संख्या 54 पर पहुंचे। भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह चिनहट बाजार पार्षद कार्यालय, बूथ संख्या 362 पर कार्यक्रम में शामिल हुए। सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा उत्तर मंडल, बूथ संख्या 281 पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी। महापौर सुषमा खर्कवाल अपने कैंप कार्यालय में मन की बात सुनते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को सुनने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जबरदस्त उत्साह दिखा। मन की बात को बूथ स्तर तक ले जाने का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को जोड़ना और प्रधानमंत्री के विचारों से जनता को अवगत कराना है।

मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी द्वारा फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया

लखनऊ मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी इंदिरा नगर लखनऊ की और से 23 फरवरी 2025 दिन इलवार को लवकुश नगर इंदिरा नगर लखनऊ में पिछले साल की तरह इस साल भी एक मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आस पास के पुरुष महिलाओं और बच्चों को मुफ्त जांच के साथ-साथ मुफ्त दवाएं भी दी गई। कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम शरीक हुई। जिसमें डॉक्टर एम, के, अंसारी (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन, न्यूरो फिजिशियन) . डॉक्टर आई. अहमद (एम0बी0बी0एस0 एमडी, कार्डियोलॉजिस्ट, डाइबिटीज), डॉक्टर आजम हनफी (कान, नाक, गला), डॉक्टर शाजी सिद्दीकी (एम0बी0बी0एस एम0एस गाइनेकोलॉजिस्ट), डॉक्टर मोहम्मद मुजफ्फर मुजाहिद (डी0एन0बीध् हड्डी रोग) डॉक्टर नाजिश बानो बी0यू0एम0एस महिला एवं बच्चा रोग), डॉक्टर मोहम्मद तारिक (बी0यू0एम0एस. एम0डी0) डॉक्टर सईदुर रहमान बी0यू0एम0एस एम0डी0), डॉक्टर मोहम्मद अफ्जाल फिजियोथेरेपिस्ट), डॉक्टर मोहम्मद बिलाल खान, डो गजाली अनम और पैयोलोजिस्ट रंजन कुमार अपनी टीम के साथ शामिल हुए।

पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन के नाम पर ठगी

साइबर जालसाज व्हाट्सअप पर मैसेज भेजकर मांग रहे पैसे, जांच में जुटी पुलिस

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में साइबर जालसाजों ने यूपी पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन आशीष कुमार गोयल की व्हाट्सएप डीपी लगाकर ठगी की कोशिश की। व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर रुपयों की मांग की जा रही है। शक्ति भवन के इंजीनियर ने हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शक्ति भवन के अनुरक्षण इकाई में एके सक्सेना इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल के नाम पर मैसेज भेजकर पैसे की मांग की जा रही है। जालसाजों ने व्हाट्सएप पर उनकी डीपी भी लगा रखी है। एके सक्सेना का कहना है कि अध्यक्ष की फोटो लगाकर जालसाज अलग-अलग लोगों को मैसेज भेजा जा रहा है। जालसाज इस तरह व्हाट्सएप पर फोटो लगाकर अनुचित इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसके चलते भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने त्रिवेणी संगम में किया पावन स्नान

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। महाकुंभ के अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने परिवार संग त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर जनमानस के कल्याण, सुख-समृद्धि तथा प्रदेश की उन्नति की प्रार्थना की।संगम तट पर स्नान के पश्चात मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का एक अनुपम अवसर है। त्रिवेणी संगम में स्नान आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है। यह सनातन परंपराओं को सजीव बनाए रखने और राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था को प्रगाढ़ करने का पर्व है।उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने महाकुंभ 2025 को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए ऐतिहासिक प्रयास किए हैं। स्नान घाटों की स्वच्छता, बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था आदि यह महाकुंभ एक आदर्श आयोजन के रूप में इतिहास में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक नए प्रयास किए गए हैं। संगम क्षेत्र में अत्याधुनिक अस्थायी अस्पताल, स्वच्छ शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विस्तृत सुरक्षा घेरा और सुगम परिवहन व्यवस्था ने श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान किया है।महाकुंभ के दिव्य वातावरण का वर्णन करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यहां संत-महात्माओं के प्रवचन, धार्मिक अनुष्ठान और आध्यात्मिक चर्चाएं श्रद्धालुओं को ईश्वरीय अनुभूति से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने इस महापर्व को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का संगम बताया।

मंदिर की दान पेटी चुराने वाला पकड़ाया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में स्थित राम जानकी मंदिर से दान पेटी की चोरी करने 19 वर्षीय आरोपी सर्वेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सीतापुर का रहने वाला है और वर्तमान में शिमला रिसॉर्ट, सुल्तानपुर रोड पर रह रहा था। चोरी की घटना 19 फरवरी की रात को हुई थी। मंदिर के पुजारी रामबक्स दास की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मुखबिर की सूचना पर 23 फरवरी को पुलिस ने आरोपी को एचसीएल की तरफ से आते वाटर टैंक गोल चक्कर से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के 12,770 रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 19 फरवरी की रात 12 से 1 बजे के बीच शिमला रिसॉर्ट से निकला। पहले वह पास की गुमटी पर सिगरेट पीने गया। फिर पैदल चलकर अहमामऊ चौराहे के पास स्थित राम जानकी मंदिर पहुंचा। मंदिर में पीछे के रास्ते से घुसा और देखा कि पुजारी सो रहे थे। आरोपी ने दान पात्र का ताला तोड़कर उसे पीछे ले गया। उसने सिर्फ कागजी नोट निकाले और सिक्के नहीं छुए। चोरी के कुल 21,000 रुपये थे। आरोपी ने कुछ पैसे अपने शौक पूरे करने में खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

मदरसा आलिया इरफानिया का 47वां भव्य वार्षिक जलसा धूमधाम से मनाया गया

विशिष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। सभ्यता के शहर लखनऊ में ज्ञान और साहित्य के केंद्र मदरसा आलिया इरफानिया का 47वां भव्य वार्षिक जलसा पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में दो सत्र शामिल थे। पहले सत्र की अध्यक्षता मदरसा आलिया इरफानिया के वरिष्ठ शिक्षक कारी निसार अहमद ने की। इस मदरसे के शिक्षक कारी साजिद हुसैन द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से जलसे की शुरुआत हुई, जिसके बाद मुहम्मद मासूम और उनके साथी छात्रों ने शानदार तरीके से मदरसा गान पेश किया। गान के बाद किरात विभाग शिक्षक कारी अफरोज आलम, कारी अजहरुल इस्लाम, कारी इमरान अहमद रहमानी, कारी हारून तजवीदी और कारी निसार अहमद ने तिलावत कलम पाक से सभी लोगों का दिल जीत लिया। दूसरा सत्र इशा की नमाज के बाद कारी इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें अपने-अपने कक्षा में विशिष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा शहर के प्रख्यात विद्वानों एवं गणमान्य व्यक्तियों के हाथों से 147 कारी एवं हुफ्फाजों को दस्तार पहनाया गया। प्रिंसिपल द्वारा सभी फारेगीन को पदक, एक जोड़ी कपड़े, एक कैरी बैग और विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, तौसीफ बेग बहराइच यूपी, मुहम्मद शाकिर नेपाल, फरदीन बेगो सराय बिहार, मुहम्मद अहमद लखीमपुर यूपी को एक बैठक में पूरी कुरान सुनाने के लिए पांच हजार रुपये नकद और मुश्ताक अहमद प्रतापगढ़ी हाफिज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह, हिफ्ज विभाग के शिक्षक कारी शम्श-उल-आरिफीन साहब, कारी मुहम्मद यूनुस साहब को उनकी बहुमूल्य सेवाओं के लिए कारी मुश्ताक अहमद प्रतापगढ़ी शैक्षिक पुरस्कार और 10 हजार रुपये नकद से सम्मानित किया गया। अरबी अनुभाग में, शफीकुर-उर-रहमान, ने (90:) प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया, किरात-ए-सबा में मुहम्मद तौफीक अजहर हरदोई, उत्तर प्रदेश ने 80: प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया, और किरात-ए-हफ्स में, अहमद हुसैन, नोगांव, असम ने 72: प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी को कारी मुश्ताक अहमद प्रताप गढ़ी पुरस्कार के साथ-साथ 1,000 रुपये नकद, एक जोड़ी कपड़े, एक कैरी बैग और अन्य पुरस्कार प्रदान किए गए।

रमजान के महीने के स्वागत के लिए 25 को समारोह

लखनऊ। सामाजिक कार्यकर्ता फैजुद्दीन सिद्दीकी ने डॉ अब्दुल सईद कुरैशी (राष्ट्रपति मौलाना आजाद मेमोरियल सोसाइटी), हाजी मुहम्मद फहिम सिद्दीकी (उपाध्यक्ष इंडियन नेशनल), मुहम्मद यूनुस सिद्दीब, सलीम अहमदनी,, इरशाद अहमद सिद्दीकी, क्रदुतुल्लाह खान, यूसुफ सिद्दीकी, आरबी लाल, अब्दुल वाहिद, रफी अहमद, सफ्वान सईद (सामाजिक कार्यकर्ता), नौशाद अली, अब्दुल अहद कुरैशी, मौलन शेख शाहब हुसैन और वजीर हसन रिजवी ने कहा कि हर साल की तरह, इस साल भी, शिया कॉलेज बजाज के पास इमामिया हॉल में रमजान के महीने के स्वागत और समाजसेवी मुहम्मद आफाक की जयंती पर एक समारोह आयोजित किया जाएगा। फैजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि पिछले 20 वर्षो से मैं मुहम्मद आफाक को अपने सहायकों की मदद से सामाजिक कार्यो में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए देख रहा हूं।

नई एलिवेटेड रोड कम करेगी ट्रैफिक प्रॉब्लम

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में ट्रैफिक की समस्या हल करने के लिए एक नई एलिवेटेड रोड बनेगी। सड़क राजाजीपुरम से कालिदास मार्ग तक गाजीउद्दीन हैदर कैनाल के ऊपर बनाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट का मकसद शहर के व्यस्त इलाकों में लगने वाले जाम को कम करना है।

रोजाना हजारों गाड़ियां गुजरती हैं, जिससे लोग रोजाना जाम से जूझते हैं। इस एलिवेटेड रोड के बनने से करीब 10 लाख लोगों को राहत मिलेगी।यह सड़क करीब 8 किलोमीटर लंबी होगी और इसे बनाने में लगभग 754 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत सड़क को मजबूत बनाने के लिए खास तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि यह सालों तक टिकी रहे और ट्रैफिक का दबाव झेल सके।यह सड़क राजाजीपुरम ई-ब्लॉक मार्केट से शुरू होकर बालाजी मंदिर, मवैया पुल, मोतीनगर, स्टेशन रोड, उदयगंज से होते हुए चिड़ियाघर के पीछे तक जाएगी। यह रास्ता शहर के सबसे ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों से होकर गुजरेगा, जिससे लोगों का सफर आसान और तेज हो जाएगा।लखनऊ में कई इलाके हैं जहां हर रोज गाड़ियों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। खासतौर पर अवध चौराहा, चारबाग, मवैया और हजरतगंज में ट्रैफिक जाम सबसे बड़ी समस्या है। इस एलिवेटेड रोड के बनने से इन इलाकों में ट्रैफिक की स्थिति काफी सुधर जाएगी। यह सड़क आगरा एक्सप्रेस-वे और लोहिया पथ को जोड़ने का भी काम करेगी, जिससे गाड़ियों की आवाजाही और आसान हो जाएगी। जो लोग शहर के एक कोने से दूसरे कोने तक जाना चाहते हैं, उनके लिए सड़क किसी वरदान से कम नहीं होगी।गाजीउद्दीन हैदर कैनाल पर एलिवेटेड रोड बनाने का आइडिया कोई नया नहीं है। करीब 25 साल पहले इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन कई कारणों से इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से यह प्रोजेक्ट दोबारा शुरू किया जा रहा है। सेतु निगम ने 754 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर लोक निर्माण विभाग को भेज दिया है। जैसे ही बजट पास होगा, निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।यह एलिवेटेड रोड न सिर्फ ट्रैफिक की समस्या को हल करेगी, बल्कि लोगों के रोजमर्रा के सफर को भी आसान बनाएगी। अब लोगों को घंटों जाम में फंसकर परेशान नहीं होना पड़ेगा। यह सड़क शहर के अलग-अलग हिस्सों को आपस में जोड़ेगी, जिससे लखनऊ की कनेक्टिविटी और बेहतर होगीजब ट्रैफिक जाम कम होगा, तो ईंधन की भी बचत होगी, जिससे प्रदूषण भी कम होगा। कुल मिलाकर, यह सड़क लखनऊ के विकास में बड़ा योगदान देगी ।यह सड़क शहर के लोगों के लिए सफर को आसान और तेज बना देगी।

लखनऊ यूनिवर्सिटी में छात्रों के लिए विशेष पहल

लखनऊ। लखनऊ स्थित श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में एक अनूठी पहल की गई। पीएनजी और द राइट साइड स्टोरी ने छात्रों के लिए गिवअवे इवेंट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लड़कों को गिलेट शेव गार्ड और लड़कियों को सेनेटरी पैड्स तथा वीनस रेजर दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उन्नति सिंह और शुभम उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के साथ इवेंट की महत्ता पर चर्चा की। डॉ. वीना सिंह और इंजीनियर रोहित सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। इस तरह के आयोजन से छात्रों में नई ऊर्जा का संचार होता है। यह पहल समाज और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का उदाहरण बनी।स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर्स सार्थक श्रीवास्तव, कुमार दिव्यांशु और श्रेया महेंद्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

चित्रकला से छात्राओं ने दिया 'कैंसर फ्री इंडिया' का संदेश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा भ्प्ट वैक्सीन और कैंसर जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न डिग्री कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को ए.पी. सेन मेमोरियल डिग्री कॉलेज में छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मयंक मोहन ने छात्राओं को स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय बताए। संस्था की संस्थापिका डॉ. सुमेदा त्रिवेदी (नीलू) ने स्तन कैंसर से बचाव के लिए एलओ-परीक्षण के टिप्स दिए और 9 से 28 वर्ष की किशोरियों के लिए एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि संस्था जल्द ही आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों को अपने निजी खर्चे पर एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा करेगी। कार्यक्रम के दौरान चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 67 छात्राओं ने भाग लिया। वैष्णवी कश्यप ने पहला, अंजलि पटेल ने दूसरा और स्नेहा गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाली छात्राओं तान्या, अलका नागर, साक्षी तिवारी, मानसी, श्रष्टि, मोनी, यशवी, अरीबा, अपर्णा, तनु, कृपा, शिफा, अंकिता और आफरीन को प्रशंसा प्रमाण पत्र और उच्च गुणवत्ता वाले सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। संस्था ने यह भी घोषणा की कि आने वाले दिनों में भ्प्ट वैक्सीन को लेकर जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद बच्चियों को मुफ्त वैक्सीन देने के लिए अभियान तेज किया जाएगा।

प्रेमिका के मामा की धमकी से युवक ने दी जान

लोकमित्र ब्यूरो

गोण्डा। जनपद के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के देवराना गांव के 20 वर्षीय शिवा ने लुधियाना में फांसी लगाकर 2 दिन पहले अपनी जान दे दी है। आज मृतक प्रेमी शिवा का गोंडा स्थित घर पर शव पहुंचा है जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक प्रेमी के परिजनों ने प्रेमिका के मामा और परिजनों पर धमकी देने का गंभीर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। शिवा लुधियाना में मजदूरी करता था। प्रेमिका के अपहरण के आरोप में वह पहले जेल जा चुका था। जेल से छूटने के बाद वह लुधियाना चला गया था। वहां वह अपनी प्रेमिका से फोन पर बात करता था। इसकी जानकारी मिलने पर तीन दिन पहले प्रेमिका के मामा ने शिवा को फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। साथ ही प्रेमिका से बात न करने की हिदायत दी थी। मृतक की बहन ने बताया कि भाई प्रेमिका से शादी करना चाहता था। लेकिन प्रेमिका के परिवार वाले और मामा लगातार उसे धमकी दे रहे थे। इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। आज शिवा का शव गोंडा पहुंचा। परिजनों ने मनकापुर कोतवाली में प्रेमिका के मामा मनकापुर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।
जांच में सच्चाई सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी। शाम को हिंदू रीति-रिवाज से शिवा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

आज के युवा जॉब क्रिएटर हैं, पिछली सरकारों पर युवाओं का भरोसा ही नहीं था: योगी

- मुख्यमंत्री ने होटल अमर विलास पैलेस में आयोजित यूनिकोर्न कंपनियों के कोन्क्लेव का किया उदघाटन
- वे बोले महाकुंभ में अब तक 62करोड श्रद्धालु आ चुके, दुनिया के किसी आयोजन में इतने लोग नहीं जुटे

अशोक अग्निहोत्री

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के युवा जोब क्रिएटर हैं ,पिछली सरकारों को इन पर भरोसा नहीं था, विपक्ष की सोच हमेशा से ही नेगेटिव रही है।वे आज यहां पंचतारा होटल अमर विलास पैलेस में आयोजित यूनिकोर्न कंपनियों के कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में अभी तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और यह सिलसिला अभी जारी है। दुनिया के अंदर किसी भी आयोजन में इतनी बड़ी संख्या में कभी लोग नहीं जुटे।
सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ में हमने 28 हजार से ज्यादा लोगों को ÷डिजिटल खोया-पाया केंद्र÷ के माध्यम से उनके परिवार से मिलवाया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि महाकुंभ में हजारों लोग मारे गए हैं। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि हजारों मारे नहीं गए हैं, हजारों को उनके परिवार से मिलवाया गया है। सही बात तो यह है कि उनकी (खरगे) दृष्टि ही नकारात्मक है। महाकुम्भ में मौनी अमावस्या वाले दिन हादसे का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भगदड़ की घटना में कुछ लोगों की दुखद मौत हो जाती है। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ की घटना में एक व्यक्ति को लेकर उसके परिवार ने मान लिया था कि उसकी मौत हो चुकी है, लेकिन वो मरा नहीं था। महाकुम्भ में भंडारा खाने में मस्त था। 13वें दिन परिवार में उसकी तेहरवीं की तैयारी चल रही थी और वो व्यक्ति उसी दिन ई-रिक्शा से अपने घर पहुंच जाता है। घर वाले उसको देख कर हैरान थे। ये व्यक्ति महाकुंभ में मस्त था। उन्होंने कहा कि दुनिया में अपने नवाचार से डिजिटल अर्थव्यवस्था में लोहा मनवा चुके 100 यूनिकोर्न आज आगरा में आए हुए हैं।
ताजमहल से चंद कदमों की दूरी पर स्थित होटल अमर विलास पैलेस में यूनिकोर्न कंपनियों के कॉन्क्लेव की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। आईएनसी-42 और ग्रिफिन रीट्रीट संस्था की ओर से ये आयोजन किया जा रहा है।
जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में एरिन कैपिटल, ओयो, बोट, लाइव स्पेस, इंडिया मार्ट जैसे स्टार्टअप के संस्थापक व सह संस्थापक आदि शामिल हो रहे हैं, जो भविष्य में डिजिटल अर्थव्यवस्था पर मंथन करेंगे। मुख्यमंत्री के आगरा पहुंचने पर एयरपोर्ट पर केन्द्रीय राज्यमंत्री एस.पी.सिह बघेल, प्रदेश सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य, सांसद राजकुमार चाहर, नवीन जैन, विधायक भगवान सिंह कुशवाह, धर्मपाल, जी.एस. धर्मेश, बाबूलाल, विजय शिवहरे, एवं छोटे लाल वर्मा ने गुलदस्ते भेंट कर उनका स्वागत किया।

जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जय बापू जय भीम जय संविधान का हुआ कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिला कांग्रेस कमेटी एटा के नेतृत्व में जिला सचिव फैसल हसन खान के निवास पुलिया गर्वी मेहता पार्क पर जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी के नेतृत्व में किया गया। ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाने निकली है ।देश की एकता अखंडता और विकास के लिए कांग्रेस पार्टी सदा काम करती है।आज युवा रोजगार के लिए भटक रहा है।शिक्षा और चिकित्सा को व्यापार बना रखा है। सुखबीर सिंह धनगर ने संविधान की प्रस्तावना की शपत और जय बापू, जय भीम ,जय संविधान के नारे लगाए। कार्यक्रम में ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, संजीव गुप्ता जिला अध्यक्ष सेवा दल, मोहम्मद तस्बूर जिला अध्यक्ष शोशल मीडिया, फैसल हंसन खान, जिला सचिव, जितेंद्र राणा जिला सचिव, अरविंद कश्यप जिला सचिव, मोहम्मद रियाज अब्बास, लल्ला बाबू, सुखबीर सिंह धनगर, पंकज गौतम, विनय कुमार बाल्मीकि, विकास कुमार, राणा प्रताप सिंह, विशाल, असलम भाई, फिरोज हसन खान, अजान हशन खान, अमर हसन खान, मुस्तफा हसन खान, शानू हसन खान, नईम खान, ऋतिक गुप्ता आदि।

राजनगर डिस्टिक सेंटर में अवैध कार पार्किंग की वजह से लोगों में आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। पॉश और व्यस्ततम कॉलोनी की सड़कों पर अवैध पार्किंग कर कारों की बिक्री और खरीद करने वालों के खिलाफ कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शिकायतकर्ता सुजीत तोमर का आरोप है कि स्थानीय लोग अवैध पार्किंग का विरोध करते हैं तो संचालक मारपीट पर उतारू हो जाते हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं।आरडीसी राजनगर में आवासीय और व्यवसायिक भवनों के सामने सड़कों पर अवैध पार्किंग के कारण सुबह से देर शाम तक जाम लगा रहता है। स्थानीय लोगों को भी सड़कों से निकलने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। शिकायतकर्ता सुजीत तोमर ने कारों की बिक्री और खरीद का काम करने वाले चार संचालकों के खिलाफ नामजद और चार-पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सुजीत तोमर ने बताया कि स्टार मोटर्स, देविका मोटर्स और सक्सेना मोटर्स के संचालक सड़कों पर अवैध पार्किंग करते हैं। इससे सड़कों पर जाम की स्थिति रहती है। दुकानदारों और स्थानीय लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोग सड़कों पर अवैध पार्किंग का विरोध करते हैं तो संचालक अभद्र भाषा का प्रयोग कर मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित ने कविनगर पुलिस से मामले में कार्रवाई कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर कविनगर पुलिस ने बीएनएस 329(3) गृह अतिक्रमण, 352 शांतिभंग करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।
आरडीसी राजनगर में अवैध पार्किंग की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। अवैध पार्किंग हटाने के लिए अन्य विभागों की सहायता से अभियान चलाया जाएगा। नो पार्किंग जोन में पार्किंग नहीं होने दी जाएगी।
-स्वतंत्र कुमार सिंह, एसीपी कवि नगर।

थाना प्रभारी ने कहा, शांति से मनाएं त्योहार

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। जिले के सुबेहा थाना परिसर में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महाशिवरात्रि, होली, रमजान और ईद के त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने सभी से आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।
उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कृष्णकांत सिंह ने समाज के जिम्मेदार लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह और भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव मौजूद रहे। इसके अलावा प्रधान राम सिंह, मातादीन, सभासद महेंद्र मौर्य, कफील, ठेकेदार मुमताज खान, सनद तिवारी, मंशाराम यादव और आमिर खान समेत कई गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

विदेशी समूह से शेयर ट्रेडिंग से मोटी कमाई का झांसा देकर 7.50 लाख रुपये ठगे

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। साइबर ठगों ने वसुंधरा की शिक्षा अपार्टमेंट में रहने वाले सुभाष चंद भाटी को कैलिफोर्निया की कंपनी के जरिये शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने का झांसा दिया। नामचीन कंपनी के नाम जैसी फर्जी कंपनी की वेबसाइट से जोड़कर 7.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने ठगों के खिलाफ साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।
वसुंधरा क्षेत्र के शिक्षा अपार्टमेंट निवासी सुभाष भाटी के अनुसार उनके व्हाट्सअप पर 11 जनवरी को लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करने पर शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने के विज्ञापन दिखाए गए। विज्ञापन पर क्लिक करने पर उनके पास एक कॉलर ने कॉल किया और अपना नाम हरि सिंह बताया। हरि सिंह ने खुद को वित्तीय विशेषज्ञ बताया और एफॉरटू बुक रिलीज एक्सचेंज ग्रुप से जोड़ा। जहां उन्हें शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने का प्रशिक्षण दिया गया। दो फरवरी को उन्हें ग्राहक सेवा निदेशक श्रीदत्ता नाम के व्यक्ति ने ग्रुप पर केन्यन एसेट्स नाम के मोबाइल एप पर जोड़ा और निवेश करने का दबाव डाला। सुभाष चंद भाटी ने बताया कि उन्होंने भारतीय और विदेशी कंपनियों के शेयर ट्रेडिंग में निवेश किया।
एप पर उन्हें मुनाफा होता दिखा तो उन्होंने कुछ ही दिनों में सात लाख 50 हजार रुपये निवेश कर दिए। बताया कि खाते से रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन धनराशि नहीं निकाल पाए। इसकी शिकायत उन्होंने खुद को वित्तीय विशेषज्ञ बताने वाले श्रीदत्ता और हरि सिंह से की। आरोप है कि दोनों ने लाखों रुपये अतिरिक्त जमा करने पर ही संपूर्ण धनराशि निकाल पाने का झांसा दिया। इसके बाद उन्होंने कंपनी की बाबत जानकारी की तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ।
पीड़ित ने साइबर ठगों पर 7.50 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाकर बीनएस की धारा 318(4) धोखाधड़ी से संपत्ति हड़पना और 66डी कंप्यूटर संसाधनों से संपत्ति ट्रांसफर करने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है।पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।
बैंक खातों की जांच की जा रही है। एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद के अनुसार आरोपियों को जल्द चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा रहे 50 फीसदी मरीज मधुमेह से ग्रसित, 40ब उच्च रक्तचाप के रोगी

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। मधुमेह रोगियों में मोतियाबिंद होने का खतरा दो गुना बढ़ रहा है। एमएमजी और संयुक्त अस्पताल में रोजाना 40 से 50 मोतियाबिंद के ऑपरेशन हो रहे हैं। इनमें 50 फीसदी मरीज मधुमेह से ग्रसित होते हैं। जबकि 40 फीसदी मरीजों को उच्च रक्तचाप की परेशानी होती है। पांच-पांच फीसदी मरीजों को चोट लगने और स्टेरायड दवा लेने से मोतियाबिंद हो रहा है।
एमएमजी अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी कृष्णमुरारी शर्मा ने बताया कि जांच के बाद जिन मरीजों में मधुमेह का स्तर बढ़ा रहता है, उन्हें पांच से दस दिन की दवा लेने के बाद बुलाया जाता है। सामान्य होने पर ऑपरेशन किया जाता है। उनका कहना है कि मधुमेह का स्तर बढ़ने पर नेत्र ज्योति पर तेजी से दुष्प्रभाव होता है। मधुमेह वाले मरीजों में मोतियाबिंद जल्दी और तेज होता है। लंबे समय तक उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण आंख के लेंस में रासायनिक परिवर्तन होते हैं, जो प्रोटीन को नुकसान पहुंचाते हैं और उन्हें जमा करने के लिए प्रेरित करते हैं। मधुमेह में हाई ग्लूकोज के स्तर के कारण लेंस में सूजन, बायोकेमिकल बदलाव और लेंस में तनाव पैदा होता है, जो मोतियाबिंद के विकास को तेज करता है।
संयुक्त अस्पताल के पूर्व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टीरियर सबकैप्सुलर (पीएससीएस) मोतियाबिंद मधुमेह रोगियों में विकसित हो सकता है। यह सामान्य मोतियाबिंद के विपरीत आंख के लेंस के केंद्र या नाभिक को प्रभावित करता है। पीएससीएस लेंस की पिछली सतह पर, लेंस कैप्सूल के पास बनते हैं। उन्होंने बताया कि मधुमेह के 25 फीसदी मरीजों में 10 वर्ष की उम्र में ही आंखों की रोशनी कम होने लगती है। 50 फीसदी मरीजों में 20 साल के अंदर इसका असर दिखने लगता है। ज्यादातर लोग इसे ढलती उम्र की समस्या मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन लापरवाही करना खतरनाक स्थिति होती है। नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र ने बताया कि दस महीने में 32306 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। नोडल ने बताया कि एक साल का 43074 मरीजों के मोतियाबिंद का लक्ष्य है, लेकिन इस समय लक्ष्य से अधिक ऑपरेशन हो रहे है। मोतियाबिंद होने की संभावना दोगुनी होती है।गर्भवती महिलाओं को दृष्टि हानि का खतरा होता है
आंख की मांसपेशियों का पक्षाघात हो जाता है। दोहरी दृष्टि और मधुमेह से संबंधित अन्य परेशानी होती है।
मधुमेह में आंखों का संक्रमण का खतरा अधिक होता है। मधुमेह के कारण धुंधली दृष्टि या बहुत गंभीर हो सकती है। इस तरह से करें बचाव
अगर मधुमेह से ग्रसित हैं तो उसकी नियमित जांच कराएं।

कासगंज शहर क्षेत्र की तीन चोरी के अभियोगों का सफल अनावरण

- एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही कर एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार
- अभियुक्त द्वारा चोरी किया गया माल आभूषण नकदी कीमत करीब 10 लाख रुपये मय आलानकब सब्बल व एक मोटर साइकिल बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

एटा/कासगंज। वादी विनोद कुमार एडवोकेट निवासी के पीजी कालेज के पीछे शिवशक्ति नगर कासगंज द्वारा लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि दिनांक 07 फरवरी की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। जिसमें 35 चाँदी के सिक्के, चाँदी के दो लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति वजनी करीब 200 ग्राम व जेवरात चोरी हुए हैं। सूचना पर दिनांक 08 फरवरी को हुए विवेचना की गई। वादी सुमित पाठक निवासी गिर्राज पैलेस कासगंज द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 14 फरवरी को वादी के बन्द मकान से ताला तोड़कर अलमारी में रखे आभूषण 8000 रुपये नकद अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। सूचना पर दिनांक 17 फरवरी को बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना की गई। तीसरी चोरी वादी सूरजपाल निवासी उदयपुर कालोनी, बाँकनेर, कासगंज ने लिखित सूचना दर्ज कराई कि दिनांक 14 फरवरी को वह मकान पर नहीं था रात्रि में ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा सोने-चाँदी के जेवरात चोरी कर लिए गए हैं। बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना की गई। पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा द्वारा शहर कासगंज अन्तर्गत एक सप्ताह के अन्दर बंद मकानों में हुई चोरी की वारदातों को गम्भीरता से लेते हुए राजेश भारती अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज के पर्यवेक्षण में चोरी की घटनाओं के अनावरण एंव माल की बरामदगी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर आँचल चैहान के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस एवं थाना कोतवाली कासगंज पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के क्रम में रविवार की रात्रि में सर्विलांस की मदद से एक अभियुक्त को रेलवे स्टेशन के पास से मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। जिसके कब्जे से मुअसं- 109/25 धारा 305, 331 बीएनएस, मुअसं- 137/25 धारा 305 बीएनएस व मुअसं- 151/25 धारा 305, 331 बीएनएस से संबधित चोरी किया माल आभूषण कीमत करीब 10 लाख रुपये, एक सिलाई मशीन, आलानकब एक अदद सब्बल एवं एक मोटर साइकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त विकास पुत्र बाबूराम निवासी सुभाष नगर, गली नं0 7, जनपद बरेली का रहने वाला है जो शहर कासगंज में ई-रिक्शा चलाता है तथा दिन में बंद मकानों की रैकी कर रात्रि में दो बजे के बाद अकेले चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त बंद मकानों में चोरी करने का शातिर माहिर अपराधी है। जिस पर पूर्व से भी करीब दो दर्जन चोरी एवं अन्य अभियोग

सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल द्वारा स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स मीट में स्कूल के कक्षा 3 व 4 के छात्र-छात्राओं ने भाग-लिया। मुख्य अतिथि ऋचा सूद, स्कूल की निदेशक शिलोना अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुधा मुरुगकर व हेडमिस्ट्रेस बबीता चौधरी ने गुब्बारे उड़ाकर व मशाल जलाकर स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया। स्पोर्ट्स ड्रिल्स, रिले रेस, स्प्रिंट रेस व हर्डल रेस में सैकडों छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 60 मीटर रेस में बालिका वर्ग में आराध्या सिंह, पहले, इशिका पुरी दूसरे व नित्या तेवतिया तीसरे, बालक वर्ग में विशु बालियान पहले, नियोम राठौर दूसरे व आयुक्त त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर रेस बालिका वर्ग में सिद्धिकशा शर्मा को पहला, वुंदा चौधरी को दूसरा, आरूषि बसनेट को तीसरा, बालक वर्ग में दक्ष साहू को पहला, विहान चौहान को दूसरा व समर्थ वर्मा को तीसरा स्थान मिला। 400 मीटर रेस में तनवी नागर विजेता रही। ध्याना सिंह ने दूसरा व चहक राजपूत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में दीपक यादव विजेता रहे। प्रणव भुल्लर ने दूसरा व विराट सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों को मिला प्रशिक्षण, बच्चों ने देखी प्रदर्शनी

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। जनपद में वस्त्र मंत्रालय और एलीको हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से एक महत्वपूर्ण पहल की गई। लखपेडाबाग स्थित मालिक मैरिज हॉल में तीन दिवसीय शिल्प जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 21 से 23 फरवरी 2025 तक चला। हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय के एचपीओ अविनाश गौतम ने समापन किया। उन्होंने हस्तशिल्पियों को विशेष बुकलेट वितरित की। कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों और छात्रों को पारंपरिक शिल्प की जानकारी दी गई। प्रदर्शनों के माध्यम से शिल्प कला की बारीकियां समझाई गई। हस्तशिल्पियों को अर्टीजन किट भी दी गई। स्कूली बच्चों ने क्राफ्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र की सहायक आयुक्त रूबी जमशेद और एलिको हैंडिक्राफ्ट की निदेशक अफ्साना खघन मौजूद रहीं। राष्ट्रीय और प्रादेशिक पुरस्कार विजेता शिल्पगुरु माधुरी मिश्रा भी उपस्थित थीं। रजत कुमार गुप्ता, शगुफ्ता अंसारी और राज्य पुरस्कार विजेता पुष्पा देवी ने भी शिरकत की। निदेशक रंजीता गौतम की उपस्थिति भी रही। बाराबंकी चिकनकारी क्लस्टर के 20 हस्तशिल्पियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

रिमोट सेंसिंग से खोज निकाले गए 73 कुएं और तालाब

लोकमित्र ब्यूरो



गाजियाबाद। जल संरक्षण के लिए किए जा रहे उपायों की श्रृंखला में रिमोट सेंसिंग की मदद से उन तालाबों और कुओं का भी पता लगाया जा रहा है, जिन पर कब्जा कर लिया गया। कब्जे की वजह इनका अस्तित्व नजर ही नहीं आ गया। भोजपुर ब्लॉक में सर्वे कराया गया है। इसमें 73 कुएं और तालाब नजर आए हैं। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर हर जगह टीम भेजी जा रही है। अभियान चलाकर सभी जगह से कब्जा हटाया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बताया कि तालाब और कुओं को कब्जामुक्त कराने के बाद फिर से पुराने स्वरूप में लाया जाएगा। इनका संरक्षण भी किया जाएगा। इससे भूगर्भ जल रिचार्ज होने में मदद मिलेगी। योजना तालाबों को हरा-भरा बनाए जाने की भी है। इसके लिए सभी तालाबों का सुंदरीकरण किया जाएगा। इनके किनारों पर पौधे लगाए जाएंगे।
भोजपुर ब्लॉक में अभी तक भोजपुर गांव और तिबड़ा में ही तालाब मिले हैं। दोनों जगह तालाबों की खोदाई कराई गई है। सुंदरीकरण भी कराया जा रहा है। भोजपुर के बाद सभी ब्लॉक में रिमोट सेंसिंग के तालाबों और कुओं की तलाश की जाएगी। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन तालाब और कुओं को सरंक्षित रखा जाए। इनमें पानी की कमी न होने पाए। इसके लिए समय समय पर सफाई कराई जाएगी।ऐसे काम करती है तकनीक।। सुदूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग) एक तकनीक है जिससे किसी वस्तु को छुए बिना उसके बारे में जानकारी हासिल की जाती है। यह तकनीक पृथ्वी के बारे में जानकारी पाने के लिए खास तौर पर इस्तेमाल की जाती है।
रिमोट सेंसिंग की मदद से ढूंढे जा रहे तालाबों और कुओं में पीजोमीटर भी लगाए जा रहे हैं। ये जल के स्तर की जानकारी देते रहेंगे। इससे पता चल सकेगा कि जल का स्तर नीचे जा रहा है, स्थिर बना हुआ है या फिर ऊपर आ रहा है। यह रीडिंग तालाबों और कुओं की स्थिति को ठीक करने में मददगार साबित होगी।
मुरादनगर के मोहम्मदपुर कदीम गांव में तालाब की खोदाई के दौरान कुआं मिला है। इस तालाब के सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। जलस्तर बढ़ाने के उपाय किए गए हैं।

संक्षिप्त खबरें

दिव्यांगों के शोषण पर आक्रोश, लड़ाई का ऐलान

अमेठी। जिले के मुसाफिरखाना नगर पंचायत स्थित गांधी पार्क में सशक्त दिव्यांग आत्मनिर्भर समिति के बैनर तले दिव्यांगों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें सैकड़ों दिव्यांगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। बैठक में दिव्यांगों ने अपने साथ हो रहे शोषण पर कड़ा रोष व्यक्त किया और प्रशासन से तत्काल उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई। साथ ही, उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखने का निर्णय लिया। इस अवसर पर समिति की जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्र ने अमेठी निवासी प्रमोद कुमार तिवारी को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया, जबकि हरिप्रसाद यादव को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित सभी दिव्यांगों ने एकजुटता दिखाते हुए अपने अधिकारों के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया और जल्द ही बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी।

अनियंत्रित टैक्टर ने मारी टक्कर, दंपत्ति गंभीर घायल

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर पलट गई, जिससे यातायात बाधित हो गया। कानपुर के किदवई नगर निवासी इमरान करीमी अपनी पत्नी हुस्ना के साथ बाइक से शुक्लागंज से उन्नाव जा रहे थे। सरैयां सब स्टेशन के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दंपत्ति उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली भी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जिससे चालक बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से घायल दंपत्ति को जिला अस्पताल भेजा। बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से ट्रैक्टर ट्राली को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण, मेले में 28 सौ से अधिक मरीजों का हुआ उपचार,16 रेफर

अमेठी। जिले के 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 28 सौ से अधिक मरीजों का उपचार हुआ। सीएमओ के निरीक्षण करने पर महिला चिकित्सक मैटरनिटी अवकाश पर मिली।रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन जिले के अभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने शाहमऊ स्वास्थ्य मेले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 78 मरीजों के सेहत की जांच कर दवा उपलब्ध कराया गया था। वहीं 34 मरीजों का जांच किया गया। अस्पताल में तैनात डॉ. राधा धीमन के मौजूद न रहने पर संबंधित से जानकारी करने पर बताया कि वह मैटरनिटी अवकाश पर हैं। डॉ. पीतांबर कनौजिया ने जेठू मवई स्वास्थ्य मेले में आए हुए मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवा उपलब्ध कराते हुए परामर्श दिया। पूरे जिले के स्वास्थ्य मेले में कुल 2857 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 1192 पुरूष,1286 महिला व 379 बच्चे शामिल रहे। गंभीर रूप से बीमार 16 मरीजों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में आने वाले किसी मरीज को परेशानी न हो। इसके लिए 66 डॉक्टर व 288 स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

सपा नेता ने पीडीए पंचायत कर भाजपा को घेरा

लोक मित्र संवाद

बीघापुर,उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में अंकित सिंह परिहार के द्वारा प्रति दिन निरंतर गांव -गांव में पीडीए पंचायतों के माध्यम से जन संवाद का क्रम जारी है। इसी क्रम में आज सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के गांव बन्थर एवं ब्लॉक बिछिया के गांव दुआ में पीडीए पंचायतों का आयोजन किया गया। आज की पीडीए पंचायतों में विचार व्यक्त करते हुए अंकित सिंह परिहार ने कहा की पीडीए पंचायत की यह मुहिम कोई चुनावी मुहिम नहीं है यह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अवाहन पर समाज के दबे कुचले कमजोर और वंचित लोगों को समाज की मुख्य धारा में ला कर उनके दरवाजे तक उनके हक अधिकारों को पहुंचाने की समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मुहिम है। अंकित सिंह परिहार ने कहा कि भाजपा की सत्ता देश और समाज के कुछ एक चुनिंदा लोगों तक ही सारे साधन और संसाधन सीमित रखना चाहती है।

लेकिन समाजवादी पार्टी चाहती है कि सपा सरकार आने के बाद सरकार की शक्ति का लाभ समाज के सबसे कमजोर लोगों तक पहुंचे। जब समाज का गरीब और शक्ति विहीन तबके तक सत्ता की ताकत पहुंचेगी तभी सही मायने में देश तरक्की का सही मुकाम हासिल कर पाएगा। आज के दौर में सभी को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करना होगा तभी सही मायने में समाजवादी व्यवस्था से देश उन्नति करेगा। कार्यक्रम का संयोजन समाजवादी मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष डा. बिंदेस्वरूप ने किया

मुख्य रूप से जिला सचिव रमाकांत मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष विजय यादव, जोनल अध्यक्ष सूरज राजपूत लोधी एवं उमा शंकर यादव, यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा, गंगा बक्श सिंह, राम आसरे लोधी, नरेश रावत, मो. असलम, के. बी. दुबे, रमेश गुप्ता, जितेंद्र मौर्या, अर्पित कुशवाहा, जीतू शास्त्री, सोनू मिश्रा, सीताराम लोधी, शुभम गौतम, राजा सिंह, अभिषेक रावत, राम बाबू मास्टर, देश राज टेलर, अनिल दुबे, श्री पाल कुशवाहा, अन्नू रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

गंभीर बीमारी की जांच कराने में जिले को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

- जिले को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सीएमओ ने सभी संबंधित को दिए निर्देश
- हाइपरटेंशन, डायबिटीज, ओरल ब्रेस्ट सर्वाइकल कैंसर की जांच करना और उनको दवा उपलब्ध कराने की समीक्षा शासन स्तर से की गई है

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच व दवा उपलब्ध कराने के मामले में अमेठी जिला प्रदेश की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस पर सीएमओ ने सभी संबंधित को पहले स्थान पर लाने के लिए और अधिक प्रयास करने का निर्देश दिया है। जिले में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज जैसे हाइपरटेंशन, डायबिटीज, ओरल ब्रेस्ट सर्वाइकल कैंसर की जांच करना और उनको दवा उपलब्ध कराने की समीक्षा शासन स्तर से की गई है। जारी दस उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों की सूची में अमेठी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों का पता लगाकर जांच कराने व दवा मुहैया कराने के लिए 583226 का लक्ष्य निर्धारित था।

जिसमें प्रतिदिन 26510.27 का लक्ष्य था। 12853 मरीजों की जांच कराकर दवा उपलब्ध कराया गया। जो 48.48 प्रतिशत है। 196 सीएचओ में से 157 ने मरीजों का स्क्रीनिंग कराया है। जबकि 39 ने नहीं कराया है। इसी प्रकार 297 एएनएम को जिम्मेदारी दी गई थी। इसमें से 187 ने मरीजों का स्क्रीनिंग कराया है। 164 सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया।

इस पर सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने सभी संबंधित को पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करने का आदेश दिया है। जिससे जिले को शासन द्वारा जारी समीक्षा सूची में प्रथम स्थान प्राप्त हो सके। इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दिया है।

ट्रेन से गिरने पर युवक की मौत

पाटन उन्नाव। कानपुर से प्रयागराज जा रही पैसेंजर ट्रेन से युवक की गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी व थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बिहार थाना क्षेत्र के तकिया रेलवे स्टेशन के पास कानपुर प्रयागराज रेलवे ट्रैक पर पोल नंबर 140/14 के पास रविवार को कानपुर से प्रयागराज जा रही पैसेंजर ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व जी आर पी ने शव को कब्जे मे लिया। युवक की पहचान थाना बिहार के ग्राम परसंडा निवासी रोहित 30 वर्ष पुत्र नत्थू के रूप में हुई। ट्रेन से कानपुर से तकिया आ रहा था। तकिया रेलवे पर ट्रेन रुकने के लिए धीमी हुई तो उतरते समय ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी घटना स्थल टर ही मौत हो गई। बताया गया कि मृतक कस्बा पाटन स्थित दिलीप ढाबा में मजदूरी करता था। सूचना पर पहुंची जीआरपी व थाना पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

कुंभ में महिलाओं के नहाते वीडियो बनाना शर्मनाक, कड़ी कार्रवाई करे सरकारः माता प्रसाद

- सपा नेता हाफिज मलिक और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कलाम मलिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता स्वागत में मौजूद रहे।

लोकमित्र ब्यूरो

गोण्डा। जनपद में गोंडा में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय का गौरा विधानसभा में जोरदार स्वागत किया गया। सपा नेता हाफिज मलिक और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कलाम मलिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता स्वागत में मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कार्यकर्ताओं की बैठक में पीडीए के तहत गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को हर वोट पर मजबूती तभी मिलेगी जब कार्यकर्ता जनता को जागरूक करेंगे। यूपी विधानसभा में अंग्रेजी भाषा के मुद्दे पर पांडेय ने कहा कि सभी लोग अंग्रेजी नहीं समझते। उन्होंने सुझाव दिया कि उर्दू और संस्कृत को भी शामिल किया जाए। उन्होंने विधानसभा में प्रयुक्त की गई भाषा की निंदा की है की ऐसी भाषा का प्रयोग विधानसभा में नहीं होना चाहिए। मुलायम सिंह यादव ने उर्दू भाषा को भी जोड़ा था लेकिन अब इस सरकार ने खत्म कर दिया है। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने आई महिलाओं के अश्लील वीडियो मामले पर उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया दी। पांडेय ने कहा कि यह गलत है और सरकार को अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। गौरतलब है कि महिलाओं के वीडियो टेलीग्राम पर बेचे जाने की शिकायत मिलने पर प्रयागराज महाकुंभ प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

तेलंगाना की सुरंग में फंसे मटुकरी निवासी इंजीनियर के परिवार का रो-रो कर बुराहाल

- पत्नी व साढू हैदराबाद से घटना स्थल पहुंचे, एनडीआरएफ की टीम को अब तक नही मिली सफलता

लोकमित्र संवाद

बांगरमऊ, उन्नाव। तेलंगाना प्रदेश के जिला नागर कुरनूल स्थित एसएलबीसी प्रोजेक्ट की सुरंग में फंसे क्षेत्र के ग्राम मटुकरी निवासी इंजीनियर मनोज कुमार द्विवेदी को बाहर निकालने में अभी तक एनडीआरएफ टीमों को कामयाबी नहीं मिल सकी है। जिससे इंजीनियर की 90 वर्षीय वृद्ध मां और उनके दो बेटे सहित सभी परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

प्रोजेक्ट के अधिकारियों की सूचना पर आज़ रविवार की सुबह इंजीनियर मनोज कुमार द्विवेदी की शिक्षक पत्नी स्वर्ण लता और उनके बड़े साढू राम आसरे दीक्षित हवाई जहाज से हैदराबाद एयरपोर्ट पर उतरे। जहां प्रोजेक्ट की गाड़ी से करीब दो सौ किलोमीटर दूर स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। जहां विजय वाड़ा और हैदराबाद की एनडीआरएफ की टीमों द्वारा सुरंग फंसे सभी अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों को बाहर निकालने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। घटनास्थल पर मौजूद राम आसरे दीक्षित (रजोल) ने बताया है कि सुरंग की मरम्मत के दौरान करीब 13 किलोमीटर दूर करीब 10 मीटर छत ढह गई थी। जिससे सुरंग के अंदर करीब तीन किलोमीटर तक मलबा और कीचड़ भरा गया है। मशीनों द्वारा पंप कर कीचड़ और मलबे को निकालने का काम जारी है। उन्होंने यह भी बताया है कि सुरंग के अंदर सर्च अभियान में जुटे कर्मचारियों के पुकारने पर फंसे लोगों की ओर से कोई उत्तर नहीं मिल रहा है। बचाव अभियान में भारतीय सेना भी शामिल हो गई है।

बांगरमऊ इंजीनियर मनोज कुमार द्विवेदी बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम मटुकरी के मूल निवासी हैं। करीब दो वर्ष पूर्व उनके पिता अर्जुन प्रसाद द्विवेदी का देहांत हो गया था। वह दो भाई हैं। बड़ा भाई अरविंद द्विवेदी और उनकी पत्नी संध्या द्विवेदी बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक हैं और लखनऊ में रह रहे हैं। जबकि टनल में फंसे अन्य तकनीकी कर्मचारियों में जम्मू-कश्मीर के दो, झारखंड के चार तथा पंजाब का एक तकनीकी कर्मचारी है।

किन्हौली की हाट बाजार बन कर तैयार, रुकेंगे महादेवा आने वाले कान्वरिए

- ग्राम प्रधान से लेकर बीडीओ व एस डी एम का रहा सहयोग

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर। ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत किन्हौली की हाट बाजार बनकर तैयार हो गई है। यंहा बिजली व टेंट की व्यवस्था की गई है तथा पीने के पानी के लिए हैंड पम्प लगाया गया है ताकि महादेवा आने वाले कान्वरिए विश्राम कर सकें। इसी जगह सामुदायिक शौचालय है जिसके बाहर नहाने की भी व्यवस्था है।

ग्राम प्रधान किन्हौली ऊषा सिंह जब प्रधान नहीं थीं तो जब साग सब्जी सहित अन्य सामान बेंचने वाले पटरी दुकानदारों को सड़क किनारे इधर उधर दुकान लगाते देखती तो उनके मन में यह ख्याल आता था कि यंहा यदि मनरेगा की टिन शेड वाली हाट बाजार बन जाए तो इन सबको बड़ी सुबिधा होगी।इसके लिए वे जब प्रधान बनी तो उनके पति दिनेश सिंह,समाजसेवी राजा सिंह ने प्रयास कर सबसे पहले हाइवे किनारे की यह कीमती जमीन खाली कराई।फिर यंही कुछ भाग मे शामुदायिक शौचालय बनवाया जिसमे बाहर नहाने की व्यवस्था की। मेन हाइवे पर सामुदायिक शौचालय बनने से इसका खूब उपयोग भी हो रहा है ।इसी जगह लम्बाई में टिन शेड वाली मनरेगा हाट बाजार बनाने के लिए प्रधान ने बीडीओ जितेंद्र कुमार का विशेष सहयोग लिया और डेढ़ महीने मे हाट बाजार बन गई ।मिट्टी पटवाने व बिजली के खम्भे लगवाने में एस डी एम पवन कुमार का सहयोग रहा। अब जब यह बन कर तैयार हुई तो प्रधान ने एक हैंड पम्प भी लगवा दिया है।शुक्रवार को जब लाइट जली तो लोग कार्य की तारीफ़ करने से नहीं चूके।इसका उपयोग अभी महादेवा आ रहे कान्वरियों के रुकने में होगा । मेला के बाद स्थानीय पटरी दुकानदार यंहा दुकान लगाएंगे जिससे ग्राम पंचायत की आय भी बढ़ेगी।सचिव निखिल कनोजिया ने बताया कि टेंट लगाया गया है।

जनरल स्टोर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

बाराबंकी। सिरौली गौसपुर क्षेत्र के रामपुर में एक जनरल स्टोर में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। दुकान के मालिक ताजुद्दीन पुत्र मोहम्मद आमीन की किराना स्टोर में सुबह करीब 9 बजे अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी दुकान में फैल गई। ऊंची लपटें देखकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, फायर ब्रिगेड की टीम समय पर नहीं पहुंच सकी। इस दौरान दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों ने हैंडपंप और बाल्टियों से आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। घटना से दुकान मालिक को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य दिव्य लीला से गुंजायमान हुआ रामनगर

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिले की पावन धरती,जहां, पर सती,महारानी जी का धाम है विधान सभा अमेठी के रामनगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन का आयोजन भक्ति, उल्लास और दिव्यता से भरपूर रहा। कथा वाचिका साध्वी सृष्टि लता रामायणी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की लीला को इतने मनोहारी ढंग से प्रस्तुत किया कि पूरा पंडाल भक्ति के सागर में डूब गया। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य से पूर्व साध्वी ने समुद्र मंथन की अद्भुत कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि जब समुद्र मंथन हुआ, तब अमृत की बूंदें प्रयागराज, नाशिक, उज्जैन सहित चार स्थानों पर छलकीं, जिससे वहां महाकुंभ की परंपरा प्रारंभ हुई। भगवान श्रीहरि ने मोहिनी रूप धारण कर देवताओं को अमृत बांटा, किंतु राहु-केतु ने छलपूर्वक इसे ग्रहण कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप आज भी उनकी छाया ग्रह के रूप में जानी जाती है। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान स्वयं अवतरित होते हैं। इसी क्रम में, कंस के अत्याचारों से त्रस्त देवताओं और भक्तों की प्रार्थना सुनकर भगवान श्रीहरि ने देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण रूप में अवतरण लिया। जैसे ही कथा वाचिका ने श्रीकृष्ण जन्म की घोषणा की, संपूर्ण पंडाल भक्तिमय जयकारों से गूंज उठा–'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'। महिलाओं ने सोहर गाए, श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे, और भगवान के जन्मोत्सव पर भव्य झांकियां प्रस्तुत की गईं। पूरे पंडाल को रंगीन गुब्बारों और पुष्पों से अलौकिक स्वरूप प्रदान किया गया। भगवान के जन्म पर भक्तों को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया।

इस दिव्य आयोजन में अमेठी महाराज डॉ. संजय सिंह और महारानी डॉ. अमिता सिंह मुख्य, अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा के मुख्य यजमान राजेश कुमार गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, उमाशंकर मनोज, रमेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, आदर्श, अभय अर्जित,पवन अग्रहरि, एवं पूरे राम नगर वासी सहित हजारों श्रद्धालु इस पावन अवसर के साक्षी बने। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की अलौकिक छटा देखते ही बन रही थी। पूरे रामनगर में भक्ति और उल्लास का ऐसा दिव्य संगम था कि हर भक्त का हृदय प्रेम, श्रद्धा और आनंद से ओतप्रोत हो उठा।

हर हर बम बम के जयघोष से लोधेश्वर महादेव में बह रही भक्ति बयार

- कान्वरियों के आने का सिलसिला जारी, अधिकारी हैं एलर्ट

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर। लोधेश्वर महादेवा के फाल्गुनी मेले में श्रद्धालुओ का आवागमन बना हुआ है। दर्शन पूजन के साथ साथ भक्तो के हर हर बम बम की जयघोष से चारो तरफ धार्मिक माहौल है।मेले में कानपुर, औरैया, जालौन, कानपुर देहात और लखनऊ से श्रद्धालु कांवर लेकर पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

जगह जगह पुलिस तैनात है।

दो दिनों बाद 26 फरवरी को महाशिव रात्रि पर्व पर महादेवा में लाखों श्रद्धालुओ की भीड़ जुटेगी जिसके लिए एस डी एम पवन कुमार सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम किए है। पंद्रह फरवरी से शुरु महादेवा के फाल्गुनी मेले में बुंदेलखंड तक से कान्वरिए आ रहे हैं। औरैया से महंत कल्लू 28 श्रद्धालुओं के साथ कांवर लेकर आए हैं।

जाजमऊ में गंगा जल भरकर तीसरे दिन महादेवा पंहुचे। भोले बाबा का जलाभिषेक कर उनकी टोली बहुत खुश थी। कानपुर देहात से बाबू राम,राजा,मोहन आदि 12 लोग महादेवा आए हैं जो जकाभिषेक के बाद पुरानी बाग़ की ओर लेते सुस्ता रहे थे। कहते हैं कि यंहा मांगी मुराद जरूर पूरी होती है। दूसरी बार आने का यंहा मौका मिला। उन्नाव के बब्लू के साथ आठ लोग मोटरसाइकिलो को सजाकर बड़े बड़े झंडे लगा कर यंहा पंहुचे।दर्शन कर आनंदित हो रहे थे।बोले अब सभी लोग अयोध्या जाएंगे। इस बार मेले में महिला श्रद्धालुओं की भी भागीदारी कम नही रही।

कोई झंडा लेकर तो कोई कान्वर के साथ महादेवा पंहुच रहा हैं।बिठूर से झंडा लेकर आई रंजना,उन्नाव की लीलावती ने बताया कि वे पहली बार यंहा पंहुची हैं। चौथे दिन यंहा भोलेबाबा को जल चढ़ाया तो सारी थकान दूर हो गई।पैरों में छाले पड़ने के बावजूद शिव दर्शन के बाद उन्हें कोई तकलीफ महसूस नहीं हुई। बीडीओ रामनगर जितेंद्र कुमार,ए डी ओ पंचायत रामनगर अभय शुक्ला, सूरतगंज राजेंद्र प्रसाद भी मेला भ्रमण करते दिखे। ब्लॉक रामनगर से केसरीपुर मोड़ सहित लोहटी ,मीतपुर आदि मोड़ो पर सी सी कैमरा लगवाए गए हैं। पुरानी बाग़ कि तरफ सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। चौपहिया व दोपहिया वाहनो के लिए महादेवा रोड किनारे कई जगह पार्किंग स्थल बनाए गए है जंहा बोर्ड भी लगाया गया है ताकि बाहर से आ रहे श्रद्धालु अपना वाहन आसानी से खड़ा कर सकें। सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अजीत पटेल,सी ओ सौरभ श्रीवास्तव,कोतवाल अजय त्रिपाठी,कानून गो ओम प्रकाश आदि डियूटी पर मौजूद रह कर व्यबस्थाओ को देखते रहे।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 295 मरीजों की हुई आंखों की जांच

बाराबंकी। जनपद में मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड और शेख फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय निरूशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। रामपुर कटरा के पंचायत भवन में आयोजित इस शिविर में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक नियाज खान और उनकी टीम ने 295 मरीजों की आंखों की जांच की। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी ने किया। उन्होंने कहा कि आंखें ईश्वर का सबसे अनमोल तोहफा हैं और इनकी नियमित जांच आवश्यक है। उन्होंने आंखों की साफ-सफाई और व्यायाम पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। समाजसेवी मतलूब अंसारी ने आंखों की नियमित जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में डॉ. नियाज खान और उनकी टीम में शामिल लवकुश चौधरी तथा डॉ. राम खेलावन ने मरीजों की जांच की। मरीजों को मात्र 50 रुपये में चश्मे उपलब्ध कराए गए कटर का वितरण भी किया गया।

भगवान कृष्ण ने कंस का किया वध

लोक मित्र संवाद

बीघापुर, उन्नाव। बाबा गोदावलेश्वर धाम में चल रही भागवत कथा के छठे दिन भागवताचार्य विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने गोवर्धन धारण की लीला से लेकर कंस वध तक की कथा का सुंदर विवेचन किया। उन्होंने महारास का विवेचन करते हुए कहा कि शरीर से शरीर के प्रति आसक्ति वासना है, मन से मन के प्रति आसक्ति प्रेम है और आत्मा से आत्मा का मिलन होने पर भक्ति हो जाती है। महारास लीला भक्ति की पराकाष्ठा है।

विज्ञानानंद सरस्वती ने कहा कि गोवर्धन धारण कर भगवान ने इंद्र के घमंड को चूर किया घमंड करने से इंद्र जैसे शक्तिशाली व्यक्ति को भी पराभव का मुंह देखना पड़ता है, अतः घमंड से दूर रहकर ही अपने जीवन को उन्नति की ओर ले जाना है। उन्होंने भगवान कृष्ण और गोपियों की रास लीला के बारे में विवेचन करते हुए कहा कि जो रस स्वरूप है वही अखिल ब्रम्हांड नायक है, रस स्वरूप ब्रह्म की उपासना ही रासलीला है। भागवताचार्य ने कंस द्वारा अक्रूर को वृंदावन भेज कर कृष्ण व उनके भाई बलराम को मथुरा बुलाया जाना कृष्ण, बलराम का मथुरा प्रवेश कुब्जा को सुंदर रूप प्रदान करना । कुवलायापीड हाथी को मार कर कंस को भी मारकर के उग्रसेन को मथुरा की राजगद्दी पर बैठाने तक की सुंदर कथा सुनाई।

उन्होंने कहा सन्मार्ग पर चलकर ईश्वर आराधना करना आनंद का भवन है। स्वयं आनंद पूर्वक रहना और दूसरे को दुख न देना ही सबसे बड़ा धर्म है। जा रहे हो तो जाओ बृज छोड़कर, प्रेम ऐसा कन्हैया कहां पाओगे।

कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार बाकुश, सुधीर बाजपेई, बराती लाल, महानंद शुक्ला, धीरू बाजपेई, दिलीप बाजपेई, रिंकू वर्मा, पिंकू पांडे, शासकीय अधिवक्ता मनोज पांडे, पूजा बाजपेई, बीना अग्निहोत्री, सरिता, अनिल बाजपेई रहे।

संक्षिप्त खबरें

टीम इंडिया की जीत के लिए विशेष पूजा

बाराबंकी। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच चौम्पियंस ट्रॉफी का मैच होने जा रहा है। इस हाई वोल्टेज मुकाबले को लेकर बाराबंकी में जबरदस्त उत्साह है। क्रिकेट प्रेमी टीम इंडिया की जीत के लिए विशेष तैयारियां कर रहे हैं। देश भर में टीम इंडिया की जीत के लिए लोग दुआएं कर रहे हैं। बाराबंकी के धनोखर चौराहे स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई है। मंदिर में विराट कोहली और रोहित शर्मा की तस्वीरें रखकर मंत्रोच्चार के साथ पूजा की गई। क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि वे टीम इंडिया की जीत के लिए यह विशेष पूजा कर रहे हैं।

अपर मुख्य सचिव ने किया कोल्ड स्टोरेज का औचक निरीक्षण

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव ने 23 फरवरी को बाराबंकी में सफेदाबाद कोल्ड स्टोरेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों और शीत गृह स्वामियों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। अधिकारी ने सोलर सिस्टम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने किसानों को इस तकनीक का अधिकतम लाभ उठाने का सुझाव दिया। निरीक्षण के दौरान शीत गृह की सभी सुविधाओं की गहन जांच की गई। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी डॉ. धीरेंद्र सिंह, शीत गृह प्रभारी सौरभ कुमार सिंह और विकास खंड प्रभारी राज कुमार गुप्ता मौजूद रहे। शीत गृह के स्वामी शमशाद आलम और प्रबंधक भी इस दौरान उपस्थित थे।

प्लास्टर तोड़ने से मना किया तो दबंगों ने की मारपीट

गोण्डा। जनपद के इटियाथोक के गिलौली गांव में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित सादिक अली ने सूर्य प्रकाश तिवारी, नीरज और पंकज पर मारपीट का आरोप लगाया है। घटना शाम 4 बजे की है। सादिक अली ने अपने घर में प्लास्टर कराया था। जब उन्होंने प्लास्टर तोड़ने से मना किया, तो आरोपियों ने गालियां देते हुए लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। सादिक किसी तरह अपनी जान बचाकर घर पहुंचे। चोटों के कारण उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक में इलाज कराना पड़ा। पीड़ित ने इटियाथोक थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि वायरल वीडियो और शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

महाशिवरात्रि का उत्सव, ब्रह्माकुमारी आश्रम से निकली भव्य शिव बारात

गोण्डा। जनपद में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य शिव बारात निकाली। यह बारात तरबगंज बाजार से होते हुए थानमोड़ स्थित सिद्ध पीठ श्री कामेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक पहुंची। मार्ग में ग्रामीणों ने बारात का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया। बारात वापस ओमशांति कार्यालय पहुंची। यहां ममता बहन ने महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान शिव इस संसार के ब्रह्म हैं। वे कालों के महाकाल और देवों के महादेव हैं। संसार के सभी देवी-देवता और जीव-जंतु के वे मालिक हैं। महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती का विवाह होता है। इसी उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों पर शिव बारात की शोभायात्रा निकाली जाती है। यह कार्यक्रम पूरे जिले में बीस दिनों तक चलता है। इस यात्रा में ममता बहन, आरती, सावित्री, किरन, काव्या, प्रीती, रीना, मधु, मानसी समेत रमाशंकर, रिंकू, राहुल, देवीश्याम शुक्ला, सुजीत, गौतम और अशोक ठाकुर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

महिला की संदिग्ध मौत,गले पर धारदार हथियार के निशान, रात में घर से निकली थी

बस्ती। जिले में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर बेलाड़ी गांव की रहने वाली 32 वर्षीय मधुमालती का शव गांव के सिवान में मिला है। मृतका के मुंह से खून निकला हुआ था और गले पर धारदार हथियार से वार के निशान पाए गए हैं। परिजनों के अनुसार, मधुमालती शनिवार की रात घर से बाहर गई थी। अगली सुबह उसका शव गांव के सिवान में मिला। मधुमालती की शादी 6 साल पहले बेलड़ी निवासी मुकेश से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं-एक 4 वर्ष और दूसरा 5 वर्ष का। मृतका के मायके वाले इस मामले को हत्या मान रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

बस्ती। जनपद में रविवार सुबह पटेल चौराहे पर करीब 10.50 बजे एक अज्ञात बोलेरो ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसा तब हुआ जब बाइक सवार पचपेडिया से हरदिया की तरफ सड़क पार कर रहे थे। टक्कर मारने वाली बोलेरो मडवानगर टोल प्लाजा से गोरखपुर की तरफ जा रही थी। हादसे में बाइक (नंबर यूपी 51एके 6321) पर सवार दोनों व्यक्ति घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल बस्ती पहुंचाया गया। पुलिस टक्कर मारकर भागे अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। थाना कोतवाली के चौकी प्रभारी पटेल चौक संजय कुमार ने बताया कि मौके पर स्थिति शांतिपूर्ण है।

संत गाडगे और रविदास जयंती समारोह में संतों के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान

बस्ती। अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में संत गाडगे एवं संत रविदास कल्याण मिशन की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संत गाडगे और संत रविदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दोनों संतों के सामाजिक योगदान को याद किया। संत गाडगे ने समाज में स्वच्छता और शिक्षा को बढ़ावा दिया। संत रविदास ने जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने समानता और प्रेम का संदेश दिया। मुख्य अतिथि आईपीएस बीपी अशोक ने संतों के विचारों को आत्मसात करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में आईएएस जय सिंह सहित कई प्रतिष्ठित अधिकारी मौजूद रहे। ऑडिटोरियम में एक विशेष पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इसमें दोनों संतों के जीवन और शिक्षाओं से जुड़ी पुस्तकें प्रदर्शित की गई। आगंतुकों ने प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने संतों के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

अब्दुल कादिर अध्यक्ष तो मोहित बने महामंत्री

बहराइच। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक नगर पालिका सभागार में रविवार को मंडल अध्यक्ष एसपी मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष व महामंत्री का चयन किया गया। जिसमें अब्दुल कादिर मुन्ना को अध्यक्ष व मोहित सोनी को महामंत्री चुना गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष एसपी मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्रकारों के उत्पीड़न पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रखे हैं। तो उन अधिकारियों की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी पत्रकारों के हित के लिए संगठन हमेशा साथ खड़ा रहेगा। ऐसे में अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करें। मौके पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार सलीम सिद्दीकी, मनोज गुप्ता, अजय शर्मा, सैय्यद मसूद कादिरी, राजीव शर्मा,रफीक उल्ला गुड्डू, मोनिश अजीज, नदीम सिद्दीकी, फ्राज अंसारी को यूनियन द्वारा माल्या अर्पण कर साल पहनकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष व महामंत्री का माल्यार्पण कर पत्र दिया गया। प्रदेश के निर्देशन में वरिष्ठ पत्रकार फ्राज अंसारी को मंडल महामंत्री व कुंवर दिवाकर सिंह को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में संगठन के सदस्य आशीष शर्मा, प्रीतम सिंह, अमरनाथ पांडेय, सौरभ श्रीवास्तव, जुनैद बैग, विनय सोनी, बिलाल, सलमान साहिल,अतीक, अब्दुल मजीद, अतीक अहमद, मुबीन अहमद, प्रदीप शर्मा, गौरव पटवा, अब्दुल, असलम, इसराइल अशोक यादव, व ग्रामीड क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

772 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

डीएम-एसपी ने जनप्रतिनिधियों संग गिफ्ट के साथ दिया आशीर्वाद, बरसाए फूल

- खीरी में गूंजी सद्भाव की शहनाई, एक ही मंडप पर शादी और कुबूल हुआ निकाह
- जीआईसी ग्राउंड में 557, निघासन में 215 बेटियों का हुआ ब्याह

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। समाज कल्याण विभाग द्वारा रविवार को जीआईसी ग्राउंड में आयोजित हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 772 जोड़ों ने एक दूसरे जीवन भर के लिए हाथ थाम लिया। जीआईसी ग्राउंड में 557 और निघासन में 215 बेटियों का ब्याह हुआ। जीआईसी ग्राउंड में आयोजित विवाह समारोह के कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, दिव्या सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी तेजस्वी मिश्रा, अन्य जनप्रतिनिधियों संग दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम का सफल संयोजन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार जिले में खुशियों की शहनाई गूंजी। शहर में जीआईसी ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में 557 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें 540 हिंदू तथा 17 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चार के साथ व मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह संपन्न कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल,एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग सभी वर-वधू से को उपहार-शगुन किट व आशीर्वाद दिया। जोड़ों के पास पहुंचकर आत्मीय संवाद करते हुए उनका परिचय पूछा, बातचीत कर नए दांपत्य जीवन की शुरूआत के लिए शुभकामना दी। नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र के अलावा सरकार की और से दिये जाने वाला जरूरी सामान भी दिया। डीएम ने अफसरों की टीम संग प्रत्येक जोडे को दिए जाने वाले उपहार की एक-एक सामग्री का स्वयं परीक्षण किया। उपहार की गुणवत्ता ठीक पाई गई। उन्होंने वितरित किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी परखी।

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना से अब किसी भी मां के आंख में आंसू नहीं होगा कि वह अपनी बेटी की शादी कैसे करे। योगी सरकार ने हर गरीब की बेटी की शादी व्यवस्था के साथ हर घर में शौचालय बनवाकर बहू-बेटियों की इज्जत को बढ़ाया है। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सीएम सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। एक ही प्रांगण में हिंदू और मुस्लिम धर्म के 557 जोड़े एक साथ विवाह के बंधन में बंध गए। एक ओर जहां ब्राह्मण मंत्रोच्चार कर हिंदू जोड़ों का विवाह करा रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर मौलाना निकाह पढ़ मुस्लिम जोड़ों का निकाह करा रहे थे।

विदाई में छलके आंसू: सामूहिक विवाह के बाद जब विदाई की बेला आई तो परिजनों की आंखे छलक उठी। दुल्हन की रोती आंखे माता-पिता से दूर जाने का दर्द बयां कर रही थी तो दूसरी ओर नया संसार बसाने के लिए माता-पिता उन्हें आशीष भी दे रहे थे। विदाई के दौरान मंडप से सड़क तक खुशियों के आंसू छलकते रहे।

जीवन भर साथ निभाने का संकल्प: वर-वधुओं को मंडप बेदी में आचार्य द्वारा सात फेरे कराने के साथ ही सात वचन भी दिलाए गए और हर वचन का अर्थ व्यवहारिक तौर पर समझाया गया। वर-वधु ने भी एक दूसरे का जीवन भर साथ निभाने और एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखने का वचन दिया।

गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही सीएम सामूहिक विवाह योजना:डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है।उन्होंने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। यह योजना लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही है। दांपत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना के लिए 35 हजार की धनराशि कन्या के बैंक खाते में भेजी जा रही है। किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है, लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है, जहां मा. जनप्रतिनिधिगण और जिले के आला अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं। उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की।

कुआनो नदी की सफाई के लिए चला अभियान, लोगों ने लिया हिस्सा

बस्ती। जिले में संत निरंकारी मिशन ने अमहट घाट स्थित कुआनो नदी पर प्रोजेक्ट अमृत के तहत सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य संदेश स्वच्छ जल स्वच्छ मन रहा। मिशन के प्रमुख लालमन चौधरी ने बताया कि यह सफाई अभियान सदुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से संभव हुआ। इसमें मिशन के कई भाई-बहनों ने सक्रिय योगदान दिया। नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन सामाजिक सेवा के लिए विश्व भर में जाना जाता है। कार्यक्रम में मिशन के क्षेत्रीय संचालक राजमन और आज्ञाराम चौहान मौजूद रहे। इसके अलावा डॉ. नवीन सिंह, दयाराम आर्य, त्रिपुरारी पांडेय और महिला संचालिका केतकी समेत कई सेवादल के सदस्य शामिल हुए। महिला सदस्यों में शन्नो, रेशमा, उषा पांडेय, कंचन, सीमा, कमला और ज्योति पांडेय ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

कोतवाली परिसर में शान्ति कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

- नगर पंचायत के जिम्मेदार रहे नदारत

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। महाशिवरात्रि होली व रमजान त्योहार को देखते हुए रविवार को कोतवाली परिसर में शान्ति कमेटी की बैठक का आयोजन नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रही। फ़रवरी माह से हो रहें त्योहारो की शुरुआत को देखते हुए रविवार को पुलिस व प्रशासनिक अफसरों द्वारा कोतवाली परिसर में शान्ति कमेटी की बैठक का आयोजन नायब तहसीलदार धौरहरा बीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई जिसमें नगर क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ज्ञात हो कि शिवरात्रि 26 फरवरी, रमजान 2 मार्च व होली 14 मार्च को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शान्ति कमेटी की बैठक का आयोजन किया। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा त्योहारो में होने वाले विवादों की सूचना समय से देने की बात कही गई।बैठक में नगर पंचायत प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार मौजूद नहीं रहा। बैठक में नायब तहसीलदार धौरहरा बीरेंद्र यादव, कोतवाल सुरेश मिश्रा, उप निरीक्षक विनोद द्विवेदी, मोहन सिंह, महेश यादव सहित कस्बे व क्षेत्र से आए गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

राजापुर प्राइमरी स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

- क्राफ्ट प्रदर्शनी ने मोहा मन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को दिया संबोधन

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। नगर के राजापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय राजापुर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा विद्यालय द्वारा वार्षिकोत्सव की सुंदर तैयारियाँ और हस्तशिल्प प्रदर्शनी अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय प्रेरणा है। ऐसे प्रयास स्वयं विद्यालयों में होने चाहिए।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय के बच्चों द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया जिसमें बच्चों द्वारा निर्मित इको फ्रेंडली बैग, वर्ली आर पेंटिंग,लिप्पन आर्ट वर्क, जूट वर्क आदि शामिल थे। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने अतिथि स्वागत, पर्यावरण संरक्षण, बेसिक शिक्षा की चुनौतियों सहित अन्य विषयों पर नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं।

विद्यालय प्रधानाचार्या रितु अवस्थी ने कहा शहर के अभिभावकों ने इस सरकारी स्कूल पर विश्वास जताया और अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया तो हमने भी बच्चों की प्रतिभा विकसित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। स्कूल के बच्चों ने जिले और प्रदेश स्तर तक अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन छात्र अंतस मौर्य और अभी पांडे ने किया।

इस दौरान शिक्षिकाएं सविता दीक्षित, दिव्या गौतम, विद्यालय छात्राएं अलीशा, अंशिका, आर्या, आरुष, सावन, जीत, प्रियांशी, सुहानी आदि मौजूद रहे।

किसान की हत्या के बाद हाथ पैर बांध कर शव नहर में फेंका

लोकमित्र ब्यूरो

बहराइच। जिले के भगहरिया साइफन में रविवार की उस वक्त हड़कंप मच गया जब सुबह एक किसान का शव नहर में उतरता मिला। शव को देखने से लग रहा है किसी ने उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने के लिए हाथ पैर बांधकर नहर में फेंक दिया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को जब काफी देर तक किसान घर वापस नहीं आए तो परिजन नहर किनारे पहुंचे और तलाश शुरू की। जहां नहर में उसका शव उतराता मिला। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम और पुलिस उच्चधिकारियों ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित कर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की। पाटीदार पर रंजिश के चलते घटना को अंजाम देने का शक जताया जा रहा है।रानीपुर थाना क्षेत्र के दुर्गूपुर गांव निवासी फूलचंद (50) का शव गांव से दो किलोमीटर मीटर दूर स्थित भगहरिया साइफन नहर में पड़ा मिला। मृतक की बहू मीना ने बताया कि सुबह 4.00 बजे ससुर साइकिल लेकर घर से निकले थे जब काफी देर बीतने के बाद भी नहीं लौटे तो उनका बेटा अजय नहर किनारे पहुंचा जहां साइकिल खड़ी मिली और नहर में उनका शव उतराता मिला। उनके शरीर पर चोट के निशान थे और हत्यारोपी ने हाथ पैर को गमछे से बांधकर उसमें ईटे भी बांधे थे जिससे उनका शव पानी में नीचे बैठ जाए और किसी को नजर ना आए। किसान के चार बेटे व दो बेटी हैं, जो खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मौत से पत्नी फूलन देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस मामले में थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि फौरी सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक्सीडेंट के बाद कार के उड़ गए परखच्चे

- टक्कर इतनी जोरदार और कार के उड़े परखच्चे, 50 मीटर दूर जाकर गिरी! तीन की दर्दनाक मौत, एक गंभीर
- कार के उड़े परखच्चे! हादसे के बाद मची चीख-पुकार, तीन की मौत, खौफनाक तस्वीर

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। थाना मितौली क्षेत्र के भीखमपुर चौराहे पर शनिवार देर रात एक कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

जानकारी मुताबिक,कस्बे के चौराहे पर शनिवार रात 10 बजे के बाद कस्ता की ओर से आ रही कार को चौराहे पर पहुंचते ही लखीमपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

इतना ही नहीं कार 50 मीटर दूर मोहम्मदी रोड पर जाकर गिरी। इससे कार में सवार चालक समेत चार लोग गंभीर घायल हो गए।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना मितौली पुलिस ने सभी को यूपी 112 की गाड़ी और एंबुलेंस से सीएचसी गोला भेज दिया। जहां डाक्टरों ने नवनीत कुमार वर्मा (32) निवासी भारत भूषण कालोनी गोला गोकर्णनाथ, पंकज कुमार वर्मा निवासी सीसावां कलां और विपिन निवासी ककलापुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि कार चालक जोकि पीलीभीत का निवासी बताया जा रहा है, उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल और वहां से लखनऊ रेफर किया गया है।

लूट का प्रयास करने वाले 5 बदमाश गिरफ्तार

अलीगढ़। अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के जट्टारी में ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर लूट का प्रयास करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह बदमाश बीते दिनों ज्वैलर्स की दुकान में हथियार लेकर घुसे थे और लूट का प्रयास किया था। लेकिन यह कामयाब नहीं हुए थे। घटना के बाद पीड़ितों ने टप्पल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के खुलासे के लिए थाना पुलिस के साथ ही एसओजी और सर्विलांस की टीमें एक्टिव कर दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने इन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए इन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं अधिकारी अब मामले की जांच में जुटे हैं। घटना 11 फरवरी की है। जट्घ्टारी के सफ्नेश वर्मा पुत्र प्रेमचंद ने पुलिस को सूचना दी थी कि दोपहर लगभग 12.50 बजे हथियार बंद 5 आरोपी उनके प्रतिष्ठान गौरवी ज्वैलर्स में घुसे थे। उस समय उनके पिता दुकान पर बैठे हुए थे।

कालीन भैया गए जेल..तमंचा लहराकर फैलाई थी दहशत, अब चढ़े खीरी पुलिस के हत्थे

- धाक और हनक जमाने के लिए लहराया था तमंचा, वाइरल, आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। आपको मिर्जापुर वेब सीरीज का कुख्यात कालीन भैया जरूर याद होगा अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने इस किरदार को कुछ इस तरह निभाया था कि लोग उस स्टाइल के दीवाने हो गए लेकिन यह दीवानगी जनपद लखीमपुर-खीरी के खीरी थाना क्षेत्र में एक युवक को काफी महंगी पड़ी है।

जानकारी मुताबिक तीन दिन पूर्व खीरी टाउन कस्बे की सर्राफा वाली गली में दो कपड़ा व्यवसाई के बीच कपड़ा टांगने को लेकर आपस में तू-तू-मैं-मैं हो गई इस कहा-सुनी मे दोनो पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए इसी बीच एक पक्ष के नवयुवक ने कालीन भैया की स्टाइल में पिस्टल लहराकर भौकाल जमाया हालांकि इस वारदात की वीडियो बनाकर किसी ने वाइरल कर दिया।

वीडियो वाइरल होने के बाद हरकत में आई खीरी पुलिस दोनों पक्षों समेत तीन लोगों को हिरासत में ले लिया जिन्हें शांति भंग की आशंका मे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

क्या बोली चौकी इंचार्ज: चौकी कस्बा खीरी इंचार्ज साधना यादव ने बताया कि पुलिस ने वाइरल वीडियो में असलहा लहराते दिख रहे युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान सदर कोतवाली के मोहल्ला महाराज नगर निवासी गुलफाम के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार नाजायज असलहा व कारतूस बरामद किया है।

युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

बहराइच। जिले के लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड पर घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के निकट लाइन किनारे साइकिल खड़ा कर 33 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। सूचना पर जरवल रोड थाने की पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के लखनऊ गोरखपुर रेल मार्ग पर गोंडा से लखनऊ जाने वाली एक ट्रेन के आगे अप लाइन पर रविवार सुबह युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। उसकी पहचान धनलाल (33) पुत्र छोटेलाल बेड़िया निवासी बसहिया जगत के रूप में हुई।

रेलवे स्टेशन जरवल रोड के की मैन ने इसकी जानकारी स्टेशन अधीक्षक को दी। जरवल रोड थाने के उप निरीक्षक मुकेश मणि कांस्टेबल सारांश यादव ने घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया वहां से मोबाइल बरामद हुआ। मोबाइल के जरिए परिजनों से बात हुई।

तीन मकानों में लगी आग, लाखों की गृहस्थी जलकर राख रू हादसे में तीन मवेशियों की हुई मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बहराइच। जिले के कोतवाली मुर्तिहा और नवाबगंज थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर में आग लग गई। आग लगने से तीन मकान जलकर राख हो गए। समान निकालते समय महिला झुलस गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन बकरियों की जलकर मौत हुई है। जबकि एक गाय झुलसकर घायल हुई है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमृतपुर पुरैना निवासी नंदराम पुत्र गोकरण के मकान में रविवार शाम चार बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। शोर सुनकर सभी ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन लपटों ने पड़ोसी भारत के मकान को भी आगोश में ले लिया।

देखते ही देखते दोनों मकान जल गए। आग बुझाने के दौरान मीना (33) का हाथ जल गया। उसे एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं आग लगने से दो बकरियों की जलकर मौत हो गई। जबकि एक गाय झुलस कर घायल हो गई। आग लगने से डेढ़ लाख की संपति जली है। लेखपाल अरुण कुमार ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।

उधर नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर सेमरा निवासी मोहर्रम अली के मकान के बगल में ही फूस का मकान बना हुआ है। फूस के मकान में ट्राली खड़ी थी। एक बकरी भी बंधी थी। रविवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लगने से ट्राली, बिस्तर समेत अन्य सामान जल गया। बकरी की भी जलकर मौत हो गई।

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाया। आग लगने की सूचना पीड़ित की ओर से लेखपाल को दी गई है। लगभग 30 हजार की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

अयोध्या वासियों को आवागमन में मिलेगी छूट

अयोध्या। रामनगरी में लगातार श्रद्धालुओं की मौजूदगी के चलते लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने जिलाधिकारी श्री चंद्र विजय सिंह जी एवं अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राज करण नय्यर जी से मुलाक़ात कर वार्ता की। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने अयोध्या के नागरिकों को आवागमन में सुविधा की दृष्टि से छूट देने का फैसला किया है। महापौर ने बताया कि प्रशासन ने सहमत जताई है कि आधार कार्ड देखकर अयोध्या के नागरिकों को बैरियर पर हर 20 मिनट के अंतराल पर विभिन्न कटों पर रामपथ पर आने-जाने की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि दीनबंधु तिराहा, रामघाट चौराहा, विद्याकुंड, अशर्फी भवन चौराहा, राजघाट पर लगाए गए बैरियर से लोगों को वाहन सहित आने जाने की सुविधा अब मिलेगी। इस संबंध में नगर निगम के पब्लिक एड्रेस सिस्टम से अनाउंस भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवकाली तिराहा, दीनबंधु तिराहा, टेढ़ी बाजार, लता मंगेशकर चौक, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल आदि स्थानों पर एंबुलेंस उपलब्ध होगी, जहां से नागरिक आपात स्थिति में चिकित्सा के सहायता प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि रामपथ क्रॉस करने की सुविधा उदया पब्लिक स्कूल की ओर से ही सुलभ होगी। उन्होंने कहा कि भीड़ कम होने पर सुविधाओं में और बढ़ोतरी की जाएगी।

ज़िले के सभी बूथों पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

अयोध्या। प्रधानमंत्री की मन की बात के 119 वें एपिसोड को महानगर तथा जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गई। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने सिविल लाइन पार्टी कार्यालय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी।इस दौरान पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मन की बात की मुख्य उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण के साथ ही चरित्र निर्माण करना है। मन की बात कार्यक्रम ने लोकप्रियता को लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है। देश हित के अभियानों को गति प्रदान करने के साथ राष्ट्र व समाज के हित में अच्छा कार्य कर रहे लोगों से सीधे संवाद कर प्रधानमंत्री ने उनका उत्साह वर्धन किया है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है कि उन्होंने विकासवाद को राजनीति के केन्द्र में ला दिया है। देश के प्रत्येक नागरिक ने इस विकास को किसी न किसी रूप में महसूस किया है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से आज समाज का हर वर्ग खुद को जोड़कर देख रहा है। प्रधानमंत्री का जनता से संवाद कई सामजिक अभियान को गति प्रदान करने का परिचायक बना है। कार्यक्रम जनता में राष्ट्र निर्माण के साथ चरित्र निर्माण के भाव को समाहित करने में सफल हुआ है। इस दौरान सिविल लाइन पार्टी कार्यालय पर ओम प्रकाश सिंह, पार्षद संतोष सिंह, बिजेन्द्र सिंह, रवि सोनकर, मनोज श्रीवास्तव, पंकज कन्नौजिया, बुद्धिपाल प्रजापति, किशन मौर्य, जय सिंह छोटे, जयनारायन सिंह रिंकू सहादतगंज कार्यालय पर अभय सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि पर आयोजित होगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

नरैनी। पचोखर गांव में आगामी 26 फरवरी को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए समाजसेवी आत्माराम त्रिपाठी ने बताया कि आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल अजीत कुमार और मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक मौजूद रहेंगे। महाशिवरात्रि पर्व के दिन पचोखर में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगेगा। जिसमें गांव और क्षेत्र की आमजन अपनी स्वस्थ से जुड़ी परेशानियों और समस्या समाधान का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11ः00 बजे आयुक्त अजीत कुमार द्वारा उद्घाटन के बाद प्रारंभ हो जाएगा इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपना समय दे रहें हैं रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के बरिष्ठ डाक्टर एसके यादव, सोमेश त्रिपाठी, शंकर कबीर, सुनील शुक्ला, एवं महिला डाक्टर संगीता सिंह डाक्टर ऋषिका सिंह,डाक्टर एसपी सिंह,डाक्टर हिमांशु सिंह,डाक्टर संदीप कुमार सिंह डाक्टर महेंद्र सिंह सहित अनेक उच्च वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति रहेगी जो रोगियों को देखेंगे।इसमें पत्रकार और समाजसेवियों के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव एंव मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सुनील कुमार कौशल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

माधव की बाल लीलाओं की कथा सुन श्रोता भावविभोर

गिरवां। भूतेश्वर महादेव पहाड़ पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर पंडित अभिषेक अवस्थी निराला ने कहा कि अर्थ अमृत है, लेकिन कभी-कभी वह विष भी बन जाता है। नीति से आए और रीति से जिसका उपयोग हो, वह अर्थ अमृत है, अनीति से आए तो वही विषवत होता है। इसलिए अर्थोपार्जन के व्यक्ति को प्रयत्न अवश्य करें परन्तु पापाचार नहीं करना चाहिए। अनादिकाल से धर्मशास्त्र ही मानव का सन्मार्ग प्रशस्त कर उसके लौकिक-पारलौकिक कल्याण का मार्ग आलोकित करते रहे हैं। धर्मशास्त्रों में ही प्रत्येक वर्ण के प्रत्येक आश्रम के कर्तव्य-पालन की प्रेरणा निहित है। ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्रम वानप्रस्थाश्रम व संन्यासाश्रम में क्या कर्तव्य पालन करने चाहिए। धर्म और अधर्म क्या है। यह सब जानने के मुख्य आधार शास्त्र ही हैं। भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला, मृदा भक्षण, गोवर्धन धरण आदि कथाओं का वर्णन किया।

कथा में शिवपूजा व व्रत का विधान बताया

नरैनी। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गांव गुढा कलां हनुमान मंदिर में चल रही 9 दिवसीय श्री शिवमहा पुराण कथा में राजस्थान अलवर से पधारे श्री शिवमहा पुराण कथा के राष्ट्रीय कथा वाचक राष्ट्रीय संत स्वामी कमलदास जी बापू ने आज चौथे दिन शिव जी के समस्त ब्रतों की कथा सुनाई । उन्होंने आज बताया कि जो सच्चे मन से शिव जी के ब्रतों को करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं । चौथे दिन की आज कथा सुनने वालों में कथा के मुख्य यजमान बरछा निवासी बाबू सिंह धर्मपत्नी विद्या. अशोक राजपूत. राजा वेटा सिंह. मंदिर पुजारी. वीनूसिंह चौहान. रणविजय सिंह चौहान. राजा बडगईया. रामनरेश यादव. रमेश सोनी तथा सैकड़ों की संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रहीं।

अयोध्या में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेले की तैयारियां पूर्ण

निशुल्क चिकित्सा सेवा मिलेगी

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। अवध इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 2 मार्च को आयोजित होने वाले ÷गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला÷ के संदर्भ में एक होटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य मेला नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गेनाइजेशन (अवध प्रांत) एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।पत्रकार वार्ता में गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं कल्याण सिंह कैंसर संस्थान, लखनऊ के निदेशक प्रो. एम. एल. बी. भट्ट ने बताया कि इस मेले में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान, पीजीआई, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान सहित कई प्रतिष्ठित निजी चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टर निशुल्क परामर्श और इलाज देंगे।

स्वास्थ्य मेले की प्रमुख सेवाएँ-

मुफ्त जांच, परामर्श एवं इलाज चश्मा वितरण,आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी पंजीकरण विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धताबेसिक ब्लड जांच की सुविधा स्वास्थ्य मेले में न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, हेमाटोलॉजी, स्त्री रोग, अस्थि रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग, सर्जरी, डेंटल एवं बाल रोग आदि विभागों के वरिष्ठ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे।

स्वास्थ्य मेले का समय व स्थान-

स्थान- अवध इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दर्शन नगर, अयोध्या समय- सुबह 9ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तकसमापन समारोह में गणमान्य हस्तियों की उपस्थिति नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत के सचिव डॉ. शिवम मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के समापन में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सामाजिक कल्याण मंत्री असीम अरुण, एम्स भोपाल के निदेशक प्रो. अजय सिंह, आयुर्विज्ञान संस्थान बीएचयू के निदेशक प्रो. एस. एन. शंखवार और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. सी. एम. सिंह जैसे प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहेंगे।इस आयोजन में अयोध्या और लखनऊ के लगभग 100 वरिष्ठ चिकित्सक एवं 200 पैरामेडिकल स्टाफ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।इस अवसर पर नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से डॉ. अभिषेक पांडेय और डॉ. अभिषेक सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक दायरा है तकनीक शोधः प्रो0 महेश शर्मा

विद्यार्थी पाइथन के अनुप्रयोगों से प्रशिक्षित हुए
पाइथन के अनुप्रयोगों पर कार्यशाला सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईटी संस्थान के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में पीएम ऊषा के सॉफ्ट कंपोनेंट के अंतर्गत पाइथन के अनुप्रयोगों पर कार्यशाला सम्पन्न हुई। समापन के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो0 महेश शर्मा, कुलाधिपति महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. नीलम पाठक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण रही। प्रो0 महेश शर्मा ने छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों को तकनीकी ज्ञान से आसान बनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि तकनीकी के बल पर ग्रामीण क्षेत्रों में शोध का व्यापक दायरा है। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि प्रो. नीलम पाठक ने बायोकेमिस्ट्री और बायोलॉजी में पाइथन के अनुप्रयोगों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने भी पाइथन के तकनीकी पक्षों से अवगत कराया। इस कार्यशाला में इंजीनियर शशांक शेखर शुक्ल, टीसीएस लखनऊ व डॉ. आशीष कुमार मिश्र आर.ई.सी. अम्बेडकर ने भी अनुभव साझा किए। डॉ. अवधेश कुमार दीक्षित ने कार्यशाला की रिपोर्टियर प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र के साथ फीडबैक प्राप्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष कुमार पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अवधेश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक डॉ. प्रदीप वर्मा, डॉ. अनूप श्रीवास्तव, इं. निधि प्रसाद, डॉ. मयंक अग्रवाल, इं. राजेश सिंह, इं. दीपक अग्रवाल, डॉ. अंकित श्रीवास्तव, इं. अखिलेश कुमार मौर्या, एवं अवधेश कुमार मौर्या एवं छात्र-छात्राओं में पायल केसरी, किसान जी कसौधन, धर्मेन्द्र अरोरा, वंशिका और रत्नप्रिया सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

अयोध्या को आकाश से निहारने के लिए पर्यटकों में बढ़ा क्रेज,7 मिनट में देख रहे पूरी अयोध्या

सुबह 12 से शाम 5 बजे तक यात्री उठा रहे हेलिकॉप्टर सेवा का लुत्फ

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। रामनगरी में उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच अब अयोध्या धाम को आकाश से निहारने की होड़ मच गई है। चार दिन पहले शुरू हुई हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ उठाने के लिए लोगों का तांता लग गया है। सात मिनट के हवाई सफर के दौरान श्रद्धालु आकाश से रामनगरी को निहार उत्साहित हो रहे हैं। मंदिर का व्यू और राम की पैड़ी का सुपर लुक हवाई सफर को चार-चांद लगा दे रहा है।भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में प्रदेश की योगी सरकार ने ऐतिहासिक विकास कार्य कराए हैं। अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से सजोने के लिए करोड़ो-अरबों की परियोजनाओं उतार दीं। मठ-मंन्दिरों का सौंदर्यीकरण कराया। फन और एडवेंचर के लिए भी तमाम कार्य कराए हैं। अब इसी दिशा में काम करते हुए हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत कराई है।

सात मिनट की राइड के पड़ते हैं 4130 रुपये

हेलीकॉप्टर सेवा से सात मिनट की राइड कराई जाती है। एक बार में छह लोग बैठ सकते हैं। इसमें पांच यात्री और छठवां पायलेट शामिल रहता है।

जल कलश यात्रा ने कस्बे में किया भ्रमण

जसपुरा। रविवार को जसपुरा झझरी तिराहा से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आयोजक सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं और श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के मार्ग में प्रमुख स्थानों जैसे झारखण्डेश्वरी, बड़ा मंदिर, पुराना बसस्टैंड, इंटरकालेज, देवी मंदिर, और कस्बा चौराहा का समावेश था। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने सिर पर जल कलश रखकर श्रद्धा भाव से यात्रा की शुरुआत की। भक्तगण मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ यात्रा में शामिल रहे। आयोजन के प्रमुख आयोजक सतेंद्र सिंह जसपुरा ने इस धार्मिक अनुष्ठान के महत्व को बताया और श्रद्धालुओं से समाज में शांति और सद्भावना बनाए रखने की अपील की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। यात्रा का समापन कस्बा चौराहा पर हुआ, वहां प्रमुख समाजसेवी और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते समय सभी सेफ्टी का ध्यान रखा जाता है। अभी एक यात्री का किराया 4,130 रुपये तय किया गया है। बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर बुकिंग करा रहे हैं।

22 को 118 लोगों ने किया सफर

एयर सफारी नाम की कंपनी ने यहां हेलिकॉप्टर की सेवा शुरू की है। यहां के बेस मैनेजर अमित ने बताया कि अभी दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक के लिए ही यात्रियों को सैर कराई जाती है। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी से इस सेवा की औपचारिक शुरुआत हुई है। उस दिन 63 लोगों ने यात्रा की थी। 20 को आठ, 22 को 118 व 23 की दोपहर दो बजे तक 49 लोग आकाश से अयोध्या को निहार चुके थे।

अभी सिर्फ ऑफ़लाइन बुकिंग

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि अयोध्या का पर्यटन की दृष्टि से विकास कराया जा रहा है। इसी वजह से हेलीकाप्टर सेवा शुरू की गई है। सरयू अतिथि गृह के सामने बने हेलीपैड से हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर उड़ता है। इसमें यात्रा करने के लिए सिर्फ ऑफ़लाइन बुकिंग ही होती है।

मनरेगा में मृतक भी ले रहे हैं मजदूरी का भुगतान

शिकायत होने पर खंड विकास अधिकारी ने वापस कराया भुगतान की गई धनराशि

लोकमित्र ब्यूरो

बीकापुर - अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र के डेहरियावा ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के अतर्गत मृतक मजदूर के खाते में मजदूरी के पैसे का भुगतान कर दिया गया। शिकायत होने पर खंड विकास अधिकारी द्वारा भुगतान किए गए पैसे को मनरेगा के खाते में वापस जमा कराया गया। मामले की उच्च अधिकारियों से शिकायत होने के बाद खंड विकास अधिकारी द्वारा जांच शुरू की गई। और इसे मानवीय त्रुटि बताया जा रहा है। मामला बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के डेहरियावा ग्राम पंचायत का है। मामले मे ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत में तैनात रोजगार सेवक का कारनामा बताया जा रहा है। बताया गया कि डेहरियावा ग्राम पंचायत निवासी महिला मनरेगा श्रमिक श्यामकली पत्नी गंगाराम को मनरेगा जॉब कार्ड संख्या अप 008001069 पर मास्टर रोल मे 6 दिन का भुगतान किया गया है। जबकि श्याम काली की कई वर्षो पहले 4 मई 2019 को मौत हो चुकी है। मामले में फर्जी भुगतान होने की शिकायत के बाद सेंड विकास अधिकारी द्वारा जांच आख्या रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को भेजी गई है। जिसमें दर्शाया गया है कि रोजगार सेवक उमेश यादव एवं सबंधित ग्राम पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मागा गया। प्राप्त आख्या के अनुसार जॉब



कार्ड संख्या 069 श्यामकली के नाम से जारी किया गया है श्याम काली की मृत्यु हो चुकी है। इसी मनरेगा जॉब कार्ड पर उनके पुत्र धर्मचंद द्वारा कार्य किया जाता है। धर्मचंद द्वारा मजदूरी की मांग करते समय जॉब कार्ड संख्या 069 के साथ अपना नाम लिखने के स्थान पर अपनी मृतक माता श्याम काली का नाम लिख देने से ऐसी त्रुटि हो गई है। क्योंकि श्यामकाल के नाम से तीन महिलाएंह जिनका अलग-अलग जॉब कार्ड संख्या 069, 118 एवं 140 बना हुआ है। जिसके कारण जॉब कार्ड धारक द्वारा डिमांड करते समय गलत नाम लिख देने से मानवीय त्रुटि हुई है। खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि मृतक महिला मजदूर के बैंक खाते में मानवीय त्रुटि एवं गलत ढंग से भुगतान की गई राशि 1422 रुपए को 19 फरवरी 2025 को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जवाहर भवन लखनऊ के खाता में जमा कर दिया गया है। जांच आख्या मुख्य विकास अधिकारीको भेजी गई। इससे पहले भी रोजगार सेवक द्वारा गत वर्ष भीषण बरसात के बीच में भी मनरेगा कार्य की काल्पनिक मजदूरों की फर्जी एंट्री का मामला प्रकाश में आया था। दिनभर हुई लगातार बरसात के दौरान करीब चार दर्जन से अधिक मजदूर की की हाजिरी मास्टर रोल मे लगाई गई थी।

शिकायत होने पर इसे मानवीय त्रुटि बताकर मास्टर रोल में दर्ज कराई गई हाजिरी को जीरो कर दिया गया था। बताया गया कि दबंग रोजगार सेवक के मनमाने रवैये से जिम्मेदार अधिकारी भी बेबश दिखाई देते हैं। बचाव में लीपापोती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है।

प्रोजेक्ट अमृत - केन आरती स्थल और जलाशयों को सेवादारों ने किया साफ

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में तीसरे चरण का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रोजेक्ट अमृत के तहत तीसरे चरण में रविवार को शहर और जिले के विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया। शहर में केन आरती स्थल समेत केन किनारे डंप कचरे को साफ किया गया। इसके साथ ही बबेरू और कमासिन, तिंदवारी समेत अन्य स्थानों पर भी सेवादारों और निरंकारी भक्तों ने सफाई करते हुए स्वच्छ जल और स्वच्छ मन का संदेश दिया। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना को साकार रूप देने के लिए रविवार को केन नदी आरती घाट पर सेवादारों ने सफाई की। इसके साथ ही केन किनारे डंप कचरे को नदी से बाहर निकालकर फेका। सुबह सात बजे से 10 बजे तक संत निरंकारी मिशन के सेवादारों व श्रद्धालुओं द्वारा क्षेत्रीय संचालक डॉ. सुरेश सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रजत वर्मा अपने परिवार के

साथ और अंकित बासू प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। बांदा जोन के जोनल इंचार्ज डॉ दर्शन सिंह ने दी। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज पूरी मानवता को यही प्रेरणा देते हैं कि हम सभी इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं।

कमासिन में की गई तालाब की सफाई

कमासिन। संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के तहत जलाशयों की सफाई की गई और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। निरंकारी मिशन के लगभग एक सैकड़ा सेवादारों द्वारा सुबह सात बजे से 100 बजे तक विकासखंड के अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल यमरेही नाथ मंदिर स्थित तालाब के घाटों की संपूर्ण सफाई की गई। निकाले गए कचरे को सुरक्षित स्थान पर डाला गया। सेवादल के संचालक अवध बिहारी ने बताया कि पूरे प्रदेश में प्रोजेक्ट अमृत के तहत सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ जल स्वच्छ मन, का संदेश दिया जाता है। इस सफाई अभियान में सैकड़ो सेवादारों के अलावा ग्राम प्रधान बंथरी सोमनाथ शुक्ला और निरंकारी भक्तों ने सफाई की।

घसिला तालाब को सेवादारों ने किया साफ

बबेरू। सन्त निरंकारी सत्संग भवन मे प्रोजेक्ट अमृत कार्यकम के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना को साकार रूप देने के लिये सन्त निरंकारी मिशन के सभी सेवादारो व श्रद्धालुओ के द्वारा सत्संग से चलकर घसिला तालाब को स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई कर स्वच्छता का सन्देश दिया। शुभारम्भ पूर्व राज्यमन्त्री शिवशंकर सिह पटेल द्वारा किया।

इस दिन संत निरंकारी बाबा हरदेव सिह महाराज का जन्म हुआ था। इस मौके पर कामता प्रसाद, लालता प्रसाद मुखी, देवेन्द्र सिह तुलसीराम आनन्द कुमार जगदेव प्रसाद रामराज घनराज व सभी सेवादार व श्रद्धालुओ ने भाग लिया।

अर्थोपार्जन के लिए प्रयत्न करें, पापाचार न करें - आचार्य अभिषेक

तिन्दवारी। ग्राम मूंगुस स्थित शीतलाधाम के सप्तम वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर आचार्य अभिषेक शुक्ल ने कहा कि अर्थ अमृत है लेकिन कभी-कभी वह विष भी बन जाता है। नीति से आए और रीति से जिसका उपयोग हो वह अर्थ अमृत है,अनीति से आए तो वही विषवत होता है, इसलिए अर्थोपार्जन के व्यक्ति को प्रयत्न अवश्य करें लेकिन पापाचार नहीं करना चाहिए। अनादिकाल से धर्मशास्त्र ही मानव का सन्मार्ग प्रशस्त कर उसके लौकिक-पारलौकिक कल्याण का मार्ग आलोकित करते रहे हैं। धर्मशास्त्रों में ही प्रत्येक वर्ण के, प्रत्येक आश्रम के कर्तव्य-पालन की प्रेरणा निहित है। ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्रम वानप्रस्थाश्रम तथा संन्यासाश्रम में क्या कर्तव्य पालन करने चाहिए,धर्म और अधर्म क्या है,यह सब जानने के मुख्य आधार शास्त्र ही हैं। भगवान् श्रीकृष्ण की बाललीला, मृदा भक्षण, गोवर्धन धारण आदि कथाओं का वर्णन किया। इस अवसर पर आयोजक प्रकाशचंद्र अवस्थी, कमलस्वरूप अवस्थी, पीयूष,वागीश, अवनीश, जगराम सिंह चौहान, प्रभास्कर त्रिपाठी, स्वर्ण सिंह, चंद्रशेखर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट तहसील रुदौली इकाई की वार्षिक बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

भेलसर(अयोध्या) नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट अयोध्या तहसील रूदौली की वार्षिक बैठक में सदस्यता फॉर्म भर कर सदस्यता शुल्क जमा किया गया।बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव जगदम्बा श्रीवास्तव व संचालन मुदस्सिर हुसैन ने किया।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि संगठन में सभी सदस्यों को साथ रहकर कार्य करना होगा तभी संगठन मज़बूत होगा।हमारा संगठन राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है।उन्होंने संगठन की अहमियत के बारे में भी बताया।जिलाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि संगठन का विस्तार कैसे हो संगठन कैसे चले यह सभी सदस्यों को मिल बैठ कर तय करना होगा।उन्होंने जिले की पांचों संगठन में

रुदौली के संगठन प्रथम स्थान देकर प्रशंसा की।उन्होंने तहसील स्तर के पत्रकारों को मान्यता, आयुष्मान कार्ड,प्रेस क्लब की स्थापना की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपने के लिए निर्देशित किया।जिलाध्यक्ष ने रुदौली अध्यक्ष अब्दुल जब्बार सहित पिछली कमेटी का एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ाने की घोषणा की।बताया सिर्फ नए महामंत्री विकास वीर यादव होंगे।तहसील अध्यक्ष अब्दुल जब्बार एडवोकेट ने कहा जो सदस्य दो संगठन से जुड़े हैं वे एक संगठन को छोड़ दें।कहा कि इस संगठन से जुड़े हुए सभी सदस्यों के सम्मान की लड़ाई लड़ी जायेगी।लगातार तीन मीटिंग में उपस्थित न होने पर कारण स्पष्ट करना होगा।पिछली कमेटी का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाये जाने उन्होंने जिलाध्यक्ष को धन्यवाद दिया।

मीटिंग में डॉ0 मोहम्मद शब्बीर, विकास वीर यादव, अर्जुन कुमार शर्मा, अलीम कशिश, मोहम्मद आलम, ,अमरनाथ यादव, सतीश यादव, संतराम यादव, राजेंद्र यादव,ललित कसौंधन, निहाल अख्तर ने भी अपने विचार रखें। इससे पहले जिला अध्यक्ष जेपी गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, जिला सचिव जगदंबा श्रीवास्तव को अंग वस्त्र भेंट व माल्यार्पण कर कर सम्मानित किया गया।

महाकुंभ मेले में आकस्मिक सहायता के लिए रेड क्रॉस सुलतानपुर सम्मानित

हर संभव मदद के लिए उपलब्ध इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले की इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी इस समय महाकुंभ में सेवा दें रही हैं। महाकुंभ दिव्य कुंभ में हर चेहरे पर मुस्कान के प्रयास में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश डाक्टर हिमा बिंदु नायक महासचिव, उप सभापति अखिलेंद्र शाही, ट्रेजरार अरुण कुमार सिंह इंडियन रेड क्रॉस उत्तर प्रदेश के संरक्षण में प्रयागराज महाकुंभ मेले में उत्तर प्रदेश के स्वयं सेवकों द्वारा अपना सर्वोत्तम समय देकर घायलों /घबराहट से पीड़ित श्रद्धालुओ को एम्बुलेंस से कैंप लाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है तथा साथ में महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओ, पुलिसकर्मियों, सफाई कर्मियों एवम माला/संख/पूजा सामग्री बेचने वालों को रेडक्रॉस द्वारा चाय बिस्कुट वितरण किय जा रहा है। इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश के स्वयंसेवक द्वारा स्नान घाट पर गर्मी से बेहाल, चक्कर आकर बेहोश हो जाने पर तथा चोट आदि में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है अभी तक लगभग 45000 हजार लोगों को भोजन पुड़ी सब्जी

खिचड़ी आदि प्रसाद 37000 लोगों को बैंडेज, एवम् दवा 647 लोगों को हॉस्पिटल 08 लोगों को सीपीआर 84 जरूरतमंदों को कंबल 37 लाभर्थियों बेचने वाले लोगों को तिरपाल आदि उपलब्ध कराया गया है। इस क्रम में मेला प्रभारी जय प्रकाश शुक्ल ने बताया कि सेक्टर 5 तुलसी मार्ग हरिश्चंद्र चौराहा सेक्टर 24 चक्र माधव मार्ग ओम द्वार में लगभग 40 वालिंटियर द्वारा 14 जनवरी से लगातार सेवाएं उपलब्ध करा रहे है। श्री शुक्ल ने बताया कि हम लोग स्नान घाट पर एवं रात्रि में जरूरतमंदों की आवश्यकता अनुसार मदद करने का प्रयास कर रहा है। अभी तक मेला क्षेत्र में लगभग छह बार अग्निकांड में अपने वॉलिंटियर्स द्वारा जरूरतमंदों को राहत पहुंचा गया श्री शुक्ला जी ने बताया कि माननीय महासचिव डॉ हिमा बिंदु नायक ,उप सभापति अखिलेंद्र शाही, कैशियर अरुण सिंह द्वारा आए हुए श्रद्धालु भक्तों के लिए समय-समय पर दिशा निर्देश प्राप्त होता रहता है। और यह मंशा है कि समस्त श्रद्धालु भक्तों को किसी प्रकार का कोई कष्ट न होने पाए इसके लिए हम सब को निरंतर तैयार रहने के लिए निरंतर दिशा निर्देश प्राप्त होता हैं। सुबह-सुबह चाय का प्रसाद पाकर उपस्थिति तीर्थयात्रियों ने प्रसन्न होकर चाय का प्रसाद ग्रहण किया और रेडक्रॉस के कार्यो की सराहना की घबराहट एवम हीट स्ट्रोक से पीड़ित होकर मूर्क्षित महिला को एम्बुलेंस से प्राथमिक चिकित्सा शिविर में लाकर उचित प्राथमिक चिकित्सा देकर उसे उनके परिजनों के पास भेजा गया इस महाआयोजन में प्रयागराज जनपद के कार्यकारिणी समिति के कैसियर डॉक्टर रोहित पान्डेय एवं उनकी टीम तथा सह प्रभारी आरती श्रीवास्तव दीपिका सिंह,अनुराग सक्सेना, रत्नेश त्रिपाठी,शुभम पांडे हर्रियंक खंगारपुर एंबुलेंस डिविजन अशीम नाथ,उड़ीसा जगन्नाथ पुरी के वालिंटियर रहे।

शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

सुल्तानपुर। जिले अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की महत्वपूर्ण बैठक सगठन के नगरपालिका स्थित कार्यालय पर अध्यक्ष मेराज अहमद खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से रक्तदान महादान, निःशुल्क भोजन, निर्धन परिवारों के लिए होली और रमजान किट पर विचार - विमर्श किया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने तिथि निर्णय हेतु सदन के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि आगामी 27फरवरी को महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद का बलिदान दिवस है उनके पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रक्तदान-महादान किया जाना चाहिए। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सदन में उपस्थिति समस्त सदस्यों ने एक मत होकर 27फरवरी के रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्णय पर अपनी सहमति जताई। प्रदीप श्रीवास्तव ने सभी से अपील किया कि तीन दिन समय है आप लोग अपना और अपने करीबियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करे। अध्यक्ष मेराज अहमद खान ने कहा कि रक्तदान करने से रक्त के अभाव में मौत और ज़िन्दगी से जूझ रहे कई जिंदगियां बचाई जा सकती है। दूसरों के रगो में बहने का सुनहरा मौका है

पुरानी पेंशन शिक्षक कर्मचारी अधिकारी का अधिकार- अनुराग

लोक निर्माण संघ भवन में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा की बैठक संपन्न

बलरामपुर। रविवार को ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई की बैठक लोक निर्माण संघ भवन में आयोजित किया गया बैठक में पुरानी पेंशन बहाली पर विस्तार से रणनीति बनाकर इसे लागू करने पर जोर दिया गया है। बैठक की अध्यक्षता अटेवा जिलाध्यक्ष अनुराग रस्तोगी नहीं करते हुए कहा कि राजधानी में कैडर कार्यशाला का आयोजन किया जाना है इसके लिए बलरामपुर के पदाधिकारी के साथ ब्लॉक एवं जिला पदाधिकारी को प्रशिक्षित किया गया है बैठक का मुख्य उद्देश्य ईटेवा पेंशन बचाओ मंच के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक में निजीकरण कितना घातक है निजीकरण जिसे आगे चलकर कितना नुकसान दे है इस बात पर भी चर्चा की गई है सभी ने मिलकर इससे होने वाले नुकसान को जन-जन तक पहुंच कर विरोध करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया है बैठक में मंडलीय संगठन मंत्री मोहम्मद इकबाल खान ने कहा कि एक ही मुद्दा एक ही नारा पुरानी पेंशन हक हमारा की बात को सरकार को मनाना होगा उन्होंने कहा कि हमारा सिर्फ एक ही लक्ष्य है पुरानी पेंशन की बहाली जिसे हम किसी भी कीमत पर लेकर रहेंगे इस अवसर पर महामंत्री मोहम्मद शारिक इकबाल कोषाध्यक्ष मलिक मुनव्वर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुरोध प्रताप तिवारी संयुक्त मंत्री अभिमन्यु तिवारी निसार अहमद प्रचार मंत्री तवन खान संगठन मंत्री अरुण कुमार उपाध्यक्ष दिनेश प्रजापति विकासखंड पचपेड़वा अध्यक्ष मयंक कुमार यादव सहित जिले के विभिन्न विकास खंडों के शिक्षक कर्मचारी शामिल रहे हैं।

ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। जिला पंचायतराज अधिकारी अभिषेक शुक्ल के निर्देश पर ग्राम प्रधान के वित्तीय खाते सीज हो गए हैं। अब ग्राम पंचायत तेरखें विकास खण्ड भर्दैया का संचालन प्रशाशनिक देख रेख में होगा। बकौल डीपीआरओ श्री शुक्ल ने विकास कार्यों के जांचोपरान्त यह तथ्य प्रकाश में आया है कि ग्राम पंचायत द्वारा विकास कार्यों मे गुणवत्तापूर्ण/मानक के विपरीत निर्माण कराये गये है। जिससे यह प्रतीत होता है कि आप (ग्राम प्रधान) द्वारा शासन से प्राप्त धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम पंचायत तेरयें में अग्रिम आदेशों तक ग्राम निधि प्रथम खाता व 15वां वित्त खाता पर वर्तमान ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव के हस्ताक्षर से धनराशि आहरण पर रोक लगायी जाती है। डीपीआरओ ने निर्देशित किया है कि अग्रिम आदेशों तक ग्राम पंचायत तेरयें के ग्रामनिधि खाता प्रथम तथा 15वां वित्त खाते से कोई भी धनराशि का आहरण न करें। बताते चलें कि ग्राम पंचायत में बिना कार्य कराए ही प्रधान व सचिव द्वारा पैसा निकाल लेने के आरोपों की जांच हो रही थी। एक ग्रामीण ने डीएम से की थी शिकायत। डीएम के आदेश पर डीपीआरओ ने स्थलीय निरीक्षण किया था। डीपीआरओ की जांच में अनियमितता मिली तो उन्होंने डीएम को अवगत कराया। जिसपर डीएम ने डीएसटीओ को जांच सौंप 30 दिन में रिपोर्ट मांगी थी।

दो माह बीत जाने पर देर में ही सही लेकिन रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई। शिकायतकर्ता तेरये गांव निवासी सत्यम जायसवाल ने बीते 16 अक्टूबर को शपथपत्र युक्त शिकायती पत्र डीएम को सौंपा था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि ग्राम पंचायत में बिना कार्य कराए ही प्रधान व सचिव ने सरकारी धन का बंदरबाट कर लिया है। शिकायत पर डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक कुमार शुक्ला को ग्राम पंचायत में स्थलीय निरीक्षण के आदेश दिया था। डीपीआरओ ने स्थलीय निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट नौ नवंबर को डीएम को सौंपा। जिसमें बताया गया कि निरीक्षण के दौरान लाल बहादुर के घर से अमर सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य, भवन की बाउंड्रीवाल, अतिरिक्त कक्ष निर्माण व आरआरसी सेंटर निर्माण में अनियमितता पाई गई है। जिसपर तत्कालीन डीएम ने बीते 12 नवंबर को जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया था। फिलहाल वित्तीय खाते सीज होने से शिकायतकर्ता ने राहत की सांस ली है लेकिन पीड़ित ने मांग की है कि भ्रस्टाचारियों को जेल को सीखचों के पीछे होना चाहिए अन्यथा उन्हें जान माल का खतरा बना हुआ है।

बिना हेलमेट सीट बेल्ट के वाहन चलाना गलत- मदन चंद्र

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जेएनवी के छात्रों ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

बलरामपुर। शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बहराइच बलरामपुर मार्ग के समीप ओराझार टीला के समीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पेंटिंग स्लोगन लेखन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता पर जोर दिया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलरामपुर परिवहन विभाग के पब्लिक ट्रांसपोर्ट ऑफीसर मदनचंद्र एवं अध्यक्षता विद्यालय प्रिंसिपल गीता मिश्रा ने किया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सड़क जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को वाहन संचालन के समय सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि बिनाहेलमेट एवं सीट बेल्ट के वहां ना चलाएं वाहन चलाते समय मोबाइल हेडफोन

इयरबड्स का उपयोग न करें छात्रा प्रिंसी रिया अनुप्रिया ने सड़क पर स्टंट ना दिखाएं एवं रेल ना बने के लिए लोगों को जागरूक किया है रागिनी कोमल नैंसी ने हेलमेट का उपयोग वाहन चलाते समय प्रत्येक दशा में करने के लिए प्रेरित किया है संध्या पलक आराध्या सिंह मुस्कान ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने पर जोर दिया है सृष्टि अलीना आराध्या रागिनी ने शराब पीकर तेज स्पीड से ओवरलोडिंग करके गाड़ी न चलने विषय पर नुक्कड़ नाटक पेश किया है। मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया है कार्यक्रम का संचालन आराध्या सिंह ने किया है। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के कनिष्ठ बालिका सदन एवं शिवालिक वरिष्ठ सदन के छात्र शामिल रहे हैं कार्यक्रम में पेंटिंग स्लोगन लेखन और लिखकर नाटक में कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय श्रावस्ती बलरामपुर एवं प्राथमिक विद्यालय ओराझार के विद्यार्थी भी सम्मिलित रहे हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रिंसिपल गीता मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए परिवहन विभाग के आए हुए अतिथियों का आभार जताया है उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन ही दुर्घटना को घटित होने से बचा सकता है। इस अवसर पर महमुदुल हसन मैं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए शपथ दिलाई है।इस दौरान हिमांशु राय सुमन सिंह कुमकुम , महमुदुल हसन आदि का महत्वपूर्णयोगदान रहा है।

पावन पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के साथ आगामी महाशिवरात्रि के पावन पर्व के दृष्टिगत त्रिलोचन महादेव धाम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों का जायजा लिया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वप्रथम महादेव के चरणों में नमन करता हूं। यह भूमि सनातन धर्म की ऊर्जावान आभाषीय सांस्कृतिक गरिमा से प्रकाशमान है।माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसके दृष्टिगत तैयारियो का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने आगामी महाशिवरात्रि पर्व के संबंध में मंदिर के पदाधिकारीगण तथा संबंधित अधिकारीगण के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि त्रिलोचन महादेव मंदिर परिसर सहित अन्य

दलित सांसद का बलरामपुर जिले के सपा नेताओं ने किया किनारा

सपा मुखिया अखिलेश यादव का दलित प्रेम उजागर, उतरौला में पीडीए सम्मेलन में हजारों की तादाद में जुटे सपाई

बलरामपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भर में पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इसी आयोजन के तहत उतरौला में सपा एवं जय हिंद समाज पार्टी के संयुक्त नेतृत्व में पीडीए सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में समाजवादी पार्टी एवं जय हिंद समाज पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने 2027 में प्रचंड बहुमत से सपा की सरकार बनने पर जोर दिया है।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता एवं अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद एवं जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद रहे हैं। कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा सरकार में भय भूख भ्रष्टाचार का बोलबाला है बेरोजगार रोजगार को तरस रहे पढ़े-लिखे रोजगार को नौकरी दूर-दूर तक सपना हो गई है प्रदेश में विकास का पहिया ठप है समाजवादी सरकार में जो जन नीतियां संचालित थी उस पर मौजूदा सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। सम्मेलन को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान ने कहां कि मौजूदा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। शिक्षा ,रोजगार चिकित्सा,पेंशन, आवास, कृषि के संबंध में मौजूदा सरकार की कोई नीति स्पष्ट नहीं है। पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगारी की दंश झेल रहा है।बेटियों की शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। उन्होंने कहा किसानों को अपने उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा बेरोजगार रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं इसके बाद प्रदेश में सब कुछ जो इस वेल कहने का दावा हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि भाजपा का दलित प्रेम सिर्फ दिखावा है।

पीडीए सम्मेलन में सपाइयों की दिखी गुटबाजी

दलित सांसद का विरोध सपाइयों को पड़ेगा महंगा

बलरामपुर उतरौला के व्हाइट हाउस में आयोजित पीडीए सम्मेलन में जहां सपा नेता हसीब खान के साथ हजारों सपाई शामिल होकर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया है वहीं मंच पर जिले के सपा नेताओं का न रहना सीधे गुटबाजी को हवा दे गया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के सबसे करीबी अयोध्या के दलित सांसद अवधेश प्रसाद एवं जिला प्रभारी विनोद कुमार श्रीवास्तव के होने के बाद भी जिला संगठन के लोगों द्वारा सम्मेलन से दर किनार रहना गुटबाजी का संकेत दे गया है।

जिले में सपा को मजबूत करने के उद्देश्य दलितों को एकजुट करने के लिए अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने पीडीए सम्मेलन के माध्यम से पूरा प्रयास किया, लेकिन स्थानीय जिला संगठन के पदाधिकारी ने सांसद के पहल को दरकिनार कर दिया। सम्मेलन में स्थानीय नेताओं की गुटबाजी सपा मुखिया अखिलेश यादव तक पहुंचने की चर्चा है। अब सवाल उठता है कि जिले के पीडीए सम्मेलन को विफल करने वाले एवं दलित सांसद का विरोध करने वाले सपा के जिम्मेदार पदाधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में सपा से दलितो का मोह भंग होने की चर्चा है।

ग्रामांचल में शिवरात्रि से साध्वी ऋतंभरा की श्रीराम कथा

सुल्तानपुर। पद्मभूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा के बाद वात्सल्य ग्राम की संस्थापिका साध्वी ऋतंभरा का प्रथम सार्वजनिक अभिनंदन के.आर. चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सुल्तानपुर में किया जाएगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अवध क्षेत्र में उनकी पहली रामकथा भी गुंजायमान होगी। यह जानकारी ट्रस्ट के चेयरमैन के.आर. राय और निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार शुक्ला ने दी। कानपुर रोड स्थित ट्रस्ट के कार्यालय में आयोजन की तैयारियों की चर्चा करते हुए संयोजकद्वय श्री राय और डॉ. शुक्ला ने बताया कि उक्त कार्यक्रम सुल्तानपुर के ढेमा मोतिगरपुर स्थित के.आर. इंटरनेशनल स्कूल में 26 से 28 फरवरी तक आयोजित होगा। सुल्तानपुर के ग्रामांचल में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन की अग्रणी योद्धा साध्वी ऋतंभरा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुँचेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत शिवरात्रि के दिन होगी। स्कूल परिसर में निर्मित महाकालेश्वर मन्दिर में जलाभिषेक के बाद साध्वी के करकमलों से विद्यार्थियों को टैब प्रदान किए जाएँगे। उल्लेखनीय है डिजिटल क्रांति की अवधारणा के तहत विद्यालय में बैगलेस अध्ययन की पद्धति अपनाई जा रही है। संयोजकद्वय ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पूरे अवध क्षेत्र से श्रद्धालुओं को कथास्थल पर लाने-ले जाने के लिए बसों व अन्य वाहनों का समुचित प्रबंध किया गया है। अवध क्षेत्र में साध्वी की रामकथा को लेकर क्षेत्र के रामभक्तों में अतीव उत्साह है। साध्वी ऋतंभरा के साथ महाकुंभ में महामंडलेश्वर की पदवी प्राप्त करने वाली साध्वी सत्यप्रिया भी आयोजन में सहभाग करेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह आयोजनकर्ता ट्रस्ट से नियमित तादात्म्य बनाए हुए हैं। साध्वी ऋतंभरा बागेश्वरधाम से आकर लखनऊ प्रवास करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी।

इंटर बिजनेस स्टडी विषय में दो छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

तीन केंद्र पर 89 छात्रों ने दी परीक्षा

बलरामपुर। शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद के इंटर इंटरमीडिएट में बिजनेस स्टडी विषय में दो छात्र अनुपस्थित रहे हैं। 89 छात्र ने परीक्षा दी है।

सीबीएसई इंटर बिजनेस स्टडी विषय की परीक्षा में सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पर 41 छात्र पंजीकृत रहे हैं इनमें दो छात्र अनुपस्थित रहे हैं 39 छात्रों ने परीक्षा दी है। व्यवस्थापक मोहम्मद आसिम रूमी एवं सह केंद्र व्यवस्थापक राजेश जायसवाल ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण नकल विहीन आयोजित की जा रही है। केंद्रीय विद्यालय केंद्र पर 38 परीक्षार्थी में सभी उपस्थित रहे हैं। इसी क्रम में शारदा पब्लिक स्कूल केंद्र पर मात्र 11 छात्र इंटर बिजनेस स्टडी में पंजीकृत रहे हैं सभी ने परीक्षा दी है केंद्र व्यवस्थापक सुदीपा बोस ने बताया कि परीक्षा नकल

विहीन शांतिपूर्ण आयोजित की जा रही है। सीसीटीवी एवं पुलिस निगरानी में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा चल रही है।

जिम्मेदार के बोल

केंद्रीय विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक वीरेंद्र प्रताप सिंह की माने तो जिले में तीन केंद्र पर इंटर बिजनेस स्टडी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में 91 छात्रों ने दो अनुपस्थित रहे हैं। सीसीटीवी एवं पुलिस निगरानी में तीनों केंद्र पर परीक्षा नकल विहीन शांतपूर्ण चल रही है।

घर की नाली का पानी रोका,पुलिस से की शिकायत

सुल्तानपुर। थाना कोतवाली नगर की पुलिस चौकी गोडवा क्षेत्र के गांव खींचिला कला निवासी गौरव कनोजिया द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार उसके घर से निकली नाली को पड़ोसी अंकित, राहुल, दिलीप, प्रिंस, रोहित विश्वकर्मा पुत्रगण अनिल विश्वकर्मा ने बंद कर दिया है। उसके द्वारा मना करने पर उक्त लोग गोलबंद होकर आमादा फौजदारी हो जाते हैं। नाली बंद हो जाने से गंदा पानी घर में भरा हुआ है,जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है।पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस चौकी गोडवा पर की है।शिकायत किए चार दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।उक्त संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी गोडवा ने बताया कि पुलिस चौकी से दीवान जी तथा सिपाही मौका देखने गए थे।उक्त मामले को दोनों पक्षों ने प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया हुआ है।

संगठन की मजबूती से होगा दवा व्यवसायियों का संरक्षण-शमशुल

केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में दवा प्रतिष्ठानों को व्यवस्थित रखने पर चर्चा

बलरामपुर। रविवार को बलरामपुर केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक शाही दरबार सभागार में आयोजित की गई। बैठक में दवा व्यवसाईयों को प्रतिष्ठान के आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया।

बैठक की अध्यक्षता संगठन जिलाध्यक्ष शमशुल हुदा खान ने किया है उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े सदस्यों को दवा प्रतिष्ठानों को व्यवस्थित रखना है जिससे भविष्य में निरीक्षण के समय साथियों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े बैठक में महामंत्री कुमार दीप मिश्रा ने संगठन पदाधिकारी एवं सदस्यों को दवा की एक्सपायरी, ब्रेकज , फूड लाइसेंस ड्रग लाइसेंस रिन्यूअल एवं प्रतिष्ठा के साइन बोर्ड पर डिस्काउंट संबंधी जानकारी के बारे में पूरी तरह से अवगत कराया। कोषाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने थोक व्यापारियों की समस्याओं को विस्तार से जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराया संगठन मंत्री आमिर मेंकरानी ने संगठन के कार्य एवं उपलब्धियां पर विस्तार से चर्चा की है। बैठक में जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री ने संगठन के मजबूती के साथ-साथ अधिक से अधिक सदस्यों को बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन को ब्लॉक ,तहसील, जिला स्तर पर कार्य करके आगे बढ़ाया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सभी को साथ लेकर सबका संरक्षण करना है इसके लिए जिला महामंत्री कुमार दीप मिश्रा सहित संगठन मंत्री कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर कोर कमेटी सदस्य रामप्रीत गुप्ता तबरेज खान संगठन मीडिया प्रभारी जमाल अहमद सोशल मीडिया प्रभारी शाहिद हसन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य बैठक में शामिल रहे हैं।

चित्रकूट दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की पलटी कार पांच घायल

लोकमित्र ब्यूरो

महेवाघाट, कौशाम्बी। कोतवाली के हिनौता मोड़ के पास देवरिया जिले के बारडीहा गांव निवासी नीतू देवी28 उर्मिला45 सुशील कुमार55 भरत कुमार55 विजय सिंह41 सभी लोग प्रयागराज से कुम्भ स्नान कर अपनी निजी कार सेरविवार शाम चार बजे चित्रकूट दर्शन के लिए जा रहे थे जैसे ही उनकी कार महेवा घाट कोतवाली के हिनौता मोड़ पर पहुंची तभी कार के सामने अचानक वाहन आ जाने से कार नियंत्रित होकर सड़क के बगल के गड्ढे में जा पलटी कार के अंदर बैठे महिलाएं पुरुष बुरी तरह घायल होकर लहू लुहान हो गए आसपास के मौजूद लोगों ने गाड़ी के अंदर फंसे सभी लोगों को बाहर निकाल जहां ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दो एम्बुलेंसों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां घायलों की हालत गंभीर बनी हुई।

नहर में डूबने से युवक की मौत

बांदा। दो दिन से लापता युवक का शव नहर में उतारा पाया गया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।देहात कोतवाली क्षेत्र के बरगाहनी गांव निवासी 40 वर्षीय क्षत्रपाल पुत्र बहादुर का शव शुक्रवार की शाम घर से छह सौ मीटर दूर नहर में उतरा पाया गया। मौत की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। चचेरा भाई राजकमल ने बताया कि वह दो दिन पहले घर से लापता हो गया था। उसकी तलाश किया लेकिन पता नही चला। चौकीदार ने मामले की जानकारी दी। राजकमल का कहना है कि वह नहर पुलिया में बैठा था। मिर्गी का दौरा पड़ने ने नहर मे गिर कर डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृत आविवाहित था।

श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया ध्रुव चरित्र और सती चरित्र

लोकमित्र ब्यूरो

सरसवां, (कौशाम्बी)। सरसवां ब्लॉक के अलवारा ग्राम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक उमाशंकर मणि त्रिपाठी ने ध्रुव चरित्र और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। ध्रुव चरित्र में भगवान ने भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को कथा वाचक उमाशंकर मणि ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े।



बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। कथा सुनने के लिए आयोजक राम प्रकाश तिवारी, गुलाब देवी, रमाकांत तिवारी , शिवाकांत तिवारी, विवेक , अभिषेक सहित आसपास के तमाम भक्त मौजूद रहे।

पश्चिम शरीरा के जजौली में बेखौफ काटे जा रहे हरे पेड़

लोकमित्र ब्यूरो

पश्चिम शरीरा, (कौशाम्बी)। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जजौली गांव में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हैं। वन माफिया ने सरकारी अनुमति का दुरुपयोग करते हुए अवैध पेड़ कटाई कर डाली। जबकि विभाग ने केवल 3 पेड़ काटने की अनुमति दी थी, वन माफिया ने इस दौरान 6 पेड़ों को काट दिया। ऐसे में आक्सीजन की किल्लत को दूर करने के लिए सरकार द्वारा कड़ी मेहनत की गई।और हरियाली के महत्व को समझते हुए ग्राम पंचायत स्तर तक बड़ी संख्या में पौधारोपण किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर चंद पैसे के लालच में वन माफियों द्वारा महुआ के हरे भरे फलदार पेड़ों पर जमकर आरी मशीन चलाई जा रही है। ओर वन माफिया कुदरती आक्सीजन देने वाले हरे भरे फलदार पेड़ों को काटने से बाज नही आ रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी गांव जजौली में मानसरोवर पर स्थित एक महुआ के पेड़ों पर खाकी की मिलीभगत से मशीने चलायी जा रही है। और आक्सीजन देने वाले वृक्षों पर वन विभाग की मिली भगत के चलते आए दिन आरी चलाते हुए हरे पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है।पुलिस प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी मूकदर्शक बना हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन माफिया स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। कुछ ठेकेदार वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर 3 महुआ के पेड़ काटने की अनुमति ले लेते हैं और उसी की आड़ में कुल 6 बड़े बड़े पेड़ काट देते हैं।

क्षेत्र में लगातार हरे भरे पेड़ काटे जा रहे है।वन विभाग व प्रशासनिक अधिकारी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे वन माफियाओं के हौसले बुलंद।

न्यायालय के आदेश को नहीं मान रहे दबंग, गिरा दिया दीवाल

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिले के मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बभन पुरवा बंधवा रजवार की आईजीआरएस शिकायतकर्ता दुक्खू की पैमाइश कराने के सम्बन्ध में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र का स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच कराया गया, जिसमें पाया गया कि भूमि बजर के नाम दर्ज है, आराजी में दुक्खू पुत्र रामस्वरूप को 100 मि0 आवासीय पट्टा का आवंटन प्राप्त हैं। जिसे विपक्षी द्वारा जोत-बो कर अस्थाई रूप में कब्जा किया गया था, जिसे पुनः राजस्व टीम व पुलिस टीम के साथ उपस्थित होकर पैमाइश कर पट्टे धारक दुक्खू पुत्र रामस्वरूप को कब्जा दखल दिया गया आवेदक कार्यवाही से संतुष्ट हैं। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर स्वयं किया गया।

जिसका निस्तारण सही पाया गया। लेकिन उसके बाद भी आवेदक के कब्जे पर विपक्षी लगातार दखल दे रहें। हैं। जब आवेदक ने निर्माण शुरू किया तो उसके निर्माण को दबंग विपक्षियों ने जबरिया ध्वस्त कर दिया हैं। जबकि जिलाधिकारी के स्वयं मौका मुआयना में दुक्खू का कब्जा सही बताया था लोगो का कहना हैं। की लेखपाल की मिली भगत के चलते पीडित परिवार को न्याय नही मिल पा रहा हैं। अब सवाल उठता हैं। कि जिस जमीन का मौका मुआयना जिला अधिकारी द्वारा स्वयं किया गया हैं। मामले का निस्तारण सही बताया जाए उस जमीन में सही व्यक्ति का कब्जा ना हो सके तो आखिर खामियां कहां हैं।

चोरी का सामान खरीदने से मना करने पर दबंगों ने कबाडी सहित दो पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा कौशांबी । सैनी कोतवाली के मीरापुर तकिया गांव में चोरी का सामान लेने से मना करने पर दबंगो में कबाडी सहित दो को लाठी डंडे से पीट कर सिर फोड दिया। मामले के तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है। सैनी कोतवाली के मीरापुर तकिया गांव निवासी शहजादे पुत्र रफीक अहमद कबाड़ खरीदने की दुकान खोल रखी है। शहजादे ने बताया रविवार की शाम ई रिक्शा से चार लोग मोटरसाइकिल से चोरी कर उसका सामान बेचने के लिए आए थे जिस पर उसने लेने से मना कर दिया तो मारपीट करने लगे। मारपीट होती देख पड़ोसी दुकानदार उनैद पुत्र इसरार बीच बचाव करने पहुंचे तो ई-रिक्शा सवार लोगों ने डंडे से वार कर सिर फोड़ दिया। मारपीट की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विद्यार्थी परिषद ने जारी किया अपना हेल्पलाइन नंबर

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी जिले की ओर से 24 फरवरी से होने वाले बोर्ड परीक्षा को देखते हुए और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अपना हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया विद्यार्थियों को यूपी बोर्ड परीक्षा संबंधी कोई भी समस्या अगर हो तो वह अपने नजदीकी क्षेत्र के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करके मदद ले सकते हैं।

टेढ़ी मोड़ से शिवबाबू चौधरी 8953805686 , सिराथू से आनंद सिंह पटेल 8931828142, अझूवा से अर्जुन प्रसाद वर्मा 75 2496 7627 , मंझनपुर से शिवांशु शुक्ला 7355 5995 82 , ओसा से सुशील सोनकर 8354821540, टेवा से गौरव मिश्रा 8853566924, सरसावा से वंश केसरवानी 7897268943, पश्चिम शरीरा से अभिराज सिंह8960946241, महेवा घाट से मनोज गुप्ता 8924970798, भरवारी से ऋषभ द्विवेदी 8005053611 मूरतगंज से शिवम कुशवाहा 9369855591 , सराय अकिल से आर्यन शुक्ला 7887062216 पूरे जिले को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने के लिए 12 जोन में बांटा है।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मंझनपुर के समदा में पेट्रोलपंप के सामने सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। श्री शिव महापुराण कथा के आयोजक मंझनपुर के कादीपुर निवासी अनिल कुमार त्रिपाठी उर्फ भोला ने बताया कि सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन समदा में रविवार से शुरू होकर दो मार्च को हवन पूजन के साथ संपन्न होगा , 28 फरवरी को शिव बारात , एक मार्च को स्थापना एवं तीन मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। चित्रकूट धाम के राजापुर निवासी कथा वक्ता दीपक मणि मिश्र द्वारा कथा का आयोजन किया जाएगा। रविवार को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ।

रुद्र महायज्ञ के लिए गाजे-बाजे के साथ आकर्षक झांकी से सुसज्जित शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में राजाराम केसरवानी , आशा देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत किये गये रूट डायवर्जन स्थल पर स्वयं पहुंचकर वस्तुस्थिति का लिया जायजा



लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत स्वयं रूट डायवर्जन स्थल पर पहुंचकर लगातार वस्तुस्थिति का जायजा लेते रहे। उन्होंने कानपुर एवं चित्रकूट की तरफ से आने वाले वाहनों को निकलवाने में लगातार आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाकुम्भ प्रयागराज जाने वाले एवं वापस आने वाले श्रृद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने श्रृद्धालुओं एवं उनके वाहनों को रूकने के लिए बनाए गए आकस्मिक वाहन पार्किंग स्थलों का भी जायजा लिया।

डीएम ने विद्यालय और वीएचएसएनडी की व्यवस्थाएं देखी

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। डीएम जे. रीभा ने शनिवार को जनपद के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण से सम्बन्धित सेवायें प्रदान करने हेतु विकास खण्ड महुआ के ग्राम पनगरा एवं नरैनी के ग्राम बरकेाला में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। एकीकृत स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) भी देखा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित एएनएम एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों से बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की जांच के कार्यो का निरीक्षण करते हुए एचआरपी रजिस्टर बनाये जाने व सभी जांचों को कराने के साथ विवरण तैयार करने निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को आयोजित वीएचएसएनडी/यूएचएसएनडी शत्र का फीडबैक प्राप्त करते हुए सम्बन्धित पोर्टल पर गूगल फार्म के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्ट फीड कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर टीकाकरण के कार्य में ग्राम प्रधान को सहयोग करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी नरैनी सत्यप्रकाश व सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

बांदा। डीएम जे.रीभा ने हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, सुचिता एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए शनिवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डीएम ने पंडित जवाहरलाल नेहरू इण्टरमीडिएट कॉलेज गिरवां, स्व. दीनदयाल पाण्डेय इण्टर कॉलेज नरैनी आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, फर्नीचर, लाइट, पेयजल, केन्द्र में साफ-सफाई व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं समेत तैयारियों को परीक्षा से पूर्व समय से पूर्ण रखने के निर्देश दिये।

नसबंदी के बाद महिला की हालत बिगड़ी

बांदा। नसबंदी करवाने के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पति ने आपरेशन करने वाले डॉक्टरो पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव निवासी 35 वर्षीय हीरा बाई के तीन पुत्र दो पुत्री है। पति सुरेश ने 28 जनवरी को उसका बहेरी सीएचसी में नसबंदी करवा दिया। आपरेशन के बाद एक दिन तो ठीक रही दूसरे से दिन से उसके पेट में दर्द शुरू हो गया। धीरे धीरे उसकी हालत बिगड़ी चली गई। वह पत्नी को लेकर बहेरी गया लेकिन डॉक्टरो ने सही जवाब नही दिया। उसने हीराबाई का इलाज शहर के प्राइवेट अस्पतालो में कराया। उसका इलाज में करीब ढाई लाख रूपया खर्च कर दिया। डॉक्टरो ने नसबंदी आपरेशन गलत बताया कहा कि पेट की कोई आंत कट गई है। जेडयू नेत्री शालनी पटेल ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। पति ने जिला अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पति ने आरोप लगाया कि आपरेशन करने वाले डॉक्टरो ने गाली गलौज कर धमकी दिया।

कौशल से रोजगार का सृजन होता है - मनोरमा मौर्या

लोकमित्र ब्यूरो

जौनपुर। मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 23 फरवरी 2025 को डॉ. अबू मोहम्मद आई.टी.आई. परिसर में हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की, जबकि नगर पालिका परिषद, जौनपुर की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी विवेक मौर्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कौशल विकास की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल भी आवश्यक है,

जिससे युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलती है। उन्होंने सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ये योजनाएँ न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा देती हैं, बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी योगदान देती हैं। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने अपने संबोधन में शिक्षा के साथ देश सेवा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना को समाज सेवा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने वाला एक प्रभावी माध्यम बताया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत बुके, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।

शिविर में विभिन्न इकाइयों के लीडर के रूप में ऋचा द्विवेदी, नैन्सी साहू, रोशनी यादव, अल्तमश पठान, हेमंत मौर्य, सुंदरम मौर्य और अहलेताशा को चयनित किया गया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. ममता सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. अमित जायसवाल, अहमद अब्बास खान सहित सैकड़ों स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहे।

दुर्ग पर स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

बांदा। महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर डीएम जे.रीभा और एसपी अंकुर अग्रवाल ने शनिवार को कालिंजर दुर्ग में स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मन्दिर परिसर में आने वाले श्रृद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल शौचालय, समुचित प्रकाश, एम्बुलेन्स चिकित्सक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था एवं पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था कराये जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पर्यटन को बढाने के लिए और सुविधायें विकसित किये जाने के साथ पीस कमेटी की बैठक भी आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने मार्ग में खराब लाइटों को ठीक कराये जाने तथा को साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने महाशिवरात्रि के अवसर पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं शान्तिपूर्णढंग से त्यौहार सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी नरैनी सत्यप्रकाश, क्षेत्राधिकारी पुलिस अम्बुजा त्रिवेदी व एएसआई के अधिकारी सत्येन्द्र उपस्थित रहे।

पत्नी से विवाद के बाद पति ने फांसी लगा की खुदकुशी

लोकमित्र ब्यूरो

पैलानी। पत्नी से विवाद के बाद पति ने कमरे के अंदर साड़ी से पंखा के हुक पर फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।चिल्ला थाना क्षेत्र के डिघवट गांव निवासी 32 वर्षीय जितेद्र उर्फ पिंटू शनिवार की रात नशे की हालत में घर आया। उसने फोन पर पत्नी से बात किया। दोनो के बीच विवाद हो गया। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंची मां इंद्रानी ने किसी तरह समझा बुझा कर मामले को शांत कराया। कमरे में सुला दिया। रात को जितेद्र ने किसी वक्त कमरे के अंदर साड़ी से पंखा की हुक पर फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। सुबह जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो किसी तरह दवाजा खोल कर परिजन कमरे के अंदर पहुंचे।देखा तो जितेद्र का शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे ले लिया। मृतक के छोटे भाई आशू ने बताया कि जितेद्र की पत्नी रेशू ससुर के साथ अपने मायके शादी मेंचली गई थी। उसने मना किया था लेकिन वह नही मानी। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया। वह एक सप्ताह पहले पूणे से आया था। वह दो भाईयो में बड़ा था।

उद्यमियों की समस्याओं का गंभीरता से करें निस्तारण - डीएम

– उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। डीएम जे.रीभा ने उद्योग बंधु की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का गंभीरता के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत ऋण आवेदन पत्र विभिन्न बैंको को प्रेषित किये गये हैं,

जिनमें आवेदकों को 89.81 लाख ऋण वितरण किये गये हैं। उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण मार्जनमनी योजना, एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए द्य उन्होंने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों सहयोग कर इन्टेन्ट को कराये जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में रिक्त भूखण्डों का आवंटन ई-ऑकसन के माध्यम होने की सूचना उद्यमियों को दिए जाने के निर्देश दिए।

औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में जलापूर्ति के सम्बन्ध में जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को विद्युत ट्रिपिंग में सुधार कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिला अधिकारी न्यायिक, अमिताभ यादव, व अपर जिलाधिकारी, वित्त व राजस्व ,राजेश कुमार ,मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ,जीएम डीआईसी गुरूदेव, अधिशाषी अभियंता विद्युत, जल निगम व जल संस्थान सहित उद्यमीगण तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियो में मासूम की मौत

बांदा। संदिग्ध परिस्थितियो में मासूम की हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका के माता पिता ने एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फौरेंसिक टीम ने मर्चरी हाउस पहुंच कर नमूना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो डॉक्टरो के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया।

मटौध थाना क्षेत्र के हरदोनी गांव निवासी समीम की ढाई माह की बेटी चाहत शनिवार की देर शाम बेड पर लेटी थी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची चाहत की मां शकीला ने देखा तो वह अचेत पड़ी थी। पति ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर एसआई गजेद्र मौके पर पहुंच गए। जीबित होने की आशंका पर चाहत को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता समीम ने बताया कि वह हैदराबाद में मजदूरी करता है। वह 2 फरवरी को गांव आया था। उसके माता पिता की बचपन में मौत हो गई थी। वह अपने पिता के अकेला है। गांव में उसकी पत्नी शकीला खातून अपनी मासूम बेटी के साथ घर पर रहती है। पति के मुताबिक रात को पत्नी ने उससे कहा कि वह दूसरे कमरे में लेट जाए। वह ताला लगा कर पड़ोसी के यहां जा रही है। उसका मौसेरा भाई बाइक लेने आ रहा है। ताला देख कर वह लौट जाएगा। कुछ देर बाद शकीला आ गई। उसने देखा तो चाहत मृत पड़ी। थानाध्याक्ष मटौध संदीप पटेल का कहना है कि मामला संदिग्ध है। पति पत्नी एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगा रहे है। फिर हाल मामूम के कोई चोट नही थी। बताया कि मासूम बेटी पर कंबल ओटे लेटी थी। आशंका है कि दम घुटने से उसकी मौत हो सकती है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।